Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

हरीतक्यादिनिघंट,

भाषार्थानुवादसहित.

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

॥ श्रीः ॥

हरीतक्यादिनिघंट

भाषाटीकासहित.

श्रीमथुरानिवासी पंडित रंगीलाल तथा श्रीयुतजगन्नाथ शास्त्री इन्होंसें यह भाषांतर करवायके,

यह ग्रंथ

गौडवंशीय श्रीयुतभगीरथात्मज हरिप्रसादजी

इन्होंनें विद्वानोंसें शुद्ध करवायके

बंबैमें,

"निर्णयसागर" छापखानेमें छापके प्रसिद्ध किया.

शक १८१३, संवत् १९४८.

इसके सबप्रकारके हक्क प्रसिद्धकर्तानें अपने स्वाधीन रक्खे हैं.

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

विज्ञप्ति.

प्रकट होकी, यह **हरीतक्यादिनिघंट** नामवाला ग्रंथ अखिल निघंटोंमें उत्तम है. सब चिकित्सा करनेवाले वैद्यलोग अनेक प्रकारके औषध आदि उपचार करते हैं, परंतु तिनोंकों अनेकविध औषधि, वनस्पति, धातु, रस इत्यादिकोंका भाषामें यथार्थ ज्ञान होनेकूं अत्यंत प्रयास पडताहै. इस आपत्ति दूर करनेवाला यह ग्रंथ है. इसमें सब विषयोंका अच्छे प्रकारसें विवरण किया है. इस लिये प्रायकरिके बहुतसे बडे बडे विद्वज्जनोंकों इस ग्रंथके संग्रह करनेकी अत्यंत अभिलाषा है. उसका दूसरा कारण यह है की, इस ग्रंथमें बहुत औषधोंकी जाति, वर्ण, देश, उत्पत्ति इत्यादि बहुत प्रयत्नसें शोधकरके विशेषतः लिखी हैं. इससें हरवख्त कोईसेभी प्रसंगमें जब कोईसे औषधीके ज्ञानकी आवश्यकता पडेगी, तब जैसा इस ग्रंथसें औषधि, वनस्पति आदियोंका यथार्थ स्वरूप मालूम पडेगा वैसा अन्य ग्रंथोंसें नहीं पडता है, यह बात सत्य है. परंतु ऐसा सर्वोपयुक्त ग्रंथ अबतक छापके प्रसिद्ध हुआनहीं, सो प्रसिद्ध करनेकी अत्यंत जरूरी है. ऐसी अनेक वैद्यवरोंकी संमति लेकर इस सर्वसुखदाई ग्रंथकी श्रीयुत पंडित वैजनाथ बुकसेलर मथुरानिवासीनें पंडित रंगीलाल तथा श्रीजगन्नाथ शास्त्रीजीसें व्रजभाषामें टीका करायी थी. वह ऊपर लिखित टीकासहित ग्रंथ पंडितोंकों साद्यंत दिखाय उसपर उनोंकी अच्छीप्रकार संमति लेकर मैनें टीकाकारसें हक्कसहित यह ग्रंथ लेकर विद्वानोंसें उसका शोधन करवायके "निर्णयसागर" छापखानेमें सुंदर बडे अक्षरोंसें जिल्द कागजपर छापके प्रसिद्ध किया है. अब सबोंकों विज्ञापना यह है की, इस नवीन टीकामें जो यदि अशुद्ध आदि दोष क्वचित् स्थलविशेषमें रहगया होवै, तौ उसपरकी दोषदृष्टिकों त्यागकर गुणदृष्टिवाले, ग्रंथ करनेके परिश्रम और शोधनके प्रयास जाननेवाले, सारग्राही, विद्वान् कृपादृष्टिसें उसमेसें दोष निकाल करके पूर्व जैसा श्रीकृष्ण भगवानजीनें दरिद्री सुदामदेव ब्राह्मणके छालसहित पृथुक केवल उसकी भावना देखकर तुषोंकों निकाल शुद्ध पृथुकोंका स्वीकार किया वैसा अपने उदार आश्रयके दानसें मेरा परिश्रम सफल करके ग्रंथका आदर करना यही प्रार्थना है.

हरिप्रसाद भगीरथ.

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

हरीतक्यादिनिघंटानुक्रमणिका.

विषय.	पृष्ठ.
हरीतक्यादिवर्ग	
हरीतकीविषे दक्षकों प्रश्न	१
हरीतकीके उत्पत्तिप्रकार	,,
उसके नाम	,,
उसके सात भेद	२
दूसरे रेखाक्रमसें भेद	,,
हरीतकीके प्रयोग करनेके प्रकार	,,
हरीतकीके अनेकविध भेद	३
हरीतकीके स्वभाव	४
उसके अवयवसें भेद	५
चर्वण आदिके गुण	,,
लवणादियोगसें गुणविशेष	६
हरीतकीके सेवनका निषेध	,,
बहेडेके नाम और गुण	,,
आमलकीके नाम और गुण	७
त्रिफलाका लक्षण और गुण	,,
सोंठके नाम और गुण	८
अदरखके नामगुण	,,
पिप्पलीके नामगुण	९
मरिचके नामगुण	१०
त्रिकटुके नाम लक्षण गुण	११
पिप्पलीमूलके नामगुण	,,
चतुरूषणका लक्षण	१२
चव्यके गुण	,,
गजपिप्पलीके नामगुण	,,
चित्रकके नामगुण	,,
पंचकोलका लक्षणगुण	१३
षडूषणके गुण और लक्षण	१३
यवानीके नाम और गुण	१४
अजमोदके गुण लक्षण	,,
खुरासानी अजमायन	१५
सफेत जीरा, काला जीरा, कलौंजीलक्षण	,,
उसके गुण	,,
धान्यकके गुण	१६
शतपुष्पाके नाम और गुण	,,
मेथिकाके नामगुण	१७
चंद्रसूरस्वभाव	१८
हिंगुके नामगुण	,,
वचके नामगुण	१९
खुरासानी वचका लक्षण	,,
कुलीजनका लक्षण	,,
सुगंधाके लक्षण	२०
चोवचीनीलक्षण	,,
हपुषालक्षण	,,
वायविडंगके गुण	२१
तुंबुरुफलके लक्षण	,,
वंशलोचनके लक्षण	२२
दूसरा लक्षण	,,
समुद्रफेनका लक्षण	,,
अष्टवर्गका स्वरूप	२३
जीवक औ ऋषभककी उत्पत्ति	,,
मेदा और महामेदालक्षण	२४
शुक्रकंदके लक्षण	,,
दूसरा लक्षण	२५

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

विषय.	पृष्ठ.
काकोली क्षीरकाकोलीगुण....	२५
उसका लक्षण	२६
काकोलीलक्षण	,,
ऋद्धिवृद्धिके नामगुण	,,
उसका प्रतिनिधि	२७
मधुयष्टीके नामगुण	२८
कंपिल्लके नामगुण	,,
अमलतासके नामगुण	२९
कुटकीके स्वभाव	,,
किराततिक्तके गुण	३०
इंद्रयवलक्षण	,,
मयनफलके गुण	३१
रास्नाके गुण	,,
नाकुलीके लक्षण	३२
काकमाची (किमाच)	,,
तेजवतीगुण	३३
कटभी (मालकांगनी)	,,
कुष्ट (कूट)के गुण	,,
पुष्करमूल कूटका भेद	३४
हेमाह्वा (चोक)....	,,
शृंगी (कांकडाशिंगी)	,,
कट्फल (कायफळ)	३५
भांर्गीके नामगुण	,,
पाषाणभेद	३६
धातकी (धावयी)	,,
मंजिष्ठा (मजीठ)	,,
कुसुंभके गुण	३७
लाक्षा (लाही)	,,
हरिद्रा (हलदी)	३८
कर्पूरहलदी	,,

विषय.	पृष्ठ.
वनहलदी	३८
दारुहलदी	३९
रसांजन (रसोत)	,,
बाकुची	,,
चक्रमर्द (चकोर)	४०
अतिविषा नामगुण	४१
लोध्र (लोघ)	,,
लशुन (ल्हसन)के उत्पत्तिप्रकार स्वभाव गुण लक्षण	४२
पलांडु (प्याज)....	४३
भल्लातक (भिलाव)	,,
भंगा (भांग)के गुण	४४
खसफल (पोस्त)	,,
आफूक (अफीम)	४५
खसखसके गुण	,,
सैंधवके गुण	,,
सांभरनमकका गुण	४६
पांगानमकके गुण....	,,
बिडनमकके गुण	,,
सौवर्चल (सौंचर) नमकके गुण	४७
कचलोन नमकके गुण	,,
चणकक्षारनमकके गुण	,,
जवखारके गुण	४८
सौभाग्य (सुहागा)के गुण	,,
सज्जीखार और जवाखार....	४९
क्षाराष्टकके स्वभाव	,,
चुक्र (चोक)के गुण	,,

कर्पूरादिवर्ग

कपूरके गुण और लक्षण....	५०

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

विषय.	पृष्ठ.
चीनी कपूरके गुण	५०
कस्तूरीके लक्षण	५१
मुल्यदानाके गुण....	,,
गंधमार्जारवीर्यस्वभाव	५२
चंदनके नाम और गुण	५२
पीतचंदनके गुण	,,
रक्तचंदनके गुण	५३
पतंगके नामआदि	,,
अगरुके नामगुण	,,
देवदारुके गुण	५४
धूपसरलके नामादि	,,
तगरके स्वभाव	५५
पद्माकके नामगुण	,,
गुग्गुलुके गुण	,,
उसके अन्य स्वभाव	५७
सरल निर्यास गुग्गुलु	,,
रालके नामआदि	५८
कुंदुरु सुगंधिद्रव्य शल्लकी निर्यास	,,
शिलारसके गुण	,,
जायफलके गुण	५९
जावित्रीके स्वभाव	,,
लवंगके नामगुण	६०
बडी इलायची	,,
गुजराती इलाची	,,
त्वक्पत्र (तज)के गुण	६१
दालचिनीके गुण	,,
तमालपत्रके गुण	,,
नागकेशरका गुण	६२
त्रिजात चतुर्जात	,,
कुंकुम	,,
गोरोचन नामादि	६३
व्याघ्रनखी गुण	,,
सुगंधवाला नाम	६४
वीरणका नामगुण	,,
खशका स्वभाव	६५
जटामांसीगुण	,,
शैलेय (भूरछरील)	,,
नागरमोथागुण	६६
कचूरका गुण	,,
एकागी नामगुण	६७
गंधपलाशीका गुण	,,
प्रियंगु गंधप्रियंगु....	,,
रेणुका मरिचसदृशी	६८
ग्रंथिपर्ण (ठीवन)	,,
स्थौणेय (थनेर)	६९
ग्रंथिपर्णका दूसरा भेद	,,
दूसरा भेदसें भटेउर	,,
तालीसपत्रगुण	७०
कंकोलगुण	,,
गंधकोकिला	,,
लामज्जकका गुण	७१
एलवालु कंकोल एला	,,
जलमोथाका गुण	७२
स्पृक्का सुगंधद्रव्य	,,
पर्पटी (पद्मावती)	,,
नलिका (यवादी)	७३
प्रपौंडरीक नामगुण	,,

गुडूच्यादिवर्ग

गुडूची आदिका गुण	७४

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

विषय.	पृष्ठ.	विषय.	पृष्ठ.
नागरपानका गुण	७५	कचनारका स्वभाव	९१
बेलफलका गुण	७६	सहोजनाका गुण	९२
गंभारी कुंभेर	,,	अपराजिताका गुण	९३
पाण्डरीकंठपांडरीगुण	७७	सिंदुवार (संभालु)	,,
स्योनाक (सोनापाठा)	,,	कुटज (कुरैया)....	९४
बृहत्पञ्चमूललक्षण	७८	करंजगुण	,,
शालिपर्णीका गुण....	,,	अरारिनामादि	९५
पृश्निपर्णी (पिठवन)	७९	श्वेतरक्तगुंजा	,,
वार्ताकी (बडी कटेरी)	८०	किमाच नामगुण	९६
कंटकारी (भटकटैया)	,,	रोहिणीस्वभाव	,,
बृहती (कटेलीगुणा)	८१	चिह्नकका नामगुण	,,
गोक्षुर (गोखरु)	,,	टंकारीका गुण	९७
लघुपंचमूललक्षण	८२	वेतसका गुण	,,
दशमूललक्षण	,,	जलवेतसका गुण	,,
जीवंतीनामगुण	,,	समुद्रफलका गुण....	९८
मुद्गपर्णी (वनमूंग)	८३	अङ्कोट (हिंगोट)	,,
माषपर्णी	,,	वरिआरी, सहदेवी, काकहिया, गुलछकडी बलाचतुष्टय	,,
जीवनीयगण	८४		
शुक्ल और लाल एरंड	,,	लक्ष्मणानामगुण	९९
शुक्ल अलर्क नामगुण	८५	स्वर्णवल्लीनामगुण	,,
सेहुंडनामगुण	८६	कपासका गुण	१००
सेहुंडका भेद शातला	८७	वंशनामगुण	,,
शुक्लपुष्पी (कलिहारी)	,,	नलके नामगुण	१०१
शुभ्र और लाल कनेर	८८	भद्रमुंज (शरपत)	,,
धत्तूरका नामगुण....	,,	काशका नामगुण	,,
वासक (अरूसा)	८९	गंधपटेरका नामगुण	१०२
पित्तपापडा	,,	कुशाका स्वभाव	,,
निंबका गुण	,,	रोहिससोधिया	१०३
बकायनका नामगुण	९०	भूतृण	,,
जलनी गुण	९१	नीलदूर्वानामादि	,,

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

विषय.	पृष्ठ.
श्वेतदूर्वादि	१०४
गांडरदूर्वा	,,
विदारीकंदसंबंधी	,,
मुसलीकंद	१०५
शतावरी महाशतावरी	,,
असगंध	१०६
पाठाका नामगुण	,,
श्वेतनिसोत	१०७
श्यामनिसोत	,,
लघुदंतीगुण	१०८
बृहद्दंतीका गुण	,,
लघुदंतीफल	,,
बडी इंद्रकला	१०९
नीलिका नामगुण	,,
शरफोक नामगुण	११०
दुरालभा (जवासा)	,,
मुंडीका नामगुण	,,
अपामार्ग (चिरचिरा)	१११
लाल चिरचिरा	,,
तालमखाना	११२
हडसंघारी	,,
कुमारी (घीकुवार)	११३
श्वेतपुनर्नवा	,,
रक्तपुष्पका पुनर्नवा	११४
गंधप्रसारणी	,,
करिआवांस	,,
गौरी (आसाऊं)	११५
भृंगराजका गुण	,,
शणपुष्पी (हुली)	११६
त्रायमाण	,,
चूर्णहारका नामगुण	११६
कवैयाका नामआदि	११७
कौआढोढीगुण	,,
काकजंघा (मसी)	,,
नागपुष्पीगुण	११८
मेढाशिंगी	,,
हंसपादीका गुण	,,
सोमवल्ली आकाशगंगा	११९
पातालगरुडी (वंदा)	,,
वटपत्रीका गुण	,,
वंशपत्री मत्स्याक्षी	१२०
सरहटी गंडिनी	,,
शंखपुष्पीका गुण	१२१
अर्कपुष्पी, तक्ष, लज्जालु	,,
अलंबुषा, दूधी	,,
भुइआंवरी (वरंभी)	१२२
द्रोणपुष्पी (गूमा)	१२३
हुरहुर दूसरा हुरहुर	,,
वंध्या (वांजखकसा)	१२४
देवदाली (सोनैया)	,,
जलपिप्पली (पनिसगा)	१२५
गोजिह्वा (गोभी)	,,
नागदमनीका गुण	१२६
वीरतरु (वरवेल)	,,
छिकनी कुकुंदर	१२७
सुदर्शन तथा आखुपर्णी	,,
मयूरशिखा	१२८

पुष्पादिवर्ग

गुडूचीकी उत्पत्ति नामगुण	१२९

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

विषय.	पृष्ठ.
पद्मिनीनामगुण	१३०
नवपत्रादि	,,
स्थलकमलपद्मिनी	१३१
जलकुंभी (सेवाद)	१३२
सेवंती गुलाब	,,
वासंती (नेवारी)	,,
जाती (चंबेली)....	१३३
जुही (सुवर्णजुही)	,,
बकुल (मौलसरी)	१३४
कदंबका गुण	,,
मल्लिका (माधवी)	१३५
सुवर्णकेतकी	,,
किंकिरात (कर्णिकार)	१३६
अशोक (असोगी)	,,
बाणपुष्प (कटसरैया)	,,
कुंदके गुण	१३७
मुचुकुंद तिलकनाम	,,
बंधूक ऊर्ध्वपुष्पा	१३८
सेंदूरी अगस्ति	,,
तुलसी शुक्ल और कृष्ण....	,,
मरुता (मरुआ)	१३९
दमनक (वदना)	,,
वर्वरीके गुण	१४०

वटादिवर्ग

वडके नाम और गुण	१४१
पीपलके गुण	,,
नंदिवृक्ष	१४२
उदुंबर कटुंभरी	,,
प्लक्ष पाकारी	१४३
क्षीरवृक्षादि पंचवल्कल	१४३
शाल और उसके भेद	१४४
शल्लकी (शालई)	,,
शिंशिपा (शीसम)	१४५
कुकुभ (कोह)	,,
बीजक (विजयसार)	,,
खैरके नामगुण	१४६
श्वेत खैर इरिमेद....	,,
रोहितक तथा बब्बूल	१४७
पुत्रीजीव इंगुदी	,,
जिंगिनीके गुण	१४८
तूणी तथा भूर्जपत्र	,,
पलाशके नाम	१४९
शाल्मली (सेवर)	,,
मोचरस (कूटशाल्मली)....	१५०
धव, धामार्गव, करीर	,,
सहोरा (वरुण)....	१५१
कटभीके नाम और गुण	,,
मोक्षवृक्ष	१५२
शिरीषिका (शमी)	,,
सप्तपर्णी तथा तिनिश	१५३
भूमीसह (भुइसइ)	,,

आम्रादिफलवर्ग

आंबाके नाम और गुण	१५४
उसका बीज और नवपल्लव	१५६
राजाम्र तथा कोशाम्र	१५७
फनसका नाम और गुण	१५८
क्षुद्र फनसका नाम और गुण	,,
कुदलीका गुण	१५९

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

विषय.	पृष्ठ.
चिर्भटके नामआदि	१५९
नारियलका गुण....	१६०
कालिंद (तरबूज)	,,
खरबूज (त्रपुस, कर्कटी)	१६१
पूगफल (सुपारी)	,,
तालके गुणलक्षण	१६२
कपित्थ (कैथी)	१६३
नारंगी (तेंदुक)	१६४
कपीलु	,,
फलेंद्रा, जामुनी	१६५
आमलक (आंवली)	१६६
करमर्द (करोंदा)	,,
प्रियाल (चिरोंजी)	१६७
राजादन	,,
विकंकत, वप्रबीज माषान्न	,,
सिंघाडा, पद्मबीज, मधुक	१६८
परूषक तथा लूता	१६९
दाडिम (अनार)	,,
बहुवार तथा कतक	१७०
द्राक्षा (दाख)	१७१
गोस्तनी (मनुका)	,,
भूमिखर्जूरिका	१७२
बादामसेव अमृतफल	१७३
पीलूके गुण	१७४
बीजपूर (बिजोरा)	,,
जंबीरके भेद	,,
निंबू मीठा निंबू कर्मरंग	१७५
अंबीली (अम्लवेतस)	१७६
वृक्षाम्लका नामगुण	१७७

धातुरसरत्नविषवर्ग

विषय.	पृष्ठ.
धातुवोंका लक्षणगुण	१७९
सुवर्णकी उत्पत्ति आदि लक्षण	,,
रौप्यकी उत्पत्ति आदि	१८१
तांबाकी उत्पत्ति आदि	१८२
वंगके नामलक्षण	१८३
सीसकी उत्पत्ति आदि	१८४
लोहकी उत्पत्ति आदि	१८५
सारलोहका लक्षण	१८६
कांतलोहलक्षण	,,
अधातुवोंका लक्षण	१८७
तारमाक्षिक लक्षण	१८८
तुत्थ (तूतिया)	१८९
कांसाका नामगुण	,,
पित्तल (कांचीपितरी)	१९०
सिंदूरके गुण	,,
शिलाजतुकी उत्पत्ति	१९१
रस और पारदकी उत्पत्ति	१९२
उपरसोंका लक्षण	१९४
हिंगुलके नामआदि	,,
गंधककी उत्पत्ति आदि	१९५
अभ्रककी उत्पत्ति आदि....	१९६
हरितालकी उत्पत्ति आदि	१९८
मनशिलके गुण....	१९९
सुरमा (सौवीर) गुण	२००
सुहागा नामगुण	,,
राजावर्त, चुंबक, सुवर्णगेरु	२०१
खटी, गौरखटी तथा वालु	,,
खर्परी, कासीस, सौराष्ट्री....	२०२
कर्दम तथा बोलका गुण	२०३

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

विषय.	पृष्ठ.
कंकुष्ठोत्पत्तिलक्षण	२०३
रत्ननिरुक्ति और निरूपण....	२०४
हीरकका नाम, लक्षण और गुण....	,,
मारित हीरक आदिकोंका लक्षण....	२०६
वैडूर्य, मौक्तिक, प्रवाल आदि रत्नोंका गुण	,,
ग्रहप्रियरत्न, उपरत्न	२०७
वत्सनाभ, हारिद्र, सक्तुक प्रदीपनका गुण	,,
सौराष्ट्रिक, शृंगी, कालकूटहालाहलोंका लक्षण	२०८
ब्रह्मपुत्रका स्वरूप	२०९

धान्यवर्गः ।

विषय.	पृष्ठ.
धान्योंका भेद	२११
उनोंका गुण	२१२
केदार और स्थलज धान्य....	,,
व्रीहि धान्यका लक्षण	२१३
षष्टिकाओंका लक्षण	२१४
गेहूंका नामआदि....	२१५
मूंगकी निरुक्ति	२१७
माष और राजमाष	,,
निष्पाव, मकुष्ठ, मसूर, तुवरी इत्यादिका गुण	२१८
चणक, कलाय, त्रिपुट, इनोंके नामगुण	२१९
कुलित्थ और तिलोंका गुण	२२०
अतसीका गुण	२२१
तुवरीका गुण	,,
शिरसमका गुण	,,

विषय.	पृष्ठ.
क्षुद्रधान्यका लक्षण	२२२
कंगुका लक्षण	,,
चीनाक और श्यामाक	,,
कोद्रवका गुण	२२३
रुचकका लक्षण	,,
वंशभव और कुसुंभबीज	,,
गवेधुकाका गुण	२२४
प्रसाधिकाका गुण	,,
पवनका नामगुण	,,

शाकवर्ग

विषय.	पृष्ठ.
शाकोंका निरूपण	२२६
पोतकीका नामगुण	२२७
तंडुलीय तथा पलक्या	२२८
नाडीका और पट्टशाक	२२९
कलंबी और लोणिका	,,
चांगेरी और चुक्रका गुण	२३०
मूलक तथा मवानी	२३१
चवक और सेहुंड	,,
पर्पट और गोजिव्ह	२३२
पटोलगुण	,,
गुडूची और कासमर्द	,,
चणक, कलाप, सर्षप	२३३
अगस्तिपुषा, कदलीपुष्प	,,
शिग्रुपुष्प और शाल्मलीपुष्प	,,
कूष्मांड, अलाबुका गुण	२३४
कटुतुंबी तथा कर्कटी	,,
चिचिंडा और कारवेल्ल	२३५
महाकोशातकी, धामार्गव	,,
पटोल तथा बिंबीका गुण	२३६

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

विषय.	पृष्ठ.
शिबीके, सौभांजनके गुण....	२३७
वृंताकका गुण	,,
डिंडीश और पिंडार	२३८
कर्कोटकी, विषमुष्टि	,,
कंटकारीका गुण	,,
सूरणका गुण	२४०
आलुककंदका नामगुण	,,
मूलक और गृंजन	२४१
कदली तथा वाराही	,,
हस्तिकर्णका नामगुण	२४२
केमुक, कसेरुका गुण	,,
पद्मादि कंदोंका नामगुण....	२४३

मांसवर्ग

विषय.	पृष्ठ.
मांसोंके नाम और गुण	२४५
अनेकविध मत्स्यमांस	,,
बिलेशयोंके और गुहाशयोंके मांस-गुण	२४७
प्रतुद और प्रसहोंका गुण	२४८
ग्राममें, और तीरमें चरनेवालेका गुण	२४९
प्लव औ कोशस्थोंका गुण....	,,
पादि तथा मत्स्य....	२५०
जंघालोंका गुण	,,
कुरंग तथा तित्तिर	२५१
वाराह और सांबर	,,
सेधाका नामगुण	,,
पक्षियोंका नामगुण	२५३
वालीक और तित्तिरिका गुण	२५४
चटक तथा कुक्कुटके गुण....	,,
हारीत, मयूर, पारावतगुण	२५५
पक्षियोंकी अंडी तथा छाग	२५६
मेढा और दुंभाका गुण	२५७
बैल, अश्व, महिषनामगुण	,,
मंडूक और कच्छप	२५८
अनेकप्रकारकी अंडी	२६०
सिलन्ध, मोचक, शृंगी, हिल्लस	२६१
सौरीआदि अनेक मत्स्योंका गुण....	,,
मत्स्यांडादि मत्स्योंका गुण	२६३

कृतान्नवर्ग

विषय.	पृष्ठ.
अन्नसाधनका प्रकार	२६५
खिचडीका गुण	२६६
पायस, सेवयी, मंडगुण	२६७
पपडी, लप्सी, रोटीका गुण	२६८
अंगार और कर्कटी	२६९
माष, चणकआदि पोलिका गुण	,,
पापड, पूरी, वटकगुण	२७१
अम्लिका, मुद्ग, माष, कूष्मांड वटकगुण	२७३
वटक और कढीका गुण	२७४
अब दूसरे वडेका प्रकार	२७५
शुद्धमांसप्रकार	२७६
सेहुंडक और अखनी	,,
तलाहुआ मांसका गुण	२७८
शाकोंका प्रकार	२७९
कर्पूर और नारिकेली	२८०
शष्कुली, सेविका, और मोदक	२८२
सेवन, मोदक, तथा जिलेबी	२८३
शिखरिणीका गुण	२८४
सरबतका गुण	२८५

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

विषय.	पृष्ठ.
कांजिक, जाली और तक्र	२८६
सक्तुओंका प्रकार तथा गुण	२८८
चिपिटका गुण	२८९
ऊचीके गुण	,,
कुल्माषका गुण	,,
वारिवर्ग	
पानीका नाम और गुण	२९१
धारजलका लक्षण....	२९२
गंगा और सामुद्रका लक्षण	,,
अनार्तवका लक्षण	२९३
तुषार जलका लक्षण	२९४
हिमजलका लक्षण	,,
भौमजलका लक्षण	२९५
नादेयजलका लक्षण	२९६
औद्भिद्जलका लक्षण	,,
नैर्झरजलका लक्षण	२९७
सारसजलका लक्षण	,,
ताडागजलका लक्षण	,,
वाप्यजलका लक्षण	२९८
कौपजलका लक्षण	,,
चौंजजलका लक्षण	,,
कैदारजलका लक्षण	२९९
वार्षिक, और हैमंतजलका गुण	,,
जलोंका भेद जलग्रहणकाल जलपान-विधि	३००
जलका निषेध और आवश्यकता	३०१
प्रशस्तनिंदितजलविचार निन्दितजलका शुद्धीकरण	३०२

विषय.	पृष्ठ.
दुग्धदधितक्रघृतमूत्रवर्ग	
दुग्धका नाम और गुण	३०५
वछडारहित गौके दुग्धका गुण	३०६
भैंस और छागआदिके गुण	,,
अश्व, ऊंट, हाली, और नारीदुग्ध गुण	३०८
धारोष्ण दुग्धके गुण	,,
पीयूष, किलाट और क्षीरशाक	३०९
तक्रपिंड और मोरटके गुण	,,
शर्करामिश्रित दुग्धके गुण	३१०
दहीविषे विचार	३१२
गौ, भैस आदि दहीके गुण	३१३
छक्करयुक्त दहीके गुण	३१४
रात्रिमें दहींका निषेध	,,
तक्रके नाम और गुण	३१६
सामान्यतः तक्रके भेद	,,
कच्चा और पक्क तक्रके गुण	३१८
उसके सेवनका प्रकार	,,
नवनीतके गुण	,,
घीके नाम और गुण	३१९
भैस छाग औ उंटका घृत....	३२०
नारी, अश्वका दूधके सद्यः किये दही और घी....	३२१
मूत्रवर्गमें गोमूत्रके गुण	३२२
तैलसंधानमद्यमधुइक्षुवर्ग	
तैलस्वरूपका निरूपण	३२४
बृंहण और लेखनका सामानाधिकरण्य	३२५
अतसी, वरा, खसका तेल....	३२६
एरंड, रालके तेल....	३२७

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

विषय.	पृष्ठ.
कांजिकका लक्षणगुण	.... ३२८
शंडाकी, शुक्र, संधान, मद्य	.... ३२९
अरिष्ट और सुराके गुण	.... ३३१
आसवके गुण	.... ३३२
नया और पुराना मद्यके गुण	.... ,,
मधुवर्गमें मधके नामगुण	.... ३३३
माक्षिक, भ्रामर, क्षौद्रके गुण	.... ३३४
पौतिक, छात्र, अर्घ्यके गुण....	.... ३३५
दलके लक्षण और गुण	.... ३३६
इक्षुवर्गमें उसके नामगुण	.... ३३७
नानाविध इक्षुके गुण	.... ३३८
दांत, यंत्र आदिपीडित इक्षुरसका गुण	३३९
इक्षुविकारोंके गुण....	.... ३४०
नवीन गुडके गुण....	.... ३४१

अनेकार्थवर्ग

उसमें ग्रंथोक्त एकार्थ, द्व्यर्थ और तीनअर्थवाले नामोंका संग्रह किया है सो ग्रंथसें यथा- वत् देखलेना.

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

श्रीः ।

हरीतक्यादिनिघंटे

हरीतक्यादिवर्गः ।

दक्षं प्रजापतिं स्वस्थमश्विनौ वाक्यमूचतुः ।
कुतो हरीतकी जाता तस्यास्तु कति जातयः ॥ १ ॥
रसाः कति समाख्याताः कति चोपरसाः स्मृताः ।
नामानि कति चोक्तानि किंवा तासां च लक्षणम् ॥ २ ॥
के च वर्णा गुणाः के च का च कुत्र प्रयुज्यते ।
केन द्रव्येण संयुक्ता कांश्च रोगान् व्यपोहति ॥ ३ ॥

टीका—स्वस्थ प्रजापतिकों अश्विनीकुमारोंनें पूछा की, हरीतकीकी अर्थात् हरडेकी उत्पत्ति कहांसें है और उनकी कितनी जात हैं ॥१॥ तथा उसमें रस कितने हैं और उपरस कितने होते हैं और इसके नाम कितने हैं और उनका लक्षण क्या है ॥ २ ॥ और उनके वर्ण तथा गुण कितने हैं और कोनकों कहांपर देनी चाहिये और कोनसे द्रव्यके साथ देनेसें कोनसे रोगोंका नाश करती है ॥ ३ ॥

प्रश्नमेतद्यथा पृष्टं भगवन् वक्तुमर्हसि ।
अश्विनोर्वचनं श्रुत्वा दक्षो वचनमब्रवीत् ॥ ४ ॥

टीका—हे भगवन्, जैसे यह प्रश्न हमनें पूछा है ताकूं आप कहिवेकूं समर्थ हो. ऐसा अश्विनीकुमारोंका वचन सुनकर दक्षप्रजापति कहत भये ॥ ४ ॥

पपात बिन्दुर्मेदिन्यां शक्रस्य पिबतोऽमृतम् ।
ततो दिव्यात्समुत्पन्ना सप्तजातिर्हरीतकी ॥ ५ ॥

टीका—जिससमय इन्द्रनें अमृत पीया उससमय उसमेसें एक बूंद पृथ्वीमें गिरा. फिर उस अमृतकी बूंदसें सात जातकी हरीतकी उत्पन्न होत भई ॥ ५ ॥

हरीतक्यभया पथ्या कायस्था पूतनाऽमृता ।

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

हेमवत्यव्यथा चापि चेतकी श्रेयसी शिवा ॥ ६ ॥
वयस्था विजया चापि जीवन्ती रोहिणीति च ।

टीका—हरीतकी १, अभया २, कायस्था ३, पूतना ४, अमृता ५, हेमवती ६, अव्यथा ७, चेतकी ८, श्रेयसी ९, शिवा १०, ॥ ६ ॥ वयस्था ११, विजया १२, जीवंती १३, और रोहिणी १४ ये चौदाह हर्डके नाम हैं.

विजया रोहिणी चैव पूतना चामृताऽभया ॥ ७ ॥
जीवंती चेतकी चेति विज्ञेयाः सप्त जातयः ।

टीका—अब हरडोंकी जाति कहते हैं. विजया १, रोहिणी २, पूतना ३, अमृता ४, अभया ५, ॥ ७ ॥ जीवन्ती ६, चेतकी ७ ये सात प्रकारकी हरड होती हैं. और इन्ही सातोंकों मिलाके बहुतसे निघंटोंमें हर्डके २१ एकवीस नाम कहे हैं.

अलाबुवृत्ता विजया वृत्ता सा रोहिणी स्मृता ॥ ८ ॥
पूतनास्थिमती सूक्ष्मा कथिता मांसलाऽमृता ।
पंचरेखाभया प्रोक्ता जीवन्ती स्वर्णवर्णिनी ॥ ९ ॥

टीका—अब हर्डकी पहिंचान लिखते हैं. जो हर्ड तूंबीके समान गोल होय उसकों विजया कहते हैं, और जो गोल होय उसकों रोहिणी कहते हैं, ॥८॥ और जिसमें छोटी गुठली होय उसकों पूतना, और जो गूदेदार होय उसकों अमृता कहते हैं. और जिस हर्डमें पांच लकीर होय उसकों अभया, और जिसका सोनेकासा रंग होय उसकों जीवन्ती कहते हैं ॥ ९ ॥

त्रिरेखा चेतकी ज्ञेया सप्तानामियमाकृतिः ।
विजया सर्वरोगेषु रोहिणी व्रणरोहिणी ॥ १० ॥

टीका—और जिसमें तीन रेखा हों उसकों चेतकी कहते हैं, याप्रकार सातोंप्रकारके हर्डोंके स्वरूप कहे हैं. और विजया समस्त रोगोंमें देनी चाहिये, और घावोंके भरनमें रोहिणी श्रेष्ठ है ॥ १० ॥

प्रलेपे पूतना योज्या शोधनार्थेऽमृता हिता ।
अक्षिरोगेऽभया शस्ता जीवन्ती सर्वरोगहृत् ॥ ११ ॥

टीका—लेपमें पूतना श्रेष्ठ है, और शोधनके अर्थ पूतना श्रेष्ठ कही है, और नेत्ररोगमें अभया देनी अच्छी है, और जीवन्ती सर्वरोगोंकों हरनेवाली कही है ॥ ११ ॥

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

चूर्णार्थे चेतकी शस्ता यथायुक्तं प्रयोजयेत् ।
चेतकी द्विविधा प्रोक्ता श्वेता कृष्णा च वर्णतः ॥ १२ ॥

टीका—और चूर्ण बनानेमें चेतकी श्रेष्ठ होती है. उसकी योगके अनुसार योजना करनी. और चेतकी रंगमें दोप्रकारकी होती है, एक सफेद दूसरी काली॥१२॥

षडङ्गुलायता शुक्ला कृष्णा त्वेकाङ्गुला स्मृता ।
काचिदास्वादमात्रेण काचिद्गन्धेन भेदयेत् ॥ १३ ॥

टीका—सफेद छअंगुल लंबी और काली एकअंगुल लंबी होती है; कोई खानेमात्रसें दस्त लाती है और कोई सूंघनेमात्रसेंही दस्त लाती है ॥ १३ ॥

काचित्स्पर्शेन दृष्ट्यान्या चतुर्धा भेदयेच्छिवा ।
चेतकीपादपच्छायामुपसर्पन्ति ये नराः ॥ १४ ॥
भिद्यन्ते तत्क्षणादेव पशुपक्षिमृगादयः ।
चेतकी तु धृता हस्ते यावत्तिष्ठति देहिनः ॥ १५ ॥
तावद्भिद्येत वेगैस्तु प्रभावान्नात्र संशयः ।
न धार्ये सुकुमाराणां कृशानां भेषजद्विषाम् ॥ १६ ॥

टीका—और कोई स्पर्श करनेसें और कोई देखनेसेंही दस्त लाती है. ऐसी चार प्रकारकी हर्ड होती है. जो मनुष्य चेतकीके वृक्षकी छायामें जाते हैं ॥ १४ ॥ उनकों उसी क्षण दस्त लगजाता है, और मनुष्यके शिवाय पशुपक्षीमृगादिकोंकोभी दस्त लगजाता है, और मनुष्य चेतकीकों जबतक धारण करते हैं ॥ १५ ॥ तबतक उसके प्रभावसें दस्त लगता है इसमें कुछ संदेह नहीं है. सुकुमारअवस्थावाले और कृश और औषधिके शत्रु इनकों धारण करने योग्य नहीं ॥ १६ ॥

चेतकी परमा शस्ता हिता सुखविरेचनी ।
सप्तानामपि जातीनां प्रधानं विजया स्मृता ॥ १७ ॥

टीका—चेतकी सुखवी रेचनमें बहुत अच्छी होती है और इन सातों जातकी हर्डोंमें विजयानामकी हर्ड सबमें प्रधान कही है ॥ १७ ॥

सुखप्रयोगा सुलभा सर्वरोगेषु शस्यते ।
हरीतकी पंचरसा लवणा तुवरा परम् ॥ १८ ॥

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

टीका—सुखपूर्वक योगमें देनेयोग्य होती है और सुलभ सबरोगोंमें प्रशस्त होती है. हरीतकी पांच रसोंसें युक्त और लवणसें रहित तथा बहुत कसेली होती है ॥१८॥

रूक्षोष्णा दीपनी मेध्या स्वादुपाका रसायनी ।
चक्षुष्या लघुराशिष्या बृंहणी चानुलोमनी ॥ १९ ॥
श्वासकाशप्रमेहार्शःकुष्ठशोथोदरकृमीन् ।
वैस्वर्यग्रहणीरोगविबन्धविषमज्वरान् ॥ २० ॥

टीका—रूखी, गरम, अग्निको दीपनकरनेवाली, पवित्र, मधुरपाकवाली, रसायनी होती है, नेत्रोंकों हित करनेवाली और हलकी तथा आयुको हितकारक बृंहणी तथा वायु और मलकों नीचे करनेवाली होती है ॥ १९ ॥ स्वास, कास, प्रमेह, ववासीर, कोढ, सूजन, उदररोग, कृमि, स्वरभंग, ग्रहणी, विबंध अर्थात् कवजियत और विषमज्वर ॥ २० ॥

गुल्माध्मानतृषाच्छर्दिहिक्काकंडूहृदामयान् ।
कामलां शूलमानाहं प्लीहानं च यकृत्तथा ॥ २१ ॥
अश्मरीं मूत्रकृच्छ्रं च मूत्राघातं च नाशयेत् ।
स्वादुतिक्तकषायत्वात्पित्तहृत्कफहृत्तु सा ॥ २२ ॥

टीका—वायुगोला, आध्मान, तृषा, वमन, हुचकी, खाज, हृदयरोग, कामला, शूल, अफरा, तापतिल्ली, ॥ २१ ॥ पथरी, मूत्रकृच्छ्र, और मूत्राघात इतने रोगोंकों हरीतकी नाश करती है. मीठापनसें और तीखापनसें तथा कसेलेपनसें ये पित्तका नाश करती है और कफकाभी नाश करती है ॥ २२ ॥

कटुतिक्तकषायत्वादम्लत्वाद्वातहृच्छिवा ।
पित्तकृत्कटुकाम्लत्वाद्वातकृन्न कथं शिवा ॥ २३ ॥
प्रभावाद्दोषहन्तृत्वं सिद्धं यत्तत्प्रकाश्यते ।
हेतुभिः शिष्यबोधार्थं न पूर्वं कथ्यतेऽधुना ॥ २४ ॥
कर्मान्यत्वं गुणैः साम्यं दृष्टमाश्रयभेदतः ।
यतस्ततो नेति चिन्त्यं धात्रीलकुचयोर्यथा ॥ २५ ॥

टीका—कटुपनेसें और तिक्तपनेसें तथा कसेलेपनेसें और खट्टेपनेसें हरीतकी वातका नाश करती है. कडवे और खट्टेपनसें हरीतकी पित्तकों करनेवाली है. तब वा-

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

तको करनेवाली क्यों नहीं है ॥ २३ ॥ प्रभावसें जो दोषकी नाशकता सिद्ध है उसको कहते हैं शिष्यबोधके अर्थ प्रथमहेतुओंसें नहीं कहा ॥ २४ ॥ अब आश्रयके भेदसें गुणोंकी समता और कर्मान्यता देखी जिःसें चिंतवन करनेके योग्य नहीं है जैसें आवले वढहलोंकी ॥ २५ ॥

पथ्याया मज्जनि स्वादुः स्नाय्वावम्लो व्यवस्थितः ।
वृते तिक्तस्त्वचि कटुरास्थितस्तुवरो रसः ॥ २६ ॥
नवा स्निग्धा घना वृत्ता गुर्वी क्षिप्ता च याम्भसि ।
निमज्जेत्सा प्रशस्ता च कथिता सा गुणप्रदा ॥ २७ ॥
नवादिगुणयुक्ता च तथैकत्र द्विकर्षता ।
हरीतक्याः फले यत्र द्वयं तच्छ्रेष्ठमुच्यते ॥ २८ ॥

टीका—हडकी मज्जामें मधुर और स्नायुमें अम्ल रहता है, परदेमें तिक्तता और छिलके कडवापन और अस्थिमें कसेला रस होता है ॥ २६ ॥ नवीन स्निग्ध घन गोल भारी और पानीमें डालनेसें डूब जाय वो हरीतकी अच्छी और समस्तगुणोंके देनेवाली होती है ॥२७॥ नवादिगुणकरिके युक्त और तैसेही एकजगह दो तोलेकी श्रेष्ठ है और जो हरीतकीके दो फल एकसाथ जुडेहुए हों वोभी श्रेष्ठ हैं ॥२८॥

चर्विता वर्धयत्यग्निं पेषिता मलशोधिनी ।
स्विन्ना संग्रहिणी पथ्या भृष्टा प्रोक्ता त्रिदोषनुत् ॥ २९ ॥
उन्मीलिनी बुद्धिबलेन्द्रियाणां निर्मूलनी पित्तकफानिलानाम् ।
विस्रंसिनी मूत्रशकृन्मलानां हरीतकी स्यात्सह भोजनेन॥३०॥
अन्नपानकृतान्दोषान्वातपित्तकफोद्भवान् ।
हरीतकी हरत्याशु भुक्तस्योपरि योजिता ॥ ३१ ॥

टीका—चर्वण अर्थात् चवाईहुई हड अग्निकों बढाती है, पीसीहुई मलकों शोधन करती है, और तलीहुई संग्रहणीकों नाश करती है, तथा भुनीहुई हरीतकी त्रिदोषनाशक है ॥२९॥ बुद्धि, बल, इन्द्रियोंकों प्रकाश करनेवाली और पित्त, कफ, वायु इनकों नाश करनेवाली तथा मूत्र मल दोषोंको निकालनेवाली हरीतकी होती है. भोजनके साथ ॥ ३० ॥ वात, पित, कफसें उत्पन्न हुए दोष और अन्नपानसें हुए दोषोंकों भोजनके उपरांत सेवन की हुई हरीतकी शीघ्रही नाश करती है ॥ ३१ ॥

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

लवणेन कफं हन्ति पित्तं हन्ति सशर्करा ।
घृतेन वातजान् रोगान् सर्वरोगान् गुडान्विता ॥ ३२ ॥

टीका—हरीतकीकों लवणके साथ खानेसें कफकों नाश करती है और शर्कराके साथ खानेसें पित्तकों शांति करती है तथा घृतके साथ सेवन करनेसें वातरोगोंकों और गुडके साथ सेवन करनेसें समस्तरोगोंकों हरीतकी नाश करती है ॥ ३२ ॥

सिंधूत्थशर्करा शुण्ठी कणा मधुगुडैः क्रमात् ।
वर्षादिष्वभया प्राश्या रसायनगुणैषिणा ॥ ३३ ॥

टीका—सेंधानोन, शर्करा, सोंठि, पीपल, मधु, और गुड क्रमसें हरीतकीकों इनके साथ वर्षादि ऋतुओंमें रसायनके गुण चाहनेवालोंकों सेवन करनी चाहिये ॥ ३३ ॥

अध्वातिखिन्नो बलवर्जितश्च रूक्षः कृशो लंघनकर्षितश्च ।
पित्ताधिको गर्भवती च नारी विमुक्तरक्तस्त्वभयां न खादेत् ३४

टीकाः—मार्गसें अतिखिन्न हुआ बलसें रहित, रूखा, कृश, लंघन करनेसें दुर्बल हुआ पित्त अधिकवाला, गर्भवती स्त्री, और फस्त लिया हुआ इत्यादि मनुष्योंकों हरीतकी खानी नहीं चाहिये ॥ ३४ ॥

अथ बिभीतकस्य नामानि गुणाश्च.

बिभीतकस्त्रीलिङ्गः स्यान्नाक्षः कर्षफलस्तु सः ।
कलिद्रुमो भूतावासस्तथा कलियुगालयः ॥ ३५ ॥

टीकाः—अब बहेडेके नाम तथा गुण लिखते हैं. बिभीतक, त्रिलिंग, अक्ष, कर्षफल, कालिद्रुम, भूतावास, कलियुगालय, ये सात नाम बहेडेके हैं ॥ ३५ ॥

बिभीतकं स्वादुपाकं कषायं कफपित्तनुत् ।
उष्णवीर्यं हिमस्पर्शं भेदनं कासनाशनम् ॥ ३६ ॥
रूक्षं नेत्रहितं केश्यं कृमिवैस्वर्यनाशनम् ।
बिभीतमज्जा तृट्च्छर्दिकफवातहरो लघुः ॥ ३७ ॥
कषायो मदकृच्चाथ धात्रीमज्जापि तद्गुणः ।

टीका—बहेडा पाकमें मधुर कसेला कफ पित्तका नाशक है उष्णवीर्यवाला

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

स्पर्शमें शीतल भेदन कासका नाशक है ॥ ३६ ॥ रूषानेत्रके हित करेनेवाला है और केशोंके हित करेनवाला है और कृमि तथा स्वरभंगका नाश करता है और बहेडेकी गिरी, तृषा, वमन, कफ, वात इनकों नाश करनेवाली और हलकी होती है ॥ ३७ ॥ तथा कसेली और नाश करनेवाली होती है और आमलेकी गिरी-भी इसीके समान गुणोंकों करती है.

अथामलक्या नामानि गुणाश्च.

त्रिष्वामलकमाख्यातं धात्री त्रिष्वफलामृता ॥ ३८ ॥
हरीतकी समं धात्रीफलं किन्तु विशेषतः ।
रक्तपित्तप्रमेहघ्नं परं वृष्यं रसायनम् ॥ ३९ ॥
हन्ति वातं तदम्लत्वात् पित्तं माधुर्यशैत्यतः ।
कफं रूक्षकषायत्वात् फलं धात्र्यास्त्रिदोषजित् ॥ ४० ॥
यस्य यस्य फलस्येह वीर्यं भवति यादृशम् ।
तस्य तस्यैव वीर्येण मज्जानमपि निर्दिशेत् ॥ ४१ ॥

टीका—अब आमलेके नाम और गुण कहते हैं. तीनों आमलोंमें धात्रीआमलक प्रसिद्ध है और तीनोंमें बेफलवाली अमृता प्रसिद्ध है ॥ ३८॥ और हरीतकीके समानही धात्रीफलकेभी गुण जानों किंतु विशेष करिके रक्त पित्त और प्रमेहकों नाशक और अत्यन्त वृष्य तथा रसायन होती है ॥३९॥ वो खट्टेपनसें वायूका नाश करता है, मधुरता और शीतलतासें पित्तको नाश करता है रूषे और कसेलेपनसें कफकों करता है. ऐसे आवला त्रिदोषकों जितनेवाला है ॥ ४० ॥ यहांपर जिसजिसके फलका वीर्य जैसे होता है उसउसके मज्जाकोंभी जानलेवे ॥ ४१ ॥

अथ त्रिफलाया लक्षणनामगुणाः

पथ्याबिभीतधात्रीणां फलैः स्यात् त्रिफला समैः ।
फलत्रिकं च त्रिफला सा वरा च प्रकीर्तिता ॥ ४२ ॥
त्रिफला कफपित्तघ्नी मेहकुष्ठहरा सरा ।
चक्षुष्या दीपनी रुच्या विषमज्वरनाशनी ॥ ४३ ॥

टीका—इसके अनंतर त्रिफलाके नाम और लक्षण तथा गुण लिखते हैं. हर्ड

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

बहेडा और आमला इन तीनों फलोंकों समान लेकर मिलानेसें त्रिफल होती है. फलत्रिक त्रिफला और वोह वराभी कही गई है ॥ ४२ ॥ त्रिफला कफ और पित्तकी नाशक होती है. तथा प्रमेह और कुष्ठकाभी नाश करती है और दस्ताव रहै और नेत्रोंकों हित करनेवालीहै अग्निकी दीपन करनेवाली है तथा रुचिकों करती है और विषमज्वरका नाश करती है ॥ ४३ ॥

अथ शुंठ्या नामानि गुणाश्च.

शुण्ठी विश्वा च विश्वं च नागरं विष्वभेषजम् ।
ऊषणं कटु भद्रं च शृंगबेरं महौषधम् ॥ ४४ ॥
शुण्ठी रुच्यामवातघ्नी पाचनी कटुका लघुः ।
स्निग्धोष्णा मधुरा पाके कफवातविबन्धनुत् ॥ ४५ ॥
वृष्या सर्या वमिश्वाशशूलकासहृदामयान् ।
हन्ति श्लीपदशोथार्शआनाहोदरमारुतान् ॥ ४६ ॥
आग्नेयगुणभूयिष्ठं तोयांशं परिशोषि यत् ।
संगृह्णाति मलं तत्तु ग्राहि शुंठ्यादयो यथा ॥ ४७ ॥
विबन्धभेदनी या तु सा कथं ग्राहिणी भवेत् ।
शक्तिर्विबंधभेदे स्यात् यतो न मलपातने ॥ ४८ ॥

टीका—सोंठके नाम तथा गुण लिखते हैं. शुंठी, विश्वा, विश्वनागर, विश्वभेषज, ऊषण, कटु, भद्र, शृंगवेर, महौषध, ये सोंठके नाम हैं ॥४४॥ ये सोंठ रुचिकों करनेवाली और आमवातकी नाश करनेवाली है, और पाचन है, कडवी है, हलकी है, चिकना गरम पाकमें मधुर कफ, वात और विबंध इनको नाश करनेवाली है ॥४५॥ वृष्य मलकी अनुलोमन करनेवाली तथा वमन, श्वास, शूल, खांसी, हृदयकेरोग, श्लीपद, सूजन, ववासीर, अफरा, उदररोग, और वातरोग इनका नाश करती है ॥ ४६ ॥ बहुत गरम जलके अंशकों शोषण करनेवाली औ वो मलकों बांधती है जैसें ग्राही शुंठ्यादिक ॥ ४७ ॥ विबंधको भेदन करनेवाली जो है वोह कैसें ग्राहिणी होती है, विबंधभेदमें शक्ति है क्योंकी मलपातनमें नहीं ॥ ४८ ॥

अथार्द्रकनामगुणाः.

आर्द्रकं शृगबेरं स्यात्कटु भद्रं तथार्द्रिका ।

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

आर्द्रिका भेदनी गुर्वी तीक्ष्णोष्णा दीपनी मता ॥ ४९ ॥
कटुका मधुरा पाके रूक्षा वातकफापहा।
ये गुणाः कथिताः शुंठ्यास्तेऽपि संत्यार्द्रकेऽखिलाः ॥५०॥
भोजनाग्रे सदा पथ्यं लवणार्द्रकभक्षणम्।
अग्निसंदीपनं रुच्यं जिह्वाकण्ठविशोधनम् ॥ ५१ ॥
कुष्ठपाण्ड्वामये कृच्छ्रे रक्तपित्ते व्रणे ज्वरे।
दाहे निदाघशरदोर्नैव पूजितमार्द्रकम् ॥ ५२ ॥

टीका—अब अदरकके नाम और गुण कहते हैं. अदरक १, शृंगबेर २, कटुभद्र ३, आर्द्रिका ४ ये अदरकके चार नाम हैं. ये अदरक भेदन करनेवाला और भारी, तीखा, गरम, दीपन, कहा गया है ॥ ४९ ॥ कडवा, पाकमें मधुर, रूखा, वात और कफका नाशक है. जितने गुण सोंठमें कहिआये हैं उतनेही सब अदरकमेंभी जानों ॥ ५० ॥ भोजनकरनेसें पहिले अदरक और नमकका सेवन करना पथ्य है, अग्निका दीपन करनेवाला, तथा रुचि करनेवाला है, जीभ और कंठ इनका विशोधन है ॥ ५१ ॥ कुष्ठ, पांडुरोग और मूत्रकृच्छ्र, तथा रक्तपित्त, घाव और ज्वर इनमेंभी पथ्य है. दाहमें और ग्रीष्ममें तथा सरदमें अदरक अच्छा नहीं होता ॥ ५२ ॥

अथ पिप्पल्या नामानि गुणाश्च.

पिप्पली मागधी कृष्णा वैदेही चपला कणा।
उपकुल्योषणा शौंडी कोला स्यात्तीक्ष्णतंडुला ॥ ५३ ॥

टीका—अब पिप्पलीके नाम और गुण कहते हैं. पिप्पली १, मागधी २, कृष्णा ३, वैदेही ४, चपला ५, कणा ६, उपकुल्या ७, उष्णा ८, शौंडी ९, कोला १०, तीक्ष्णा ११, तंडुला १२, ये पीपलके बारह नाम हैं ॥ ५३ ॥

पिप्पली दीपनी वृष्या स्वादुपाका रसायनी।
अनुष्णा कटुका स्निग्धा वातश्लेष्महरी लघुः ॥ ५४ ॥
पिप्पली रेचनी हन्ति श्वासकासोदरज्वरान्।
कुष्ठप्रमेहगुल्मार्शःप्लीहशूलाममारुतान् ॥ ५५ ॥

२

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

आर्द्रा कफप्रदा स्निग्धा शीतला मधुरा गुरुः ।
पित्तप्रशमनी सा तु शुष्का पित्तप्रकोपिनी ॥ ५६ ॥
पिप्पली मधुसंयुक्ता मेदःकफविनाशिनी ।
श्वासकासज्वरहरा वृष्या मेध्याग्निवर्धिनी ॥ ५७ ॥
जीर्णज्वरेऽग्निमान्द्ये च शस्यते गुडपिप्पली ।
कासाजीर्णारुचिश्वासहृत्पांडुकृमिरोगनुत् ॥ ५८ ॥
द्विगुणः पिप्पलीचूर्णाद्गुडोऽत्र भिषजां मतः ।

टीका—अब पिप्पलीके गुण कहते हैं. पीपली दीपनी और पुष्ट, पाकमें मधुर, रसायनी, कुछेक गरम, कडु, चिकनी, और वातकफकों दूर करनेवाली, तथा हलकी है ॥५४॥ और दस्तावर, तथा श्वास, कास, उदररोग, और ज्वर इनकों नाश करनेवाली है. कोठ, प्रमेह, वायगोला, ववासीर, शूल, आमवात, इनकों नाश करती है ॥५५॥ और गीली पीपली कफकों पैदा करती है. चिकनी शीतल, मधुर, भारी, पित्तकी शमनी होतीहै, और ये पीपली, बहुत सूखी हुई पित्तका प्रकोप करनेवाली होती है ॥ ५६ ॥ पीपलीकों सहतकेसाथ खानेसें मेद, कफ, इनका नाश करती है, तथा श्वास, कास, ज्वर, इनका नाश करती है, पुष्ट है बुद्धिकों बढानेवाली है, अग्निकों दीपन करनेवाली है ॥ ५७ ॥ जीर्णज्वरमें और मंदाग्निमें पीपली गुडके संग सेवन करनी अच्छी होती है, कास, अजीर्ण, अरुचि, तथा श्वास, इन रोगोंकों नाश करनेवाली है. पांडुरोग, कृमिरोग, इनकों नाश करती है ॥ ५८ ॥ पीपलके चूर्णसें दुगुना गुड लेना वैद्योंनें कहा है.

अथ मरिचस्य नामानि गुणाश्च.

मरिचं वेल्लजं कृष्णमूषणं धर्मपत्तनम् ॥ ५९ ॥
मरिचं कटुकं तीक्ष्णं दीपनं कफवातजित् ।
उष्णं पित्तकरं रूक्षं श्वासशूलकृमीन् हरेत् ॥ ६० ॥
तदार्द्रमधुरं पाके नात्युष्णं कटुकं गुरु ।
किञ्चित्तीक्ष्णगुणश्लेष्मप्रसेकि स्यादपित्तलम् ॥ ६१ ॥

टीका—अब मरिचके नाम और गुण कहते हैं. मरिच, वेल्लज, कृष्ण, ऊषण,

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

धर्मपत्तन यह, मरिचके नाम हैं ॥ ५९ ॥ मिरच कडवी, तीखी, दीपन, कफवातकी नाशक होती है. उष्ण पित्तकों करनेवाली, रूखी, श्वास, शूल, कृमि, इनकों नाश करती है ॥ ६० ॥ वोह गोली पाकमें मधुर होती है, और न बहुत गरम, कडवी, भारी, होती है. कुछ तीखी गुणवाली, कफकों निकालनेवाली, पित्तकों करनेवाली होती है ॥ ६१ ॥

अथ त्रिकटुकनामलक्षणगुणाः.

विश्वोपकुल्या मरिचं त्रयं त्रिकटु कथ्यते ।
कटुत्रिकं तु त्रिकटु त्र्यूषणं व्योष उच्यते ॥ ६२ ॥
त्र्यूषणं दीपनं हन्ति श्वासकासत्वगामयान् ।
गुल्ममेहकफस्थौल्यमेदश्लीपदपीनसान् ॥ ६३ ॥

टीका—अब त्रिकटुके नाम और लक्षण तथा गुण कहते हैं. सोंठ, पीपल, मिरच, इन तीनोंकों त्रिकटु कहते हैं. कटुत्रिक, त्रिकटु, त्र्यूषण, व्योष, यह त्रिकटुके नाम हैं ॥ ६२ ॥ त्रिकटु दीपन है, श्वास, कास, त्वचाके रोग इनकों नाश करता है. गुल्म, प्रमेह, कफ, स्थूलता, मेद, श्लीपद, पीनस, इनकोंभी नाश करता है ॥ ६३ ॥

अथ पिप्पलीमूलस्य नामानि गुणाश्च.

ग्रन्थिकं पिप्पलीमूलमूषणं चटकाशिरः ।
दीपनं पिप्पलीमूलं कटूष्णं पाचनं लघु ॥ ६४ ॥
रूक्षं पित्तकरं भेदि कफवातोदरापहम् ।
आनाहप्लीहगुल्मघ्नं कृमिश्वासक्षयापहम् ॥ ६५ ॥

टीका—अब पीपलामूलके नाम और गुण कहतेहैं. ग्रंथिक, पीपलीमूल, ऊषण, चटकाशिर, यह पीपलीमूलके नाम हैं. पीपलामूल दीपन, कडुवा, उष्ण, पाचन, हलका होता है ॥ ६४ ॥ रूखा, पित्तकों करनेवाला, भेदन करनेवाला, कफ, वात, उदररोग, इनका नाशक. अफरा, प्लीह, वायगोला, इनका नाशक तथा कृमि, श्वास, क्षय इनका नाशक है ॥ ६५ ॥

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

अथ चतुरूषणस्य लक्षणगुणाः.

त्र्यूषणं सकणामूलं कथितं चतुरूषणम् ।
व्योषस्यैव गुणाः प्रोक्ता अधिकाश्चतुरूषणे ॥ ६६ ॥

टीका—अब चतरूषणके लक्षण और गुण कहते हैं. त्र्यूषण अर्थात् त्रिकटु पीपलीमूलके सहित चतुरूषण कहा गया है. त्रिकटुसेंही अधिक गुण चतुरूषणमें होते हैं ॥ ६६ ॥

चव्यगुणाः.

भवेच्चव्यं तु चविका कथिता सा तथागुणा ।
कणामूलगुणं चव्यं विशेषाद्गुदजापहम् ॥ ६७ ॥

टीका—अब चव्यके गुण लिखते हैं. चव्य, चविक तथा उषण है. और जो गुण पीपलमें हैं वही चव्यमेंभी जानों. और विशेषकरिके चव्य ववासीरकों शांति करता हैं ॥ ६७ ॥

गजपिपल्या नामानि गुणाश्च.

चविकाया फलं प्राज्ञैः कथिता गजपिप्पली ।
कपिवल्ली कोलवल्ली श्रेयसी वशिरश्च सा ॥ ६८ ॥
गजकृष्णा कटुर्वातश्लेष्महृद्वह्निवर्धनी ।
उष्णा निहंत्यतीसारं श्वासकण्ठामयकृमीन् ॥ ६९ ॥

टीका—अब गजपीपलके नाम तथा गुण लिखते हैं । चविकाके फलकों शास्त्रमें गजपीपल कहतेहैं. फिर ये कपिवल्ली, कोलवल्ली, श्रेयसी, वशिर, इन चार नामोंसें प्रसिद्ध है ॥ ६८ ॥ और ये गजपीपल स्वादमें कडवी और वातकफके रोगोंकों नाश करनेवाली तथा अग्निकों दीप्त करनेवाली और उष्ण यानी गरम होती है, और अतीसार यानी दस्तोकी बामारी, श्वासरोग, और कंठरोग कृमिरोग इन सबरोगोंकों हरती है ॥ ६९ ॥

अथ चित्रकनामगुणाः.

चित्रकोऽनलनामा च पीठो व्यालस्तथोषणः ।

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

चित्रकः कटुकः पाके वह्निकृत्पाचनो लघुः ॥ ७० ॥
रूक्षोष्णा ग्राहिणी कुष्ठशोथार्शःकृमिकासनुत् ।
वातश्लेष्महरो ग्राही वातार्शःश्लेष्मपित्तहृत् ॥ ७१ ॥

टीका—चित्रक, और अग्निके नामोंवाला अर्थात् जो नाम अग्निके है वोही इसकेभी जानों. पीठ, व्याल, ऊषण, ये चित्रकके नाम हैं. और ये चित्रक पाकमें कडवा है, अग्निकी दीप्ति करनेवाला है, तथा पाचन और हलका होता है ॥ ७० ॥ रूखा है, उष्ण यानी गरम है. संग्रहणी, कोष्ठ, सूजन, तथा ववासीर, कृमि, और कास इनकों हरनेवाला है, तथा वात, कफ इनका नाश करनेवाला है, और ग्राही है, ववासीरको तथा कफपितका नाशक है ॥ ७१ ॥

अथ पंचकोललक्षणगुणाः.

पिप्पलीपिप्पलीमूलचव्यचित्रकनागरैः ।
पंचभिः कोलमात्रं यत्पंचकोलं तदुच्यते ॥ ७२ ॥
पंचकोलं रसे पाके कटुकं रुचिकृन्मतम् ।
तीक्ष्णोष्णं पाचनं श्रेष्ठं दीपनं कफवातनुत् ॥ ७३ ॥
गुल्मप्लीहोदरानाहशूलघ्नं पित्तकोपनम् ।

टीका—अब पंचकोलके लक्षण और गुण लिखते हैं. पीपल, पीपलामूल, चव्य, चित्रक, सोंठ, इन पांचों औषधोंकों एकएक कोल यानी आठ मासेकों पंचकोल कहा है ॥ ७२ ॥ फिर ये पंचकोल रसमें और पाकमें कडवा है, तथा रुचिकों करनेवाला है, और रूखा है, उष्ण अर्थात् गरम है, पाचन है, बहुत अच्छा दीपन है, कफ तथा वातरोगोंका हरनेवाला है ॥ ७३ ॥ गुल्म, वायगोला, प्लीहा, तथा उदरके रोग, अफरा, और शूल इन सब रोगोंका नाशक है, और पित्तकों कुपित करनेवाला होता है.

अथ षडूषणस्य लक्षणगुणाः.

पंचकोलं समरिचं षडूषणमुदाहृतम् ॥ ७४ ॥
पंचकोलगुणं तत्तु रूक्षमुष्णं विषापहम् ।

टीका—अब षडूषणके गुण और लक्षण लिखतेहैं. पंचकोलमें मिरच मिला-

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

नेसें षड्डूषण कहाता है ॥ ७४ ॥ और इसमें पंचकोलकेही समान गुण होते हैं, तथा रूखा, उष्ण, अर्थात् गरम और विषका नाशकभी होता है.

अथ यवान्या नामानि गुणाश्च.

यवानिकोग्रगंधा च वह्लादर्भाऽजमोदिका ॥ ७५ ॥
सैवोक्ता दीप्यका दीप्या तथा स्याद्यवसाह्वया ।
यवानी पाचनी रुच्या तीक्ष्णोष्णा कटुका लघुः ॥ ७६ ॥
दीपनी च तथा तिक्ता पित्तला शुक्रशूलहृत् ।
वातश्लेष्मोदरानाहगुल्मप्लीहकृमिप्रणुत् ॥ ७७ ॥

टीका—यवानिका, उग्रगंधा, ब्रह्मदर्भा, अजमोदिका ॥७५॥ दीपिका, दीप्या, तथा यवसाव्हया, ये अजमायनके नाम हैं. फिर ये अजमायन पाचन करनेवाली, और रुचिकों हित करनेवाली, और तीखी, तथा उष्ण, कडवी और हलकी है ॥ ७६ ॥ तथा अग्निकों दीपन करनेवाली और पित्तकों करनेवाली तथा शुक्र और शूलकी नाशक होती है. और वातरोग, कफरोग, अफरा, तथा वायगोला; तापतिल्ली, और कृमि इनकोंभी हरनेवाली होती है ॥ ७७ ॥

अथ अजमोदनामानि गुणाश्च.

अजमोदा खराश्वा च मयूरो दीप्यकस्तथा ।
तथा ब्रह्मकुशा प्रोक्ता काकोली च समस्तका ॥ ७८ ॥
अजमोदा कटुस्तीक्ष्णा दीपनी कफवातनुत् ।
उष्णा विदाहिनी हृद्या वृष्या बलकरी लघुः ॥ ७९ ॥
नेत्रामयकफच्छर्दिहिक्काबस्तिरुजो हरेत् ।

टीका—अब अजमोदके नाम और गुण लिखते हैं. अजमोदा, खराश्वा, मयूर, दीप्यक, ब्रह्मकुशा, काकोली, समस्तका, ये आठ नाम अजमोदके हैं ॥७८॥ और ये अजमोदा, कडवी है, तीखी है, दीपन है, और कफवातकों हरनेवाली है, और गरम तथा विदाहकों करनेवाली है, हृद्य, वृष्य, और बलदायक है, हलकी है ॥ ७९ ॥ नेत्ररोग, कफ, वमन, हिचकी तथा पेडूके दर्द इतने रोगोंकों हरनेवाली है.

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

अथ (पारसीक) खुरासानीगुणाः.

पारसीकयवानी तु यवानीसदृशी गुणैः ॥ ८० ॥
विशेषात्पाचनी रुच्या ग्राहिणी मादिनी गुरुः ।

टीका—ये खुरासानी अजमायन अजमायनकेही सदृश गुणवाली होती है, अर्थात् जो गुण अजमायनके हैं वोही खुरासानी अजमायनके जानो ॥८०॥ विशेषकरिके पाचन करनेवाली, और रुचिकों करनेवाली, और ग्राहणी, तथा मद करनेवाली, और भारी होती है.

शुक्लजीरा कालाजीरा कलोंजीनामगुणाः.

जीरको जरणोऽजाजी कणा स्याद्दीर्घजीरकः ॥ ८१ ॥
कृष्णजीरं सुगंधश्च तथैवोद्गारशोधनः ।
कालाऽजाजी तु सुषवी कालिका चोपकालिका ॥ ८२ ॥
पृथ्वीका कारवी पृथ्वी पृथुः कृष्णोपकुंचिका ।
उपकुंची च कुंची च बृहज्जीरक इत्यपि ॥ ८३ ॥

टीका—अब सफेद जीरा और काला जीरा तथा कलोंजी इनके नाम गुण लिखते हैं. जीरक, जरण, अजाजी, कणा, दीर्घजीरक, ये पांच सफेदजीरेके नाम हैं ॥८१॥ कृष्णजीरक, सुगंध, उद्गार, शोधन, कालाजाजी, सुषवी, कालिका, उपकालिका, ॥ ८२ ॥ पृथ्वीका, कारवी, पृथ्वी, पृथु, कृष्णा, उपकुंचिका, ये चवदह कृष्णजीरेके नाम हैं· उपकुंची, कुंची, बृहज्जीरक, येभी जीरेके नाम हैं ॥ ८३ ॥

जीरकत्रितयं रूक्षं कटूष्णं दीपनं लघुः ।
संग्राही पित्तलं मेध्यं गर्भाशयविशुद्धिकृत् ॥ ८४ ॥
ज्वरघ्नं पाचनं वृष्यं बल्यं रुच्यं कफापहम् ।
चक्षुष्यं पवनाध्मानगुल्मछर्द्यतिसारहृत् ॥ ८५ ॥

टीका—फिर ये तीनों जीरे रूखे, कडवे, तथा गरम, दीपन, और हलके होते हैं, और ग्राही हैं, तथा पित्तकारक हैं, बुद्धिको बढानेवाले और गर्भाशयकी शुद्धि करनेवाले हैं ॥ ८४ ॥ और ज्वरके नाश करनेवाले पाचन तथा पुष्टीकों करनेवाले तथा बलकों देनेवाले और रुचिकों करनेवाले होते हैं. कफकों नाश करनेवाले हैं

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

और नेत्रोंकों हितकारक, वायुरोग अफरा, वायगोला, तथा वमन और अतीसार इनकेभी हरनेवाले होते हैं ॥ ८५ ॥

अथ धान्यकस्य नाम गुणाश्च.

धान्यकं धानकं धान्यं धाना धनियकं तथा ।
कुनटी धेनुका छत्रा कुस्तुम्बुरु वितुन्नकम् ॥ ८६ ॥
धान्यकं तुवरं स्निग्धमवृष्यं मूत्रलं लघु ।
तिक्तं कटूष्णवीर्यं च दीपनं पाचनं स्मृतम् ॥ ८७ ॥
ज्वरघ्नं रोचकं ग्राही स्वादुपाकी त्रिदोषनुत् ।
तृष्णादाहवमिश्वासकासकार्श्यक्रमिप्रणुत् ॥ ८८ ॥
आर्द्रं तु तद्गुणं स्वादु विशेषात्पित्तनाशि तत् ।

टीका—धान्यक, धानक, धान्य, धाना, धानेयक, कुनटी, धेनुका, छत्रा, कुस्तुम्बरु, वितुन्नक, ये धनियेके दस नाम हैं ॥ ८६ ॥ फिर ये धनियां कसैला है, चिकना है, पुरुषत्वकों नाश करनेवाला है, मूत्रकों लानेवाला है, और हलका है, तिक्त है, कडवा है, गरम है, वीर्यवाला है, दीपन और पाचन है ॥ ८७ ॥ ज्वरका नाश करनेवाला है, रुचिकों उपजानेवाला है, दस्तोंकों बंद करता है, पाकमें मधुर है, त्रिदोषका नाशक है, और तृषा, दाह, वमन, तथा श्वास, कास, दुर्बलता और क्रमि इन रोगोंका हरनेवाला है ॥ ८८ ॥ और हरा धनियाभी यहीगुणवाला जानों, मधुर है, विशेषकरिके पित्तका नाश करनेवाला है ·

अथ शतपुष्पानामगुणाः.

शतपुष्पा शताह्वा च मधुरा कारवी मिसिः ॥ ८९ ॥
अतिलम्बी सितछत्रा संहिता छत्रिकापि च ।
छत्रा शालेयशालीनौ मिश्रेया मधुरा मिसिः ॥ ९० ॥
शतपुष्पा लघुस्तीक्ष्णा पित्तकृद्दीपनी कटुः ।
उष्णा ज्वरानिलश्लेष्मव्रणशूलाक्षिरोगहृत् ॥ ९१ ॥
मिश्रेया तद्गुणा प्रोक्ता विशेषाद्योनिशूलनुत् ।

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

टीका—अब सोंफ और सोया दोनोंके नाम और गुण क्रमसें लिखते हैं. शतपुष्पा, शताह्वा, मधुरा, कारवी, मिसि ॥ ८९ ॥ अतिलम्बी, सितछत्रा, संहिता, छत्रिका, यह सोंफके नव नाम हैं. अब सोआके नाम कहे हैं. छत्रा, शालेय, शालीन, मिश्रेया, मधुरा, मिसि, ये छ नाम सेआके हैं ॥ ९० ॥ सोंफ है सो हलकी है, तीखी है, पित्तकों करनेवाली है, और दीपन तथा कडवी है. उष्णज्वर, वात, कफ, व्रण, शूल, और नेत्ररोग इनकों हरनेवाली है ॥ ९१ ॥ और सोआमेंभी ऐसेही गुण जानों. विशेषकरिके योनिशूलके नाश करनेवाला है.

अग्निमान्द्यहरी हृद्या बद्धविट् कृमिशुक्रहृत् ॥ ९२ ॥
रूक्षोष्णा पाचनी कासवमिश्लेष्मानिलान् हरेत् ।

टीका—मंदाग्निकों नाश करनेवाली, तथा हृदयके रोगोंकों हरनेवाली, कविजियतकों हरनेवाली, तथा कृमि और शुक्र इनकों हरनेवाली है रूखी है ॥ ९२ ॥ उष्ण है, पाचन है, कासरोगकों, कमनकों, तथा कफवातकों, हरनेवाली है.

मेथीवनमेथीनामगुणाः.

मेथिका मिथिनी मेथिर्दीपनी बहुपत्रिका ॥ ९३ ॥
बोधनी बहुबीजा च जातिगन्धफला तथा ।
वल्लरी कामथा मिश्रा मिश्रपुष्पा च कैरवी ॥ ९४ ॥
कुंचिका बहुपर्णी च पित्तजित् वायुनुत् द्विधा ।
मेथिका वातशमनी श्लेष्मघ्नी ज्वरनाशिनी ॥ ९५ ॥
ततः स्वल्पगुणा बल्या वाजिनां सा तु पूजिता ।

टीका—मेथिका, मिथिनी, मेथी, दीपनी, बहुपत्रिका ॥ ९३ ॥ बोधनी, बहुबीजा, जातिगन्धफला, विल्लरी, कामथा, यह ११ मेथीके नाम हैं. अब इसके उपरांत वनमेथीके नाम लिखे हैं. मिश्रपुष्पा, कैरवी ॥ ९४ ॥ कुंचिका, बहुपर्णी, पित्तजित्, वायुनुत् ये दोप्रकारकी वनमेथी होती है. फिर ये मेथी वातके रोगोंकों हरनेवाली, कफरोगोंका नाश करनेवाली, तथा ज्वरकों हरनेवाली, होती है ॥ ९५ ॥ और थोडे गुणवाली, बलकों देनेवाली, तथा घोडोंकोंभी वोह अच्छी होती है.

३

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

चंद्रशूरनामगुणाः.

चन्द्रिका चर्महन्त्री च पशुमेहनकारिका ॥ ९६ ॥
नन्दिनी कारवी भद्रा वासपुष्पा सुवासरा ।
चंद्रशूरं हितं हिक्कावातश्लेष्मातिसारिणाम् ॥ ९७ ॥
असृग्वातगदद्वेषी बलपुष्टिविवर्धनम् ।

टीका—अब चंद्रशूरके नाम तथा गुण लिखते हैं. चंद्रिका, चर्महंत्री, पशुमेहनकारिका ॥ ९६ ॥ नन्दनी, कारवी, भद्रा, वासपुष्पा, सुवासरा, ये ८ चंद्रशूरके नाम हैं. फिर ये चंद्रशूर हिचकीरोगकी, वातकफजनितरोगोंकी, तथा अतीसाररोगोंकी हित करनेवाली है ॥ ९७ ॥ रक्तरोगोंको, वातरोगोंको हरनेवाली तथा रक्तवातकों हरनेवाली, और बल तथा पुष्टिकों बढानेवाली है.

मेथिकादिचतुष्टयगुणाः.

मेथिका चंद्रशूरश्च कालाजाजी यवानिका ॥ ९८ ॥
एतच्चतुष्टयं युक्तं चतुर्बीजमिति स्मृतम् ।
तच्चूर्णं भक्षितं नित्यं निहन्ति पवनामयम् ॥ ९९ ॥
अजीर्णं शूलमाध्मानं पार्श्वशूलं कटिव्यथाम् ।

टीका—अब चार दानेके लक्षण और गुण लिखते हैं. मेथी, और चंद्रशूर, कालाजिरा, तथा अजमायन ॥ ९८ ॥ इन चारोंको समान लेकर मिलानेसें चारदाना तथा चतुर्बीज कहते हैं. फिर इसके चूर्णको नित्य सेवनकरनेसें वातके रोगोंको ॥ ९९ ॥ और अजीर्णको, तथा शूलको, अफराको, तथा पसलीके दर्दको और कमरकी पीडाको इत्यादि रोगोंको हरता है.

अथ हिंगुनामगुणाः.

सहस्रवेधि जतुकं बाल्हीकं हिंगु रामठम् ॥ १०० ॥
हिंगूष्णं पाचनं रुच्यं तीक्ष्णं वातबलासहृत् ।
शूलगुल्मोदरानाहकृमिघ्नः पित्तवर्धनः ॥ १०१ ॥

टीका—अब हिंगके नाम तथा गुण लिखते हैं. सहस्रवेधि, जतुक, बाल्हीक,

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

हिंगु, रामठ, ये हिंगके नाम कहे हैं ॥ १०० ॥ फिर ये हिंग गरम है, पाचन है, और रुचिकों करनेवाला, तीखा, वातरोगोंकों तथा कफरोगोंकों हरनेवाला, और शूलरोग, गुल्मरोग, वायगोला, उदररोग, अफरा, और कृमिरोग इनके हरनेवाला है तथा पित्तकों बढानेवाला है ॥ १०१ ॥

अथ वचानामगुणाः.

वचोग्रगन्धा षड्ग्रन्था गोलोमी शतपर्विका ।
क्षुद्रपत्री च मंगल्या जटिलोग्रा च लोमशा ॥ १०२ ॥
वचोग्रगंधा कटुका तिक्तोष्णा वान्तिवह्निकृत् ।
विबन्धाध्मानशूलघ्नी शकृन्मूत्रविशोधिनी ॥ १०३ ॥
अपस्मारकफोन्मादभूतजन्त्वनिलान् हरेत् ।

टीका—अब वचके नाम तथा गुण कहे हैं. वच, उग्रगन्धा, षड्ग्रन्था, गोलोमी, शतपर्विका, क्षुद्रपत्री, मंगल्या, जटिला, उग्रा, ये वचके नव नाम हैं ॥ १०२ ॥ फिर ये वच कडवी है, तिक्त है, और उष्ण है, और वमन तथा अग्निकों करनेवाली है, कवज है, अफरा और शूल इनकों हरनेवाली है, तथा मल और मूत्रका शोधन करनेवाली है ॥ १०३ ॥ मिरगी, कफरोग, उन्माद, मूत्र, कृमी, और वातजनित-रोग इनकोंभी हरती है.

अथ खुरासानी वचानामगुणाः.

पारसीकवचा शुक्ला प्रोक्ता हेमवतीति सा ।
हैमवत्युदिता तद्वद्वातं हन्ति विशेषतः ॥ १०४ ॥

टीका—अब खुरासानी वचके नाम तथा गुण लिखते हैं. पारसी, कवचा, शुक्ला, हैमवती, हेमवती, ये पांच नाम हैं. ये विशेषकरिके वातजनितरोगोंकों हरने-वाली कही है ॥ १०४ ॥

अथ (कुलीजन)नामगुणाः.

सुगन्धाप्युग्रगन्धा च विशेषात्कफकासनुत् ।
सुस्वरत्वकरी रुच्या हृत्कण्ठमुखशोधिनी ॥ १०५ ॥

टीका—सुगंधा, उग्रगंधा, ये दो नाम कुलीजनके हैं, और ये विशेषकरिके क-

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

फरोग और कासरोगकों हरनेवाला है और स्वरकों अच्छा करनेवाला है, तथा त्व-चाकोंभी अच्छी करनेवाला कहा है, और रुचिकों करनेवाला, हृदय, कंठ, और मुख इनका शोधन करनेवाला होता है ॥ १०५ ॥

अपरासुगंधानामगुणाः.

स्थूलग्रंथिः सुगन्धा स्यात् ततोहीनगुणा स्मृता ।

टीका—मोटीगांठवाली वच सुगंध होती है और उस्से हीनगुणवाली होती है.

अथ वचा(चोवचीनी)नामगुणाः.

द्वीपान्तरवचा किञ्चित्तिक्तोष्णा वह्निदीप्तिकृत् ॥ १०६ ॥
विबंधाध्मानशूलघ्नी शकृन्मूत्रविशोधिनी ।
वातव्याधिमपस्मारमुन्मादं तनुवेदनाम् ॥ १०७ ॥
व्यपोहति विशेषेण फिरङ्गामयनाशिनी ।

टीका—अब चोवचीनीके नाम तथा गुण लिखते हैं. अन्य द्वीपकी वचकों इसदेशमें चोवचीनी कहते हैं. ये चोवचीनी किंचित् तिक्त और उष्ण होती है, और अग्निकों दीपन करती है ॥ १०६ ॥ कविजियत अफरा और शूल इनकों हरनेवाली है, तथा मल और मूत्रका शोधन करनेवाली है. और वातरोगोंकों, मृगीकों, उ-न्मादरोगकों, समस्त शरीरकी पीडाकों शमन करती है ॥ १०७ ॥ और अधिक-करके फिरंगरोगका नाश करनेवाली है.

अथ हपुषानामगुणाः.

तन्मध्ये प्रथमं फलं मत्स्यसदृशं विस्रगन्धं द्विती-
यमश्वत्थफलदृशं मत्स्यगंधं तयोर्नामानि गुणाश्च.
हपुषा पुष्पवत्सा च पराश्वत्थफला मता ॥ १०८ ॥
मत्स्यगंधा प्लीहहन्त्री विषघ्नी ध्वांक्षनाशिनी ।
हपुषा दीपनी तिक्ता मृदूष्णा तुवरा गुरुः ॥ १०९ ॥
पित्तोदरसमीरार्शोग्रहणीगुल्मशूलहृत् ।
पराप्येतद्गुणा प्रोक्ता रूपभेदी द्वयोरपि ॥ ११० ॥

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

टीका—अब दोनोंप्रकारके हाऊवेरोंके नाम तथा गुण लिखते हैं. जिसमें पहिलेका फल मीनयानी मछलीके सदृश कच्चे मांसके समान गंधवाला होता है, और दूसरा पीपलके फलके सदृस आकारवाला मछलीके गंधके समान गंधवाला होता है. हपुषा, पुष्पवत्सा, और दूसरा अश्वत्थफला कहा है ॥ १०८ ॥ मत्स्यगंधा, प्लीहहंत्री, विषघ्नी, ध्वांक्षनाशनी, ये हाऊवेरके नाम हैं. और ये हाऊवेर तिक्त, मृदु, उष्ण, तथा कसेला और भारी होता है ॥ १०९ ॥ पित्तोदर और वातजनित ववासीर तथा संग्रहणी वायगोला और शूलरोग इन समस्तरोगोंका हरनेवाला है, और दूसरा हाऊवेरभी इसीके समान गुणवाला होता है, और इनदोनोंके रूप तथा भेदभी कहे हैं ॥ ११० ॥

अथ विडंगनामगुणाः.

पुंसि क्लीबे विडङ्गं स्यात्कृमिघ्नं जन्तुनाशनम् ।
तंडुलश्च तथा वेल्लममोघा चित्रतंडुला ॥ १११ ॥
विडंगं कटु तीक्ष्णोष्णं रूक्षं वह्निकरं लघु ।
शूलाध्मानोदरश्लेष्मकृमिवातविबन्धनुत् ॥ ११२ ॥

टीका—अब वायविडंगके नाम तथा गुण लिखते हैं, पुल्लिंग और नपुंसकलिंगमें वायविडंग होता है. कृमिघ्न; जन्तुनाशक, तण्डुल, वेल्ल, अमोघ, चित्रतण्डुल, ये छ वायविडंगके नाम हैं ॥ १११ ॥ फिर ये वायविडंग कडवा, तीखा, उष्ण, और रूखा है, अग्निकों करनेवाला है, तथा हलका है, और शूलरोग, आध्मानरोग, उदररोग, कफरोग, कृमिरोग, वातरोग, कविजियत, इतने रोगोंकों हरनेवाला है, और बहुतसे ग्रंथोंमें क्षुद्र, भूतन्दुला, घोषा, कराल, मृगगामिनी, विडंग येभी नाम वायविडंगके लिखे हैं ॥ ११२ ॥

अथ तुंबरुफलनामगुणाः.

तुंबरुः सौरभः सौरो वनजः सानुजोऽन्धकः ।
तुम्बरु प्रथितं तिक्तं कटु पाकेऽपि तत्कटु ॥ ११३ ॥
रूक्षोष्णं दीपनं तीक्ष्णं रुच्यं लघु विदाहि च ।
वातश्लेष्माक्षिकर्णोष्ठशिरोरुक्गुरुताकृमीन् ॥ ११४ ॥
कुष्ठशूलारुचिश्वासप्लीहकृच्छ्राणि नाशयेत् ।

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

टीका—तुम्बरु, सौरभ, सौरवनज, सानुज, अंधक, ये पांच नाम तुंबरूफलके हैं. फिर ये तिक्त है, और कटु है, तथा पाकमेंभी कटु है ॥ ११३ ॥ और रूखा, उष्ण, दीपन, तीखा, और रुचिको उत्पन्न करनेवाला, हलका, तथा विदाही है, वातजनित रोगोंकों और कफजनित रोगोंकों और नेत्ररोगोंकों कर्णरोगोंकों मस्तकके रोगोंकों ओष्ठनके रोगोंकों और कृमीकों ॥ ११४ ॥ कुष्ठरोगकों, शूलकों, अरुचिकों, श्वासकों, प्लीहोंकों तथा मूत्रकृच्छ्रकों इनते रोगोंकों नाश करनेवाला है.

अथ वंशलोचननामगुणाः.

स्याद्वंशरोचना वांशी तुगाक्षीरा तुगाभया ॥ ११५ ॥
त्वक्क्षीरी वंशजा शुभ्रा वंशक्षीरी च वैणवी ।
वंशजा बृंहणी वृष्या बल्या स्वाद्वी च शीतला ॥ ११६ ॥
तृष्णाकासज्वरश्वासक्षयपित्तास्त्रकामलाः ।
हरेत्कुष्ठं व्रणं पांडुकषायं वातकृच्छ्रजित् ॥ ११७ ॥

टीका—वंशरोचनानाम तथा गुण वंशरोचन, वंशी, तुगाक्षीरी, तुगा शुभा ॥११५॥ त्वक्क्षीरी, शुभ्रा, वंशक्षीरी, वैणवी, ये ९ वंशलोचनके नाम है. वंशलोचन वीर्यको बढानेवाला है, पुष्ट है, मलको देनेवाला है, मधुर है, शीतल है ॥ ११६ ॥ तृषारोगकों, कामरोगकों, ज्वरकों, श्वासरोगकों, क्षयरोगकों, रक्तपित्तरोगकों, कामलारोगकों, इनसमस्तनकों हरनेवाला होता है. तथा कुष्ठ, व्रण, पांडुरोग, और वातसे उत्पन्न भये मूत्रकृच्छ्रकों नाश करता है ॥ ११७ ॥

अन्यच्च.

वंशजा वेणुवाक्षीरी त्वक्क्षीरी वंशरोचना ।
तुगाक्षीरी तुगावंशी वंशक्षीरी शुभा सिता ॥ ११८ ॥

टीका—और ग्रंथोंके मतसें वंशलोचनके येभी नाम हैं, सो लिखते हैं. वंशजा १, वेणुवा २, क्षीरी ३, त्वक्क्षीरी ४, वंशरोचना ५, तुगाक्षीरी ६, तुगावंशी ७, वंशक्षीरी ८, शुभासिता ॥ ११८ ॥

अथ समुद्रफेननामगुणाः.

समुद्रफेनः फेनश्च डिण्डीरोऽब्धिकफस्तथा ।

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

समुद्रफेनश्चक्षुष्यो लेखनः शीतलश्च सः ॥ ११९ ॥
कषायो विषपित्तघ्नः कर्णरुक्कफहृल्लघुः ।

टीका—समुद्रफेन १, फेन २, डिण्डीर ३, अब्धिकफ ४, ये चार समुद्रफेनके नाम हैं, समुद्रफेन नेत्रनकों हित करनेवाला है, लेखन और शीतल होता है ॥ ११९ ॥ और कसेला है, विषका तथा पित्तका नाश करनेवाला है, और हलका है.

अथ अष्टवर्गस्य लक्षणगुणाः.

जीवकर्षभकौ मेदे काकोल्यौ ऋद्धिवृद्धिके ॥ १२० ॥
अष्टवर्गोऽष्टभिर्द्रव्यैः कथितश्चरकादिभिः ।
अष्टवर्गो हिमः स्वादुर्बृंहणः शुक्रलो गुरुः ॥ १२१ ॥
भग्नसंधानकृत् कामबलासबलवर्धनः ।
वातपित्तास्रतृट्दाहज्वरमेहक्षयापहः ॥ १२२ ॥

टीका—जीवक १, ऋषभक २, मेदा ३, महामेदा ४, काकोली ५, क्षीरकाकोली ६, ऋद्धि ७, वृद्धि ८, ॥ १२० ॥ इन आठोंके मिलानेकों अष्टवर्ग कहते हैं, ये चरकादिमुनियोंका वाक्य है. अष्टवर्ग शीतल है, मधुर है, और धातुओंकी वृद्धि करनेवाला है, और वीर्यकों पैदा करनेवाला है, और भारी है ॥ १२१ ॥ टूटेहुए हाडकों जोडनेवाला है, कामदेवकों बढानेवाला है, कफ और बल इनकी वृद्धि करनेवाला है. वात, पित्त, रक्त, प्यास, दाह, और ज्वर, प्रमेह तथा क्षय इनका हरनेवाला है ॥ १२२ ॥

अथ जीवकर्षभकोत्पत्तिलक्षणनामगुणाः.

जीवकर्षभकौ ज्ञेयौ हिमाद्रिशिखिरोद्भवौ ।
रसोनकन्दवत्कन्दौ निःसारौ सूक्ष्मपत्रकौ ॥ १२३ ॥
जीवकः कूर्चकाकारो ऋषभो वृषशृंगवत् ।
जीवको मधुरः शृङ्गो ह्रस्वाङ्गः कूर्चशीर्षकः ॥ १२४ ॥
ऋषभो वृषभो धीरो विषाणी द्राक्ष इत्यपि ।

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

जीवकर्षभकौ बल्यौ शीतौ शुक्रकफप्रदौ ॥ १२५ ॥
मधुरौ पित्तदाहास्रकार्श्यवातक्षयापहौ ।

टीका—अब जीवक और ऋषभक दोनोंके उत्पत्ति, लक्षण, और नाम तथा गुण सब लिखते हैं. जीवक और ऋषभक दोनों हिमाचलपर्वतके ऊपर होते हैं, जैसा लहसुनका कंद होता है इसीके समान होते हैं, तथा साररहित छोटेछोटे पत्तेवाले होते हैं ॥ १२३ ॥ और ये कूंचीके आकारवाला तो जीवक होता है, और वृषभके सींगके समान ऋषभक होता है. अब क्रमसें इनके नाम कहते हैं. जीवक १, मधुर २, शृंग ३, ह्रस्वांग ४, कूर्चशीर्षक ५, ये पांच जीवकके नाम हैं ॥ १२४ ॥ और ऋषभ १, वृषभ २, धीर ३, विषाणी ४, द्राक्ष ५, ये पांच नाम ऋषभकके हैं, जीवक और ऋषभक ये दोनों बलकों बढानेवाले हैं, शांत तथा शुक्र और कफ इनकों करनेवाले हैं ॥ १२५ ॥ और मधुरता, पित्त, दाह, तथा रक्त, कृशता, और वातक्षय इनकोंभी हरनेवाले हैं.

अथ मेदामहामेदाया उत्पत्तिलक्षणनामगुणाः.

महामेदाभिधः कन्दो मोरङ्गादौ प्रजायते ॥ १२६ ॥
महामेदा तथा मेदा स्यादित्युक्तं मुनीश्वरैः ।
शुक्लार्द्रकनिभः कन्दो लताजातः सुपाण्डुरः ॥ १२७ ॥
महामेदाभिधो ज्ञेयो मेदालक्षणमुच्यते ।

टीकाः—महामेदा नाम जो है सो कन्द मोरंगमें उत्पन्न होता है ॥ १२६ ॥ महामेदा तथा मेदा ये दोनों खानमें पैदा होते हैं. ऐसे मुनियोंनें कहा है. सफेद और गीलासा कन्द लतामेंसें होता है. और बहुत शुभ्र होता है ॥ १२७ ॥ ऐसे कन्दकों महामेदा जानो, और अब मेदाके लक्षणभी कहते हैं.

शुक्लकन्दो नखच्छेद्यो मेदोधातुमिव स्रवेत् ॥ १२८ ॥
यः स मेदेति विज्ञेयो जिज्ञासातत्परैर्जनैः ।
शल्यपर्णी मणिच्छिद्रा मेदा मेदोभवाऽध्वरा ॥ १२९ ॥
महामेदा वसुच्छिद्रा त्रिदन्ती देवतामणिः ।

टीका—सफेद कन्द और जिस्सें नखके छेदनेसें धातुके सदृश स्राव हो उस्कों मेदा कहते हैं ॥ १२८ ॥ जाननेकी इच्छा करते जो मनुष्य हैं. अब इनके नाम

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

कहते हैं, शाल्यपर्णी १, मणिछिद्रा २, मेदा ३, मेदोभवा ४, अध्वरा ५, ये पांच नाम मेदाके हैं ॥ १२९ ॥ और महामेदा १, वसुछिद्रा २, त्रिदन्ती ३, देवतामणि ४, ये चार नाम महामेदाके हैं.

अन्यच्च.

मेदा ज्ञेया शाल्यपर्णी विज्ञामेदा भवान्धरा ॥ १३० ॥
महामेदा वसुछिद्रा त्रिदन्ता देवतामणिः ।

टीका—अब और ग्रंथके मतसें मेदा महामेदाके नाम लिखते हैं. मेदा १, शाल्यपर्णी २, विज्ञामेदा ३, भवान्धरा ४, ॥ १३० ॥ महामेदा ५, वसुछिद्रा ६, त्रिदन्ता ७, देवतामणि ८,

अथ गुणाः.

मेदायुगं गुरु स्वादु वृष्यं स्तन्यं कफावहम् ॥ १३१ ॥
बृंहणं शीतलं पित्तरक्तवातज्वरप्रणुत् ।

टीका—अब मेदामहामेदोंके गुण कहते हैं. ये दोनों मेदा भारी, मधुर, पुष्ट, और दूधकों पैदा करनेवाली हैं. तथा कफकों पैदा करनेवाली हैं ॥ १३१ ॥ बृंहण, शीतल है, तथा पित्तरक्त, वातज्वर, इनकों हरनेवाली हैं.

अथ काकोल्याः क्षीरकाकोल्याश्चोत्पत्तिः.

जायते क्षीरकाकोली महामेदोद्भवस्थले ॥ १३२ ॥
यत्र स्यात्क्षीरकाकोली काकोली तत्र जायते ।
पीवरीसदृशः कन्दः क्षीरं स्रवति गन्धवत् ॥ १३३ ॥
स प्रोक्तः क्षीरकाकोली काकोलीलिङ्ग उच्यते ।

टीका—अब प्रथम काकोली क्षीरकाकोलीकी उत्पत्ति लिखते हैं. जहां महामेदा उत्पन्न होती है ॥ १३२ ॥ वहां क्षीरकाकोलीभी उत्पन्न होती है. और जहांपर क्षीरकाकोली उत्पन्न होती है उसी जगेपर काकोलीभी उत्पन्न होती है. और इसका शतावरिके सदृश कंद होता है, और उसमेंसें सुगंधयुक्त दूध निकलता है ॥ १३३ ॥ उसकों क्षीरकाकोली कहते हैं.

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

अथ लक्षणम्.

यथा स्यात् क्षीरकाकोली काकोल्यपि तथा भवेत् ॥१३४॥
एषा किञ्चिद्भवेत्कृष्णा भेदोऽयमुभयोरपि ।

टीका—अब काकोली क्षीरकाकोलीके लक्षण लिखते हैं. जैसी क्षीरकाकोली होती है वैसीही काकोलीभी होती है ॥ १३४ ॥ काकोली किंचित् काली होती है इतनाही भेद जानो.

अथ नामगुणाः.

काकोली वायसोली च वीरा कायस्थिका तथा ॥ १३५ ॥
सा शुक्ला क्षीरकाकोली वयस्था क्षीरवल्लिका ।
कथिता क्षीरिणी धारा क्षीरशुक्ला पयस्विनी ॥ १३६ ॥
काकोलीयुगलं शीतं शुक्रलं मधुरं गुरु ।
बृंहणं वातदाहास्रपित्तशोषज्वरापहम् ॥ १३७ ॥

टीका—अब काकोली क्षीरकाकोलीके नाम और गुण लिखते हैं. काकोली १, वायसोली २, वीरा ३, कायस्थिका ४, ये चार काकोलीके नाम हैं ॥ १३५ ॥ और ये सफेद होती है. और वयस्था १, क्षीरवल्लिका २, क्षीरकाकोली ३, क्षीरिणी ४, धारा ५, क्षीरशुक्ला ६, पयस्विनी ७, ये सात नाम क्षीरकाकोलीके हैं ॥ १३६ ॥ ये दोनों काकोली शीतल हैं, और शुक्रकों बढानेवाली हैं, तथा मधुर और भारी हैं, और धातुओंकों बढानेवाली हैं, वात, दाह, रक्त, पित्त, सूजन, ज्वर, इनकों हरनेवाली हैं ॥ १३७ ॥

अन्यच्च दूसरे ग्रंथकारोंनें इसके १२ बारह नाम लिखे हैं. काकोली १, मधुरा २, वीरा ३, कायस्था ४, क्षीरशक्तिका ५, ध्वांक्षोली ६, वायसोली ७, स्वादुमांसी ८, पयस्विनी ९, दूसरी क्षीरकाकोली १०, सुराह्वा ११, क्षीरिणी १२,

अथ ऋद्धिवृद्धिनामगुणाः.

ऋद्धिर्वृद्धिश्च कन्दौ द्वौ भवतः कोशयामले ।
शीतलोमान्वितः कन्दो लताजातः सुरंध्रकः ॥ १३८ ॥
स एव ऋद्धिवृद्धी च भेदमप्येतयोर्बुवे ।

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

स्थूलग्रन्थिसमा ऋद्धिर्वामावर्तफला च सा ॥ १३९ ॥
वृद्धिस्तु दक्षिणावर्तफला प्रोक्ता महर्षिभिः ।
ऋद्धिर्युग्मं सिद्धिलक्ष्म्यौ वृद्धेरप्याह्वया इमे ॥ १४० ॥
ऋद्धिर्मत्स्या त्रिदोषघ्नी शुक्रला मधुरा गुरुः ।
प्राणैश्वर्यकरी मूर्छारक्तपित्तविनाशिनी ॥ १४१ ॥
वृद्धिर्गर्भप्रदा शीता बृंहणी मधुरा स्मृता ।
वृष्या पित्तास्रशमनी क्षतकासक्षयापहा ॥ १४२ ॥
राज्ञामप्यष्टवर्गस्तु यतोऽयमतिदुर्लभः ।
तस्मादस्य प्रतिनिधिर्गृह्णीयात्तद्गुणं भिषक् ॥ १४३ ॥

टीका—अब ऋद्धिवृद्धिकी उत्पत्ति और नाम तथा गुण कहते हैं. ऋद्धि और वृद्धि ये दोनों कंद हैं, और यामलदशेमें पैदा होते हैं. सफेद लोमकरिके युक्त कन्द छिद्रसहित लतानमें उत्पन्न होता है ॥ १३८ ॥ उसीकों वैद्यलोग ऋद्धिवृद्धी कहते हैं. अब उनके भेद लिखते हैं. जैसी सेमरकी गांठ होती है, तैसी वामावर्तफलवालीकों ऋद्धि कहते हैं ॥ १३९ ॥ और महर्षियोंनें दक्षिणावर्त फलवालीकों वृद्धि नाम करिके कही हैं. दोनोंवृद्धि, सिद्धि, लक्ष्मी ये ऋद्धीके नाम हैं ॥१४०॥ अब इनके गुण कहते हैं. ऋद्धि त्रिदोषकों नाश करनेवाली है, और वीर्यकों पैदा करनेवाली मधुर तथा भारी होती है, और प्राण तथा ऐश्वर्यकी करनेवाली है, और मूर्छा, रक्तपित्त, इनकों हरनेवाली है ॥ १४१ ॥ और वृद्धि गर्भकों धारण करनेवाली है, शीतल तथा पुष्टि करनेवाली, और मधुर है. पुरुषोंकी शक्तीकों बढानेवाली है. रक्तपित्तकों नाश करनेवाली है. क्षत, कास, और क्षय, इनकों हरनेवाली है ॥ १४२ ॥ यह अष्टवर्ग राजाओंकोंभी दुर्लभ है, तिसकारणसें इनकी प्रतिनिधि आर्थात् इन्हीके समान गुणवाली औषधोंकों वैद्य ग्रहण करे ॥१४३ ॥

एतस्य प्रतिनिधिमाह.

मेदा जीवककाकोली ऋद्धिवृद्ध्यपि चासती ।
वरी विदार्यश्वगन्धा वाराही च क्रमात्क्षिपेत् ॥ १४४ ॥
मेदामहामेदास्थाने शतावरीमूलं,
जीवकर्षभकस्थाने विदारीमूलं,

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

काकोलीक्षीरकाकोलीस्थाने अश्वगन्धामूलं,
ऋद्धिवृद्धिस्थाने वाराहीकंदं तत्तुल्यं क्षिपेत्,
मुख्यसदृशः प्रतिनिधिः.

टीका—अब जो औषधि इस अष्टवर्गके अभावमें लेनेयोग्य हैं तिनकों लिखते हैं. मेदा, जीवक, काकोली, ऋद्धि, ये औषधि अप्राप्ति होनेसें शतावरी, विदारीकंद, असगंध, वाराहीकंद, इनकों क्रमसें डाले ॥ १४४ ॥ अर्थात् जैसे मेदा महामेदाकी जगह शतावरकी जड लेना और जीवक ऋषभककी जगह विदारी लेना. तथा काकोली क्षीरकाकोलीकी जगह असगंध डाले, और ऋद्धिवृद्धिके अभावमें वाराहीकंदकों डाले. इन चारों औषधियोंमें अष्टवर्गकेही समानगुण हैं.

अथ मधुयष्टीनामगुणाः.

यष्टीमधु तथा यष्टी मधुकं क्लीतकं तथा ।
अन्यत् क्लीतनकं तत्तु भवेत्तोये मधूलिका ॥ १४५ ॥
यष्टी हिमा गुरुः स्वाद्वी चक्षुष्या बलवर्णकृत् ।
सुस्निग्धा शुक्रला केश्या स्वर्या पित्तानिलास्रजित् ॥१४६॥
व्रणशोथविषच्छर्दितृष्णाग्लानिक्षयापहा ।

टीका—यष्टी १, मधुक २, क्लीतक ३, क्लीतनक, दूसरा जलमें होता है. उस्कों मधूलिका कहते हैं ॥ १४५ ॥ मुलेठी शीतल है, भारी है, मधुर है, और नेत्रोंकों हित करनेवाली है, तथा बल और वर्णकों बढानेवाली है, अच्छी स्निग्ध शुक्रकों करनेवाली है. बालोंकों हितकारक है, तथा स्वरकों हित है, पित्त, वात, तथा रक्त इनकों हरनेवाली है ॥ १४६ ॥ व्रण अर्थात् घाव और सूजन, विष, वमन, तथा तृषा, ग्लानि, और क्षय इनकोंभी हरनेवाली है.

अथ कंपिल्लनामानि गुणाश्च.

काम्पिल्लः कर्कशश्चन्द्रो रक्ताङ्गो रोचनोऽपि च ॥ १४७ ॥
काम्पिल्लः कफपित्तास्रकृमिगुल्मोदरव्रणान् ।
हन्ति रेची कटूष्णश्च मेहानाहविषाश्मनुत् ॥ १४८ ॥

टीका—कांपिल्ल १, कर्कश, २, चन्द्र ३, रक्तांग ४, रोचन ५, ये कम्पीलाके

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

नाम हैं ॥१४७॥ लौकिकमें इसे खूबकला कहते हैं. खूबकला कफ रक्तपित्त, कृमि, वायगोला, उदररोग, तथा घाव इनकों हरनेवाली है. और दस्तावर, कडवी तथा गरम होती है. और प्रमेह, अफरा, तथा विष, पथरी, इनकोंभी हरनेवाली खूबकला कही है ॥ १४८ ॥

अथ आरग्वधनामगुणाः.

आरग्वधो राजवृक्षः शम्याकश्चतुरङ्गुलः ।
आरेवतो व्याधिघातः कृतमालः सुवर्णकः ॥ १४९ ॥
कर्णिकारो दीर्घफलः स्वर्णाङ्गः स्वर्णभूषणः ।
आरग्वधो गुरुः स्वादुः शीतलः स्रंसनो मृदुः ॥ १५० ॥
ज्वरहृद्रोगपित्तास्रवातोदावर्तशूलनुत् ।
तत्फलं स्रंसनं रुच्यं कुष्ठपित्तकफापहम् ॥ १५१ ॥
ज्वरे तु सततं पथ्यं कोष्ठशुद्धिकरं परम् ।

टीका—आरग्वध १, राजवृक्ष २, संपाक ३, चतुरंगुल ४, आरेवत ५, व्याधिघात ६, कृतमाल ७, सुवर्णक ८, ॥ १४९ ॥ कर्णिकार ९, दीर्घफल १०, सुवर्णांग ११, वर्णभूषण १२, ये अमलतासके नाम कहे. अमलतास भारी, मधुर, शीतल, दस्तावर, और मृदु है ॥ १५० ॥ ज्वर, हृदयरोग, तथा रक्तपित्त, और वातरोग, तथा उदावर्त, और शूलकों हरनेवाला है, और उस्का फल दस्तावर है, रुचिकों पैदा करनेवाला है, और कुष्ठ, पित्त, तथा कफ इनकों हरनेवाला है १५१ और ज्वरमें सदा पथ्य है, और कोठेकों अत्यंत शुद्ध करता है.

अथ कटुकीनामगुणाः.

कुटी तु कटुका तिक्ता कृष्णभेदा कटुम्भरा ॥ १५२ ॥
अशोका मत्स्यशकला चक्राङ्गी शकुलादनी ।
मत्स्यपित्ता काण्डरुहा रोहिणी कटुरोहिणी ॥ १५३ ॥
कट्वी तु कटुका पाके तिक्ता रूक्षा हिमा लघुः ।
भेदनी दीपनी हृद्या कफपित्तज्वरापहा ॥ १५४ ॥
प्रमेहश्वासकासास्रदाहकुष्ठकृमिप्रणुत् ।

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

टीका—कुटी १, कटुका २, तिक्ता ३, कृष्णभेदा ४, कटुंभरा ५, ॥ १५२॥ अशोका ६, मत्स्यशकला ७, चक्राङ्गी ८, शकुलादनी ९, मत्स्यपित्ता १०, कांडरुहा ११, रोहिणी १२, ये द्वादश कुटकीके नाम हैं ॥ १५३ ॥ कुटकी कडवी, और पाकमें तिक्त है, रूखी है, और शीतल, तथा हलकी है, तथा भेदनी है, और दीपनी, हृद्य, पित्त, तथा ज्वर इनकों हरनेवाली है ॥ १५४ ॥ और प्रमेह, श्वास, कास, तथा रक्तपित्त, और दाह, कुष्ठ, कृमि, इनकोंभी जीतनेवाली है.

अथ किराततिक्तनामगुणाः.

किराततिक्तः कैरातः कटुतिक्तः किरातकः ॥ १५५ ॥
काण्डतिक्तो नार्यतिक्तो भूनिम्बो रामसेनकः ।
किरातकोऽन्यो नैपालः सोऽर्धतिक्तो ज्वरान्तकः ॥१५६॥
किरातः सारको रूक्षः शीतलस्तिक्तको लघुः ।
सन्निपातज्वरश्वासकफपित्तास्रदाहनुत् ॥ १५७ ॥
कासशोथतृषाकुष्ठज्वरव्रणकृमिप्रणुत् ।

टीका—किराततिक्त १, कैरात २, कटुतिक्त ३, किरातक ४, ॥ १५५ ॥ काण्डतिक्त ५, नारीतिक्त ६, भूनिम्ब ७, रामसेनक ८, दूसरा चिरायता नैपालीनामका होता है. वोह कुछ कडवा होता है, ज्वरांतक ॥ १५६ ॥ ये दश चिरायतेके नाम हैं. चिरायता सारक, और रूखा, तथा शीतल, तिक्त, और लघु, होता है ॥ १५७ ॥ चिरायता कफ, पित्त, दाह, इनकों हरनेवाला है, और कासरोग, सूजन, तृषा, तथा कुष्ठ, ज्वर, व्रण, और कृमि, इनकाभी हरनेवाला होता है.

अथ इन्द्रयवनामगुणाः.

उक्तं कुटजबीजं तु यवमिन्द्रयवं तथा ॥ १५८ ॥
कलिङ्गं चापि कालिङ्गं तथा भद्रयवा अपि ।
क्वचिदिन्द्रस्य नामैव भवेत्तदभिधायकम् ॥ १५९ ॥
फलानीन्द्रयवास्तस्य तथा भद्रयवा अपि ।
इन्द्रयवं त्रिदोषघ्नं संग्राहि कटु शीतलम् ॥ १६० ॥
ज्वरातीसाररक्तार्शोवमिवीसर्पकुष्ठनुत् ।

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

दीपनं गुदकीलास्रवातास्रश्लेष्मशूलजित् ॥ १६१ ॥

टीका—कुटजबीज १, यव २, इन्द्रयव ३, कलिंग ४, कालिंग ५, भद्रयव ६, ये इन्द्रयवके नाम हैं ॥ १५८ ॥ और श्रीधन्वंतरिजीनें और अमरजीनें कहा है कीं, जितने नाम इन्द्रके हैं उतनेही इन्द्रयवकेभी जानो ॥ १५९ ॥ फिर ये इन्द्रयव त्रिदोषका हरनेवाला है, और संग्राही है, कटु, तथा शीतल है ॥ १६० ॥ और ज्वर, अतीसार, तथा खूनी, ववासीर, वमन, विसर्प, और कुष्ठ, इनकाभी जीतनेवाला है. तथा दीपन है, गुदकील, रक्तवात, और कफरोग, शूलरोग, इन सबकाभी नाशक होता है ॥ १६१ ॥

अथ मयनफलनामगुणाः.

मर्दनश्छर्दनः पिण्डीनटः पिण्डीतकस्तथा ।
करहाटो मरुबकः शल्यको विषपुष्पकः ॥ १६२ ॥
मधुनो मधुरस्तिक्तो वीर्योष्णो लेखनो लघुः ।
वान्तिकृद् विद्रधिहरः प्रतिश्यायव्रणान्तकः ॥ १६३ ॥
रूक्षः कुष्ठकफानाहशोथगुल्मव्रणापहः ।

टीका—मर्दन १, छर्दन २, पिंडीनट ३, पिंडीतक ४, करहाट ५, मरुबक ६, शल्यक ७, विषपुष्पक ८, ये अष्ट मयनफलके नाम हैं ॥ १६२ ॥ फिर ये मयनफल मधुर, तिक्त, उष्ण, लेखन, और हलकाभी होता है. और वमनकों लानेवाला, तथा विद्रधिका नाशक है, जुषाम, और घावोंकाभी हरनेवाला है ॥ १६३ ॥ और रूखा है, कुष्ठ, कफरोग, अफरा, गुल्मरोग, शोथरोग, तथा व्रण इनकोंभी हरनेवाला है.

अथ रास्नानामगुणाः.

रास्ना युक्तरसा रस्या सुवहा रसना रसा ॥ १६४ ॥
एलापर्णी च सुरसा सुगन्धा श्रेयसी तथा ।
रास्नाऽमपाचिनी तिक्ता गुरूष्णा कफवातजित् ॥ १६५ ॥
शोथश्वाससमीरास्रवातशूलोदरापहा ।
कासज्वरविषाशीतिवातकामयहिध्मह्रत् ॥ १६६ ॥

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

टीका—रास्ना १, युक्तरसा २, रस्या ३, सुवहा ४, रसना ५, रसा ६, ॥ १६४ ॥ एलापर्णी ७, सुरसा ८, सुगंधा ९, श्रेयसी १०, ये दश रास्नाके नाम हैं. रास्ना आमका पाचन करनेवाली होता है, तिक्त, भारी, उष्ण, और कफवातकों हरनेवाली है ॥ १६५ ॥ और शोथरोग, श्वास, वातरक्त, वातशूल, उदरके रोग, इन समस्त रोगोंकों हरनेवाली है. और कास, ज्वर, विष, और अस्सीप्रकारके वातरोग, हिम, इन सबनकोंभी हरनेवाली है ॥ १६६ ॥

अथ नाकुलीनामगुणाः.

नाकुली सरसा नागसुगन्धा गन्धनाकुली ।
नकुलेष्टा भुजङ्गाक्षी सर्पाङ्गी विषनाशिनी ॥ १६७ ॥
नाकुली तुवरा तिक्ता कटुकोष्णा विनाशयेत् ।
भोगीलूतावृश्चिकाखुविषज्वरकृमिव्रणान् ॥ १६८ ॥

टीका—रास्नाका भेद जिस्कों लौकिकमें नांई बोलते हैं, उसके नाम और गुण लिखते हैं. नाकुली १, सुरसा २, नागसुगंधा ३, गंधनाकुली ४, नकुलेष्टा ५, भुजंगाक्षी ६, सर्पाक्षी ७, विषनाशिनी, ॥ १६७ ॥ नाकुली कसैली होती है, तिक्त, कटु, और उष्ण, होती है. और सर्पसें आदिले विषवाले जानवरोंके जैसे विच्छू, मकडी, मूसा, कांतर इनके विषकों नाश करती है. और ज्वर, कृमि, तथा व्रण, घाव, इन रोगोंकोंभी हरनेवाली है ॥ १६८ ॥

अथ मोचिकानामगुणाः.

माचिका प्रस्थिकाम्बष्ठा तथा वाम्बालिकाम्बिका ।
मयूरविदला केशी सहस्रा वालमूलिका ॥ १६९ ॥
माचिकाम्ला रसे पाके कषाया शीतला लघुः ।
पक्वातीसारपित्तास्रकफकण्ठामयापहा ॥ १७० ॥

टीका—इस किमाचको पश्चिमदेशमें मोइया बोलते हैं; और इसका वृक्ष होता है, अब इसके नाम और गुण लिखते हैं. माचिका १, प्रस्थिका २, अम्बष्ठा ३, अम्बालिका ४, मयूरा ५, विदला ६, केशी ७, सहस्रा ८, वालमूलिका ९, ये नव किमाचके नाम हैं ॥ १६९ ॥ ये किमाच रसमें अम्ल, पाकमें कसेला होता है, तथा

१ पश्चिमदेशे मोइआ इति लोके प्रसिद्धो वृक्षविशेषः.

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

शीतल और हलका होता है, और पक्कातिसार, रक्तपित्त, कफरोग, तथा कंठरोग, इनकोंभी हरनेवाला है ॥ १७० ॥

अथ तेजवतीनामगुणाः.

तेजस्विनी तेजवती तेजोह्वा तेजनी तथा ।
तेजस्विनी कफश्वासकासास्यामयवातहृत् ॥ १७१ ॥
पाचन्युष्णा कटुस्तिक्ता रुचिवह्निप्रदीपिनी ।

टीका—तेजस्विनी १, तेजवती, २ तेजोह्वा ३, तेजनी ४, ये चार तेजवतीके नाम हैं. तेजवती कफ, श्वास, कास, मुखके रोग, इनकों हरनेवाली होती है ॥१७१॥ और पाचन, गरम, कडवी, तिक्त, रुचि तथा वह्निकों दीपन करनेवाली कही है.

कटभी(मालकांगनी)नामगुणाः.

ज्योतिष्मती स्यात् कटभी ज्योतिष्का कांगनीति च॥१७२
पारावतपदी पण्या लता प्रोक्ता ककुन्दनी ।
ज्योतिष्मती कटुस्तिक्ता सरा कफसमीरजित् ॥ १७३ ॥
अत्युष्णा वामनी तीक्ष्णा वह्निबुद्धिस्मृतिप्रदा ।

टीका—ज्योतिष्मती १, कटभी २, ज्योतिष्का ३, कांगनी ४ ॥ १७२ ॥ पारावतपदी ५, पण्या ६, ये छ मालकांगनीके नाम हैं. इसकी लता ककुन्दनीनामसें प्रसिद्ध है. ये मालकांगनी कडवी है, तिक्त है, सर है, कफ तथा वातकों जीतनेवाली है ॥ १७३ ॥ और बहुत गरम है, वमन करानेवाली है, तीखी है, और अग्नि, बुद्धि, तथा स्मृति, इनकों बढानेवाली है.

अथ कुष्ट(कूट)नामगुणाः.

कुष्टं रोगाह्वयं वाप्यं पारिभव्यं तथोत्पलम् ॥ १७४ ॥
कुष्टमुष्णं कटु स्वादु शुक्रलं तिक्तकं लघु ।
हन्ति वातास्रवीसर्पकासकुष्ठमरुत्कफान् ॥ १७५ ॥

टीका—कुष्ट १, रोगाह्वय २, वाप्य ३, पारिभव्य ४, उत्पल ५, ये पांच कूटके नाम हैं ॥ १७४ ॥ कूट गरम, कडवा, मधुर, शुक्रकों बढानेवाला, तिक्त

५

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

तथा हलका होता है. और वातरक्त, कास, कुष्ठ, वात, कफ, इन समस्तरोगोंकों हरनेवाला है ॥ १७५ ॥

अथ पुष्करमूलनामगुणाः.

उक्तं पुष्करमूलं तु पौष्करं पुष्करं च तत् ।
पद्मपत्रं च काश्मीरं कुष्ठभेदमिमं जगुः ॥ १७६ ॥
पौष्करं कटुकं तिक्तमुक्तं वातकफज्वरान् ।
हन्ति शोथारुचिश्वासान्विशेषात्पार्श्वशूलनुत् ॥ १७७ ॥

टीका—पुष्करमूल १, पौष्कर २, पुष्कर ३, पद्मपत्र ३, काश्मीर ६, ये पुष्करमूलके नाम हैं. येभी कूटकाही भेद है ॥ १७६ ॥ पुष्करमूल कडवा है, और तिक्त है, और वात, कफ, तथा ज्वर इनकों मुक्ति करता है. तथा शोथ, अरुचि, श्वास, और विशेषकरके पार्श्वशूलकों, हरनेवाला है ॥ १७७ ॥

अथ हेमाह्वा(चोक)नामगुणाः.

कटुपर्णी हैमवती हेमक्षीरी हिमावती ।
हेमाह्वा पीतदुग्धा च तन्मूलं चोकमुच्यते ॥ १७८ ॥
हेमाह्वा रेचनी तिक्ता भेदिन्युत्क्लेशकारिणी ।
कृमिकण्डूविषानाहकफपित्तास्रकुष्ठनुत् ॥ १७९ ॥

टीका—कटुपर्णी १, हैमवती २, हेमक्षीरी ३, हिमावती ४, हेमाह्वा ५, पीतदुग्धा ६, ये चोकवृक्षके नाम हैं. और उसके मूलकों चोक कहते हैं ॥ १७८ ॥ चोक दस्तावर है, तिक्त है, भेदन करनेवाली है, और जीमि चलानेवाली है, और कृमि, खुजली, विष, अफरा, कफरोग, मूत्रकृच्छ्र, तथा रक्तपित्त, कुष्ठ, इनकोंभी हरनेवाली होती है ॥ १७९ ॥

अथ शृंगी(काकडाशींगी)नामगुणाः.

शृंगी कर्कटशृंगी च स्यात्कुलीरविषाणिका ।
अजशृंगी च वक्रा च कर्कटाख्या च कीर्तिता ॥ १८० ॥
शृङ्गी कषाया तिक्तोष्णा कफवातक्षयज्वरान् ।
श्वासोऽर्ध्ववाततृट्कासहिक्कारुचिवमीन् हरेत् ॥ १८१ ॥

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

टीका—शृंगी १, कर्कटशृंगी २, कुलीर ३, विषाणिका ४, अजशृंगी ५, वक्रा ६, कर्कटा ७, ये काकडाशींगीके नाम हैं ॥ १८० ॥ ये कसेली, तिक्त, कफ, वात, क्षय, और ज्वरोंको हरनेवाली है. और श्वास, ऊर्ध्ववात, तृषा, कास, हिचकी, अरुचि, तथा वमन, इनकोंभी हरनेवाली कही है ॥ १८१ ॥

अथ कट्फलनामगुणाः.

कट्फलः सोमवल्कश्च कैटर्यः कुम्भिकापि च ।
श्रीपर्णिका कुमुदिका भद्रा भद्रवतीति च ॥ १८२ ॥
कट्फलस्तुवरस्तिक्तः कटुर्वातकफज्वरान् ।
हन्ति श्वासप्रमेहार्शःकासकण्ठामयारुचीः ॥ १८३ ॥

टीका—कट्फल १, सोमवल्क २, कैटर्य ३, कुंभिका ४, श्रीपर्णिका ५, कुमुदिका ६, भद्रा ७, भद्रवती ८, ये कायफलके नाम हैं ॥ १८२ ॥ ये कसेला होता है, और तिक्त, तथा कडवा होता है. वात, कफ, तथा ज्वरोंकों हरनेवाला है. और श्वास, प्रमेह, ववासीर, कास, कंठरोग, और अरुचि, इनकों हरनेवाला है ॥ १८३ ॥

अथ भांर्गीनामगुणाः.

भांर्गी भृगुभवा पद्मा फञ्जी ब्राह्मणयष्टिका ।
भांर्गी रूक्षा कटुस्तिक्ता रुच्योष्णा पाचनी लघुः ॥ १८४ ॥
दीपनी तुवरा गुल्मरक्तजं नाशयेद्ध्रुवम् ।
शोथकासकफश्वासपीनसज्वरमारुतान् ॥ १८५ ॥

टीका—भांर्गी १, भृगुभवा २, पद्मा ३, फंजी ४, ब्राह्मणयष्टिका ५, ये भांर्गीके नाम हैं. ये रूखी होती है. तथा कडवी, तिक्त, और रुचिकों करनेवाली होती है, और गरम, पाचन, तथा हलकी होती है ॥ १८४ ॥ और दीपन, तथा कसेली होती है, और रक्तसें उत्पन्न भये वायगोलाकों निश्चय हरती है, और शोथ, कास, कफ, श्वास, पीनस, तथा ज्वर, वायु, इनकोंभी हरनेवाली है॥१८५॥ और अन्यग्रंथोंमें कासघ्नी १, भार्गपर्णिनी(?) २, परशाक ३, शुक्रमाता ४, ये चार नाम भांर्गीके विशेष लिखे हैं.

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

अथ पाषाणभेदनामगुणाः.

पाषाणभेदकोऽश्मघ्नी गिरिभिद्भिन्नयाजनी ।
अश्मभेदो हिमास्तिक्तः कषायो बस्तिशोधनः ॥ १८६ ॥
भेदनो हन्ति दोषार्शोगुल्मकृच्छ्राश्महृद्रुजः ।
योनिरोगान्प्रमेहांश्च प्लीहशूलव्रणानि च ॥ १८७ ॥

टीका—पाषाणभेदक १, अश्मघ्न २, गिरिभित् ३, भिन्नयाजनी ४, ये पाषाणभेदके नाम हैं. ये शीतल, तिक्त, कसेला, मूत्राशयकों शोधन करनेवाला है ॥ १८६ ॥ और भेदन, तथा दोष, ववासीर, गुल्म, मूत्रकृच्छ्र, पथरी, हृदयकी पीडा, योनिरोग, प्रमेह, प्लीह, शूल, घाव, इन सबकों हरनेवाला है ॥ १८७ ॥ (और ग्रंथोंमें पाषाणभेद १, पाषाण २, अश्मभेद ३, अश्मभेदक ४, शिलाभेद ५, दृषद्भेद ६, नगभिन्नक ७, ये नाम पाषाणभेदके विशेष कहे हैं.)

अथ धातकी(धावई)नामगुणाः.

धातकी धातुपुष्पी च ताम्रपुष्पी च कुंजरा ।
सुभिक्षा बहुपुष्पी च वह्निज्वाला च सा स्मृता ॥ १८८ ॥
धातकी कटुका शीता मृदुकृत्तुवरा लघुः ।
तृष्णातीसारपित्तास्रविषक्रमिविसर्पजित् ॥ १८९ ॥

टीका—धातकी १, धातुपुष्पी २, ताम्रपुष्पी ३, कुंजरा ४, सुभिक्षा ५, बहुपुष्पी ६, वह्निज्वाला ७,ये धवके नाम हैं ॥ १८८ ॥ यह धावई कडवी, और शीतल, तथा मुलायम करनेवाली, कसेली, हलकी होती है. तृषा, अतीसार, रक्तपित्त, विष, कृमि, तथा विसर्प इनकों हरनेवाली है ॥ १८९ ॥

अथ मंजिष्ठनामगुणाः.

मञ्जिष्ठा विकसा जिंगी समङ्गा कालमेषिका ।
मण्डूकपर्णी मण्डीरी भण्डी योजनवल्ल्यपि ॥ १९० ॥
रसायन्यरुणा काला रक्ताङ्गी रक्तयष्टिका ।
भण्डीतकी च गण्डीरी मञ्जूषा वस्त्ररञ्जिनी ॥ १९१ ॥

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

मञ्जिष्ठा मधुरा तिक्ता कषाया स्वरवर्णकृत्।
गुरु चोष्णा विषश्लेष्मशोथयोन्यक्षिकर्णरुक् ॥ १९२ ॥
रक्तातीसारकुष्ठास्रवीसर्पव्रणमेहनुत्।

टीका—मंजिष्ठा १, विकसा २, जिंगी ३, समंगा ४, कालमेषिका ५, मंडूकपर्णी ६, भंडीरी ७, भंडी, योजनवल्ली ८, ॥ १९० ॥ रसायनी ९, अरुणा १०, काला ११, रक्तांगी १२, रक्तयष्टिका १२, भण्डीतकी १३, गंडीरी १४, मंजूषा १५, वस्त्ररंजनी १६, ये मंजीठके नाम हैं ॥ १९१ ॥ ये मधुर, तिक्त, कसेली, और स्वर तथा वर्णको करनेवाली है. तथा भारी और गरम होती है. सबप्रकारके विष, कफ, शोथ, योनिपीडा, नेत्रपीडा, कर्णपीडा, ॥ १९२ ॥ तथा रक्तातीसार, कुष्ठ, रक्तपित्त, विसर्प, घाव, और प्रमेहको हरनेवाली है.

अथ कुसुम्भनामगुणाः.

स्यात्कुसुम्भं वह्निशिखं वस्त्ररंजकमित्यपि ॥ १९३ ॥
कुसुंभं वातलं कृच्छ्रं रक्तपित्तकफापहम्।

टीका—कुसुंभ १, वह्निशिख २, वस्त्ररंजक, ३, ये कुसुंभके नाम हैं ॥ १९३ ॥ ये वातज होता है, और मूत्रकृच्छ्रका तथा रक्तपित्तका, और कफकाभी हरनेवाला है.

अथ लाक्षा(लाही)नामगुणाः.

लाक्षा पलंकषाऽलक्तो यावो वृक्षामयो जतु ॥ १९४ ॥
लाक्षा वर्ण्या हिमा बल्या स्निग्धा च तुवरा लघुः।
ब्राह्मण्यङ्गारवल्ली च स्वरशाका च हञ्जिका ॥ १९५ ॥
अनुष्णा कफपित्तास्रहिक्काकासज्वरप्रणुत्।
व्रणोरःक्षतवीसर्पकृमिकुष्ठगदापहा ॥ १९६ ॥
अलक्तको गुणैस्तद्वद्विशेषाद्व्यङ्गनाशनः।

टीका—लाक्षा १, पलंकषा २, अलक्त ३, याव ४, वृक्षामय ५, जतु ६, ये लाहीके नाम हैं ॥ १९४ ॥ ये वर्णको अच्छा करनेवाली है, शीतल, बलको बढानेवाली, चिकनी, कसेली, और हलकी है. ब्राह्मणी १, अंगारवल्ली २, स्वरशाका ३, हंञ्जिका ४, ये ब्राह्मीके नाम हैं ॥ १९५ ॥ ये शीतल होती है, कफ, रक्तपित्त,

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

हिचकी, कास, ज्वर, इनकों हरनेवाली है. और घाव, उरःक्षत, विसर्प, कृमि, और कुष्ठ, इनकोंभी हरनेवाली है ॥१९६॥ और लाही गुणोंमें इसीके बराबर है, परंतु विशेषकरिके व्यङ्गकी नाशक होती है.

अथ हरिद्रानामगुणाः.

हरिद्रा काञ्चनी पीता निशाख्या वरवर्णिनी ॥ १९७ ॥
कृमिघ्ना हलदी योषित्प्रिया हृद्या विलासिनी ।
हरिद्रा कटुका तिक्ता रूक्षोष्णा कफपित्तनुत् ॥ १९८ ॥
वर्ण्या त्वग्दोषमेहास्रशोथपाण्डुव्रणापहा ।

टीका—हरिद्रा १, कांचनी २, पीता ३, निशाख्या ४, वरवर्णिनी ५, ॥ १९७ ॥ कृमिघ्ना ६, हलदी ७, योषित्प्रिया ८, हृद्या ९, विलासिनी १०, ये हलदीके नाम हैं. ये कडवी, तिक्त, रूखी, और गरम, तथा कफपित्तकी नाशक है ॥ १९८ ॥ वर्णकों अच्छा करती है, त्वचाके दोषोंकों और प्रमेहकों तथा रक्तशोथ, पांडु, और घावोंकों हरनेवाली है.

अथ कर्पूरहरिद्रानामगुणाः.

दार्वीभेदास्रगन्धा च सुरभी दारुदारु च ॥ १९९ ॥
कर्पूरा पद्मपत्रा स्यात्सुरीमत् सुरतारिका ।

टीका—दार्वीभेदा १, अस्रगंधा २, सुरभी ३, दारुदारु ४, ॥ १९९ ॥ कर्पूरा ५, पद्मपत्रा ६, सुरीमत् ७, सुरतारका ८, ये कर्पूरहलदीके नाम हैं.

अथ वनहलदीनामगुणाः.

अरण्यहलदीकन्दः कुष्ठवातास्रनाशनः ॥ २०० ॥
आम्रगन्धिर्हरिद्रा या सा शीता वातला मता ।
पित्तहृन्मधुरा तिक्ता सर्वकण्डूविनाशिनी ॥ २०१ ॥

टीका—अरण्यहलदीकन्द अर्थात् वनहलदी कुष्ठ और वातरक्तकों हरनेवाली है ॥ २०० ॥ और कर्पूरहलदी शीतल है, वातकों पैदा करनेवाली होती है. और पित्तकों हरनेवाली है, और मधुर है, तिक्त है, और खुजलीकों हरनेवाली है ॥ २०१ ॥

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

अथ दारुहरिद्रानामगुणाः.

दार्वी दारुहरिद्रा च पर्जन्या पर्जनीति च ।
कटंकटेरी पीता च भवेत्सैव पचंपचा ॥ २०२ ॥
सैव कालीयकः प्रोक्तस्तथा कालेयकोऽपि च ।
पीतद्रुश्च हरिद्रुश्च पीतदारु कपीतकम् ॥ २०३ ॥
दार्वी निशागुणा किन्तु नेत्रकर्णास्यरोगनुत् ।

टीका—दार्वी १, दारुहरिद्रा २, पर्जन्या ३, पर्जनी ४, कटंकटेरी ५, पीता ६, पचंपचा ७, ॥ २०२ ॥ कालीयक ८, कालेयक ९, पीतद्रुम १०, हरिद्रा ११, पीतदारु १२, कपीतक १३, ये दारुहलदीके नाम हैं ॥ २०३ ॥ ये दारुहलदी हलदीके समानही गुणवाली होती है, तथापि बहुतकरिके नेत्र, कर्ण, मुख, इनके रोगेंकों हरनेवाली है.

अथ रसांजन(रसोत)नामगुणाः.

दार्वीक्वाथसमं क्षीरं पादं पक्त्वा यथा घनम् ॥ २०४ ॥
तदा रसांजनाख्यं तत् नेत्रयोः परमं हितम् ।
रसांजनं तार्क्ष्यशैलं रसगर्भं च तार्क्ष्यजम् ॥ २०५ ॥
रसांजनं कटुश्लेष्मविषनेत्रविकारनुत् ।
उष्णं रसायनं तिक्तं छेदनं व्रणदोषनुत् ॥ २०६ ॥

टीका—दारुहलदीके काढेके समान दूधकों पकावे, जब चोथा हिस्सा गाढा रहजाय ॥ २०४ ॥ तब उसकों रसांजन अर्थात् रसोत कहते हैं. ये नेत्रोंके बडा हितकारी होता है. रसांजन १, तार्क्ष्यशैल २, रसगर्भ ३, तार्क्ष्यज ४, ये रसोतके नाम हैं ॥ २०५ ॥ ये कडवा होता है, कफ, तथा विष और नेत्ररोगोंकों हरनेवाला है, और गरम, रसायन, तिक्त, छेदन, घावोंका और दोषोंका हरनेवाला है ॥ २०६ ॥

अथ बाकुचीनामगुणाः.

अवल्गुजी बाकुची स्यात् सोमराजी सुपर्णिका ।

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

शशिलेखा कृष्णफला सोमा पूतिफलीति च ॥ २०७ ॥
सोमवल्ली कालमेषी कुष्ठघ्नी च प्रकीर्तिता ।
बाकुची मधुरा तिक्ता कटुपाका रसायनी ॥ २०८ ॥
विष्टम्भहृद्धिमा रुच्या सरा श्लेष्मास्रपित्तनुत् ।
रूक्षा हृद्या श्वासकुष्ठमेहज्वरकृमिप्रणुत् ॥ २०९ ॥
तत्फलं पित्तलं कुष्ठकफानिलहरं कटु ।
केश्यं त्वच्यं वमिश्वासकासशोथामपाण्डुनुत् ॥ २१० ॥

टीका—अवल्गुज १, बाकुची २, सोमराजी ३, सुपर्णिका ४, शशिलेखा ५, कृष्णफाला ६, सोमा ७, पूतिफली ८ ॥ २०७ ॥ सोमवल्ली ९, कालमेषी १०, कुष्ठघ्नी, ये बाकुचीके नाम हैं. ये मधुर है, तिक्त है, पाकमें कडवी है, रसायनी है ॥ २०८ ॥ विष्टंभकों हरे है, शीतल है, रुचिकों बढानेवाली है, दस्तावर है, कफ तथा रक्तपित्तकों नाश करनेवाली है, रूखी है, हृदयकों प्रिय है, और श्वासरोग, कुष्ठरोग, प्रमेह तथा ज्वर, कृमि, इनकों हरनेवाली है ॥ २०९ ॥ और इसका फल पित्तकारक है, कुष्ठ, कफ, वात, इनका नाशक है, कडवा है, बालोंकों हितकारक है, त्वचाकों अच्छा करनेवाला है, वमन, श्वास, कास, और सूजन, पांडुरोग इनका हरनेवाला है ॥ २१० ॥

अथ चक्रमर्दनामगुणाः.

चक्रमर्दः प्रपुन्नाटो दद्रुघ्नो मेषलोचनः ।
पद्माटः स्यादेडगजश्चक्री पुन्नाट इत्यपि ॥ २११ ॥
चक्रमर्दो लघुः स्वादु रूक्षः पित्तानिलापहः ।
हृद्यो हिमः कफश्वासकुष्ठदद्रुकृमीन् हरेत् ॥ २१२ ॥
हन्त्युष्णं तत्फलं कुष्ठकण्डूदद्रूविषानिलान् ।
गुल्मकासकृमिश्वासनाशनं कटुकं स्मृतम् ॥ २१३ ॥

टीका—चक्रमर्द १, प्रपुन्नाट २, दद्रुघ्न ३, मेषलोचन ४, पद्माट ५, एडगज ६, चक्री ७, पुन्नाट ८, ये चकोरके नाम हैं ॥ २११ ॥ ये हलका, और मधुर, तथा रूखा होता है, और पित्तवायूका हरनेवाला है, हृदयका प्रिय है, शीतल है,

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

कफ, श्वास, कुष्ठ, तथा दाह, कृमि, इनकों हरनेवाला है ॥ २१२ ॥ और इसका फल बहुत गरम होता है. और कुष्ठ, पांडू, दाह, विष, वात, वायगोला, कास, कृमि, श्वास, इनका नाशक है, और कडवा कहागया है ॥ २१३ ॥

अतिविषानामगुणाः.

विषा त्वतिविषा विश्वा शृङ्गी प्रतिविषारुणा ।
शुक्लकन्दा चोपविषा भङ्गुरा घुणवल्लभा ॥ २१४ ॥
विषा सोष्णा कटुस्तिक्ता पाचनी दीपनी हरेत् ।
कफपित्तातिसारामविषकासवमिकृमीन् ॥ २१५ ॥

टीका—विषा १, अतिविषा २, विश्वा ३, शृंगी ४, प्रतिविषा ५, अरुणा ६, शुक्लकंदा ७, उपविषा ८, भंगुरा ९, घुणवल्लभा, ये अतीसके नाम हैं ॥ २१४ ॥ ये थोडा गरम है, कडवी है, तिक्त और पाचन है, तथा दीपन है, और कफ, पित्त, अतिसार, आम, विष, तथा कास, वमन, कृमी, इनकों हरनेवाला है ॥२१५॥

अथ लोध्रनामगुणाः.

लोध्रस्तिरीटकश्चैव शावरो मालवस्तथा ।
द्विनायः पट्टिकालोध्रः क्रमुकः स्थूलवल्कलः ॥ २१६ ॥
जीर्णपत्रो बृहत्पत्रः पट्टीलाक्षाप्रसादनः ।
लोध्रो ग्राही लघुः शीतश्चक्षुष्यः कफपित्तनुत् ॥ २१७ ॥
कषायो रक्तपित्तास्रज्वरातीसारशोथहृत् ।

टीका—लोध्र १, तिरीटक २, शावर ३, मालव ४, ये लोध्रके नाम हैं. पट्टिका १, लोध्र २, क्रमिक ३, स्थूलवल्कल ४, ॥ २१६ ॥ जीर्णपत्र ५, बृहत्पत्र ६, पट्टी ७, लाक्षा ८, प्रसादन ९, ये पठानी लोध्रके नाम हैं. ये ग्राही, अल्प और शीतल है, नेत्रोंकों हितकारक है, कफपित्तकों हरनेवाला है ॥ २१७ ॥ और कसेला है, तथा रक्तपित्त, ज्वर, अतीसार, और शोथ, इनकों जीतनेवाला है.

अथ लशुननामगुणाः.

लशुनस्तु रसोनः स्यादुग्रगन्धो महौषधम् ॥ २१८ ॥
अरिष्टो म्लेच्छकन्दश्च यवनेष्टो रसोनकः ।

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

टीका—लहसुन १, रसोन २, उग्रगन्ध ३, महौषध ४, ॥२१८॥ अरिष्ट ५, म्लेच्छकन्द ६, यवनेष्ट ७, रसोनक ८, ये लहसुनके नाम हैं.

तदा ततोऽपतद्बिन्दुः सरसो नोऽभवद्भुवि ॥ २१९ ॥
पंचभिश्च रसैर्युक्तो रसेनाम्लेन वर्जितः ।
तस्माद्रसोन इत्युक्तो द्रव्याणां गुणवेदिभिः ॥ २२० ॥
कटुकश्चापि मूलेषु तिक्तः पत्रेषु संस्थितः ।
नाले कषाय उद्दिष्टो नालाग्रे लवणः स्मृतः ॥ २२१ ॥
बीजे तु मधुरः प्रोक्तो रसस्तद्गुणवेदिभिः ।
रसोनो बृंहणो वृष्यः स्निग्धोष्णः पाचनः सरः ॥ २२२ ॥
रसे पाके च कटुकस्तीक्ष्णो मधुरको मतः ।

टीका—जब उस्से पृथ्वीपर बूंद, गिरी तिसका लहसुन होता है ॥ २१९ ॥ पांचरसोंसें युक्त और अम्लरससें रहित होता है. इसलिये द्रव्योंके गुण जाननेवालोंनें रसोत नाम कहा है ॥ २२० ॥ ये मूलमें कडवा है, और पत्रमें तिक्त रहता है, और नालमें कसेला, और नालके अग्रभागमें लवण ऐसा कहते हैं ॥ २२१ ॥ और बीजमें मधुर याप्रकार इसके रस कहे हैं. ये समस्त धातुओंकों बढानेवाली है, और कामदेवकों प्रबल करती है, और स्निग्ध, उष्ण, तथा पाचन, दस्तावर होता है ॥ २२२ ॥ और रस और पाकमें कडवा, तीक्ष्ण, गरम, और मधुरभी होता है.

भग्नसन्धानकृत् कण्ठ्यो गुरुः पित्तास्रवृद्धिदः ॥ २२३ ॥
बलवर्णकरो मेधाहितो नेत्र्यो रसायनः ।

टीका—टूटेहाडका जोडनेवाला, कंठके हित, भारी, रक्तपित्तकों बढानेवाला, होता है ॥ २२३ ॥ बलकों तथा वर्णकों बढानेवाला है, कांतिकों करनेवाला है, नेत्रोंका हित करनेवाला है, और रसायन होता है,

हृद्रोगजीर्णज्वरकुक्षिशूलविबन्धगुल्मारुचिकासशोफान्॥२२४॥
दुर्नामकुष्ठानलसादजन्तुसमीरणाश्वासकफांश्च हन्ति ।
मद्यं मांसं तथाम्लं च हितं लशुनसेविनाम् ॥ २२५ ॥
व्यायाममातपं रोषमतिनीरं पयो गुडम् ।

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

रसोनमश्नन्पुरुषस्त्यजेदेतान्निरंतरम् ॥ २२६ ॥

टीका:—हृदयरोग, और जीर्णज्वर, तथा कोष्ठके शूल, विबंध, और वायगोला, अरुचि, तथा कास, ॥ २२४ ॥ शोथ, और कुष्ठ, मंदाग्नि, कृमि, वातरोग, श्वास, और कफ, इनकों हरनेवाला है. इस लहसन सेवन करनेवालेकों मद्य अर्थात् मदिरा और मांस तथा खटाई ये हितकारक हैं ॥ २२५ ॥ और दंड पेलना, धूपमें फिरना, क्रोधकरना, बहुत जल पीना, दूध पीना, गुड खाना लहसनके सेवन करनेवाला, इनकों यत्नसें त्याग दे ॥ २२६ ॥

अथ पलांडु(प्याज)नामगुणाः.

पलाण्डुर्यवनेष्टश्च दुर्गन्धो मुखदूषकः ।
पलाण्डुस्तु गुणैर्ज्ञेयो रसोनसदृशो गुणैः ॥ २२७ ॥
स्वादुः पाके रसोऽनुष्णः कफकृन्नातिपित्तलः ।
हरते केवलं वातं बलवीर्यकरो गुरुः ॥ २२८ ॥

टीका—पलांडु १, यवनेष्ट २, दुर्गन्ध ३, मुखदूषक ४, ये प्याजके नाम हैं. जितने गुण लहसनमें हैं उतनेही इसमें हैं ॥ २२७ ॥ और ये पाकमें मधुर, रस शीतल, और कफकों करनेवाला है, और पित्तकों अधिक करनेवाला नहीं, फकत वातका हरनेवाला है, और बलकों तथा वीर्यकों बढानेवाला है, तथा गुरु है ॥ २२८ ॥

अथ भल्लातक(भिलावा)नामगुणाः.

भल्लातकं त्रिषु प्रोक्तमरुष्कोऽरुष्करोऽग्निकः ।
तथैवाग्निमुखी भल्ली वीरवृक्षश्च शोफकृत् ॥ २२९ ॥
भल्लातकफलं पक्कं स्वादुपाकरसं लघु ।
कषायं पाचनं स्निग्धं तीक्ष्णोष्णं छेदि भेदनम् ॥ २३० ॥
मेध्यं वह्निकरं हन्ति कफवातव्रणोदरम् ।
कुष्ठार्शोग्रहणीगुल्मशोफानाहज्वरकृमीन् ॥ २३१ ॥

टीका—भल्लातक तीनोंमें कहा है. अरुष्क, अरुष्कर, अग्निक, ये भिलावेके नाम हैं. इसीप्रकार अग्निमुखी, भल्ली, वीरवृक्ष, शोफकृत, येभी नाम कहे हैं

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

॥ २२९ ॥ भिलावेका फल पक्का भया पाकमें मधुर है, रस हलका है, कसेला, पाचन, स्निग्ध, तीखा, गरम, छेदन करनेवाला, और भेदन करनेवालाभी कहा है, ॥ २३० ॥ कांतिकों बढानेवाला, अग्निकों प्रबल करता है, कफरोग, वातरोग, घाव, और उदररोग इनकों हरनेवाला है. तथा कुष्ठरोग, ववासीर, और संग्रहणी, वायगोला, शोथ, और अफरा, ज्वर, कृमी, इनकोंभी हरनेवाला है॥२३१॥

तन्मज्जा मधुरो वृष्यो बृंहणो वातपित्तहा ।
वृत्तमारुष्करं स्वादु पित्तघ्नं केश्यमग्निकृत् ॥ २३२ ॥
भल्लातकः कषायोष्णः शुक्रलो मधुरो लघुः ।
वातश्लेष्मोदरानाहकुष्ठार्शोग्रहणीगदान् ॥ २३३ ॥
हन्ति गुल्मज्वरश्वित्रवह्निमान्द्यक्रिमिव्रणान् ।

टीका—इसकी गिरी मधुर होती है, पुरुषत्वकों बढानेवाली, बलकों बढानेवाली, वातरोग तथा पित्तकों हरनेवाली है, और गोल भिलावा मधुर, पित्तकों हरनेवाला कहा है, अग्निकों प्रबल करनेवाला है ॥२३२॥ और ये भिलावा कसेला होता, गरम, वीर्यकों बढानेवाला, मधुर, तथा हलका है. वात, कफ, उदररोग, अफरा, कुष्ठ, ववासीर, संग्रहणी, इनकों जीतनेवाला है ॥ २३३ ॥ और वायगोला, ज्वर, श्वेतकुष्ठ, मन्दाग्नि, तथा कृमि, और घावोंकों हरता है.

भङ्गा(भांग)नामगुणाः.

भङ्गा गंजा मातुलानी मादिनी विजया जया ॥ २३४ ॥
भंगा कफहरी तिक्ता ग्राहिणी पाचनी लघुः ।
तीक्ष्णोष्णा पित्तलानाहमन्दवाग्वह्निवर्धिनी ॥ २३५ ॥

टीका—भंगा १, गंजा २, मातुलानी ३, मादिनी ४, विजया ५, जया ६, ये भांगके नाम हैं ॥ २३४ ॥ ये कफकों पैदा करती है. तिक्त, ग्राहणी, पाचन, तथा हलकी, तीक्ष्ण और गरम है, और पित्तकों प्रबल करनेवाली, मोह, तथा मन्दवाणी, मंदाग्नि, इनकोंभी प्रबल करनेवाली है ॥ २३५ ॥

अथ खसफल(पोस्त)नामगुणाः.

तिलभेदः खसतिलः कासश्वासहरः स्मृतः ।
स्यात् वा खसफलोद्भूतं वल्कलं शीतलं लघु ॥ २३६ ॥

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

ग्राहि तिक्तं कषायं च वातकृच्च कफास्रहृत् ।
धातूनां शोषकं रूक्षं मदकृद्वाग्विवर्धनम् ॥ २३७ ॥
मुहुर्मोहकरं रुच्यं सेवनात्पुंस्त्वनाशनम् ।

टीका—तिलभेद १, खसतिल २, ये पोस्तके नाम हैं. ये कास और श्वासकों हरनेवाला है. पोस्तफलका जो वक्कल है वो शीतल और हलका है ॥ २३६ ॥ ग्राही, तिक्त, कसेला, और वातकों पैदा करनेवाला, और कफरक्तका हरनेवाला, और धातुनका शोषक, तथा रूखा, और नशा लाता है, वा अवाजकों बढानेवाला है ॥ २३७ ॥ और ये वारंवार मोहकारक, रुचिदायक, और कामदेवकों हित करता है.

अथ आफूक(अफीम)नामगुणाः.

उक्तं खसफलं क्षीरमाफूकमहिफेनकम् ॥ २३८ ॥
आफूकं शोषणं ग्राहि श्लेष्मघ्नं वातपित्तलम् ।
तथा खसफलोद्भूतवल्कलप्रायमित्यपि ॥ २३९ ॥

टीका—पोस्तके फलके दूधकों अफूक और अहिफेन कहते हैं ॥ २३८ ॥ अफीम देहकों सुखानेवाली, ग्राही, कफकों हरनेवाली है, वातपित्तकों बढानेवाली है. और ये गुणमें पोस्तके वक्कलसदृश गुणवाली होती है ॥ २३९ ॥

अथ खसबीज(खसखस)नामगुणाः.

उच्यंते खसबीजानि तेखा खसतिला अपि ।
खसबीजानि बल्यानि वृष्याणि सुगुरूणि च ॥ २४० ॥
जनयन्ति कफं तानि शमयन्ति समीरणम् ।

टीका—इस पोस्तके बीजोंकों खाखस तिलभी कहते हैं. ये खसखस बलकों बढानेवाली, और पुष्ट, भारी, है ॥ २४० ॥ तथा कफकों पैदा करती है और वातकों हरती है.

अथ सैन्धवनामगुणाः.

सैन्धवोऽल्पो शीतशिवं माणिमन्थं च सिन्धुजम् ॥ २४१ ॥
सैन्धवं लवणं स्वादु दीपनं पाचनं लघुः ।
स्निग्धं रुच्यं हिमं वृष्यं सूक्ष्मं नेत्र्यं त्रिदोषहृत् ॥ २४२ ॥

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

टीका—सैंधव १, शीतशिव २, माणिमंथ ३, सिंधुज ४, ये सैंधेनमकके नाम हैं ॥ २४१ ॥ ये स्वादु, दीपन, पाचन, तथा हलका, होता है. चिकना, और रुचिकों बढानेवाला, शीतल, कामदेवकों बढानेवाला, सूक्ष्म, नेत्रोंका हितकारक, और त्रिदोषकों हरनेवाला है ॥ २४२ ॥

अथ क्षाकंभरी(सांभरनमक)नामगुणाः.

शाकंभरीयं कथितं गुडाख्यं रोमकं तथा ।
गुडाख्यं लघु वातघ्नमत्युष्णं भेदि पित्तलम् ॥ २४३ ॥
तीक्ष्णोष्णं चापि सूक्ष्मं चाभिष्यन्दि कटुपाकि च ।

टीका—शाकंभरि १, गुडाख्य २, रोमक, ३, ये सांभरनमकके नाम हैं. ये हलका, वातनाशक, गरम, भेदी, तथा पित्तकों पैदा करता है ॥ २४३ ॥ और तीखा, गरम, सूक्ष्म, अभिष्यन्दी है, तथा पाकमें कडवा होता है.

अथ सामुद्र(पाङ्गानमक)नामगुणाः.

सामुद्रं यत्तु लवणमक्षारं वसरं च तत् ॥ २४४ ॥
सामुद्रजं सागरजं लवणोदधिसम्भवम् ।
सामुद्रं मधुरं पाके सतिक्तं मधुरं गुरु ॥ २४५ ॥
नात्युष्णं दीपनं भेदि सक्षारमविदाहि च ।
श्लेष्मलं वातनुत् तिक्तमरूक्षं नातिशीतलम् ॥ २४६ ॥

टीका—समद्रलोन जो है सो क्षाररहित होता है. वाकों वसर कहे हैं ॥ २४४ ॥ सामुद्रज १, सागरज २, उदधिसंभव ३, ये पांगालवणके नाम हैं. ये पाकमें मधुर, थोडा तिक्त, मधुर, और भारी है ॥ २४५ ॥ बहुत गरम, और दीपन है, भेदी, थोडा क्षार, और अविदाही होता है. और ये कफजतित वातका नाश करनेवाला, तिक्त, स्निग्ध, और शीतल होता है ॥ २४६ ॥

अथ बिडनमकनामगुणाः.

विडं पाकं च कतकं तथा द्राविडमासुरम् ।
बिडं सक्षारमूर्ध्वाधः कफवातानुलोमनम् ॥ २४७ ॥
(ऊर्ध्वं कफमधो वातं संचारयेदित्यर्थः ।)

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

दीपनं लघु तीक्ष्णोष्णं रूक्षं रुच्यं व्यवायि च ॥ २४८ ॥
विबन्धानाहविष्टम्भहृद्गौरवशूलनुत् ।

टीका—बिडपाक १, कतक २, द्राविड ३, आसर ४, ये बिडनोनके नाम हैं. बिड थोडा क्षार, ऊर्ध्व अध, कफवातका, अनुलोमन करनेवाला होता है ॥२४७॥ ऊपर कफ और नीचे वातकों निकालता है, और ये दीपन, हलका, तीखा, गरम, और रूखा, रुचिकों बढानेवाला है ॥ २४८ ॥ और विबन्ध, अफरा, विष्टम्भ, हृदयकी पीडा, तथा भारीपन शूल इनकों हरनेवाला है.

अथ सौवर्चल(सोंचर)नामगुणाः.

सौवर्चलं स्याद्रुचकमन्धपाकं च तन्मतम् ॥ २४९ ॥
रुचकं रोचनं भेदि दीपनं पाचनं परम् ।
सुस्नेहं वातनुन्नातिपित्तकं विषदं लघु ॥ २५० ॥
उद्गारशुद्धिदं सूक्ष्मं विबन्धानाहशूलजित् ।

टीका—सौवर्चल १, रुचक २, अन्धपाक ३, ये सौचरनोनके नाम हैं ॥२४९॥ ये रुचिकों बढाता है, भेदी; दीपन, बहुत पाचक होता है. चिकना, वातका हरनेवाला, और अतिपित्तका करनेवाला, विषका नाशक, और हलका है ॥ २५० ॥ तथा डकारकों शुद्ध करनेवाला है, विबंध, अफरा, तथा शूल, इनकोंभी शमन करनेवाला है.

अथ औद्भिद(कचलोन)नामगुणाः.

औद्भिदं पांशुलवणवज्जातं भूमिजं स्वयम् ॥ २५१ ॥
क्षारं गुरु कटु स्निग्धं शीतलं वातनाशनम् ।

टीका—औद्भिद १, पांसुलवण २, ये कचनोनके नाम हैं. जो भूमिसें आपही उत्पन्न होता है ॥ १५१ ॥ क्षार है, भारी और कडवा, स्निग्ध, तथा शीतल है और वातका हरनेवाला है.

अथ चणकक्षारनामगुणाः.

चणकाम्लकमत्युष्णं दीपनं दन्तहर्षणम् ॥ २५२ ॥
लवणानुरसं रुच्यं शूलाजीर्णविबन्धनुत् ।

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

टीका—चनेका खार बहुत गरम और दीपन होता है दोतोंकों रोंढनेवाला है ॥ २५२ ॥ और लवणके अनुसारही रुचिकों पैदा करता है, तथा शूल, और अजीर्ण, विबंध, इनका हरनेवाला है.

अथ वयक्षार(जवाखार)गुणाः.

पाकक्षारो यवक्षारो यावशूको यवाग्रजः ॥ २५३ ॥
स्वर्जिकापि स्मृतः क्षारः कपोतः सुखवर्चकः ।
कथितः स्वर्जिकाभेदो विशेषज्ञैः सुवर्चिकः ॥ २५४ ॥
यवक्षारो लघुः स्निग्धः सुसूक्ष्मो वह्निदीपनः ।

टीका—पाकक्षार १, यवक्षार २, यावशूक ३, यवाग्रज ४, ये जवाखारके नाम हैं ॥ २५३ ॥ और सज्जीकोंभी क्षार कहते हैं, कापोत १, सुखवर्चक, ये सज्जीका भेद सुवर्चिक वैद्योंनें कहा है ॥ २५४ ॥ जवाखार हलका, स्निग्ध, बहुत सूक्ष्म, अग्निकों करनेवाला है.

निहन्ति शूलवातामश्लेष्मश्वासगलामयान् ॥ २५५ ॥
पांड्वर्शोग्रहणीगुल्मानाहप्लीहहृदामयान् ।
स्वर्जिकाल्पगुणा तस्माद्विशेषाद्गुल्मशूलहृत् ॥ २५६ ॥
सुवर्चिका स्वर्जिकावद्बोद्धव्या गुणतो जनैः ।

टीका—और शूलकों, वातकों, आमकों, तथा कफकों, और श्वासकों, तथा गलेके रोगोंकों, हरता है ॥ २५५ ॥ और पांडु, ववासीर, संग्रहणी, वायगोला, तथा अफरा, प्लीह, और हृदयरोग, इनकोंभी हरनेवाला है. और सज्जी इस्सें थोडे गुणवाली होती है, सज्जी विशेषकरिके वायगोलाकों हरती है ॥ २५६ ॥ और सोरा सज्जीके समान गुणवाला कहा है.

अथ सौभाग्य(सुहागा)नामगुणाः.

सौभाग्यं टङ्कणं क्षारो धातुद्रावकमुच्यते ॥ २५७ ॥
टंकणं वह्निकृद्रूक्षं कफहृद्वातपित्तकृत् ।

टीका—सौभाग्य १, टंकण २, क्षार ३, धातुद्रावक ४, ये सुहागेके नाम हैं ॥ २५७ ॥ ये अग्निकों दीप्त करनेवाला है, और रूखा है, कफका हरनेवाला है, तथा वातपित्तकारक है.

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

अथ क्षारद्वयनामगुणाः.

स्वर्जिका यावशूकश्च क्षारद्वयमुदाहृतम् ॥ २५८ ॥
टंकणेन युतं तत्तु क्षारत्रयमुदीरितम् ।
मिलितस्तूक्तगुणवद्विशेषाद्गुल्महृत्परम् ॥ २५९ ॥

टीका—सज्जीखार और जवाखार इनकों क्षारद्वय बोलते हैं. और सुहागाभी मिलानेसें क्षारत्रय होता है ॥ २५८ ॥ ये मिलेहुए उक्तगुणोंकों करनेवाले हैं, विशेषकरके वायगोलाकों हरते हैं ॥ २५९ ॥

अथ क्षाराष्टकनामगुणाः.

पलाशवज्रीशिखरिचिंचार्कतिलनालजाः ।
यवजः स्वर्जिका चेति क्षाराष्टकमुदाहृतम् ॥ २६० ॥
क्षारा एतेऽग्निना तुल्या गुल्मशूलहरा भृशम् ।

टीका—पलास १, थूहर २, कचेरा ३, इमली ४, आक ५, तिल ६, जव ७, सज्जी ८, इन आठों क्षारोंकों क्षाराष्टक कहते हैं ॥ २६० ॥ ये क्षाराष्टक अग्निके समान है, वायगोला, तथा शूल, इनका हरनेवाला है.

अथ चुक्र(चोक)नामगुणाः.

चुक्रं सहस्रवेधि स्याद्रसाम्लं शुक्रमित्यपि ।
चुक्रमत्यम्लमुष्णं च दीपनं पाचनं परम् ॥ २६१ ॥
शूलगुल्मविबंधामवातश्लेष्महरं सरम् ।
कृमितृष्णास्यवैरस्यहृत्पीडावह्निमान्द्यहृत् ॥ २६२ ॥

इति भावमिश्रविरचिते हरीतक्यादिनिघंटे हरीतक्यादि-
वर्गः समाप्तः ॥ १ ॥

टीका—चुक्र १, सहस्रवेधी २, रसाम्ल ३, शुक्र ४, ये चोकके नाम हैं. चोक बहुत खट्टा होता है, गरम, दीपनीय, पाचन, है ॥ २६१ ॥ और शूल, वायगोला, तथा विबंध, आमवात, और कफकों हरनेवाला, और दस्तावर है, तथा कृमि, तृषा, मुखके स्वाद बिगडनेकों, हृदयकी पीडाकों, मन्दाग्नीकोंभी हरनेवाला है ॥२६२॥ इति श्रीहरीतक्यादिनिघंटे बालबोधनीटीकायां हरीतक्यादिवर्गः समाप्तः॥१॥

७

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

श्रीः ।

हरीतक्यादिनिघंटे

कर्पूरादिवर्गः ।

कर्पूरनामगुणाः.

पुंसि क्लीबे च कर्पूरः सिताभ्रो हिमवालुकः ।
घनसारश्चन्द्रसंज्ञो हिमनामापि स स्मृतः ॥ १ ॥
कर्पूरः शीतलो वृष्यश्चक्षुष्यो लेखनो लघुः ।
सुरभिर्मधुरस्तिक्तः कफपित्तविषापहः ॥ २ ॥

टीका—पुल्लिंग और नपुंसकलिंगसें कर्पूर बना है. कर्पूर १, सिताभ्र २, हिमवालुक ३, घनसार ४, चंद्रसंज्ञ ५, यह हिमनामसेंभी कहा है ॥ १ ॥ ये शीतल, वृष्य, नेत्रोंका हितकारक, लेखन, और हलका है, सुगंधयुक्त, मधुर, और तिक्त होता है, और कफ, पित्त, विष, इनकों हरनेवाला है ॥ २ ॥

दाहतृष्णास्यवैरस्यमेदोदौर्गन्ध्यनाशनः ।
कर्पूरो द्विविधः प्रोक्तः पक्कापक्कप्रभेदतः ॥ ३ ॥
पक्कात् कर्पूरतः प्राहुरपक्कं गुणवत्तरम् ।

टीका—दाह, प्यास, मुखके स्वाद बिगडना, मेदका दुर्गंध, इनकों हरनेवाला है, और कर्पूर दोप्रकारका होता है, कच्चा और पक्का ॥ ३ ॥ पक्के कर्पूरसें कच्चा कर्पूर अधिकगुणवाला होता है.

अथ चीनसंज्ञकर्पूरनामगुणाः.

चीनाकसंज्ञः कर्पूरः कफक्षयकरः स्मृतः ॥ ४ ॥
कुष्ठकण्डूवमिहरस्तथा तिक्तरसश्च सः ।

टीका—चीनाक नाम चीनिया कर्पूरका है. वो कफकों और क्षयकों करनेवाला होता है ॥ ४ ॥ कुष्ठ और खुजली तथा वमन इनका रहनेवाला है, तथा तिक्त रसवाला होता है.

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

अथ कस्तूरीनामगुणाः.

मृगनाभिर्मृगमदः कथितस्तु सहस्रभित् ॥ ५ ॥
कस्तूरिका च कस्तूरी वेधमुख्या च सा स्मृता ।
काश्मरी कपिलच्छाया कस्तूरी त्रिविधा स्मृता ॥ ६ ॥
कामरूपोद्भवा श्रेष्ठा नैपाली मध्यमा भवेत् ।
कामरूपोद्भवा कृष्णा नैपाली नीलवर्णयुक् ॥ ७ ॥
काश्मीरदेशसंभूता कस्तूरी ह्यधमा मता ।
कस्तूरिका कटुस्तिक्ता क्षारोष्णा शुक्रला गुरुः ॥ ८ ॥
कफवातविषच्छर्दिशीतदौर्गन्ध्यशोषहृत् ।

टीका—मृगनाभि १, मृगमद १, सहस्रभित् ३, ये कस्तूरीके नाम हैं ॥ ५ ॥ और कस्तूरिका १, कस्तूरी २, वेधमुख्या ३, ये दूसरीके नाम हैं. काश्मरी १, कपिलच्छाया २, कस्तूरी ३, ये तीसरीके नाम है. ऐसे तीन प्रकारकी कस्तूरी लिखी है ॥ ६ ॥ जो कस्तूरी कामरूपदेशमें उत्पन्न होती है वोह श्रेष्ठ है, और जो नेपालमें होती है वो मध्यम होती है. कामरूपमें काली और नैपालमें नीली होती है ॥ ७ ॥ जो कस्तूरी काश्मीरदेशमें उत्पन्न होती है वह अधम कही है. कस्तूरी कडवी होती है, तिक्त, क्षार, गरम, शुक्रको पैदा करनेवाली ॥ ८ ॥ तथा भारी होती है, और कफ, वात, विष, वमन, तथा शीत, दुर्गंधिता, शोष, इनको हरनेवाली है.

अथ कस्तूरिका(मुस्कदाना)गुणाः.

लता कस्तूरिका तिक्ता स्वाद्वी वृष्या हिमा लघुः ॥ ९ ॥
चक्षुष्या छेदिनी श्लेष्मतृष्णाबस्त्यास्यरोगहृत् ।

टीका—कस्तूरिका लता, तिक्त, और मधुर होती है, तथा पुष्ट, शीतल, और हलकी होती है ॥ ९ ॥ नेत्रोंको हित करनेवाली है, तथा छेदन करनेवाली है, कफ, प्यास, तथा पेडू, और मुखके रोग इनको हरनेवाली है.

अथ गन्धमार्जारवीर्यगुणाः.

गन्धमार्जारवीर्यं तु वीर्यकृत् कफवातहृत् ॥ १० ॥

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

कण्डूकुष्ठहरं नेत्र्यं सुगन्धं स्वेदगन्धनुत् ।

टीका—गौरासरको आंडीनामसें कहते हैं. गंधमार्जार १, वीर्यबल करनेवाला और कफवातका नाशक होता है ॥ १० ॥ तथा कंडू, और कुष्ठ इनका हरनेवाला है, और नेत्रोंका हितकारी है, सुगन्ध है, पसीनाके गन्धको नाश करनेवाला है. इसदेशमें इसे बिल्लीलोटन कहते हैं.

अथ चन्दननामगुणाः.

श्रीखण्डं चन्दनं नस्त्री भद्रःश्रीस्तैलपर्णिकः ॥ ११ ॥
गन्धसारो मलयजस्तथा चन्द्रद्युतिश्च सः ।
स्वादे तिक्तं कषे पीतं छेदे रक्तं तनौ सितम् ॥ १२ ॥
ग्रन्थिकोटरसंयुक्तं चन्दनं श्रेष्ठमुच्यते ।
चन्दनं शीतलं रूक्षं तिक्तमाह्लादनं लघुः ॥ १३ ॥
श्रमशोषविषश्लेष्मतृष्णापित्तास्रदाहनुत् ।

टीका—श्रीखंड १, चंदन २, भद्रश्री ३, तेलपर्णिका ४ ॥ ११ ॥ गंधसार ५, मलयज ६, चंद्रद्युति ७, ये चंदनके नाम हैं. ये स्वादमें तिक्त है, घिसनेमें पीला है, और काटनेमें लाल और शरीरमें लगानेमें सफेद होता है ॥ १२ ॥ गांठ और खोडसें युक्त ऐसा चंदन श्रेष्ठ कहा है. ये शीतल, रूखा, और तिक्त है, हर्षको देनेवाला है, और हलका है ॥ १३ ॥ तथा श्रम, शोष, और विष, कफ, तृषा, रक्तपित्त, और दाह, इनको जीतनेवाला है.

अथ पीतचंदननामगुणाः.

कालीयकं तु कालीयं पीताभं हरिचन्दनम् ॥ १४ ॥
हरिप्रियं कालसारं तथा कालानुसार्यकम् ।
कालीयकं रक्तगुणं विशेषाद्व्यङ्गनाशनम् ॥ १५ ॥

टीका—पीतचंदनको लौकिकमें कलम्बक कहते हैं. कालीयक १, कालीय २, पीताभ ३, हरिचंदन ४ ॥ १४ ॥ हरिप्रिय ५, कालसार ६, कालानुसार्यक ७, ये पीतचंदनके नाम हैं. पीतचंदनमें रक्तचंदनके बराबर गुण होते हैं, और विशेषकरिके मुखकी झाईको हरता है ॥ १५ ॥

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

अथ रक्तचंदननामगुणाः.

रक्तचन्दनमाख्यातं रक्ताङ्गं क्षुद्रचन्दनम् ।
तिलपर्णं रक्तसारं तत्प्रवालफलं स्मृतम् ॥ १६ ॥
रक्तं शीतं गुरु स्वादु छर्दितृष्णास्रपित्तहृत् ।
तिक्तं नेत्रहितं वृष्यं ज्वरव्रणविषापहम् ॥ १७ ॥

टीका—रक्तचंदन १, रक्तांग २, क्षुद्रचंदन ३, ऐसा कहा है. और तिलपर्ण १, रक्तसार २, प्रवालफल ३, ऐसाभी कहते हैं ॥ १६ ॥ रक्तचंदन शीतल, भारी, मधुर, और वमन, तृषा, रक्तपित्त, इनका हरनेवाला है, और तिक्त है, नेत्रोंको हितकारक है, तथा वृष्य होता है, और ज्वर, घाव, विष, इनका हारक है ॥ १७ ॥

अथ पतंगनामगुणाः.

पतंगं रक्तसारं च सुरंगं रञ्जनं तथा ।
पट्टरञ्जकमाख्यातं पत्तूरं च कुचन्दनम् ॥ १८ ॥
पतंगं मधुरं शीतं पित्तश्लेष्मव्रणास्रनुत् ।
हरिचंदनवद्वेद्यं विशेषाद्दाहनाशनम् ॥ १९ ॥
चन्दनानि तु सर्वाणि सदृशानि रसादिभिः ।
गन्धेन तु विशेषोस्ति पूर्वः श्रेष्ठतमो गुणैः ॥ २० ॥

टीका—रक्तसार १, पतंग २, सुरंग ३, रंजन ४, पट्टरंजक ५, पत्तूर ६, कुचंदन ७, ये पतंगके नाम हैं. येभी चंदनकी किस्मसें होता है ॥ १८ ॥ पतंग मधुर है, शीतल है, पित्त, कफ, घाव, रक्त, इनकों हरनेवाला है और पीत चंदनके समान जानना, परंतु विशेषकरिके दाहका नाशक है ॥ १९ ॥ सर्वचंदन, रसनमें समान हैं, और गन्धसें विशेष है, उनमें पहिले गुणोंमें श्रेष्ठ हैं ॥ २० ॥

अथ अगरुनामगुणाः.

अगरु प्रवरं लोहं राजार्हं योगजं तथा ।
वंशिकं कृमिजं वापि कृमिजग्धमनार्यकम् ॥ २१ ॥
अगरूष्णं कटु त्वच्यं तिक्तं तीक्ष्णं च पित्तलम् ।

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

लघु कर्णाक्षिरोगघ्नं शीतवातकफप्रणुत् ॥ २२ ॥
कृष्णागुणाधिकं तत्तु लोहवद्वारि मज्जति ।
अगुरुप्रभवः स्नेहः कृष्णागुरुसमः स्मृतः ॥ २३ ॥

टीका—अगरु १, प्रवरलोह २, राजार्ह ३, योगज ४, वंशिक ५, कृमिजग्ध ६, अनार्यक ७, ये अगरके नाम हैं ॥ २१ ॥ ये स्वादमें कटु है, त्वचाका हितकारक, तिक्त, तीक्ष्ण, पित्तकों पैदा करता है, हलका है, कर्ण तथा नेत्रोंके रोगोंका हरनेवाला है, शीत तथा वात कफ इनकों जीत ॥ २२ ॥ और इन दोनोंमें काला अगरु गुणमें अधिक है, और वो लोहके समान जलमें डूब जाता है, और अगरका तेल कृष्णागरके समान कहा गया है ॥ २३ ॥

अथ देवदारुनामगुणाः.

देवदारु स्मृतं दारुभद्रं दार्विन्द्रदारु च ।
मस्तदारु द्रुकिलिमं कृत्रिमं सुरभूरुहः ॥ २४ ॥
देवदारु लघु स्निग्धं तिक्तोष्णं कटु पाकि च ।
विबन्धाध्मानशोथामतन्द्राहिक्काज्वरास्त्रजित् ॥ २५ ॥
प्रमेहपीनसश्लेष्मकासकण्डूसमीरनुत् ।

टीका—देवदारु १, दारुभद्र २, दार्वी ३, इन्द्रदारु ४, मस्तदारु, द्रुकिलिम ६, कृत्रिम ७, सुरभूरुह ८, ये देवदारुके नाम हैं ॥ २४ ॥ ये हलका होता है, चिकना, तथा गरम, तिक्त, और पाकमें कडवा है, विबंध, आध्मान, और सूजन तथा तंद्रा हिचकी ज्वर और रक्त इनका नाशक है ॥ २५ ॥ और प्रमेह, पीनस, कफ, तथा कास, खुजली, और वातकोंभी हरता है.

अथ धूपसरलनामगुणाः.

सरलः पीतवृक्षः स्यात्तथा सुरभिदारुकः ।
सरसो मधुरस्तिक्तो कटुपाकरसो लघुः ॥ २६ ॥
स्निग्धोष्णः कर्णकण्ठाक्षिरोगरक्षोहरः स्मृतः ।
कफानिलस्वेददाहकासमूर्च्छाव्रणापहः ॥ २७ ॥

टीका—सरल १, पीतवृक्ष २, सुरभि ३, दारुक ४, ये दूसरे देवदारुके

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

नाम हैं. ये मधुर है, तिक्त है, पाकमें कडवा हैं ॥ २६ ॥ और स्निग्ध, गरम तथा कान, कंठ, और नेत्ररोग, और राक्षसोंका नाश करनेवाला है, और कफ, पसीना, दाह, तथा कास, मूर्च्छा, और घावोंकोंभी हरनेवाला है ॥ २७ ॥

अथ तगरनामगुणाः.

कालानुसार्यं तगरं कुटिलं नघुषं नतम् ।
अपरं पिण्डतगरं दण्डहस्ती च बर्हिणम् ॥ २८ ॥
नगरद्वयमुष्णं स्यात् स्वादु स्निग्धं लघु स्मृतम् ।
विषापस्मारशूलाक्षिरोगदोषत्रयापहम् ॥ २९ ॥

टीका—कालानुसार्य १, तरग २, कुटिल ३, मधुपनत ४, ये तगरके नाम हैं, और दूसरे तगरकों पिंडतगर १, दंडहस्ति, बर्हिण कहते हैं ॥ २८ ॥ ये दोनों गरम होते हैं, और मधुर, चिकने तथा हलके होते हैं, और विष, मिरगी, शूल तथा नेत्ररोग, और त्रिदोषकोंभी रहनेवाले हैं ॥ २९ ॥

अथ पद्माकनामगुणाः.

पद्मकं पद्मगन्धि स्यात्तथा पद्माह्वयं स्मृतम् ।
पद्मकं तु परं तिक्तं शीतलं वातलं लघु ॥ ३० ॥
विसर्पदाहविस्फोटकुष्ठश्लेष्मास्रपित्तनुत् ।
गर्भसंस्थापनं वृष्यं वमिव्रणतृषाप्रणुत् ॥ ३१ ॥

टीका—पद्मक १, पद्मगंधि २, पद्माह्वय ३, ये पद्माकके नाम हैं. ये कसेला और तिक्त, शीतल, वातकारक है ॥ ३० ॥ विसर्प, दाह, तथा विस्फोटक, कुष्ठ, और कफ, रक्तपित्त, इनकोंभी हारक है, और गर्भकों स्तंभन करता है, रुचिकों बढाता है, वमन, घाव, और तृषा इनकाभी हरनेवाला है ॥ ३१ ॥

अथ गुग्गुलुनामगुणाः.

गुग्गुलुर्देवधूपश्च जटायुः कौशिकः पुरः ।
कुस्तालूखलकं क्लीबे महीषाक्षः पलङ्कषः ॥ ३२ ॥
महिषाक्षो महानीलः कुमुदः पद्म इत्यपि ।
हिरण्यपंचमो ज्ञेयो गुग्गुलोः पञ्च जातयः ॥ ३३ ॥

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

भृङ्गाजनसुवर्णस्तु महिषाक्ष इति स्मृतः ।
महानीलस्तु विज्ञेयः स्वनामसमलक्षणः ॥ ३४ ॥
कुमुदः कुमुदाभः स्यात् पद्मो माणिक्यसन्निभः ।
हिरण्याक्षस्तु हेमाभः पंचानां लिंगमीरितम् ॥ ३५ ॥
महिषाक्षो महानीलो गजेंद्राणां हि तावुभौ ।
हयानां कुमुदः पद्मः स्वस्त्यारोग्यकरौ परौ ॥ ३६ ॥
विशेषेण मनुष्याणां कनकः परिकीर्तितः ।
कदाचिन्महिषाक्षश्च यतः केश्चिन्नृणामपि ॥ ३७ ॥
गुग्गुलुर्विषदस्तिक्तो वीर्योष्णः पित्तलः सरः ।
कषायः कटुकः पाके कटुरूक्षो लघुः परः ॥ ३८ ॥
भग्नसंधानकृद् वृष्यः सूक्ष्मः स्वर्यो रसायनः ।
दीपनः पिच्छलो बल्यः कफवातव्रणापची ॥ ३९ ॥

टीका—गुग्गुल १, देवधूप २, जटायु ३, कौशिकपुर ४, कुस्तालु ५, खलक ६, ये गूगलके नाम नपुंसकलिंगमें कहे हैं. और महिषाक्ष १, पलंकष, येभी नाम हैं ॥ ३२ ॥ महिषाक्ष १, महानील २, कुमुद ३, पद्म ४, हिरण्य, येभी गूगलके नाम हैं ॥ ३३ ॥ जो गूगल भौंराके समान कालेरंगका हो उसें महिषाक्ष कहते हैं, और महानील अपने नामके बराबर लक्षणवाला होता है ॥ ३४ ॥ और कुमुद सफेद कमलके समान तथा पद्मपणिके सदृश कहा है, और हिरण्याक्षका सुवर्णकासा रंग होता है, इसप्रकार पांचोंका लक्षण कहा है ॥ ३५ ॥ महिषाक्ष और महानील ये दोनों हथियोंकों हितकारक है, और घोडानकों कुमुद तथा पद्म ये दोनों आरोग्य करनेवाले हैं ॥ ३६ ॥ और विशेषकरके कनक मनुष्यनकों हितकारक है, कभीकभी महिषाक्षभी मनुष्योंकों हितकारक है ॥ ३७ ॥ ये गूगल विषद है, तिक्त है, वीर्यमें गरम है, पित्तकों पैदा करता है, सर है, कसैला है, कडवा है, और पाकमें कटु है, और रूखा है, तथा बहुत हलका होता है ॥ ३८ ॥ और टूटे हाडोंकों जोडनेवाला है, पुष्ट है, सूक्ष्म स्वरकों अच्छा करनेवाला है, और रसायन है, दीपन, और चपेदार तथा बलकों बढानेवाला होता है, और कफ, वात, घाव, अपची, इनका नाश करता है ॥ ३९ ॥

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

मेदोमेहाश्मवातांश्च क्लेदकुष्ठाममारुतान्।
पिडिकाग्रन्थिशोफार्शोगण्डमालाकृमीन् जयेत् ॥ ४० ॥
माधुर्याच्छमयेद्वातं कषायत्वाच्च पित्तहा।
तिक्तत्वात् कफजित्तेन गुग्गुलुः सर्वदोषहा ॥ ४१ ॥
स नवो बृंहणो वृष्यः पुराणस्त्वतिलेखनः।
स्निग्धः कांचनसंकाशः पक्कजम्बूफलोपमः ॥ ४२ ॥
नूतनो गुग्गुलुः प्रोक्तः सुगन्धिर्यस्तु पिच्छिलः।
शुष्को दुर्गन्धकश्चैव त्यक्तप्रकृतिवर्णकः ॥ ४३ ॥
पुराणः स तु विज्ञेयो गुग्गुलुर्वीर्यवर्जितः।
अम्लं तीक्ष्णमजीर्णं च व्यवायं श्रममातपम् ॥ ४४ ॥
मद्यं रोषं त्यजेत् सम्यग्गुणार्थी पुरसेवकः।

टीका—मेद, प्रमेह, पथरी, तथा वात, क्लेद, कुष्ठ, और आमवात, तथा पिंडिका, ग्रन्थि, और सूजन, बवासीर, तथा गंडमाला, और कृमि, इनकों हरनेवाला है ॥ ४० ॥ और मधुर रससें वातनाशक है, कसेलेपनसें पित्तनाशक है, तिक्तपनेसें कफनाशक है, इसीसें गूगल सर्वदोषोंका जीतनेवाला होता है ॥ ४१ ॥ नया गूगल वीर्यकों बढानेवाला है, और पुराना, बहुत लेखन होता है. पक्का गूगल चिकना सुवर्णके रंग कैसा अथवा पक्के जामनके सदृश होता है ॥ ४२ ॥ और नया गूगल सुगन्ध चपदार होता है, शुष्क दुर्गंधके करनेवाला तथा स्वाभाविक वर्णसें रहित ॥ ४३ ॥ और पुराना गूगल वो है जो वीर्यसें रहित है, खटाई, मिर्च, अजीर्ण, मैथुन, श्रमकरना, धूपमें बैठना ॥ ४४ ॥ मद्य पीना, क्रोध करना, इतनी वातोंकों गूगलका सेवन करनेवाला अवश्य त्याग दे.

अथ सरलनिर्यासगुग्गुलुः.

श्रीवासः सरलस्रावः श्रीवेष्टो वृक्षधूपकः ॥ ४५ ॥
श्रीवासो मधुरस्तिक्तः स्निग्धोष्णस्तुवरः सरः।
पित्तलो वातमूर्धाक्षिस्वररोगकफापहः ॥ ४६ ॥
रक्षोघ्नः स्वेददौर्गन्ध्ययूकाकण्डूव्रणप्रणुत्।

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

टीका—देवदारुकी जातका एक गोंद होता है, उसें गूगल कहते हैं. श्री-वास १, सरलस्राव २, श्रीवेष्ट ३, वृक्षधूपक, ये इसके नाम हैं ॥ ४५ ॥ ये सरल और मधुर होता है, तिक्त, स्निग्ध, गरम, और कसेला, तथा सर है. पित्तहारक है, वातरोग, शिरोरोग, नेत्ररोग, स्वररोग, कफ, इनकों हरनेवाला है ॥ ४६ ॥ और राक्षसोंका नाशक है, तथा पसीना, दुर्गन्धिता, जूआं खुजली, घाव, इन-कोंभी हरनेवाला है.

अथ रालनामगुणाः.

रालस्तु शालनिर्यासस्तथा सर्जरसः स्मृतः ॥ ४७ ॥
देवधूपो यक्षधूपस्तथा सर्वरसश्च सः ।
रालो हिमो गुरुस्तिक्तः कषायो ग्राहको हरेत् ॥ ४८ ॥
दोषास्रस्वेदवीसर्पज्वरव्रणविपादिकाः ।
ग्रहभग्नाग्निदग्धाश्च शूलातीसारनाशनः ॥ ४९ ॥

टीका—राल १, साल २, निर्यास ३, सर्जरस ४, ॥ ४७ ॥ देवधूप ५, यक्ष-धूप ६, सर्जरस ये रालके नाम हैं. राल शीतल, भारी, तिक्त, कसेला, और ग्राहक है, ॥ ४८ ॥ और दोष, रक्त, पसीना, तथा विसर्प, ज्वर, घाव, और वि-पादिक इनकों हरनेवाला है और शूल अतीसार इनकोंभी जीते है. ग्रह और टूटेहाडकों तथा अग्निदग्धकों अच्छा करता है ॥ ४९ ॥

अथ कुन्दुरुसुगंधद्रव्यशल्लकीनिर्यासः

कुन्दुरुस्तु मुकुन्दः स्यात् सुगन्धः कुन्द इत्यपि ।
कुन्दुरुर्मधुरस्तिक्तस्तीक्ष्णस्त्वच्यः कटुर्हरेत् ॥ ५० ॥
ज्वरस्वेदग्रहालक्ष्मीमुखरोगकफाऽनिलान् ।

टीका—सोनादररक्तके गोंदकों कुन्दरुगोंद कहते हैं. कुन्दरु १, मुकुन्द २, सुगन्धकुन्द ३, ये कुंदरुगोंदके तीन नाम हैं. ये मधुर, तिक्त, तीक्ष्ण, त्वचाके हितकारी है, और कडवा होता है ॥ ५० ॥ ज्वर, स्वेद, ग्रह, अलक्ष्मी, तथा मुख-रोग, कफरोग, और रोगोंकोंभी हरनेवाला है.

अथ शिलारसनामगुणाः.

सिह्लकस्तु तुरुष्कः स्याद्यतो यवनदेशजः ॥ ५१ ॥

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

कपितैलं च संख्यातस्तथा च कपिनामकः ।
सिह्लकः कटुकः स्वादुः स्निग्धोष्णः शुक्रकान्तिकृत् ॥५२॥
वृष्यः कण्ठ्यः स्वेदकुष्ठज्वरदाहग्रहापहः ।

टीका—सिल्हक १, तुरुष्क २, यवनदेशज ३, ॥ ५१ ॥ कपिल ४, कपिनामक ५, ये शिलारसके पांच नाम हैं. शिलारस कडवा होता है, और मधुर, चिकना, तथा शुक्र और कांतिकों बढानेवाला है ॥ ५२ ॥ पुष्ट है, कंठका हितकारी है, और पसीना, कुष्ठ, ज्वर, दाह, और ग्रह इनका नाशक है.

अथ जातीफलनामगुणाः.

जातीफलं जातिकोशं मालतीफलमित्यपि ॥ ५३ ॥
जातीफलं रसे तिक्तं तीक्ष्णोष्णं रोचनं लघुः ।
कटुकं दीपनं ग्राही स्वर्यं श्लेष्मानिलापहम् ॥ ५४ ॥
निहन्ति मुखवैरस्यं मलदौर्गन्ध्यकृष्णताः ।
कृमिकासवमिश्वासशोषपीनसहृद्रुजः ॥ ५५ ॥

टीका—जातीफल १, जातिकोश २, मालतीफल ३, ये जायफलके नाम हैं ॥ ५३ ॥ जायफल रसमें तिक्त, तीक्ष्ण, गरम, रुचिकों करनेवाला तथा हलका है कडवा, दीपन, तथा ग्राही है, स्वरको अच्छा करता है, कफवातकों हरनेवाला है ॥ ५४ ॥ मुखके बिगडे स्वादकों और मथकी दुर्गंधिताकों और कालेपनकोंभी हरनेवाला है, और कृमि, कास, वमन, तथा श्वात, शोष, पीनस, और हृदयकी पीडा, इनकोंभी जीतनेवाला है ॥ ५५ ॥

अथ जातीफल(जावित्री)नामगुणाः.

जातीफलस्य त्वक् प्रोक्ता जातीपत्री भिषग्वरैः ।
जातीपत्री लघुः स्वादुः कटूष्णा रुचिवर्णकृत् ॥ ५६ ॥
कफकासवमिश्वासतृष्णाकृमिविषापहा ।

टीका—वैद्योंनें जायफलकी छालकों जावित्री कही है. जावित्री हलकी, मधुर, कडवी, गरम, रुचि तथा वर्णकों करनेवाली है ॥ ५६ ॥ और कफ, कास, वमन, तथा श्वास, तृषा, कृमि, और विष, इनकों हरनेवाली है.

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

अथ लवंगनामगुणाः.

लवंगं देवकुसुमं श्रीसंज्ञं श्रीप्रसूनकम् ॥ ५७ ॥
लवंगं कटुकं तिक्तं लघु नेत्रहितं हिमम् ।
दीपनं पाचनं रुच्यं कफपित्तास्रनाशकृत् ॥ ५८ ॥
तृष्णां छर्दिं तथाध्मानं शूलमाशु विनाशयेत् ।
कासं श्वासं च हिक्कां च क्षयं क्षपयति ध्रुवम् ॥ ५९ ॥

टीका—लवंग १, देवकुसुम २, श्रीसंज्ञ ३, श्रीप्रसूनक ४, ॥ ५७ ॥ ये लोंगके चार नाम हैं. और लोंग कडवी, तिक्त, हलकी, नेत्रोंकों हितकारी, शीतल, दीपन, पाचन, तथा रुचिके देनेवाली, और कफ, रक्तपित्त, इनकों हरनेवाली है ॥ ५८ ॥ और प्यास, वमन, तथा अफरा, तथा शूल, इनकी हारक है और कास, श्वास, हिचकी, तथा क्षय इनकोभी शीघ्र हरती है ॥ ५९ ॥

अथ स्थूलैला(बडी इलायची)नामगुणाः.

एला स्थूला च बहुला पृथ्वीका त्रिपुटापि च ।
भद्रैला बृहदेला च चंद्रवाला च निष्कुटिः ॥ ६० ॥
स्थूलैला कटुका पाके रसे चानलकृल्लघुः ।
रूक्षोष्णा श्लेष्मपित्तास्रकण्डूश्वासतृषापहा ॥ ६१ ॥
हृल्लासविषबस्त्यास्यशिरोरुग्वमिकासनुत् ।

टीका—एला १, स्थूला २, बहुला ३, पृथ्वीका ४, त्रिपुटा ५, भद्रैला ६, बृहदेला ७, चंद्रवाला ८, निष्कुटी ९, ये बडी इलायचीके नव नाम हैं ॥ ६० ॥ ये पाक और रसमें कडवी है, अग्निकों दीप्त करती है, और हलकी, रूखी, गरम है, कफ, रक्त, पित्त, तथा खुजली, श्वास, तृषा, इनकी हारक है ॥ ६१ ॥ और हृल्लास, विष तथा पेडू, मुष और शिर इनकी पीडाकों हरती है, तथा वमन और श्वास इनकोंभी हरती है.

अथ सूक्ष्मैला(गुजराती इलायची)नामगुणाः.

सूक्ष्मोपकुंचिका तुत्था कोरंगी द्राविडी त्रुटिः ॥ ६२ ॥
एला सूक्ष्मा कफश्वासकासार्शोमूत्रकृच्छ्रहृत् ।

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

रसे तु कटुका शीता लघ्वी वातहरी मता ॥ ६३ ॥

टीका—सूक्ष्मा १, उपकुंचिका २, तुत्था ३, कोरंगी ४, द्राविडी ५, त्रुटि ६, ये छोटी इलायचीके नाम हैं ॥ ६२ ॥ ये कफरोग, श्वास, कास, ववासीर, मूत्रकृच्छ्र, इन रोगोंकों हरनेवाली है, रसमें कडवी है, शीतल है, हलकी है, वातहारक है ॥ ६३ ॥

अथ त्वक्पत्र(तज)नामगुणाः.

त्वक्पत्रं च वरांगं स्याद् भृङ्गं चोदन्त उत्कटम् ।
त्वच्यं लघूष्णं कटुकं स्वादु तिक्तं च रूक्षकम् ॥ ६४ ॥
पित्तलं कफवातघ्नं कण्डूमारुचिनाशनम् ।
हृद्बस्तिरोगवातार्शःक्रमिपीनसशुक्रहृत् ॥ ६५ ॥

टीका—त्वक्पत्र १, वरांग २, भृंग ३, उदन्त ४, उत्कट ५, ये तजके नाम हैं. ये हलकी, गरम, कडवी, मधुर, तिक्त, रूखी है ॥ ६४ ॥ पित्तकों उत्पन्न करनेवाली है, कफवातकी हरनेवाली है, खुजली, आम, अरुचि, इनकों जीतनेवाली है, हृदय, बस्ति इन रोगोंकों और वातकी ववासीरकों क्रमि, पीनस, तथा शुक्रकों हरनेवाली है ॥ ६५ ॥

अथ त्वक्(दालचीनी)नामगुणाः.

त्वक् स्वाद्वी तु तनुत्वक् स्यात्तथा दारुसिता मता ।
उक्ता दारुसिता स्वाद्वी तिक्ता चानिलपित्तहृत् ॥ ६६ ॥
सुरभिः शुक्रला वर्ण्या मुखशोषतृषापहा ।

टीका—त्वक् १, तनुत्वक् २, दारुसीता ३, ये कलमी दारचीनीके नाम हैं. ये मधुर और तिक्त है, तथा वातपित्तकों हरनेवाली है ॥ ६६ ॥ सुगन्धयुक्त शुक्रकों बढानेवाली है, रोगकों अच्छा करती है, मुखशोष, और तृषा इनकों जीतनेवाली है.

अथ पत्रकनामगुणाः.

पत्रं तमालपत्रं च तथा स्यात् पत्रनामकम् ॥ ६७ ॥
पत्रकं मधुरं किञ्चित्तीक्ष्णोष्णं पिच्छिलं लघुः ।
निहन्ति कफवातार्शो हृल्लासारुचिपीनसान् ॥ ६८ ॥

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

टीका—पत्र १, तमालपत्र २, पत्रनामक ३, ये तेजपात्रके नाम हैं ॥ ६७ ॥ ये मधुर है, थोडा तीक्ष्ण है, गरम है, और चपेदार तथा हलका होता है, और कफ, वात, बवासीर, जीमिचलाना, अरुचि, पीनस, इनकों हरनेवाला है ॥ ६८ ॥

अथ नागकेशरनामगुणाः.

नागपुष्पः स्मृतो नागः केशरो नागकेशरः ।
चाम्पेयो नागकिञ्जल्कः कथितः काञ्चनाह्वयः ॥ ६९ ॥
नागपुष्पं कषायोष्णं रूक्षं लघ्वामपाचनम् ।
ज्वरकंडूतृषास्वेदच्छर्दिहृल्लासनाशनम् ॥ ७० ॥
दौर्गन्ध्यकुष्ठवीसर्पकफपित्तविषापहम् ।

टीका—नागकेशर १, नागपुष्प २, केशर ३, चाम्पेय ४, नागकिंजल्क ५, काञ्चनाह्वय ६, ये नागकेशरके नाम हैं ॥ ६९ ॥ ये पुष्पनमें नपुंसक है, ये कसेला है, गरम है, रूखा है, हलका है, और आमका पचानेवाला है, और खुजली, तृषा, पसीना, वमन तथा जीमि चलानेकों हरता है ॥ ७० ॥ और दुर्गन्धता, कुष्ठ, विसर्प, कफ, पित्त, तथा विष इनकों हरनेवाली है.

अथ त्रिजातचातुर्जातकनामगुणाः.

त्वगेला पत्रकैस्तुल्यैस्त्रिसुगंधि त्रिजातकम् ॥ ७१ ॥
नागकेशरसंयुक्तं चातुर्जातकमुच्यते ।
तद्द्वयं रेचनं रूक्षं तीक्ष्णोष्णं मुखगन्धहृत् ॥ ७२ ॥
लघुपित्ताग्निकृद्वर्ण्यं कफवातविषापहम् ।

टीका—दारचिनी १, इलायची २, पत्रक ३, इन तीनोंकों समान भाग लेकर मिलाया हुआ त्रिजातक कहाता है ॥ ७१ ॥ तथा इसमें नागकेशर मिलानेसें चातुर्जातक कहाता है, ये दोनों रेचन हैं, रूखे हैं, तीक्ष्ण हैं, गरम हैं, और मुखकी दुर्गंधताके हरनेवाले हैं ॥ ७२ ॥ और लघु हैं, पित्त अग्निकों करनेवाले हैं, वर्णकों अच्छा करें कफ, वात, विषनाशक, हैं.

अथ कुङ्कुमम्.

कुङ्कुमं घुसृणं रक्तं काश्मीरं पीतकं वरम् ॥ ७३ ॥

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

सङ्कोचं पिशुनं धीरं बाह्लीकं शोणिताभिधम् ।
काश्मीरदेशजे क्षेत्रे कुङ्कुमं यद्भवेद्धि तत् ॥ ७४ ॥
सूक्ष्मकेशरमारक्तं पद्मगन्धं तदुत्तमम् ।
बाह्लीकदेशसंजातं कुंकुमं पाण्डुरं मतम् ॥ ७५ ॥
केतकीगन्धयुक्तं तन्मध्यमं सूक्ष्मकेशरम् ।
कुङ्कुमं पारसीके यत् मधुगन्धि तदीरितम् ॥ ७६ ॥
इषत्पाण्डुरवर्णं तदधमं स्थूलकेशरम् ।
कुङ्कुमं कटुकं स्निग्धं शिरोरुग् व्रणजन्तुजित् ॥ ७७ ॥
तिक्तं वमिहरं वर्ण्यं व्यङ्गदोषत्रयापहम् ।

टीका—कुंकुम १, घुसृण २, रक्त ३, काश्मीर ४, पीतक ५ ॥ ७३ ॥ संकोच ६, पिशुन ७, धीर ८, बाह्लीक ९, शोणिताभिध १० ये केशरके दस नाम हैं ॥ ७४ ॥ जो केशर काश्मीरदेशमें उत्पन्न होता है वो सूक्ष्म रक्तवर्ण पद्मके सदृश गंधवाला उत्तम होता है बाह्लीकदेश अर्थात् बलखदेशमें जो केशर होता है ॥७५॥ वो केवडेके सदृश गंधवाला सूक्ष्म होता है, मध्यम है. जो केशर पारस देशमें होता है उसकों मधुगंधि कहते हैं ॥ ७६ ॥ वो कुछ सफेदवर्ण और मोटा होता है, वोभी मध्यम है, ये कडवा है, चिकना है, और शिरके रोग, और घाव, कृमि, इनकों हरनेवाला है ॥७७॥ और तिक्त है, वमनका नाशक, रंगका कारक, और झांई तथा तीनों दोष इनकाभी हरनेवाला है ॥ ७८ ॥

अथ गोरोचननामगुणाः.

गोरोचना तु मङ्गल्या वन्द्या गौरी च रोचना ॥ ७८ ॥
गोरोचना हिमा तिक्ता वश्या मङ्गलकान्तिदा ।
विषाऽलक्ष्मीग्रहोन्मादगर्भस्रावक्षतास्रहृत् ॥ ७९ ॥

टीका—गोरोचना १, मंगल्या २, वन्द्या ३, गोरी ४, रोचना ५, ये गोरोचनके नाम हैं ॥ ७८ ॥ ये शीतल है, तिक्त है, वशकरनेवाली है, मंगल तथा कांतिकारक है और विष, अलक्ष्मी, ग्रह, उन्माद, गर्भस्राव, तथा क्षत, इनकों दूर करनेवाली है ॥ ७९ ॥

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

अथ नखनखीनामगुणाः.

नखं व्याघ्रनखं व्याघ्रायुधं तच्चक्रकारकम् ।
नखं स्वल्पं नखी प्रोक्ता हनुर्हट्टविलासिनी ॥ ८० ॥
नखद्रव्यग्रहश्लेष्मवातास्रज्वरकुष्ठहृत् ।
लघूष्णं शुक्रलं वर्ण्यं स्वादु व्रणविषापहम् ॥ ८१ ॥
अलक्ष्मीमुखदौर्गन्ध्यहृत्पाकरसयोः कटुः ।

टीका—नख १, व्याघ्रनख २, व्याघ्रायुध ३, चक्रकारक ४, छोटे नखकों नखी और हनुर्हट्टविलासिनीभी कहते हैं ॥ ८० ॥ नख द्रव्यग्रहनाशक है, कफ, वात, रक्त, ज्वर, कुष्ठ, इनका हरनेवाला है, और हलका है, शुक्रकों पैदा करता है, वर्णकारक है, मधुर है, घाव, विष, इनका जीतनेवाला है ॥ ८१ ॥ और अलक्ष्मी, मुखकी दुर्गन्धनाशक है, और ये पाकमें और रसमें कडवा होता है.

अथ सुगंधवालानामगुणाः.

बालं ह्रीबेरबर्हिष्ठोदीच्यं केशाम्बुनाम च ॥ ८२ ॥
बालकं शीतलं रूक्षं लघु दीपनपाचनम् ।
हृल्लासारुचिवीसर्पहृद्रोगामातिसारजित् ॥ ८३ ॥

टीका—बाल, ह्रीबेर, बर्हिष्ठ, उदीच्य, केश, अम्बुनाम, ये सुगंधवालाके नाम हैं ॥ ८२ ॥ ये शीतल, रूखा, दीपन, हलका, और पाचन है और जीमिचलानेकों अरुचि, अरु विसर्प, तथा हृदयरोग, आमातिसार, इनकों हरनेवाला है ८३

अथ वीरणनामगुणाः.

स्याद्वीरणं वीरतरुर्वीरं च बहुमूलकम् ।
वीरणं पाचनं शीतं वान्तिहृल्लघुतिक्तकम् ॥ ८४ ॥
स्तम्भनं ज्वरनुद्वान्तिमदजित्कफपित्तहृत् ।
तृष्णास्रविषवीसर्पकृच्छ्रदाहव्रणापहम् ॥ ८५ ॥

टीका—जिस औषधिकी जड खश होती है, उस्कों वीरण कहते हैं. वीरण १, वीरतरु २, वीर ३, बहुमूलक, ये वीरणके पांच नाम हैं. ये पाचन, शीतल, वमनका हरनेवाला, और हलका, तिक्त है ॥ ८४ ॥ और स्तम्भन है, ज्वर, भ्रांति,

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

मद, इनकाभी हरनेवाला है, कफ, पित्त, तृषा, रक्त, विष, विसर्प, मूत्रकृच्छ्र, दाह, और घाव, इनकों हरनेवाला है ॥ ८५ ॥

अथ खशनामगुणाः.

वीरणस्य तु मूलं स्यादुशीरं नलदं च तत् ।
अमृणालं च सेव्यं च समगन्धिकमित्यपि ॥ ८६ ॥
उशीरं पाचनं शीतं स्तम्भनं लघु तिक्तकम् ।
मधुरं ज्वरहृद्वांतिमदनुत् कफपित्तहृत् ॥ ८७ ॥
तृष्णास्रविषवीसर्पदाहकृच्छ्रव्रणापहम् ।

टीका—नलद १, उशीर २, अमृणाल ३, सेव्य ४, सुगंधिक ५, ये खशके पांच नाम हैं ॥ ८६ ॥ ये पाचन, शीतल, स्तंभन, और हलका, तिक्त, मधुर है; ज्वर, वमन, मद, इनकों हरनेवाला है, और कफ, पित्तका हरनेवाला है ॥ ८७ ॥ तथा तृषा, रक्त, विष, विसर्प, दाह, मूत्रकृच्छ्र, और घावोंकाभी नाश करनेवाला है.

अथ जटामांसीनामगुणाः.

जटामांसी भूतजटा जटिला च तपस्विनी ॥ ८८ ॥
मांसी तिक्ता कषाया च मेध्या कान्तिबलप्रदा ।
स्वाद्वी हिमा त्रिदोषास्रदाहवीसर्पकुष्ठनुत् ॥ ८९ ॥

टीका—जटामांसी १, भूतजटा २, जटिला ३, तपस्विनी ४, ये जटामांसीके ५, नाम हैं ॥ ८८ ॥ ये तिक्त, कसेली, पवित्र, कान्ति और बलकों बढानेवाली है, मधुर और शीतल है, त्रिदोष, रक्त, दाह, विसर्प, और कुष्ठ इनकों जीतनेवाली है ॥ ८९ ॥

शैलेय(भूरछरील)नामगुणाः.

शैलेयं तु शिलापुष्पं वृद्धं कालानुसार्यकम् ।
शैलेयं शीतलं हृद्यं कफपित्तहरं लघु ॥ ९० ॥
कण्डूकुष्ठाश्मरीदाहविषहृद्धृदरक्तहृत् ।

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

टीका—शैलेय १, शिलापुष्प २, वृद्ध ३, कालानुसार्यक ४, ये भूरछरीलके नाम हैं. ये शीतल, हृदयका प्रिय करनेवाला, कफपित्तका हरनेवाला है ॥९०॥ और खुजली, कुष्ठ, पथरी, दाह, तथा विष, इनका हरनेवाला है, और गुदाके रक्तका हारक है इसकों लौकिकमें वालछड बोलते हैं.

अथ मुस्ता(नागरमोथा)नामगुणाः.

मुस्तकं च स्त्रियां मुस्तं त्रिषु वारिदनामकम् ॥ ९१ ॥
कुरुविन्द असंख्यातोऽपरः क्रोडकसेरुकः ।
भद्रमुस्तं च गुन्द्रा च तथा नागरमुस्तकः ॥ ९२ ॥
मुस्तं कटु हिमं ग्राहि तिक्तं दीपनपाचनम् ।
कषायं कफपित्तास्रतृट्ज्वरारुचिजन्तुहृत् ॥ ९३ ॥
अनूपदेशे यज्जातं मुस्तकं तत् प्रशस्यते ।
तत्रापि मुनिभिः प्रोक्तं वरं नागरमुस्तकम् ॥ ९४ ॥

टीका—मुस्तक १, मुस्त २, वारिद ३, ॥ ९१ ॥ कुरुविंद ४, संख्यात ५, क्रोड ६, कसेरुक ७, भद्रमुस्त ८, गुन्द्रा ९, नागरमुस्तक १०, ये नागरमोथाके नाम हैं ॥ ९२ ॥ ये कडवा और शीतल है, दस्तोंकों रोकनेवाला है, तिक्त और दीपन है, पाचन है कसेला है, कफ, रक्त, पित्त, तृषा, ज्वर, अरुचि, और कृमि इनका हरनेवाला है ॥ ९३ ॥ और अनूप देशका उत्पन्न भया नागरमोथा उत्तम कहा है ये मुनियोंनें इस्मेंभी नागरमोथा श्रेष्ठ कहा है ॥ ९४ ॥

अथ कर्चूरनामगुणाः.

कर्चूरो वेधमुखश्च द्राविडः कल्पकः शटी ।
कर्चूरो दीपनो रुच्यः कटुकस्तिक्त एव च ॥ ९५ ॥
सुगंधिः कटुपाकः स्यात् कुष्ठार्शोव्रणकासनुत् ।
उष्णो लघुर्हरेच्छ्वासं गुल्मवातकफकृमीन् ॥ ९६ ॥

टीका—कचूर १, वेदमुख्य २, द्राविड ३, कल्पक ४, शटी ५, ये कचूरके नाम हैं; ये दीपन, है रुचिकारक, कडवा, और तिक्त है ॥ ९५ ॥ सुगंधियुक्त और पाकमें कटु होता है, तथा कुष्ठ, ववासीर, घाव, और कास, इनकाभी हारक

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

है, और गरम, हलका, तथा श्वास, वायगोला, वात, कफ, और कृमि, इनकोंभी हरनेवाला है ॥ ९६ ॥

अथ एकागीनामगुणाः.

मुरा गन्धकटी दैत्या सुरभिः शालपर्णिका ।
मुरा तिक्ता हिमा स्वाद्वी लघ्वी पित्तानिलापहा ॥ ९७ ॥
ज्वरासृग्भूतरक्षोघ्नी कुष्ठकासविनाशिनी ।

टीका—मुरा १, गन्धकटी २, दैत्या ३, सुरभि ४, शालपर्णिका ५, ये एकागीके नाम हैं. ये तिक्त है, और शीतल, मधुर, हलकी, तथा पित्तवातकों नाश करनेवाली है ॥ ९७ ॥ और ज्वर, रक्त, भूत, राक्षस, तथा कुष्ठ, कास, इनकी नाश करनेवाली है, ये इसलोकमें मरोडफली नामसें विख्यात है.

अथ गन्धपलाशीनामगुणाः.

शठी पलाशी षड्ग्रन्था सुव्रता गन्धमूलिका ॥ ९८ ॥
गन्धारिका गन्धवधूर्वधूः पृथुपलाशिका ।
भवेद्गंधपलाशी तु कषाया ग्राहिणी लघुः ॥ ९९ ॥
तिक्ता तीक्ष्णा च कटुका उष्णास्यमलनाशिनी ।
शोथकासव्रणश्वासशूलहिध्मग्रहापहा ॥ १०० ॥

टीका—ये सुगन्धद्रव्य काश्मीरदेशमें प्रसिद्ध है. और ये कचूरके किस्मसें होती है. शठी १, पलाशी २, षड्ग्रंथा ३, सुव्रता ४, गंधमूलिका ५ ॥ ९८ ॥ गन्धारिका ६, गन्धवधू ७, पृथुपलाशिका ८, ये गन्धपलाशीके नाम हैं; ये कसैली होती है, और दस्तकों रोकती है, और हलकी है ॥ ९९ ॥ और तीखी, कडवी, उष्ण होती है, मुखके मलकों हरनेवाली है, सूजन, कास, घाव, श्वास, शूल, हिध्म, ग्रह, इनकी हारक है ॥ १०० ॥

अथ प्रियङ्गुगन्धप्रियङ्गुनामगुणाः.

प्रियङ्गुः फलिनी कान्ता लता च महिलाह्वया ।
गुन्द्रा गुन्द्रफला श्यामा विष्वक्सेनाङ्गनाप्रिया ॥ १०१ ॥

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

प्रियङ्गुः शीतला तिक्ता तुवरानिलपित्तहृत् ।
रक्तातियोगदौर्गन्ध्यस्वेददाहज्वरापहा ॥ १०२ ॥
गुल्मतृड्विषमोहघ्नी तद्वद्गन्धप्रियङ्गुका ।
तत्फलं मधुरं रूक्षं कषायं शीतलं गुरु ॥ १०३ ॥
विबन्धाध्मानबलकृत् संग्राही कफपित्तजित् ।

टीका—प्रियंगु, फलनी, कान्ता, लता, महिलाह्वया, गुन्द्रा, गुन्द्रफला, श्यामा, विष्वक्सेना, अंगनाप्रिया, ये प्रियंगुके नाम हैं ॥ १०१ ॥ ये शीतल, तिक्त, कसेला, वातपित्तका हरनेवाला, और रक्तका अतियोग है, दुर्गंधता, पसीना, दाह, ज्वर, इनका हरनेवाला है ॥ १०२ ॥ तथा वायगोला, तृषा, विष, इनकाभी हारक है, और इसीके समानगन्ध प्रियंगुभी है, उसका फल मधुर, रूखा, कसेला, और शीतल, होता है, और भारी होता है ॥ १०३ ॥ विबंध, अफरा, और बल इनकों करनेवाला है, तथा मलका अवरोध करनेवाला है, कफपित्तका हरनेवाला है.

अथ रेणुकामरिचसदृशा.

रेणुका राजपुत्री च नन्दिनी कपिला द्विजा ॥ १०४ ॥
भस्मगन्धा पाण्डुपुत्री स्मृता कौन्ती हरेणुका ।
रेणुका कटुका पाके तिक्ता चोष्णा कटुर्लघुः ॥ १०५ ॥
पित्तला दीपनी मेध्या पाचनी गर्भपातिनी ।
बलासवातकृच्चैव तृट्कण्डूविषदाहनुत् ॥ १०६ ॥

टीका—ये मिरचके सदृश सुगंधद्रव्य होता है, रेणुका १, राजपुत्री २, नन्दनी ३, कपिला ४, द्विजा ॥ १०४ ॥ भस्मगंधा ५, पाण्डुपुत्री ६, कौन्ती ७, हरेणुका ८, ये रेणुकाके नाम हैं. ये पाकमें कडवी, तिक्त, गरम, कटु, हलकी, ॥ १०५ ॥ और पित्तकों करनेवाली, दीपन, बुद्धिकों बढानेवाली, पाचन, गर्भिकों गिरानेवाली है, कफवातकारक तथा तृषा, खुजली, विष, दाह, इनकी हारक है ॥ १०६ ॥

अथ ग्रंथिपर्ण(ठिवन)नामगुणाः.

ग्रन्थिपर्णं ग्रन्थिकं च काकपुच्छं च गुच्छकम् ।

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

नीलपुष्पं सुगन्धं च कथितं तैलपर्णकम् ॥ १०७ ॥
ग्रन्थिपर्णं तिक्ततीक्ष्णं कटूष्णं दीपनं लघुः ।
कफवातविषश्वासकण्डूदौर्गन्ध्यनाशनम् ॥ १०८ ॥

टीका—ग्रन्थिपर्ण १, ग्रन्थिक २, काकपुच्छ ३, गुच्छक ४, नीलपुष्प ५, सुगन्ध ६, तैलपर्णक ७, ये भटोराके नाम हैं ॥ १०७ ॥ ये तिक्त, तीक्ष्ण, कटु, और गरम, दीपन, लघु, है. और कफ, वात, विष, श्वास, कण्डू, तथा दुर्गन्धि, इनका हरनेवाला है ॥ १०८ ॥

अथ ग्रन्थिपर्णस्यैव भेद ईषत्सुगन्धः स्थौणेयं (थनेर)इति लोके प्रसिद्धं तद्गुणाः.

स्थौणेयकं बार्हिषं च शुक्रबर्हं च कुक्कुरम् ।
शीर्षरोम शुकं चापि शुष्कपुष्पं शुकच्छदम् ॥ १०९ ॥
स्थौणेयकं कटु स्वादु तिक्तं स्निग्धं त्रिदोषनुत् ।
मेधाशुक्रकरं रुच्यं रक्षोघ्नं ज्वरजन्तुजित् ॥ ११० ॥
हन्ति कुष्ठास्रतृड्दाहदौर्गन्ध्यातिलकालकान् ।

टीका—भटोराहीके भेद कुछ सुगंधवाला स्थौणेय अर्थात् थनेर नामसें प्रसिद्ध है. थौणेयिक १, बर्हिष २, शुक्रबर्ह ३, कुक्कुर ४, शीर्षरोम ५, शुक ६, शुष्कपुष्प ७, शुकच्छद ८, ये नाम हैं ॥ १०९ ॥ ये कडवा, मधुर, तिक्त, स्निग्ध, त्रिदोषहारक, और बुद्धि, शुक्र इनका पैदा करनेवाला है, रुचिकारक, राक्षसोंका नाशक, और ज्वर, तथा कृमि, इनकोंभी जीतनेवाला है ॥ ११० ॥ और कुष्ठ, रक्त, तृषा, दाह, दुर्गंधता, तथा तिलकालक, इनकाभी हरनेवाला है, इस देशमें इसकों करोंदा कहते हैं.

अथ ग्रन्थिपर्णस्यैव भेदः(भटेउर)इति नैपालदेशे भवति तद्गुणाः.

निशाचरो धनहरो कितवो गणहालकः ॥ १११ ॥
रोचको मधुरस्तिक्तः कटुपाके कटुर्लघुः ।

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

तीक्ष्णो हृद्यो हिमो हन्ति कुष्ठकण्डूकफानिलान् ॥ ११२ ॥
रक्षःश्रीस्वेदमेदोस्रज्वरागन्धविषव्रणान् ।

टीका—करोंदेकी किस्मसें भटेहुर एक द्रव्य नेपालदेशमें उत्पन्न होता है उसकेनाम ये हैं. निशाचर १, धनहर, कितव, गणहालक ये भटेउरके नाम हैं ॥ १११ ॥ ये रुचिके करनेवाला होता है, मधुर, और तिक्त, तथा पाकमें कडवा, हलका है, और तीक्ष्ण है, हृदयकों प्रिय है, और शीतल होता है, तथा कुष्ठ, कण्डू, कफ, और वात, इनकों हरनेवाला है ॥ ११२ ॥ और राक्षस, कांति, पसीना, मेद, रक्तज्वर, गंध, विष, व्रण, इनकाभी हरनेवाला है.

अथ तालीसपत्रनामगुणाः.

तालीसमुक्तं पत्राढ्यं धातृपत्रं च तत्स्मृतम् ॥ ११३ ॥
तालीसं लघुतीक्ष्णोष्णं श्वासकासकफानिलान् ।
निहन्त्यरुचिगुल्मादिवह्निमान्द्यक्षयामयान् ॥ ११४ ॥

टीका—तालीस, पत्राढ्य, धात्रीपत्र ये नाम हैं ॥ ११३ ॥ ये हलका, तीखा, गरम, है. श्वास, कास, वात, इनकों हरनेवाला है; अरुचि, गुल्म, अग्निमांद्य, और क्षयरोग, इनकोंभी जीतनेवाला है ॥ ११४ ॥

अथ कंकोलनामगुणाः.

कङ्कोलं कोलकं तथा कोशफलं स्मृतम् ।
कङ्कोलं लघु तीक्ष्णोष्णं तिक्तं हृद्यं रुचिप्रदम् ॥ ११५ ॥
आस्यदौर्गन्ध्यहृद्रोगकफवातामयान्ध्यहृत् ।

टीका—कंकोल, कोलक कोशफल, ये नाम हैं. कंकोल हलका और तीखा, गरम, तथा तिक्त, हृदयका प्रिय, और रुचिकों देनेवाला है ॥ ११५ ॥ मुखकी दुर्गंधता तथा हृदयरोग, कफ, वात, और आध्मान इनकों हरनेवाला है. इसकों सीतलचीनीभी कहते हैं.

अथ गन्धकोकिलानामगुणाः.

स्निग्धोष्णा कफहृत्तिक्ता सुगन्धा गंधकोकिला ॥ ११६ ॥
गन्धकोकिलया तुल्या विज्ञेया गन्धमालती ।

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

टीका—गन्धकोकिला गन्धमालतीकों कहते हैं. ये चमेलीकीतरह सुगंधयुक्त होती है ॥ ११६ ॥ और स्निग्ध, गरम, कफकों दूर करनेवाली तथा तिक्त सुगन्ध इसप्रकार गंधकोकिला होती है और इसीके सदृश गंधमालतीभी जानना.

अथ लामज्जकमुशीरवत्पीतच्छवि तृणविशेषः.

लामज्जकं सुतालं स्यादमृणालं लयं लघुः ॥ ११७ ॥
इष्टकापथकं सेव्यं नलदं चावदातकम् ।
लामज्जकं हिमं तिक्तं लघु दोषामयास्रजित् ॥ ११८ ॥
त्वगामयस्वेदकृच्छ्रदाहपित्तास्ररोगनुत् ।

टीका—लामज्जकनामकी खशके सदृश पीली घास होती है. लामज्जक १, सुनाल २, अमृणाल ३, लयलघु ४, ये लामज्जकके नाम हैं ॥ ११७ ॥ और इष्टकापथक, सेव्य, नलद, अवदातक, येभी इसीके नाम हैं, ये शीतल, तिक्त, हलकी, होती है त्रिदोषकी हरनेवाली है ॥ ११८ ॥ और त्वचाके रोग, पसीना, मूत्रकृच्छ्र, तथा दाह, और रक्तपित्त, इनकीभी हरनेवाली है.

अथ एलवालुकं कङ्कोलसदृशं कुष्ठगन्धि तद्गुणाः.

एलवालुकमैलेयं सुगन्धि हरिवालुकम् ॥ ११९ ॥
एलवालुकमेलालुकपित्थं पत्रमीरितम् ।
एल्वालु कटुकं पाके कषायं शीतलं लघु ॥ १२० ॥
हन्ति कण्डूव्रणच्छर्दितृट्कासारुचिहृद्रुजः ।
बलासविषपित्तास्रकुष्ठमूत्रगदकृमीन् ॥ १२१ ॥

टीका—एलवालुकनाम शीतल चीनीकेसदृश कूटके गन्धयुक्त होता है. इसकों वालुककडीभी कहते हैं. एलवालुक १, ऐलेय २, सुगन्धि ३, हरिवालुक ४, ॥११९॥ एलवालुक एलालु कथितपत्र ये एलुवालकके नाम हैं. ये कडवा और पाकमें कसेला होता है, शीतल, हलका, होता है ॥ १२० ॥ और खुजली, घाव, वमन, तृषा, कास, और अरुचि इनका हरनेवाला है, और पीडा, कफ, विष, पित्त, रक्त, कुष्ठ, मूत्ररोग, तथा कृमि इनका हरनेवाला है ॥ १२१ ॥

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

अथ जलमोथानामगुणाः.

(गुडतजी इति च इयं तु वितुन्नकनाम्नो वृक्षस्य त्वक् मुस्ताकृतिः)

कुटन्नटं दासपुरं वालेयं परिपेलवम् ।
प्लवगोपुरगोनर्दकैवर्तीमुस्तकानि च ॥ १२२ ॥
मुस्तावत्पेलवं पुष्टं शुक्राभं स्याद्वितुन्नकम् ।
वितुन्नकं हिमं तिक्तं कषायं कटु कान्तिदम् ॥ १२३ ॥
कफपित्तास्रवीसर्पकुष्ठकण्डूविषप्रणुत् ।

टीका—कुटन्नट, दासपुर, वालेय, परिवेलव, प्लव, गोपुर, गोनर्द, कैवर्ती, मुस्तक ॥ १२२ ॥ मोथाके सदृश पेलव, पुष्ट, शक्राभ, वितुन्नक, ये जलमोथांके नाम हैं. ये शीतल, तिक्त, कसेला, तथा कडवा है, और कान्तिकों देनेवाला है ॥ १२३ ॥ और कफ, रक्त, विसर्प, कुष्ठ, खुजली, तथा विष, इनकाभी नाशक है.

अथ स्पृक्कासुगंधद्रव्यनामगुणाः.

स्पृक्कास्टक् ब्राह्मणी देवी मरुन्माला लता लघुः ॥ १२४ ॥
समुद्रान्ता वधूः कोटिवर्षालङ्कोपिकेत्यपि ।
स्पृक्का स्वाद्वी हिमा वृष्या तिक्ता निखिलदोषनुत् ॥१२५॥
कुष्ठकण्डूविषस्वेददाहास्रज्वररक्तहृत् ।

टीका—स्पृक्कानामका एक सुगंधद्रव्य शाकविशेष है, इसकों पिंडितशाक कहते हैं. स्पृक्का, असृक्, ब्राह्मणी, देवी, मरुन्माला, लता ॥ १२४ ॥ समुद्रान्ता, वधू, कोटिवर्षा, लंकोपिका, ये स्पृक्काके नाम हैं. स्वरकों मधुर, शीतल, धातुनकों बढाने-वाला है, तिक्त है, संपूर्ण दोषोंका हरनेवाला है ॥१२५॥ और कुष्ठ, खुजली, विष, पसीना, दाह, रक्तज्वर, तथा रक्त इनकाभी हरनेवाला है.

अथ पर्पटी(पद्मावती)नामगुणाः.

पर्पटा रञ्जना कृष्णा जतुक्का जननी जनी ॥ १२६ ॥
जतु कृष्णाग्निसंस्पर्शा जतुकृच्चक्रवर्तिनी ।
पर्पटी तुवरा तिक्ता शिशिरा वर्णकृल्लघुः ॥ १२७ ॥

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

विषव्रणहरी कण्डूकफपित्तास्रकुष्ठनुत् ।

टीका—पर्पटी जो है सो पद्मावतीनामसें उत्तरदेशमें प्रसिद्ध है, और मालवेमें इसकों चकवत कहते हैं. पर्पटी, रंजना, कृष्णा, जतुका, जननी, जनी ॥ १२६ ॥ जतु, कृष्णा, अग्निसंस्पर्शा, जतुकृत्, चक्रवर्तिनी, पापडी कसेली है, तिक्त और शीतल है, रंगकों अच्छा करनेवाली, और हलकी है ॥ १२७ ॥ और विष तथा घावोंकी हरनेवाली तथा खुजली, कफ, रक्तपित्त, कुष्ठ, इनकोंभी जीतनेवाली है.

अथ नलिका(यवारी)नामगुणाः.

नलिका विद्रुमलता कपोतचरणा नटी ॥ १२८ ॥
धमन्यञ्जनकेशी च निर्मध्या सुषिरा नली ।
नलिका शीतला लघ्वी चक्षुष्या कफपित्तहृत् ॥ १२९ ॥
कृच्छ्राश्मवाततृष्णास्रकुष्ठकण्डूज्वरापहा ।

टीका—ये नलिकानामसें उत्तरदेशमें प्रसिद्ध है. खरि पारेके सदृश है और यवरीनामसें प्रसिद्ध है. नलिका, विद्रुमलता, कपोतचरणा, नटी, ॥ १२८ ॥ धमनी, अंजनकेशी, निर्मध्या, सुषिरा, नली, ये नलीके नाम हैं. ये शीतल, हलकी, नेत्रके हितकारक, कफपित्तहारक, ॥ १२९ ॥ तथा मूत्रकृच्छ्र, पथरी, वात, तृषा, रक्तकुष्ठ, खुजली, ज्वर, इनकी हरनेवाली है.

अथ प्रपौण्डरीक(पुण्डेरी)नामगुणाः.

प्रपौण्डरीकं पौण्डर्यं चक्षुष्यं पौण्डरीयकम् ॥ १३० ॥
पौण्डर्यं मधुरं तिक्तं कषायं शुक्रलं हिमम् ।
चक्षुष्यं मधुरं पाके वर्ण्यं पित्तकफप्रणुत् ॥ १३१ ॥
इति भावमिश्रविरचिते हरीतक्यादिनिघंटे कर्पूरादि-
वर्गः समाप्तः ॥ २ ॥

टीका—प्रपौंडरीक ये सुगंधिद्रव्य है और पुंडेरीनामसें प्रसिद्ध है. प्रपौंडरीक १, पौंडर्य २, चक्षुष्य ३, पौंडरीयक ४, यह पुंडरीके नाम हैं. ॥ १३० ॥ ये मधुर, तिक्त, कसेली, शुक्रकों पैदा करनेवाली, और शीतल है, नेत्रोंकों हितकारक पाकमें मधुर, वर्णकों श्रेष्ठ करनेवाली है तथा पित्त कफकी नाशक है ॥ १३१ ॥

इति हरीतक्यादिनिघंटे बालबोधनीटीकायां कर्पूरादिवर्गः समाप्तः ॥ २ ॥

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

श्रीः ।

हरीतक्यादिनिघंटे

गुडूच्यादिवर्गः ।

अथ गुडूच्या उत्पत्तिर्नामानि गुणाश्च.

अथ लंकेश्वरो मानी रावणो राक्षसाधिपः ।
रामपत्नीं बलात्सीतां जहार मदनातुरः ॥ १ ॥
ततस्तं बलवान् रामो रिपुं जायापहारिणम् ।
ततो वानरसैन्येन जघान रणमूर्धनि ॥ २ ॥

टीका—अथ गुडूची अर्थात् गिलोयकी उत्पत्ति लिखते हैं. अभिमानी राक्षसोंका राजा लंकेश्वर रावण कामातुर होके श्रीरामचंद्रकी पत्नी सीताकों बलकरके हर ले गया ॥ १ ॥ फिर बलवान श्रीरामचंद्रनें अपनी पत्नीके चुरानेवाले शत्रूकों वानरोंकी सेना संग ले रणमें मारा ॥ २ ॥

हते तस्मिन् सुरारातौ रावणे बलगर्विते ।
देवराजः सहस्राक्षः परितुष्टोऽतिराघवे ॥ ३ ॥
तत्र ये वानराः केचिद्राक्षसैर्निहता रणे ।
तानिन्द्रो जीवयामास संसिच्यामृतवृष्टिभिः ॥ ४ ॥
ततो येषु प्रदेशेषु कपिगात्रात् परिच्युताः ।
पीयूषबिन्दवः पेतुस्तेभ्यो जाता गुडूचिका ॥ ५ ॥

टीका—बलकरिके गर्वित देवताओंके शत्रु रावणके मरनेसें देवताओंका राजा इन्द्र श्रीरामचंद्रपर बहुत प्रसन्न हुआ ॥ ३ ॥ उस रणमें राक्षसोंके हाथसें मारेगये जो वानर तिनकों इन्द्रनें अमृतकी वर्षाकर सींच जिवादिया ॥ ४ ॥ जिसदेशमें वानरोंके शरीरोंसें अमृतकी बूंद गिरी उससें गुडूची अर्थात् गिलोय पैदा हुई ॥ ५ ॥

गुडूची मधुपर्णी स्यादमृतामृतवल्लरी ।

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

छिन्ना छिन्नरुहा छिन्नोद्भवा वत्सादनीतिच ॥ ६ ॥
जीवन्ती तन्त्रिका सोमा सोमवल्ली च कुण्डली ।
चक्रलक्षणिका धीरा विशल्या च रसायनी ॥ ७ ॥
चन्द्रहासी वयस्था च मण्डली देवनिर्मिता ।
गुडूची कटुका तिक्ता स्वादुपाका रसायनी ॥ ८ ॥
संग्राहिणी कषायोष्णा लघ्वी बल्याग्निदीपनी ।
दोषत्रयामतृड्दाहमेहकासांश्च पाण्डुताम् ॥ ९ ॥
कामलाकुष्ठवातास्रज्वरक्रमिवमीन् हरेत् ।
प्रमेहश्वासकासार्शःकृच्छ्रहृद्रोगवातनुत् ॥ १० ॥

टीका—अब गिलोयके नाम लिखते हैं. गुडूची १, मधुपर्णी २, अमृता ३, अमृतवल्लरी ४, छिन्ना ५, छिन्नरुहा ६, छिन्नोद्भवा ७, मत्स्यादनी ८ ॥ ६ ॥ जीवंती ९, तन्त्रिका १०, सोमा ११, सोमवल्ली १२, कुंडली १३, चक्रलक्षणिका १४, धीरा १५, विशल्या १६, रसायनी १७ ॥ ७ ॥ चन्द्रहासी १८, वयस्था १९, मण्डली २०, देवनिर्मिता २१, ये गिलोयके नाम हैं. ये कडवी, तिक्त, पाकमें मधुर, रसायनी है ॥ ८ ॥ संग्राहिणी, तथा कसेली, गरम, और हलकी होती है. बलकों करनेवाली, अग्निकों दीपन करनेवाली, और त्रिदोष, आम, तृषा, दाह, प्रमेह, कास, पाण्डु ॥ ९ ॥ कामला, कुष्ठ, वात, रक्त, ज्वर, कृमि, वमन, इनकों हरनेवाली है. और प्रमेह, श्वास, कास, ववासीर, मूत्रकृच्छ्र, हृदयरोग, वातरोग, इनकोंभी हरनेवाली है ॥ १० ॥

अथ पाननामगुणाः.

ताम्बूलवल्ली ताम्बूली नागनी नागवल्लरी ।
ताम्बूलं विशदं रुच्यं तीक्ष्णोष्णं तुवरं सरम् ॥ ११ ॥
वश्यं तिक्तं कटु क्षारं रक्तपित्तकरं लघु ।
बल्यं श्लेष्मास्यदौर्गन्ध्यमलवातश्रमापहम् ॥ १२ ॥

टीका—ताम्बूलवल्ली १, ताम्बूली २, नागिनी ३, नागवल्लरी ४, ये पानके नाम हैं. ताम्बूल विशद, रुचिकों करनेवाला, तीक्ष्ण, और गरम, कसेला और

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

सर ऐसा है ॥ ११ ॥ वशीकरण है, तिक्त, कटु, क्षार, तथा रक्तपित्तका करनेवाला, और हलका, बलकों बढानेवाला तथा कफ और मुखकी दुर्गंधिता, मल, वात, और श्रम, इनका हरनेवाला है ॥ १२ ॥

अथ(बल)नामगुणाः.

बिल्वः शाण्डिल्यशैलूषौ मालूरश्रीफलावपि ।
श्रीफलस्तुवरस्तिक्तो ग्राही रूक्षोऽग्निपित्तकृत् ॥ १३ ॥
वातश्लेष्महरो बल्यो लघुरुष्णश्च पाचनः ।

टीका—बिल्व १, शांडिल्य २, शैलूष ३, मालूर ४, श्रीफल ५, ये बेलके नाम हैं. ये कसेला और तिक्त ग्राही, और रूखा है. अग्नि तथा पित्तकों बढानेवाला है ॥ १३ ॥ वातकफोंका हरनेवाला, बलका करनेवाला, तथा हलका और गरम तथा पाचन है.

अथ गम्भारी(कुंभेर)नामगुणाः.

गम्भारी भद्रपर्णी च श्रीपर्णी मधुपर्णिका ॥ १४ ॥
काश्मीरी काश्मरी हीरा काश्मर्यः पितरोहिणी ।
कृष्णदन्ता मधुरसा महाकुसुमिकापि च ॥ १५ ॥
काश्मरी तुवरा तिक्ता वीर्योष्णा मधुरा गुरुः ।
दीपनी पाचनी मेध्या भेदनी भ्रमशोषजित् ॥ १६ ॥
दोषतृष्णामशूलार्शोविषदाहज्वरापहा ।
तत्फलं बृंहणं वृष्यं गुरु केश्यं रसायनम् ॥ १७ ॥
वातपित्ततृषारक्तक्षयमूत्रविबन्धनुत् ।
स्वादु पाके हिमं स्निग्धं तुवराम्लविशुद्धिकृत् ॥ १८ ॥
हन्याद्दाहतृषावातरक्तपित्तक्षतक्षयात् ।

टीका—गंभारी १, भद्रपर्णी २, श्रीपर्णी ३, मधुपर्णिका ४, ॥१४॥ काश्मीरी ५, काश्मरी ६, हीरा ७, काश्मर्या ८, पीतरोहिणी ९, कृष्णदन्ता १०, मधुरसा ११, महाकुसुमिका १२, ये कंभारी अर्थात् कुंभेरके नाम हैं ॥१५॥ ये कसेली, तिक्त, वीर्यमें

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

गरम, मधुर, और भारी है, दीपन और पाचन, कांतिकों बढानेवाली, भेदन करनेवाली, भ्रम और शोषकों जीतनेवाली है ॥ १६ ॥ दोष, तृषा, आमशूल, ववासीर, विष, दाह, और ज्वर, इनकों हरनेवाली. इसका फल पुष्ट है, वीर्यकों उत्पन्न करनेवाला, रसायन है ॥ १७ ॥ और वात, पित्त, तृषा, रक्तक्षय, मूत्रका बंद होना, इनकों हरनेवाला है, और पाकमें मधुर, शीतल, चिकना, तथा कसेला, और खट्टा होता है, शुद्धिकों करनेवाला है ॥ १८ ॥ और दाह, तृषा, वात, रक्त, पित्त, क्षत, तथा क्षयकोंभी हरनेवाला जानना.

अथ पाटली(पाण्डरीकण्ठपाण्डरी)नामगुणाः.

पाटलिः पाटला मोघा मधुदूती फलेरुहा ॥ १९ ॥
कृष्णवृन्ता कुबेराक्षी कालस्थाल्यलिवल्लभा ।
ताम्रपुष्पी च कथिता परा स्यात्पाटला सिता ॥ २० ॥
मुष्कको मोक्षको घण्टा पाटलिः काष्ठपाटला ।
(कालस्थालीत्यत्र काचस्थालीत्येके)

टीका—पाटलि १, पाटला २, मोघा ३, मधुदूती ४, फलेरुहा ५ ॥ १९ ॥ कृष्णवृंता ६, कुबेराक्षी ७, कालस्थाली ८, अलिवल्लभा ९, ताम्रपुष्पी १०, ये पाटलाके नाम कहे. और दूसरी पाटला सिता १ ॥ २० ॥ मुष्कक २, मोक्षक ३, घण्टा ४, पाटली ५, काष्ठपाटला ६, ये काष्ठपाटलाके नाम हैं.

पाटला तुवरा तिक्ता चोष्णा दोषत्रयापहा ॥ २१ ॥
अरुचिश्वासशोथास्रछर्दिहिक्कातृषाहरा ।
पुष्पं कषायं मधुरं हिमं हृद्यं कफास्रनुत् ॥ २२ ॥
पित्तातीसारहृत्कण्ठ्यं फलं हिक्कास्रपित्तहृत् ।

टीका—कालस्थाली यहांपर कोई काचस्थालीभी कहते हैं. ये कसेली, तिक्त, शीतल, तीनों दोषोंके नाश करनेवाली ॥ २१ ॥ अरुचि, श्वास, शोथ, रक्तवमन होना, तृषा, इनकी हरनेवाली है, और इसका पुष्प कसेला, और मधुर, तथा शीतल, हृदयकों हितकारी, कफ, तथा रक्तका नाशक है, पित्तातीसारकों हरनेवाला है ॥ २२ ॥ कंठकों अच्छा करनेवाला है, और उसका फल, हुचकी, तथा रक्तपित्त, और कफका नाशक है.

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

अथ अग्निमंथ(अगेंथ, गनियारी)नामगुणाः.

अग्निमन्थो जयः स स्याच्छ्रीपर्णी गणिकारिका ॥ २३ ॥
जया जयन्ती तर्कारी नादेयी वैजयन्तिका ।
अग्निमन्थः श्वयथुनुद्वीर्योष्णः कफवातहृत् ॥ २४ ॥
पाण्डुनुत् कटुकस्तिक्तस्तुवरो मधुरोऽग्निदः ।

टीका—अगेन्थकों गनियारीभी कहते हैं. अग्निमन्थ, जय, श्रीपर्णी, गणिकारका ॥ २३ ॥ जया, जयन्ती, तर्कारी, नादेयी, वैजयन्तिका, ये अरनीके नाम हैं. ये शोथकी नाशक, वीर्यमें गरम, कफवातकों दूर करनेवाली ॥ २४ ॥ पाण्डुरोगकी नाशक, और कडवी तिक्त, कसेली, मधुर, अग्निकों करनेवाली है, इसकों अरणीभी कहते हैं.

अथ स्योनाक(सोनापाठा)गुणाः.

स्योनाकः शोषणश्च स्यान्नटकट्वङ्गटुण्टुकाः ॥ २५ ॥
मण्डूकपर्णपत्रोर्णशुकनाशः कुटन्नटा ।
दीर्घवृन्तोऽरलुश्चापि पृथुशिम्बः कटंभरः ॥ २६ ॥
स्योनाको दीपनः पाके कटुकस्तुवरो हिमः ।
ग्राही तिक्तोऽनिलश्लेष्मपित्तकासप्रणाशनः ॥ २७ ॥
टुण्टुकस्य फलं बालं रूक्षं वातकफापहम् ।
हृद्यं कषायं मधुरं रोचनं लघु दीपनम् ॥ २८ ॥
गुल्मार्शःकृमिहृत्प्रौढं गुरु वातप्रकोपनम् ।

टीका—स्योनाक, शोषण, नट, कट्वंग, टुंटुक ॥ २५ ॥ मंडूकपर्ण, पत्रोर्ण, शुकनास, कुटन्नट, दीर्घवृन्त, अरलु, पृथुशिम्ब, कटम्भर, ये सोनापाठाके नाम हैं ॥ २६ ॥ ये दीपन, पाकमें कटु, और कसेला तथा शीतल है, दस्तोंकों बंद करनेवाला, तिक्त, और वात, पित्त, कफ, इनका हरनेवाला है ॥ २७ ॥ और इसका कच्चा फल रूखा है, वातकफोंका हरनेवाला, हृदयका हितकारी, कसेला, मधुर, रुचिकों करनेवाला, हलका, और दीपन है ॥ २८ ॥ वायगोला, ववासीर,

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

और कृमि, इनकाभी हरनेवाला है. और इसका पका फल भारी है, वातकों कुपित करनेवाला है. इसकों स्योनाक कहते हैं.

अथ बृहत्पञ्चमूललक्षणगुणाः.

श्रीफलः सर्वतोभद्रा पाटला गणिकारिका ॥ २९ ॥
स्योनाकः पंचभिश्चैतैः पंचमूलं महन्मतम् ।
पञ्चमूलं महत्तिक्तं कषायं कफवातनुत् ॥ ३० ॥
मधुरं श्वासकासघ्नमुष्णं लघ्वग्निदीपनम् ।

टीकाः—श्रीफल १, सर्वतोभद्र २, पाटला ३, गणिकारिका ४ ॥ २९ ॥ सोनापाठा ५, इन पांचोंसें बृहत्पंचमूल होता है. ये तिक्त, कसेला, और कफ, वातका हरनेवाला, है ॥ ३० ॥ और मधुर है, श्वास कासका नाशक, गरम, हलका, अग्निका दीपन करनेवाला है.

अथ शालिपर्णी(सरिवन)नामगुणाः.

शालिपर्णी स्थिरा सौम्या त्रिपर्णी पीवरी गुहा ॥ ३१ ॥
विदारिगन्धा दीर्घाङ्गी दीर्घपात्रांशुमत्यपि ।
शालिपर्णी गुरुच्छर्दिज्वरश्वासातिसारजित् ॥ ३१ ॥
शोषदोषत्रयहरी बृंहण्युक्ता रसायनी ।
तिक्ता विषहरी स्वादुः क्षतकासकृमिप्रणुत् ॥ ३२ ॥

टीका—शालिपर्णी, स्थिरा, सौम्या, त्रिपर्णी, पीवरी, गुहा ॥ ३१ ॥ विदारिगंधा, दीर्घाङ्गी, दीर्घपत्रा, अंशुमती, ये सरवनके नाम हैं. ये भारी है और वमन, ज्वर, श्वास, तथा अतीसारकों हरनेवाला है ॥ ३२ ॥ शोष, त्रिदोष, इनका हरनेवाला है, और धातुओंका पुष्ट करनेवाला, और रसायन तिक्त और विषका नाशक, मधुर, क्षत, कास, और कृमी, इनका हरनेवाला है. इसका नाम शालिपर्णी प्रसिद्ध है ॥ ३२ ॥

अथ पृश्निपर्णी(पिठवन)नामगुणाः.

पृश्निपर्णी पृथक्पर्णी चित्रपर्ण्यहिपर्ण्यपि ।

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

क्रोष्टुविन्ना सिंहपुच्छी कलशी धावनी गुहा ॥ ३४ ॥
पृश्निपर्णी त्रिदोषघ्नी वृष्योष्णा मधुरा सरा ।
हन्ति दाहज्वरश्वासरक्तातीसारतृड्वमीन् ॥ ३५ ॥

टीका—पृश्निपर्णी, पृथक्पर्णी चित्रपर्णी, अहिपर्णी, क्रोष्टुविन्ना, सिंहपुछी, कलशी, धावनी, गुहा ये पिठवनके नाम हैं, ॥ ३४ ॥ ये त्रिदोषकी नाशक और धातुकों पुष्ट करनेवाली, गरम, मधुर, और सर है, और दाह, ज्वर, श्वास, तथा रक्तातीसार, तृषा, और वमन, इनकों हरनेवाली है. इसकों लौकिकमें पृष्ट-पर्णी ऐसाभी कहते हैं ॥ ३५ ॥

अथ वार्ताकी(बडीकटेरी)नामगुणाः.

वार्ताकी क्षुद्रभण्टाकी महती बृहती कुली ।
हिङ्गुली राष्ट्रिका सिंही महोष्ट्री दुःप्रधर्षिणी ॥ ३६ ॥
बृहती ग्राहिणी हृद्या पाचनी कफवातहृत् ।
कटुतिक्तास्यवैरस्यमलारोचकनाशिनी ॥ ३७ ॥
उष्णकुष्ठज्वरश्वासशूलकासाग्निमान्द्यजित् ।

टीका—वार्ताकी, क्षुद्रभण्टाकी, महती, बृहती, कुली, हिंगुली, राष्ट्रिका, सिंही, महोष्ट्री, दुःप्रधर्षिणी ॥ ३६ ॥ ये बडीकटेलीके नाम हैं. ये काबिज हृदयके हितकारी है, पाचन है, कफवातकी हरनेवाली है, और कडवी, तिक्त, मुखके बिगडे स्वाद, मल, अरुचि, इनकों हरनेवाली है ॥ ३७ ॥ और गरम है, कुष्ठ, ज्वर, श्वास, शूल, कास, अग्निमांद्य, इनकोंभी हरनेवाली है.

अथ कण्टकारी(भटकटैया)नामगुणाः.

कण्टकारी तु दुःस्पर्शा क्षुद्रा व्याघ्री निदिग्धिका ॥ ३८ ॥
कण्टालिका कण्टकिनी धावनी बृहती तथा ।

टीका—कंटकारी, दुःस्पर्शा, क्षुद्रा, व्याघ्री, निदिग्धिका ॥ ३८ ॥ कण्टालिका, कटिंकनी, धावनी, बृहती, ये छोटीकटेलीके नाम हैं.

उभे च बृहत्यौ । यत आह शुश्रुतः ।
क्षुद्रा या क्षुद्रभद्राख्या बृहतीति निगद्यते ॥ ३९ ॥

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

श्वेता क्षुद्रा चन्द्रहासा लक्ष्मणा क्षेत्रदूतिका ।
गर्भदा चन्द्रभा चन्द्री चन्द्रपुष्पा प्रियङ्करी ॥ ४० ॥
कण्टकारी सरा तिक्ता कटुका दीपनी लघुः ।
रूक्षोष्णा पाचनी कासश्वासज्वरकफानिलान् ॥ ४१ ॥
निहन्ति पीनसश्वासपार्श्वपीडाहृदामयान् ।

टीका—दोनों कटेली जैसें शुश्रुतनें कहा है छोटी कटेली, और बडी कटेली, इनकों बृहती कहते हैं ॥ ३९ ॥ और सफेद कटेलीकों चन्द्रहासा, लक्ष्मणा, क्षेत्रदूतिका, गर्भदा, चंद्रप्रभा, चन्द्री, चंद्रपुष्पा, प्रियङ्करी, ऐसा कहते हैं ॥ ४० ॥ कटेली सर, तिक्त, कडवी, और दीपन, तथा हलकी, रूखी, गरम, पाचन है, कास, श्वास, ज्वर, कफ, वात, इनकों जीतनेवाली है ॥ ४१ ॥ पसलीकी पीडा, हृदयरोग, इनकोंभी हरनेवाली है.

अथ बृहती(कटेली)फलगुणाः.

तयोः फलं कटु रसे पाके च कटुकं भवेत् ॥ ४२ ॥
शुक्रस्य रेचनं भेदि तिक्तं पित्ताग्निकृल्लघु ।
हन्यात्कफमरुत्कण्डूकासभेदकृमिज्वरान् ॥ ४३ ॥
तद्वत्प्रोक्ता सिताक्षुद्राविशेषाद्गर्भकारिणी ।

टीका—कटेलीका फल रसमें और पाकमेंभी कडवा है ॥ ४२ ॥ शुक्रका रेचक, भेदन करनेवाला, तिक्त, पित्त और अग्निकों करनेवाला, हलका, और कफ, वायु, खुजली, कास, मेद, कृमि, तथा ज्वर, इनका हरनेवाला है ॥ ४३ ॥ इसीप्रकार श्वेतकटेलीकेभी गुण हैं, और विशेषकरके गर्भकों करनेवाली होती है.

अथ गोक्षुर(गोखरु)नामगुणाः.

गोक्षुरः क्षुरकोऽपि स्यात् त्रिकण्टः स्वादुकण्टकः ॥ ४४ ॥
गोकण्टको गोक्षुरको वनशृङ्गाट इत्यपि ।
फलंकषा श्वदंष्ट्रा च तथा स्यादिक्षुगन्धिका ॥ ४५ ॥
गोक्षुरः शीतलः स्वादुर्बलकृद्बस्तिशोधनः ।

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

मधुरो दीपनो वृष्यः पुष्टिदश्चाश्मरीहरः ॥ ४६ ॥
प्रमेहश्वासकासार्शःकृच्छ्रहृद्रोगवातनुत् ।

टीका—गोक्षुर, क्षुरक, त्रिकटु, स्वादुकंटक ॥ ४४ ॥ गोकंटक, गोक्षुरक, वनशृंगाट, पलंकष, श्वदंष्ट्रा, इक्षुगंधिका, ये गोखरूके नाम हैं ॥ ४५ ॥ ये शीतल, मधुर, बलकों बढानेवाला, मूत्राशयकों शोधनेवाला है, मधुर, दीपन, शुक्रकों बढानेवाला, पुष्टिकारक, पथरीका हरनेवाला है ॥ ४६ ॥ प्रमेह, श्वास, कास, ववासीर, मूत्रकृच्छ्र, हृदयरोग, और वातका हारक है.

अथ लघुपंचमूललक्षणं गुणाश्च.

शालिपर्णी पृष्टपर्णी वार्ताकी कण्टकारिका ॥ ४७ ॥
गोक्षुरः पंचभिश्चैतैः कनिष्टं पञ्चमूलकम् ।
पञ्चमूलं लघु स्वादु बल्यं पित्तानिलापहम् ॥ ४८ ॥
नात्युष्णं बृंहणं ग्राहि ज्वरश्वासाश्मरीप्रणुत् ।

टीका—शालिपर्णी, पृष्टपर्णी, दोनों कटेली ॥ ४७ ॥ और गोखरू, इनपांचोकों मिलानेसें लघुपंचमूल होता है. ये हलका, मधुर, बलकों बढानेवाला, पित्त वातका हरनेवाला हैं ॥ ४८ ॥ और बहुत गरम नहीं हैं. धातुकों बढानेवाला है, काविज है, और ज्वर, श्वास, तथा पथरी, इनका हरनेवाला है.

अथ दशमूलस्य लक्षणं गुणाश्च.

उभाभ्यां पञ्चमूलाभ्यां दशमूलमुदाहृतम् ॥ ४९ ॥
दशमूलं त्रिदोषघ्नं श्वासकासशिरोरुजः ।
तन्द्राशोथज्वरानाहपार्श्वपीडाऽरुचीर्हरेत् ॥ ५० ॥

टीका—दोनों पंचमूलोंकों मिलानेसें दशमूल होता है ॥ ४९ ॥ ये त्रिदोष हरनेवाला, और श्वास, कास, शिरकी पीडा, तन्द्रा, शोथ, ज्वर, अफरा, पसलीकी पीडा, और अरुचि इनका हरनेवाला है ॥ ५० ॥

जीवन्तीनामगुणाः.

जीवन्ती जीवनी जीवा जीवनीया मधुस्रवा ।

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

मङ्गल्यनामधेया च शाकश्रेष्ठा पयस्विनी ॥ ५१ ॥
जीवन्ती शीतला स्वादुः स्निग्धा दोषत्रयापहा ।
रसायनी बलकरी चक्षुष्या ग्राहिणी लघुः ॥ ५२ ॥

टीका—जीवन्ती, जीवनी, जीवा, जीवनीया, मधुरस्रवा, मंगल्यनामधेया, शाकश्रेष्ठा, पयस्विनी, ये जीवन्तीके नाम हैं ॥ ५१ ॥ ये शीतल, मधुर, चिकनी, त्रिदोषकों हरनेवाली, रसायनी, बलकों करनेवाली, नेत्रोंका हित करनेवाली, काविज है, हलकी है ॥ ५२ ॥

अथ मुद्गपर्णी(वनमूग)नामगुणाः.

मुद्गपर्णी काकपर्णी सूर्यपर्ण्यल्पिका सहा ।
काकमुद्गा च सा प्रोक्ता तथा मार्जारगंधिका ॥ ५३ ॥
मुद्गपर्णी हिमा रूक्षा तिक्ता स्वादुश्च शुक्रला ।
चक्षुष्या क्षतशोथघ्नी ग्राहिणी ज्वरदाहनुत् ॥ ५४ ॥
दोषत्रयहरी लघ्वी ग्रहण्यर्शोऽतिसारजित् ।

टीका—मुद्गपर्णी १, काकपर्णी २, सूर्यपर्णी ३, अल्पिका ४, सहा ५, काकमुद्गा ६, मार्जारगंधिका ७, ये वनमूंगके नाम हैं ॥ ५३ ॥ ये शीतल, रूखी, तिक्त, मधुर, शुक्रकों उत्पन्नकरनेवाली, नत्रोंकों हितकारक, क्षत, शोथ, इनकी नाशकारक है, काविज है ज्वर, और दाहकी हरनेवाली, है ॥ ५४ ॥ तीनों दोषोंकों हरनेवाली, हलकी, और ग्रहणी, ववासीर, अतीसार, इनकों जीतनेवाली है.

अथ माषपर्णीनामगुणाः.

माषपर्णी सूर्यपर्णी काम्बोजी हयपुच्छिका ॥ ५५ ॥
पाण्डुलोमशपर्णी च कृष्णवृन्ता महासहा ।
माषपर्णी हिमा तिक्ता रूक्षा शुक्रबलास्रकृत् ॥ ५६ ॥
मधुरा ग्राहिणी शोथवातपित्तज्वरास्रजित् ।

टीका—माषपर्णी १, सूर्यपर्णी २, काम्बोजी ३, हयपुच्छिका ४ ॥ ५५ ॥ पाण्डु ५, लोमशपर्णी ६, कृष्णवृन्ता ७, महासहा ८, ये वनमाषपर्णीके नाम हैं. ये

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

शीतल, तिक्त, रूखी, है शुक्र और बलकों करनेवाली ॥ ५६ ॥ मधुर, काविज, और शोथ, वात, पित्तज्वर तथा रक्त, इनकों जीतनेवाली है.

अथ जीवनीयगणस्य लक्षणं गुणाश्च.

अष्टवर्गः सयष्टीको जीवन्ती मुद्गपर्णिका ॥ ५७ ॥
माषपर्णीगणोऽयं तु जीवनीयगणः स्मृतः ।
जीवनो मधुरश्चापि नाम्ना स परिकीर्तितः ॥ ५८ ॥
जीवनीयगणः प्रोक्तः शुक्रकृद् बृंहणो हिमः ।
गुरुर्गर्भप्रदः स्तन्यकफकृत् पित्तरक्तहृत् ॥ ५९ ॥
तृष्णां शोषं ज्वरं दाहं रक्तपित्तं व्यपोहति ।

टीका—अष्टवर्ग मुलहठीके साथ और जीवन्ती, वनमूग ॥ ५७ ॥ वनउडद, इसें जीवनीयगण कहते हैं. ये जीवन, और मधुर नामसेंभी कहा गया है ॥५८॥ ये शुक्रकों पैदा करनेवाला, धातुकों बढानेवाला, और शीतल, भारी, गर्भकों देनेवाला, दूध और कफकों करनेवाला, पित्तरक्तका हरनेवाला है ॥ ५९ ॥ तृषा, शोष, ज्वर, दाह, रक्तपित्त, इनका नाशक है.

अथ शुक्लरक्तैरण्डनामगुणाः.

शुक्लएरण्ड आमण्डुश्चित्रो गन्धर्वहस्तकः ॥ ६० ॥
पञ्चाङ्गुलो वर्धमानो दीर्घदण्डोऽप्यदण्डकः ।
वातारिस्तरुणश्चापि रुबूकश्च निगद्यते ॥ ६१ ॥
रक्तोऽपरो रुबूकः स्यादुरुबूकोरुबूस्तथा ।
व्याघ्रपुच्छश्च वातारिश्चञ्चुरुत्तानपत्रकः ॥ ६२ ॥
एरण्डयुग्मं मधुरमुष्णं गुरु विनाशयेत् ।

टीका—आमण्डु, चित्र, गंधर्वहस्तक ॥ ६० ॥ पंचांगुल, वर्धमान, दीर्घदण्ड, अदण्डक, वातारि, तरुण, रुबूक, ये एरंडके नाम हैं ॥ ६१ ॥ दूसरा लाल एरंड, रुबूक, उरुबूक, उरुबू, व्याघ्रपुच्छ, वातारि, चंचु, उत्तानपत्रक, ये लाल एरंडके नाम हैं ॥ ६२ ॥ ये दोनों एरंड मधुर, और भारी हैं.

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

शूलशोथकटीबस्तिशिरःपीडोदरज्वरान् ॥ ६३ ॥
व्रणश्वासकफानाहकासकुष्ठाममारुतान् ।
एरण्डपत्रं वातघ्नं कफक्लृमिनाशनम् ॥ ६४ ॥
मूत्रकृच्छ्रहरं चापि पित्तरक्तप्रकोपनम् ।
वातार्यग्रदलं गुल्मबस्तिशूलहरं परम् ॥ ६५ ॥
कफवातक्रमीन्हन्ति वृद्धिं सप्तविधामपि ।
एरण्डफलमत्युष्णं गुल्मशूलानिलापहम् ॥ ६६ ॥
यकृत्प्लीहोदरार्शोघ्नं कटुकं दीपनं परम् ।
तद्वन्मज्जा च विड्भेदी वातश्लेष्मोदरापहा ॥ ६७ ॥

टीका—शूल, शोथ, तथा कटि, पेडू, शिर, इनकी पीडा, उदररोग, ज्वर ॥६३॥ बद, श्वास, कफ, अफरा, कास, कुष्ठ, आमवात, इनकों हरनेवाला है. अंडीका पत्रा वातनाशक, कफवमिकों हरनेवाला है ॥ ६४ ॥ और मूत्रकृच्छ्रका हरनेवाला है, तथा पिरक्तका प्रकोप करनेवाला है, अंडीका अग्रदल वायगोला, पेडूका शूल, इनका नाशक है ॥ ६५ ॥ कफ, वात, क्रमी, और सातप्रकारकी अंडवृद्धी इनका नाशक है. और अंडीका फल बहुत गरम होता है, और वायगोला, शूल, वात, इनका हरनेवाला है ॥ ६६ ॥ यकृत, प्लीह, उदर, ववासीर, इनका नाशक है, कटु है, अत्यन्त दीपन है, इसीप्रकार इसकी गिरी मलकों भेदन करनेवाली है, वात, कफ, तथा उदरकी नाशक होती है ॥ ६७ ॥

अथ शुक्लालर्कनामगुणाः.

अलर्को गुणरूपः स्यान्मन्दारो वसुकोऽपि च ।
श्वेतपुष्पः सदापुष्पः सबालार्कः प्रतीपसः ॥ ६८ ॥
रक्तो परोऽर्कनामा स्यादर्कपर्णो विकीरणः ।
रक्तपुष्पः शुक्लफलस्तथा स्फोटः प्रकीर्तितः ॥ ६९ ॥
अर्कद्वयं सरं वातकुष्ठकण्डूविषव्रणान् ।
निहन्ति प्लीहगुल्मार्शःश्लेष्मोदरशकृत्क्रमीन् ॥ ७० ॥
अलर्ककुसुमं वृष्यं लघु दीपनपाचनम् ।

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

अरोचकप्रसेकार्शःकासश्वासनिवारणम् ॥ ७१ ॥

रक्तार्कपुष्पं मधुरं सतिक्तं कुष्ठकृमिघ्नं कफनाशनं च ।

अर्शोविषं हन्ति च रक्तपित्तं संग्राहि गुल्मे श्वयथौ हितं तत् ७२

क्षीरमर्कस्य तिक्तोष्णं स्निग्धं सलवणं लघु ।

कुष्ठगुल्मोदरहरं श्रेष्ठमेतद्विरेचनम् ॥ ७३ ॥

टीका—अलर्क, गुणरूप, मंदार, वसुक, श्वेतपुष्प, सदापुष्प, सबालार्क, प्रतीपस, ये सफेद आकके नाम हैं ॥ ६८ ॥ दूसरा लाल आक इसके सूर्यकेसे नाम हैं. और अर्कफल, विकीर्ण, रक्तपुष्प, शुक्लफल, तथा स्फोट, ये लाल आकके नाम हैं ॥ ६९ ॥ दोनों आक सर हैं, वात, कुष्ठ, कण्डू, घाव, विष, इनकों हरनेवाला है, और प्लीह, वायगोला, ववासीर, कफ, उदरमल, कृमि इनकाभी हरनेवाला है ॥ ७० ॥ और आकका फूल, धातुकों बढानेवाला, और हलका, दीपन, पाचन है, और अरुचि, स्वेद, ववासीर, कास, श्वास, इनका, दूरकरनेवाला है ॥ ७१ ॥ लाल आकका फूल मधुर, और, तिक्त, होता है. और कुष्ठ, कृमि, इनका हरनेवाला है, और कफकाभी हरनेवाला है, ववासीर, विष, इनका नाशक है, और रक्त पित्तका नाशक है, और काविज, तथा वायगोला, सूजनकोंभी हित है ॥ ७२ ॥ और आकका दूध तिक्त, गरम, चिकना, लवणकेसहित होता है, हलका है. तथा कुष्ठ, गुल्म, उदर, इनका नाशक है, और ये श्रेष्ठ रेचन है ॥ ७३ ॥

अथ सेहुण्डनामगुणाः.

सेहुण्डः सिंहतुण्डः स्याद्वज्री वज्रद्रुमोऽपि च ।

सुधा सुमन्तदुग्धा च स्नुक् स्त्रियां स्यात् स्नुही गुडा ॥७४॥

सेहुण्डो रेचनस्तीक्ष्णो दीपनः कटुको गुरुः ।

शूलमष्ठीलिकाध्मानकफगुल्मोदरानिलान् ॥ ७५ ॥

उन्मादमोहकुष्ठार्शःशोथमेदोऽश्मपाण्डुताः ।

व्रणशोथज्वरप्लीहविषदूर्वाविषं हरेत् ॥ ७६ ॥

उष्णवीर्यं स्नुहीक्षीरं स्निग्धं च कटुकं लघु ।

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

गुल्मिनां कुष्ठिनां चापि तथैवोदररोगिणाम् ॥ ७७ ॥
हितमेतद्विरेकार्थे ये चान्ये दीर्घरोगिणः ।

टीका—सेहुंड, सिंहतुण्ड, वज्री, वज्रद्रुम, सुधा, समंतदुग्धा, स्नुक् स्नुही, गुडा, ये थूअरके नाम हैं ॥ ७४ ॥ ये रेचन, तीक्ष्ण, दीपन, कटु, और भारी है. शूल, अष्ठीलिका, आध्मान, कफ, वायगोला, उदरवात ॥ ७५ ॥ उन्माद, मोह, कुष्ठ, ववासीर, सूजन, मेद, पथरी, पांडु, घाव, ज्वर, स्नेही, विष, दूषीविष, इनकों हरनेवाला होता है ॥ ७६ ॥ थूअरका दूध गरम, स्निग्ध, कटु, अरु लघु होता है; और गुल्म, कुष्ठ, उदर, इनरोगोंवालेकों ॥ ७७ ॥ ये विरेच देना हित है, तथा और दीर्घरोगियोंके वास्तेभी हितकारी कहा है.

(अथ सेहुण्डभेदः शातला अनेनैव नाम्ना प्रसिद्धा)

शातला सप्तला सारा विमला विदुला च सा ॥ ७८ ॥
तथा निगदिता भूरिफेना चर्मकषेत्यपि ।
शातला कटुका पाके वातला शीतला लघुः ॥ ७९ ॥
तिक्ता शोथकफानाहपित्तोदावर्तरक्तजित् ।

टीका—थोहरका भेद दूसरा शातलानामसें प्रसिद्ध है. शातला, सप्तला, सारा, विसला, विदुला ॥ ७८ ॥ भूरिफेना, चर्मकषा, ये शातलाके नाम हैं, ये पाकमें कटु होता है, और वायुकों कारनेवाला, शीतल, हलकी, और तिक्त है ॥७९॥ तथा सूजन, कफ, अफरा, पित्त, उदावर्त, रक्त, इनकों हरनेवाला है.

अथ शक्रपुष्पी(कलिहारी)नामगुणाः.

कलिहारी तु हलिनी लाङ्गली शक्रपुष्प्यपि ॥ ८० ॥
विशल्याग्निशिखानन्ता वह्निवक्त्रा च गर्भनुत् ।
कलिहारी सरा कुष्ठशोफार्शोव्रणशूलजित् ॥ ८१ ॥
सक्षारा श्लेष्मजित्तिक्ता कटुका तुवरापि च ।
तीक्ष्णोष्णा कृमिहृल्लघ्वी पित्तला गर्भपातिनी ॥ ८२ ॥

टीकाः—कलिहारी, हलिनी, लाङ्गली, शक्रपुष्पी ॥ ८० ॥ विशल्या, अग्निशिखा, अनन्ता, वह्निवक्त्रा, गर्भनुत, ये कलिहारीके नाम हैं. ये सर है, कुष्ठ, शोफ

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

ववासीर, घाव, और शूल, इनकों जीतनेवाली है ॥ ८१ ॥ और कुछ क्षारवाली होती है, और कफकों जीतनेवाली होती है, तिक्त, कडवी, और कसेली, तीक्ष्ण, गरम, कृमिकों नाश करती है, हलकी, पित्तकों उत्पन्न करनेवाली, और गर्भकी गिरानेवाली है ॥ ८२ ॥

अथ करवीर(श्वेतरक्तकनेर)नामगुणाः.

करवीरः श्वेतपुष्पः शतकुम्भोऽश्वमारकः ।
द्वितीयो रक्तपुष्पश्च चण्डातो लगुडस्तथा ॥ ८३ ॥
करवीरद्वयं तिक्तं कषायं कटुकं च तत् ।
व्रणलाघवकृन्नेत्रकोपकुष्ठव्रणापहम् ॥ ८४ ॥
वीर्योष्णं कृमिकण्डूघ्नं भक्षितं विषवन्मतम् ।

टीका—सफेद फूलके कनेरकों शतकुम्भ अश्वमारक कहते हैं, और लाल कनेरकों चंडात, लगुड, कहते हैं ॥ ८३ ॥ दोनों कनेर तिक्त, कसेले, और कडवे होते हैं, और घावोंकों भरनेवाले हैं और नेत्र, कुष्ठ, व्रण, इनकों शमन करनेवाले हैं ॥ ८४ ॥ तथा वीर्यमें गरम हैं, कृमि और खुजली इनकों हरनेवाले हैं, और खानेमें विषके समान हैं.

अथ धत्तूरनामगुणाः.

धतूरधूर्तधत्तूरा उन्मत्तः कनकाह्वयः ॥ ८५ ॥
देवताकितवस्तूरी महामोही शिवप्रियः ।
मातुलो मदनश्चास्य फले मातुलपुत्रकः ॥ ८६ ॥
धत्तूरो मदवर्णाग्निवातकृज्ज्वरकुष्ठनुत् ।
कषायो मधुरस्तिक्तो यूकालिक्षाविनाशकः ॥ ८७ ॥
उष्णो गुरुर्व्रणश्लेष्मकण्डूकृमिविषापहः ।

टीका—धत्तूर, धतूरा, उन्मत्त, स्वर्णके नामोंवाला ॥ ८५ ॥ देवता, कितवस्तूरी, महामोही, शिवप्रिया, मातुल, मदन, ये धतूरेके नाम हैं. और इसके फलकों मातुलपुत्र कहते हैं ॥ ८६ ॥ ये मदकारी, अग्नि वात इनकों करनेवाला है, ज्वर, कुष्ठका हरनेवाला है, और कसेला, मधुर, तिक्त, जूंवांलिक इनका हरने-

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

वाला होता है ॥ ८७ ॥ गरम, भारी, घाव, खुजली, कफ, कृमि, विष इनकाभी हरनेवाला है.

अथ वासक(अरूसा)नामगुणाः.

वासको वासिका वासा भिषङ्माता च सिंहिका ॥ ८८ ॥
सिंहास्यो वाजिदन्ता स्यादाटरूषोऽटरूषकः ।
आटरूषो वृषस्ताम्रः सिंहपर्णश्च स स्मृतः ॥ ८९ ॥
वासको वातकृत्स्वर्यः कफपित्तास्रनाशनः ।
तिक्तस्तुवरको हृद्यो लघुः शीतस्तृडर्तिहृत् ॥ ९० ॥
श्वासकासज्वरच्छर्दिमेहकुष्ठक्षयापहः ।

टीका—वासक १, वासिका २, वासा ३, भिषङ्माता ४, सिंहिका ५ ॥८८॥ सिंहास्य ६, वाजिदन्ता ७, आटरूषक ८, ये वांसेके नाम हैं और वृष १, ताम्र २, सिंहपर्ण ३, यभी नाम हैं ॥ ८९ ॥ ये वातकारक, स्वरकों श्रेष्ठ करनेवाला, कफ रक्तपित्तका हरनेवाला है, तिक्त है, कसेला है, हृदयकों अच्छा करनेवाला, हलका, शीत, तृषा, पीडा, इनका नाशक है ॥ ९० ॥ श्वास, कास, ज्वर, वमन, प्रमेह, कुष्ठ, क्षय, इनकाभी हरनेवाला है.

अथ पर्पट(पित्तपापडा)नामगुणाश्च.

पर्पटो वरतिक्तश्च स्मृतः पर्पटकश्च सः ॥ ९१ ॥
कथितः पांशुपर्यायस्तथा कवचनामकः ।
पर्पटो हन्ति पित्तास्रभ्रमतृष्णाकफज्वरान् ॥ ९२ ॥
संग्राही शीतलस्तिक्तो दाहनुद्वातलो लघुः ।

टीका—पर्पट १, वरतिक्त २, पर्पटक ३ ॥ ९१ ॥ पांशुपर्याय ४, और कवचनामक ५, ये पित्तपापडेके नाम हैं. ये पित्त, भ्रम, तृषा, कफ, ज्वर, इनकों हरता है ॥ ९२ ॥ और काविज, शीतल, तिक्त, दाहका करनेवाला, वातकारक है.

अथ निम्ब(नीम)नामगुणाश्च.

निम्बः स्यात् पिचुमर्दश्च पिचुमन्दश्च तिक्तकः ॥ ९३ ॥

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

अरिष्टः पारिभद्रश्च हिंगुनिर्यास इत्यपि ।
निम्बः शीतो लघुर्ग्राही कटुपाकोऽग्निवातनुत् ॥ ९४ ॥
अहृद्यः श्रमतृट्कासज्वरारुचिकृमिप्रणुत् ।
व्रणपित्तकफच्छर्दिकुष्ठहृल्लासमेहनुत् ॥ ९५ ॥
निम्बपत्रं स्मृतं नेत्र्यं कृमिपित्तविषप्रणुत् ।
वातलं कटुपाकं च सर्वारोचककुष्ठनुत् ॥ ९६ ॥
निम्बफलं रसे तिक्तं पाके तु कटु भेदनम् ।
स्निग्धं लघूष्णं कुष्ठघ्नं गुल्मार्शःकृमिमेहनुत् ॥ ९७ ॥

टीका—निम्ब १, पिचुमर्द २, पिचुमन्द ३, तिक्तक ४ ॥ ९३ ॥ अरिष्ट ५, पारिभद्र ६, हिंगुनिर्यास ७, ये नीमके नाम हैं. ये शीतल और हलका, काविज, पाकमें कटु, अग्निवायुकों हरनेवाला है ॥ ९४ ॥ हृदयका अप्रिय, श्रम, तृषा, कास, ज्वर, अरुचि, कृमि, इनका हरनेवाला है व्रण, पित्त, कफ, छर्दि, कुष्ठ, हृल्लास, प्रमेह, इनका हरनेवाला है ॥ ९५ ॥ और नीमका पत्र नेत्रोंका हितकारी है; कृमि, पित्त, और विष इनका नाशक है, वायुकारक है, पाकमें कटु है, सर्व अरुचि, कुष्ठ, इनका हरनेवाला है ॥ ९६ ॥ और नीमका फल रसमें तिक्त, और पाकमें तिक्त, तथा कटु, और भेदन होता है, और चिकना, हलका, गरम, तथा कुष्ठका नाशक है, वायगोला, ववासीर, कृमि, प्रमेह, इनका हरनेवाला है, ॥ ९७ ॥

अथ वकायननामगुणाश्च.

महानिम्बः स्मृतोद्रेकोऽरम्यको विषमुष्टिकः ।
केशामुष्टिर्निम्बकश्च कार्मुको जीव इत्यपि ॥ ९८ ॥
महानिम्बो हिमो रूक्षस्तिक्तो ग्राही कषायकः ।
कफपित्तभ्रमच्छर्दिकुष्ठहृल्लासरक्तजित् ॥ ९९ ॥
प्रमेहश्वासगुल्मार्शोमूषिकाविषनाशनः ।

टीका—महानिम्ब १, उद्रेक २, अरम्यक ३, विषमुष्टिक ४, केशामुष्टि ५, निम्बक ६, कार्मुक ७, जीव ८, ये वकायनके नाम हैं ॥ ९८ ॥ ये शीतल, और रूखा, तिक्त, काविज, कसेला, कफ, पित्त, भ्रम, वमन, कुष्ठ, हृल्लास, रक्त, इ-

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

नको जीतता है ॥ ९९ ॥ और प्रमेह, श्वास, वायगोला, ववासीर, मूषेका विष, इनका नाशक है.

अथ पारिभद्र(जलनीम)नामगुणाश्च.

पारिभद्रो निम्बतरुर्मन्दारः पारिजातकः ॥ १०० ॥
पारिभद्रोऽनिलश्लेष्मशोथमेदःकृमिप्रणुत् ।
तत्पत्रं पित्तरोगघ्नं कर्णव्याधिविनाशनम् ॥ १०१ ॥

टीका—पारिभद्र १, निम्बतरु २, मंदार ३, पारिजातक ४, ये जलनीमके नाम हैं, ॥ १०० ॥ ये वात, कफ, सूजन, मेद कृमि, इनका हरनेवाला है, और इसका पत्र पित्तरोगका नाशक है, और कर्णरोगकाभी हरनेवाला है ॥ १०१ ॥

अथ काञ्चनार(कचनार)नामगुणाश्च.

काञ्चनारः काञ्चनको गण्डारिः शोणपुष्पकः ।

(अथ कचनारभेदः)

कोविदारश्चमरिकः कुद्दालो युगपत्रकः ॥ १०२ ॥
कुण्डली ताम्रपुष्पश्चाश्मन्तकः स्वल्पकेसरी ।
काञ्चनारो हिमो ग्राही तुवरः श्लेष्मपित्तनुत् ॥ १०३ ॥
कृमिकुष्ठगुदभ्रंशगंडमालाव्रणापहः ।
कोविदारोपि तद्वत्स्यात्तयोः पुष्पं लघु स्मृतम् ॥ १०४ ॥
रूक्षं संग्राहि पित्तास्रप्रदरक्षयकासनुत् ।

टीका—काञ्चनार १, काञ्चनक २, गंडारी ३, शोणपुष्पक ४, ये कचनारके नाम हैं, अब दूसरा कचनारके नाम लिखे हैं. कोविदार १, चमरिक २, कुद्दाल ३, युगपत्रक ४, ॥ १०२ ॥ कुण्डली ५, ताम्रपुष्प ६, अश्मंतक ७, स्वल्पकेसरी ८, ये दूसरा कचनारके नाम हैं. ये शीतल, काविज, कसेला, कफ पित्तका हारक है ॥ १०३ ॥ कृमि, कुष्ठ, गुदभ्रंश, गंडमाला, घाव, इनका हरनेवाला है, और दूसरा कचनारभी इसीकेसमान गुणवाला होता है, और इनका फूल हलका है ॥ १०४ ॥ रूखा, काविज, रक्तपित्त, प्रदर, क्षय, कास, इनकाभी हरनेवाला है.

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

अथ शोभांजन(सहजन)नामगुणाश्च.

शोभाञ्जनः शिग्रुतीक्ष्णो गन्धकाक्षीवमोचकः ॥ १०५ ॥
तद्बीजं श्वेतमरिचं मधुशिग्रुः सलोहितः ।
शिग्रुः कटुः कटुः पाके तीक्ष्णोष्णो मधुरो लघुः ॥ १०६ ॥
दीपनो रोचनो रूक्षः क्षारस्तिक्तो विदाहकृत् ।
संग्राही शुक्रलो हृद्यो पित्तरक्तप्रकोपनः ॥ १०७ ॥
चक्षुष्यः कफवातघ्नो विद्रधिश्वयथुकृमीन् ।

टीका—काला, सफेद, लाल तीनों प्रकारके सहजनेके नाम तथा गुण लिखते हैं. शोभांजन १, शिग्रु २, तीक्ष्ण ३, गंधक ४, आक्षीव ५, मोचक ६ ॥ १०५ ॥ इसका बीज सफेद मिरचसदृश होता है. और मधुर सहजन थोडा लाल होता है, ये कडवा, पाकमें कटु, तीक्ष्ण, गरम, मधुर, हलका, ॥ १०६ ॥ दीपन, रोचन, रूखा, क्षार, तिक्त होता है, विदाहकों करनेवाला है और काविज, शुक्रकों करता है, हृदयकों अच्छाकरनेवाला, पित्तरक्तका कोप करनेवाला, ॥ १०७ ॥ नेत्रोंका हितकारी, कफवातका नाश करनेवाला, विद्रधि, सूजन, कृमि, इनकों हरता है.

मेदापचीविषप्लीहगुल्मगण्डव्रणान्हरेत् ॥ १०८ ॥
श्वेतः प्रोक्तगुणो ज्ञेयो विशेषाद्दाहकृद्भवेत् ।
प्लीहानं विद्रधिं हन्ति व्रणघ्नः पित्तरक्तहृत् ॥ १०९ ॥
मधुशिग्रुः प्रोक्तगुणो विशेषाद्दीपनः सरः ।
शिग्रुवल्कलपत्राणां स्वरसः परमार्तिहृत् ॥ ११० ॥
चक्षुष्यं शिग्रुजं बीजं तीक्ष्णोष्णं विषनाशनम् ।
अवृष्यं कफवातघ्नं तन्नस्येन शिरोर्तिनुत् ॥ १११ ॥

टीका—मेद, अरुचि, विष, प्लीह, वायगोला, गण्डमाला, व्रण, इनकों हरनेवाला है ॥ १०८ ॥ और सफेद कहेहुये गुणके समान जानलेना. विशेषकरके दाहकारक है. प्लीह विद्रधीकों हरनेवाला है, व्रणका हरनेवाला, पित्तरक्तकों हरता है, ॥ १०९ ॥ और सहजनेका बीजभी कहेहुये गुणोंवाला है, परंतु विशेषकरके दीपन है. सहजनेकी छाल और पत्र इनका स्वरस अत्यंत पीडाकों हरनेवाला है ॥ ११० ॥

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

और नेत्रोंका हितकारी है, और इसका बीज, तीखा, गरम, विषका हरनेवाला, धातुकों क्षीण करनेवाला, और कफ वातका हारक है, और ये नाम लेनेसें शिरकी पीडाकों हरता है ॥ १११ ॥

अथ अपराजितानामगुणाः.

आस्फोता गिरिकर्णी स्याद्विष्णुक्रान्तापराजिता ।
अपराजिते कटू मेध्ये शीते कण्ठ्ये सुदृष्टिदे ॥ ११२ ॥
कुष्ठमूत्रत्रिदोषामशोथव्रणविषापहे ।
कषाये कटुके पाके तिक्ते च स्मृतिबुद्धिदे ॥ ११३ ॥

टीका—अब सफेदफूल और नीले फूलवाली विष्णुक्रांताके नाम और गुण लिखते हैं. आस्फोता १, गिरिकर्णी २, विष्णुक्रान्ता ३, अपराजिता ४, ये विष्णुक्रांताके नाम हैं. ये कडवी, और बुद्धिकों उत्पन्न करनेवाली है, शीतल है, कंठकों अच्छा करनेवाली है ॥ ११२ ॥ दृष्टिकों अच्छी है, कुष्ठ, मूत्र, दोष, आम, सूजन, घाव, विष, इनके हरनेवाली है, औ कसेली, कडवी, पाकमें तिक्त, और स्मृति, बुद्धि इनकों देनेवाली है ॥ ११३ ॥

अथ सिंदुवार(संभालू)नामगुणाः.

सिन्दुवारः श्वेतपुष्पः सिन्दुकः सिन्दुवारकः ।
नीलपुष्पी तु निर्गुण्डी शेफाली सुवहा च सा ॥ ११४ ॥
सिन्दुकः स्मृतिदस्तिक्तः कषायः कटुको लघुः ।
केश्यो नेत्रहितो हन्ति शूलशोथाममारुतान् ॥ ११५ ॥
कृमिकुष्ठारुचिश्लेष्मज्वरान्नीलापि तद्विधा ।
सिन्दुवारदलं जन्तुवातश्लेष्महरं लघु ॥ ११६ ॥

टीका—संभालूकों सिन्दुवारभी कहते हैं. सिन्दुवार १, श्वेतपुष्प २, सिन्दुक ३, सिन्दुवारक ४, नीलपुष्पी ५, निर्गुंडी ६, शेफाली ७, सुवहा ये मेउडीके नाम हैं. ॥ ११४ ॥ ये स्मृतिकों देनेवाली, तिक्त, कसेली, कडवी, हलकी है, केशोंकों अच्छे करती है, नेत्रोंकी हितकारी है, और शूल, शोथ, आमवात, इनकों हरनेवाली है ॥ ११५ ॥ कृमि, कुष्ठ, अरुचि, कफ, ज्वर, इनकी नाशक है. ये

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

नीलीभी दोषप्रकारकी है. मेउडीका पत्र कृमि, वात, कफ, इनका हरनेवाला तथा हलका है ॥ ११६ ॥

अथ कुटज(कुरैया)नामगुणाः.

कुटजः कूटजः कोटी वत्सको गिरिमल्लिका ।
कालिङ्गशक्रशाखी च मल्लिकापुष्प इत्यपि ॥ ११७ ॥
इन्द्रो यवफलः प्रोक्तो वृक्षकः पाण्डुरद्रुमः ।
कुटजः कटुको रूक्षो दीपनस्तुवरो हिमः ॥ ११८ ॥
अर्शोऽतिसारपित्तास्रकफतृष्णामकुष्ठनुत् ।

टीका—कुटज १, कूटज २, कोटी ३, वत्सक ४, गिरिमल्लिका ५, कालिंग ६, शक्रशाखी ७, मल्लिकापुष्प ८, ये कुरैयाके नाम हैं ॥ ११७ ॥ और इंद्रयव, फलवृक्षक, पांडुरद्रुम, येभी नाम हैं. ये कडवा, रूखा, दीपन, कसेला, और ठंडा है ॥ ११८ ॥ ववासीर, अतीसार, रक्तपित्त, तृषा, आम, इनका हरनेवाला है.

अथ करंजनामगुणाः.

करंजो नक्तमालश्च तथासौ चिरबिल्वकः ॥ ११९ ॥
घृतपूर्णकरञ्जोऽन्यः प्रकीर्यः पूतिकोऽपि च ।
स चोक्तः पूतिकरजः सोमवल्कश्च स स्मृतः ॥ १२० ॥
करञ्जः कटुकस्तीक्ष्णो वीर्योष्णो योनिदोषहृत् ।
कुष्ठोदावर्तगुल्मार्शोव्रणकृमिकफापहः ॥ १२१ ॥
तत्पत्रं कफवातार्शःकृमिशोथहरं परम् ।
भेदनं कटुकं पाके वीर्योष्णं पित्तलं लघु ॥ १२२ ॥
तत्फलं कफवातघ्नं मेहार्शःकृमिकुष्ठजित् ।
घृतपूर्णकरञ्जोपि करञ्जसदृशो गुणैः ॥ १२३ ॥

टीका—करंज १, नक्तमाल २, चिरबिल्वक ३ ॥ ११९ ॥ घृतपूर्ण ४, और दूसरा करंज प्रकीर्य पूतिकभी कहते हैं. ये पूतिकरंज कहागया है. और उसीको सोमवल्कभी कहते हैं ॥ १२० ॥ ये कडवा, तीखा, गरम, वीर्यमेंगरम, योनिके-

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

दोषोंका हरनेवाला, और कुष्ठ, उदावर्त, गुल्म, ववासीर, व्रण, कृमि, कफ, इनका हरनेवाला है ॥ १२१ ॥ और इसका पत्र कफ, वात, ववासीर, कृमि, सूजन, इनका हरनेवाला है. भेदनीय, कडवा, पाकमें और वीर्यमें गरम, पित्तकों करनेवाला, हलका है ॥ १२२ ॥ और इसका फल कफवातका हरनेवाला, प्रमेह, ववासीर, कृमि, कुष्ठ, इनकों जीतनेवाला है. घृतपूर्णनाम दूसरा करंजभी इसीके सदृश है ॥ १२३ ॥

अथ उदकीर्य(अरारि)नामगुणाश्च.

उदकीर्यस्तृतीयोऽन्यः षड्ग्रन्था हस्तिवारुणी ।
मर्कटी वायसी चापि करञ्जी करभञ्जिका ॥ १२४ ॥
करञ्जी स्तम्भनी तिक्ता तुवरा कटुपाकिनी ।
वीर्योष्णा वमिपित्तार्शःकृमिकुष्ठप्रमेहजित् ॥ १२५ ॥

टीकाः—उदकीर्य और तीसरा करंजवा, षड्ग्रन्था, हस्तिवारुणी, मर्कटी, वायसी, करंजी, करभंजिका, ये डारकरजके नाम हैं ॥ १२४ ॥ ये स्तम्भन करनेवाला, तिक्त, और कसेला, कटुपाकवाला, वीर्यमें गरम, और वमन पित्तकी ववासीर, कृमि, कुष्ठ, प्रमेह, इनकों जीतनेवाला है ॥ १२५ ॥

अथ श्वेतरक्तगुंजानामगुणाश्च.

श्वेता रक्तोच्चटा प्रोक्ता कृष्णला चापि सा स्मृता ।
रक्ता सा काकचिञ्ची स्यात् काकानन्ता च रक्तिका ॥१२६॥
काकादनी काकपीलुः सा स्मृता काकवल्लरी ।
गुञ्जाद्वयं तु केश्यं स्यात् वातपित्तज्वरापहम् ॥ १२७ ॥
मुखशोषभ्रमश्वासतृष्णामदविनाशनम् ।
नेत्रामयहरं वृष्यं बल्यं कण्डूव्रणं हरेत् ॥ १२८ ॥
कृमीन्द्रलुप्तकुष्ठानि रक्ता च धवलापि च ।

टीका—अब सफेद और लाल चिरमिठीके नाम तथा गुण कहते हैं. सफेद, और लालकों उच्चटा और कृष्णलाभी कहे हैं. और लालचिरमिठीकों काकचिञ्ची १, काकानन्ता २, रक्तिका ३ ॥ १२६ ॥ काकादनी ४, काकपीलु ५, काकवल्लरी ६,

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

ये लालचिरमिठीके नाम हैं. ये दोनों चिरमिठी केशोंकी हितकारक हैं, और वात, पित्तज्वरकी हारक हैं ॥ १२७ ॥ और मुखशोष, भ्रम, श्वास, तृषा, मद, इनकीभी हरनेवाली हैं. और नेत्ररोगोंकों दूर करनेवाली, पुष्ट, बलकों करनेवाली, और कण्डू, व्रण, इनकोंभी जीतनेवाली है ॥ १२८ ॥ और कृमि, इन्द्रलुप्त, लाल सफेद कुष्ट इनकाभी नाश करनेवाली है.

अथ कपिकच्छू(किमांच)नामगुणाश्च.

कपिकच्छुरात्मगुप्ता वृष्या प्रोक्ता च मर्कटी ॥ १२९ ॥
अजरा कण्डुरा व्यङ्गा दुःस्पर्शा प्रावृषायणी ।
लाङ्गुली शूकशिम्बी च सैव प्रोक्ता महर्षिभिः ॥ १३० ॥
कपिकच्छूर्भृशं वृष्या मधुरा बृंहणी गुरुः ।
तिक्ता वातहरी बल्या कफपित्तास्रनाशिनी ॥ १३१ ॥
तद्बीजं वातशमनं स्मृतं वाजीकरं परम् ।

टीका—कपिकच्छू १, आत्मगुप्ता २, वृष्या ३, मरकटी ४, ॥ १२९ ॥ अजरा ५, कण्डुरा ६, व्यंगा ७, दुःस्पर्शा ८, प्रावृषायणी ९, लांगली, १०, शूकशिम्बी ११, ये किमाचके नाम हैं. सो महर्षियोंनें कहे हैं ॥ १३० ॥ ये अत्यन्त धातुकों बढानेवाली, मधुर, पुष्ट, भारी, और दस्तावर वायकी नाशक, बलकों करनेवाली, तथा कफ, रक्तपित्त, इनकों हरनेवाली है ॥ १३१ ॥ इस्का बीज वातनाशक है और अत्यन्त वाजीकरण, कहागया है.

अथ रोहिणीनामगुणाश्च.

मांसरोहिण्यतिरुहा वृत्ता चर्मकरी कषा ॥ १३२ ॥
प्रहारवल्ली विकसा वीरवत्यपि कथ्यते ।
स्यान्मांसरोहिणी वृष्या सरा दोषत्रयापहा ॥ १३३ ॥

टीका—मांसरोहिणी १, अतिरुहा २, वृत्ता ३, चर्मकरी ४, कषा ५, ॥ १३२ ॥ प्रहारवल्ली ६, विकसा ७, वीरवती, ये रोहिणीके नाम हैं. ये पुष्ट, सर, त्रिदोषकी नाशक है ॥ १३३ ॥

अथ चिल्हकनामगुणाश्च.

चिल्हको वातनिर्हारः श्लेष्मघ्नो धातुपुष्टिकृत् ।

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

आग्नेयो विषवद्यस्य फलमत्स्यनिषूदनम् ॥ १३४ ॥

टीका—चिल्हक, वातनिर्हार, श्लेष्मघ्न ये चीलूके नाम हैं. ये श्लेष्मका नाशक, धातुका पुष्ट करनेवाला, और गरम है. इसका फल विषके समान है, और मछरीका नाशक है ॥ १३४ ॥

अथ टंकारीनामगुणाश्च.

टंकारी वातजित्तिक्ता श्लेष्मघ्नी दीपनी लघुः ।
शोथोदरव्यथाहन्त्री हिता पीठविसर्पिणाम् ॥ १३५ ॥

टीका—टंकारी वातकों जीतनेवाली है, तिक्त है, और कफकी नाशक है, दीपन है, हलकी है, शोथ, उदरव्यथा इनका नाश करनेवाली है, और पीठ, विसर्परोग, इनकों हित है ॥ १३५ ॥

अथ वेतसनामगुणाः.

वेतसो नम्रकः प्रोक्तो वानीरो वञ्जुलस्तथा ।
अभ्रपुष्पश्च विदुलो रथशीतश्च कीर्तितः ॥ १३६ ॥
वेतसः शीतलो दाहशोथार्शोयोनिरुक्प्रणुत् ।
हन्ति वीसर्पकृच्छ्रास्रपित्ताश्मरिकफानिलान् ॥ १३७ ॥

टीका—वेतस १, नम्रक २, वानीर ३, वञ्जुल ४, अभ्रपुष्प ५, विदुल ६, रथशीत ७, ये वतेके नाम हैं, ॥ १३६ ॥ ये शीतल है. दाह, शोथ, ववासीर, योनिपीडा, इनकों हरनेवाला है. और विसर्प, मूत्रकृच्छ्र, रक्तपित्त, पथरी, कफ, वायु, इनका नाश करनेवाला है ॥ १३७ ॥

अथ जलवेतसनामगुणाः.

निकुञ्चकः परिव्याधो नादेयो जलवेतसः ।
जलजो वेतसः शीतः कुष्ठहृद्वातकोपनः ॥ १३८ ॥

टीका—निकुंचक १, परिव्याध २, नादेय ३, जलवतेस ४, ये जलवेतसके नाम हैं. ये शीतल है, कुष्ठका नाशक है, वातका प्रकोप करनेवाला है ॥ १३८ ॥

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

अथ हिज्जल(समुद्रफल)नामगुणाः

इज्जलो हिज्जलश्चापि निचुलश्चाम्बुजस्तथा ।
जलवेतसवद्वेद्यो हिज्जलोयं विषापहः ॥ १३९ ॥

टीका—इज्जलकों समुद्रफल लोकमें कहते हैं. इज्जल १, हिज्जल २, निचुल ३, अम्बुज ४, ये समुद्रफलके नाम हैं. जलवेतसके समान इस्कों जानों. ये विषहारक है ॥ १३९ ॥

अथ अङ्कोट(हिंगोट)नामगुणाः.

अङ्कोटो दीर्घकीलः स्यादङ्कोलश्च निकोचकः ।
अङ्कोटकः कटुस्तीक्ष्णाः स्निग्धोष्णस्तुवरो लघुः ॥ १४० ॥
रेचनः कृमिशूलामशोफग्रहविषापहः ।
विसर्पकफपित्तास्रमूषकाहिविषापहः ॥ १४१ ॥
तत्फलं शीतलं स्वादु श्लेष्मघ्नं बृंहणं गुरु ।
बल्यं विरेचनं वातपित्तदाहक्षयास्रजित् ॥ १४२ ॥

टीका—अंकोट १, दीर्घकाल २, अंकोल ३, निकोचक ४, ये हिंगोटके नाम हैं. ये कडवा, तीक्ष्ण, चिकना, गरम, कसेला, और हलका है ॥ १४० ॥ रेचन है, कृमि, शूल, आम, सूजन, ग्रह, विष, इनका हरनेवाला है. विसर्प, कफ, रक्तपित्त, मूषा, सर्प, इनके विषका हरनेंवाला है ॥ १४१ ॥ और उसका फल, शीतल और मधुर है, कफवातहारक, धातुकों बढानेवाला, भारी, बलकों करनेवाला, रेचक, वात, पित्त, दाह, क्षय, रक्त, इनका जीतनेवाला है ॥ १४२ ॥

(अथ वरिआर, सहदेवी, काकहिया,)
(गुलशकरी, इति बलाचतुष्टयं)

वाघा वाघालिका वाघा सैव वाघालकाऽपि च ।
महाबला पीतपुष्पा सहदेवी च सा स्मृता ॥ १४३ ॥
ततोऽन्यातिबला ऋष्यप्रोक्ता कंकतिका च सा ।
गाङ्गेरुकी नागबला ह्येषा ह्रस्वा गवेधुका ॥ १४४ ॥

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

बलाचतुष्टयं शीतं मधुरं बलकान्तिकृत् ।
स्निग्धं ग्राहि समीरास्रपित्तास्रक्षतनाशनम् ॥ १४५ ॥
बलामूलस्त्वचश्चूर्णं पीतं सक्षीरशर्करम् ।
मूत्रातिसारं हरति दृष्टमेतन्न संशयः ॥ १४६ ॥
हरेन्महाबला कृच्छ्रं भवेद्वातानुलोमनी ।
हन्यादतिबला मेहं पयसा सितया समम् ॥ १४७ ॥

टीका—वरियार, सहोदयी, ककहिया, गुलशकरी, ये बलाचतुष्टय हैं. वाघ १, वाघालिक २, ये वरियारके नाम हैं. और महाबला १, शीतपुष्पा २, सहदेवी ३, ये सहदेवीके नाम हैं ॥ १४४ ॥ और इससें दूसरी ककन्तिका, अतिबला, ये क-करैयाके नाम ऋषियोंनें कहे हैं. और गांगेरुकी १, नागबला २, ह्रस्वा ३, गवेधुका ४, ये गुलशकरीके नाम हैं ॥ १४५ ॥ ये चारों शीतल, मधुर, बल और कन्तिकों करनेवाली, चिकनी, और काविज हैं. वात, रक्त, पित्त, रक्तक्षत, इनकी हारक हैं ॥ १४६ ॥ वरियारेकी छालके चूर्णकों दूध औ शक्करके साथ पीनेसें मूत्रातीसारकों हरती है, इस्में संशय नहीं. और महाबला मूत्रकृच्छ्रकों हरती है, और वातकों अनुलोमन करती है, और गुलशकरी दूध, और चीनीके साथ पीनेसें प्रमेहकों हरती है ॥ १४७ ॥

अथ लक्ष्मणानामगुणाः.

पुत्रकाकाररक्ताल्पबिन्दुभिर्लाञ्छिता सदा ।
लक्ष्मणा पुत्रजननी बस्तगन्धाकृतिर्भवेत् ॥ १४८ ॥
कथिता पुत्रदावश्यं लक्ष्मणमुनिपुङ्गवैः ।

टीका—पुत्रकाकार रक्तके अल्प बिन्दुओंसें लांछित होती है, लक्ष्मणा, पुत्रजननी, बस्तगन्धाकृति ॥ १४८ ॥ पुत्रदा, ये लक्ष्मणाके नाम हैं. मुनिश्रेष्ठोंनें लक्ष्मणाकों अवश्य पुत्रके देनेवाली कही है.

अथ स्वर्णवल्लीनामगुणाः.

स्वर्णवल्ली रक्तफला काकायुः काकवल्लरी ॥ १४९ ॥
स्वर्णवल्ली शिरःपीडां त्रिदोषान्हन्ति दुग्धदा ।

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

टीका—स्वर्णवल्ली १, रक्तफला २, काकायु ३, काकवल्लरी ४ ॥ १४९ ॥ स्वर्णवल्ली माथेकी पीडाकों और त्रिदोषकों हरनेवाली है और दुग्धकों करनेवाली है.

अथ कार्पास(कपास)नामगुणाः.

कार्पासी तुण्डकेरी च समुन्द्रान्ता च कथ्यते ॥ १५० ॥
कार्पासकी लघुः कोष्णा मधुरा वातनाशिनी ।
तत्पलाशं समीरघ्नं रक्तकृन्मूत्रवर्धनम् ॥ १५१ ॥
तत्कर्णपीडिकातोदपूयास्त्रावविनाशनम् ।
तद्बीजं स्तन्यदं वृष्यं स्निग्धं कफकरं गुरु ॥ १५२ ॥

टीका—कार्पासी १, तुण्डकेरी २, समुद्रान्ता ३, ये कपासके नाम हैं ॥१५०॥ ये हलका है, थोडा गरम है, मधुर है, और वातनाशक है, और इसका पत्ता वातका हरनेवाला है, रक्तकों करनेवाला है, और मूत्रकी वृद्धि करनेवाला है॥१५१॥ और कर्णपीडा, नाद, पूयका स्राव, इनकाभी हरनेवाला है, और इस्का बीज दूधकों बढानेवाला है, शुक्रकों उत्पन्न करनेवाला है, कफकारी है, और भारी है१५२

अथ वंशनामगुणाः.

वंशस्त्वक्सारकिर्मीरत्वचिसारस्तृणध्वजः ।
शतपर्वा शतफलो वेणुमस्करतेजनाः ॥ १५३ ॥
वंशः सरो हिमः स्वादुः कषायो बस्तिशोधनः ।
छेदनः कफपित्तघ्नः कुष्ठास्त्रव्रणशोथजित् ॥ १५४ ॥
तत्करीरः कटुः पाके रसे रूक्षो गुरुः सरः ।
कषायः कफकृत्स्वादुर्विदाही वातपित्तलः ॥ १५५ ॥
तद्यवास्तु सरा रूक्षाः कषायाः कटुपाकिनः ।
वातपित्तकरा उष्णा बद्धमूत्राः कफापहाः ॥ १५६ ॥

टीका—वंश १, त्वक्सार २, किर्मीर ३, तृणध्वज ४, शतपर्वा ५, शतफल ६, वेणु ७, मस्कर ८, तेजन ९, ये वांसके नाम हैं ॥ १५३ ॥ ये वायुकों अनुलोमन करनेवाला है, शीतल है, मधुर है, कसेला है, मूत्राशयकों शोधे है, छेदन, कफपित्तका हारक, कुष्ठ, रक्त, व्रण, सूजन, इनकों जीतनेवाला है ॥१५४॥ इसका

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

अङ्कुर पाकमें और रसमेंभी कडवा हैं, रूखा, और भारी है, दस्तावर है, कसेला है, कफकारक है, मधुर है, विदाही है, वातपित्तकारक है ॥ १५५ ॥ जो वायुकों अनुलोमन करनेवाले, रूखे, कसेले, कटुपाकवाले, वातपित्तकों करनेवाले, उष्ण, मूत्रकों रोकनेवाले, कफके हरनेवाले हैं ॥ १५६ ॥

अथ नलनामगुणाः.

नलः पोटगलः शून्यमध्यश्च धमनस्तथा ।
नलस्तु मधुरस्तिक्तः कषायः कफरक्तजित् ॥ १५७ ॥
उष्णो हृद्बस्तियोन्यर्तिदाहपित्तविसर्पहृत् ।

टीका—नल १, पोटगल २, शून्यमध्य ३, धमन ४, ये नलके नाम हैं. ये मधुर, तिक्त, कसेला, कफ रक्तकों जीतनेवाला है ॥ १५७ ॥ गरम, हृदय, मूत्राशय, योनि, इनकी पीडा, दाह, पित्त, विसर्प, इनका हरनेवाला है.

भद्रमुञ्ज(अथ रामशर, शरपत)इतिवा.

भद्रमुञ्जः शरो बाणस्तेजनश्चक्षुवेष्टनः ॥ १५८ ॥

टीका—भद्रमुञ्ज १, शर २, बाण ३, तेजन ४, चक्षुवेष्टन ५, ये सरपतेके नाम हैं ॥ १५८ ॥

अथ मुञ्जनामगुणाः.

मुञ्जो मुञ्जातको बाणः स्थूलदर्भः सुमेखलः ।
मुञ्जद्वयं तु मधुरं तुवरं शिशिरं तथा ॥ १५९ ॥
दाहतृष्णाविसर्पास्रमूत्रकृच्छ्राक्षिरोगजित् ।
दोषत्रयहरं वृष्यं मेखलासूपयुज्यते ॥ १६० ॥

टीका—मूंज १, मुंजातक २, बाण ३; स्थूलदर्भ ४, सुमेखल ५, ये मूंजके नाम हैं. दोनों मूंज मधुर, कसेला, और शीतल हैं, ॥ १५९ ॥ और दाह, तृषा, विसर्प, मूत्रकृच्छ्र, नेत्ररोग इनकों जीतनेवाला, है तथा तीनी दोषोंकों हरनेवाला है, धातुकों पुष्ट करनेवाला है, और मेखलामें उस्का उपयोग किया जाता है ॥ १६०॥

अथ काशनामगुणाः.

काशः काशेक्षुरुद्दिष्टः सः स्यादिक्षुसरस्तथा ।

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

इक्ष्वालिकेक्षुगन्धा च तथा पोटगलः स्मृतः ॥ १६१ ॥
काशः स्यान्मधुरस्तिक्तः स्वदुपाकी हिमः शरः ।
मूत्रकृच्छ्राश्मदाहास्रक्षयपित्तजरोगजित् ॥ १६२ ॥

टीका—कास १, कासेक्षु २, इक्षुसर ३, इक्ष्वालिक ४, इक्षुगन्धा ५, पोटगल ६, ये कासके नाम हैं ॥ १६१ ॥ ये मधुर, तिक्त, पाकमें मधुर, शीतल, दस्तावर, मूत्रकृच्छ्र, पथरी, दाह, रक्तक्षय, और पित्तके रोगोंकों जीतनेवाली है॥१६२॥

अथ गन्धपटेरनामगुणाः.

गुन्द्रः पटेरकोरच्छः शृङ्गवेराभमूलकः ।
गुन्द्रः कषायो मधुरः शिशिरः पित्तरक्तजित् ॥ १६३ ॥
स्तन्यः शुक्ररजोमूत्रशोधनो मूत्रकृच्छ्रहृत् ॥
एरका गुन्द्रमूला च शिविर्गुन्द्रा शरीति च ॥ १६४ ॥
एरका शिशिरा वृष्या चक्षुष्या वातकोपिनी ।
मूत्रकृच्छ्राश्मरीदाहपित्तशोणितनाशिनी ॥ १६५ ॥

टीका—गन्धपटेर १, कोरच्छ २, शृंगवेराभ ३, मूलक ४, ये गंधपटेरके नाम हैं. ये कसेला, मधुर, शीतल, पित्तरक्तकों जीतनेवाला है ॥ १६३ ॥ दूधकों उत्पन्न करता है, शुक्र, रज, मूत्र, इनका शोषक है, और मूत्रकृच्छ्रका नाशक है. एरका १, गुंद्रमूला २, शिरा ३, गुन्द्रा ४, शरी ५, ये मोथीके नाम हैं ॥ १६४ ॥ ये शीतल, धातुकों पुष्ट करनेवाली है, नेत्रोंके वातकों प्रकोप करनेवाली है, मूत्रकृच्छ्र, पथरी, दाह, रक्तपित्त, इनकों हरनेवाली है ॥ १६५ ॥

अथ कुशानामगुणाः.

कुशो दर्भस्तथा बर्हिः सूच्यग्रो यज्ञभूषणः ।
ततोन्यो दीर्घपत्रः स्यात्क्षुरपत्रस्तथैव च ॥ १६६ ॥
दर्भद्वयं त्रिदोषघ्नं मधुरं तुवरं हिमम् ।
मूत्रकृच्छ्राश्मरीतृष्णा बस्तिरुक्प्रदरास्रजित् ॥ १६७ ॥

टीका—कुश १, दर्भ २, बर्ही ३, सूच्यग्र ४, यमभूषण, ये कुशाके नाम हैं. अब डाभके नाम कहे हैं इसकों दूसरेप्रकारका कुशा दीर्घपत्र १, क्षुरपत्र २, ये डा-

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

भके नाम हैं ॥ १६६ ॥ दोनों प्रकारकी कुशा त्रिदोषनाशक है, मधुर है, कसेली है, और शीतल है, मूत्रकृच्छ्र, पथरी; तृषा, पेडूका दर्द, प्रदर, रक्त इनकी हरनेवाली है ॥ १६७ ॥

अथ कत्तृण(रोहिससोधिया)नामगुणाः.

कत्तृणं रौहिषं देवजग्धं सौगन्धिकं तथा ।
भूतीकं ध्यामपौरं च श्यामकं धूमगन्धिकम् ॥ १६८ ॥
रौहिषं तुवरं तिक्तं कटुपाकं व्यपोहति ।
हृत्कण्ठव्याधिपित्तास्रशूलकासकफज्वरान् ॥ १६९ ॥

टीका—रोहिष, सोध्य, इसप्रकार लोकमें कहते हैं. कत्तृण १, रोहिष २, देवजग्ध ३, सौगन्धिक ४, भूतीक ५, ध्याम ६, पौर ७, ध्यामक ८, श्यामक ९, धूमगन्धिक १०, ये पीरीखसके नाम हैं ॥ १६८ ॥ कसेली, चिरपरी, कडवी, और हृदय, कंठ, इनके रोग, रक्तपित्त, शूल, कास, कफ, ज्वर, इनको हरनेवाली है ॥ १६९ ॥

अथ भूस्तृण(भूतृण)नामगुणाः.

गुह्यबीजं तु भूतीकं सुगन्धं जम्बुकप्रियम् ।
भूस्तृणं तु भवेच्छत्रामालातृणकमित्यपि ॥ १७० ॥
भूतृणं कटुकं तिक्तं तीक्ष्णोष्णं रेचनं लघु ।
विदाही दीपनं रूक्षमनेत्र्यं मुखशोधनम् ॥ १७१ ॥
वृष्यं च बहुविट्कं च पित्तरक्तप्रदूषणम् ।

टीका—गुह्यबीज १, भूतीक २, सुगन्ध ३, जम्बुकप्रिय ४, ये भूतृणके नाम हैं. येभी एक घास है. और सुगंधयुत होती है. भूस्तृण, छत्रमाला, तृणक, येभी इसीके नाम हैं ॥१७०॥ ये चरपरा है, और कडवा, तीक्ष्ण, गरम, रेचन, हलका, विदाही, दीपन, सूक्ष्म, नेत्रोंका अहितकारी, और मुखका शोधन है ॥१७१॥ नपुंसकताकों करनेवाला है, बहुत मलकों उपजावे है. और पित्तरक्तकों बिगाडनेवाला है.

अथ नीलदूर्वानामगुणाः.

नीलदूर्वारुहानन्ता भार्गवी शतपर्विका ॥ १७२ ॥

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

शष्पा सहस्रवीर्या च शतवल्ली च कीर्तिता ।
नीलदूर्वा हिमा तिक्ता मधुरा तुवरा हरा ॥ १७३ ॥
कफपित्तास्रवीसर्पतृष्णादाहत्वगामयान् ।

टीका—नीलदूर्वा १, रुहा २, अनन्ता ३, भार्गवी ४, शतपर्विका ६, ये नीलदूर्वाके नाम हैं ॥ १७२ ॥ शष्पा, सहस्रवीर्या, शतवल्ली ये काली दूवके नाम हैं. कालीदूव शीतल है, कडवी है, मधुर है, कसेली है ॥ १७३ ॥ और कफ, रक्तपित्त, विसर्प, तृषा, दाह, त्वचाके रोग, इनकों हरनेवाली है.

अथ श्वेतदूर्वानामगुणाः.

दूर्वा शुक्का तु गोलोमी शतवीर्या च कथ्यते ॥ १७४ ॥
श्वेता दूर्वा कषाया स्यात् स्वाद्वी व्रण्या च जीवनी ।
तिक्ता हिमा विसर्पास्रतृट्पित्तकफदाहहृत् ॥ १७५ ॥

टीका—श्वेतदूर्वा १, गोलोमी २, शतवीर्या ३, ये सफेद दूवके नाम हैं १७४ ये कसेली है, घावोंकों अच्छा करनेवाली है, जीवन है, कडवी, शीतल, कसेली है. विसर्प, रक्त, तृषा, पित्त, कफ, दाह, इनकों हरनेवाली है ॥ १७५ ॥

अथ गाण्डरिदूर्विपाच इति च.

गण्डदूर्वा तु गण्डाली मत्स्याक्षी शकुलाक्षकः ।
गण्डदूर्वा हिमा लोहद्राविणी ग्राहिणी लघुः ॥ १७६ ॥
तिक्ता कषाया मधुरा वातकृत्कटुपाकिनी ।
दाहतृष्णाबलासास्रकुष्ठपित्तज्वरापहा ॥ १७७ ॥

टीका—गण्डदूर्वा १, कंडाली २, मत्स्याक्षी ३, शकुलाक्षक ४, ये गांडरके नाम हैं. ये शीतल है, लोहेकों गलानेवाली है, कवज करनेवाली है ॥ १७६ ॥ और कडवी, कसेली, मधुर, तथा वातल है, पाकमें चरपरी है, दाह, तृषा, कफ, रक्त, कुष्ठ, पित्तज्वर, इनकी हारक है ॥ १७७ ॥

अथ विदारीकंदनामगुणाः.

वाराही कन्दरा वान्यैश्चर्मकारालुको मतः ।
अनूपसंभवे देशे वाराह इव लोमवान् ॥ १७८ ॥

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

विदारी स्वादुकन्दा च सा तु क्रोष्ट्री सिता स्मृता ।
इक्षुगन्धा क्षीरवल्ली क्षीरशुक्ला पयस्विनी ॥ १७९ ॥
वाराहवदना गृष्टिर्बदरेत्यपि कथ्यते ।
विदारी मधुरा स्निग्धा बृंहणी स्तन्यशुक्रदा ॥ १८० ॥
शीता स्वर्या मूत्रला च जीवनी बलवर्णदा ।
गुरुः पित्तास्रपवनदाहान्हन्ति रसायनी ॥ १८१ ॥

टीका—और इस वाराहीकंदकों कोई आचार्य चर्मकारालुक कहते हैं, और ये आनूपदेशमें वराहके समान रोमवाला होता है ॥ १७८ ॥ विदारी १, स्वादुकन्दा २, क्रोष्ट्री ३, सिता ४, इक्षुगन्धा ५, क्षीरवल्ली ६, क्षीरशुक्ला ७, पयस्विनी ८, ॥ १७९ ॥ वाराहवदना ९, गृष्टि १०, बदरा, ये विदारीकंदके नाम हैं, और ये मधुर होता है, स्निग्ध है, पुष्ट है, दुग्ध और शुक्रकों करनेवाला है ॥ १८० ॥ शीत, स्वरकों अच्छा करनेवाला है, मूत्रकों उत्पन्न करनेवाला है, जीवन है, बलवर्णकों देनेवाला है, भारी है, और रक्तपित्त, वात, दाह, इनका हरनेवाला है, और रसायनी है ॥ १८१ ॥

अथ मुसलीकन्दनामगुणाः.

तालमूली तु विद्वद्भिर्मुसली परिकीर्तिता ।
मूली तु मधुरा वृष्या वीर्योष्णा बृंहणी गुरुः ॥ १८२ ॥
तिक्ता रसायनी हन्ति गुदजान्यनिलं तथा ।

टीका—तालमूलीकों विद्वानोंनें मूशली कही है. ये मूशली मधुर है, पुरुषत्वकों करनेवाली है, वीर्यमें गरम है और पुष्ट तथा भारी होती है, और कडवी, रसायन है, तथा ववासीर वात उनकों हरनेवाली है ॥ १८२ ॥

अथ शतावरीमहाशतावरीनामगुणाः.

शतावरी बहुसुता भीरुरिन्दीवरी वरी ॥ १८३ ॥
नारायणी शतपदी शतवीर्या च पीवरी ।
महाशतावरी चान्या शतमूल्यर्धकण्टिका ॥ १८४ ॥
सहस्रवीर्या हेतुचरिष्या प्रोक्ता महोदरी ।

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

शतावरी गुरुः शीता तिक्ता स्वाद्वी रसायनी ॥ १८५ ॥
मेधाग्निपुष्टिदा स्निग्धा नेत्र्या गुल्मातिसारजित् ।
शुक्रस्तन्यकरी बल्या वातपित्तास्रशोथजित् ॥ १८६ ॥
महाशतावरी मेध्या हृद्या वृष्या रसायनी ।
शीतवीर्या निहन्त्यर्शोग्रहणीनयनामयान् ॥ १८७ ॥

टीका—शतावरी १, बहुसुता २, भीरु ३, इन्दीवरी ४, वरी ५, ॥ १८३ ॥ नारायणी ६, शतपदी ७, शतवीर्या ८, पीवरी ९, ये शतावरके नाम हैं. शतमूली १, अर्धकण्टिका २, ॥ १८४ ॥ सहस्रवीर्या ३, हेतुचरिष्या ४, महोदरी ५, ये महाशतावर अर्थात् बडी शतावरके नाम हैं. ये भारी है, शीतल है, कडवी, मधुर, रसायन ॥ १८५ ॥ और कान्ति, अग्नि, और पुष्टता, इनकों देनेवाली है, स्निग्ध है, और नेत्रोंकों हितकारक है, और वायगोला अतीसारकों जीतनेवाली है, शुक्रकों तथा दुग्धकों करनेवाली है, बलके हितकारी है, वात, पित्त, रक्त, सूजन, इनकोंभी जीतनेवाली है ॥ १८६ ॥ और बडी शतारी कान्तिकों करनेवाली है, दिलकों ताकत देती है, पुरुषत्वकों बढाती है, रसायनी है, और बडा शतावर, ववासीर, संग्रहणी, नेत्ररोग, इनका नाश करनेवाली है ॥ १८७ ॥

अथ असगंधनामगुणाः.

गन्धान्ता वाजिनामादिरश्वगन्धा हयाह्वया ।
वराहकर्णी वरदा तथोक्ता कुष्ठगन्धिनी ॥ १८८ ॥
अश्वगन्धानिलश्लेष्मश्वित्रशोथक्षयापहा ।
बल्या रसायनी तिक्ता कषाकोष्णातिशुक्रला ॥ १८९ ॥

टीका—गन्धान्ता १, घोडेकेनामआदिवाला २, अश्वगंधा ३, हयाह्वया ४, वराहकर्णी ५, वरदा ६, कुष्ठगन्धिनी ७, ये असगंधके नाम हैं ॥ १८८ ॥ ये वात, कफ, श्वित्र, सूजन, क्षय इनकी हरनेवाली, बलकों देनेवाली, रसायन है, चरपरी, कसेली, और खानेसें शुक्रकों उत्पन्न करती है ॥ १८९ ॥

अथ पाठानामगुणाः.

पाठांबष्ठांबष्ठकी च प्राचीना पापचेलिका ।
एकाष्ठीला रसा प्रोक्ता पाठिका वरतिक्तका ॥ १९० ॥

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

पाठोष्णा कटुका तीक्ष्णा वातश्लेष्महरी लघुः ।
हन्ति शूलज्वरछर्दिकुष्ठातीसारहृद्रुजः ॥ १९१ ॥
दाहकण्डूविषश्वासकृमिगुल्मगरव्रणान् ।

टीका—पाठा, अम्बष्ठा, अम्बष्ठकी, प्राचीना, पापचेलिका, एकाष्ठीला, रसा, पाठिका, वरतिक्तका ॥ १९० ॥ येह पाठाके नाम हैं, पाठा उष्ण, कडवी, तीक्ष्ण, वात कफकों हरनेवाली, हलकी, होती है, और शूल, ज्वर, वमन, कुष्ठ, अतीसार, हृदयकी पीडा ॥१९१॥ दाह, खुजली, विष, श्वास, कृमि, वायगोला, व्रण, इनकों हरती है.

अथ श्वेतनिशोतनामगुणाः.

श्वेता त्रिवृता भण्डी स्यात्रिवृता त्रिपुटापि च ॥ १९२ ॥
सर्वानुभूतिः सरला निशोता रेचनीति च ।
श्वेता त्रिवृद्रेचनी स्यात्स्वादुरुष्णा समीरहृत् ॥ १९३ ॥
रूक्षा पित्तज्वरश्लेष्मपित्तशोथोदरापहा ।

टीका—श्वेता, त्रिवृता, भण्डी, त्रिपुटा ॥ १९२ ॥ सर्वानुभूति, सरला, निशोता, रेचनी, येह सुफेद निशोतके नाम हैं. सुफेद निशोत दस्तावर होती है, मधुर, उष्ण, वातकी नाशक ॥ १९३ ॥ रूक्ष, पित्त, ज्वर, श्लेष्म, शोथ, उदर, इनकों हरती है.

अथ श्यामनिशोतनामगुणाः.

त्रिवृच्छ्यामार्धचन्द्रा च पालिन्दी च सुषेणिका ॥ १९४ ॥
मसूरविदला कोलकैषिका कालमेषिका ।
श्यामा त्रिवृत् ततो हीनगुणा तीव्रविरेचनी ॥ १९५ ॥
मूर्च्छादाहमदभ्रान्तिकण्ठोत्कर्षणकारिणी ।

टीका—त्रिवृत्, श्यामा, अर्धचंद्रा, पालिन्दी, सुषेणिका ॥१९४॥ मसूरविदला, कोलकैषिका, कालमेषिका, यह काली निशोतके नाम हैं. काली. निशोत उस्सें हीनगुणवाली और अधिक दस्तावर होती है ॥ १९५ ॥ तथा मूर्च्छा, दाह, मद, भ्रान्ति, कंठका उत्कर्षण करनेवाली होती है.

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

अथ लघुदन्तीनामगुणाः.

लघुदन्ती विशल्या च स्यादुदुम्बरपर्ण्यपि ॥ १९६ ॥
तथैरण्डफला शीघ्रा श्येनघण्टा घुणप्रिया ।
वाराहाङ्गी च कथिता निकुम्भश्च मकूलकः ॥ १९७ ॥

टीका—लघुदन्ती, विशल्या, उदुम्बरपर्णी, ॥१९६॥ एरण्डफला, शीघ्रा, श्येनघंटा, घुणप्रिया, वाराहांगी, निकुम्भ, मकूलक, यह छोटी दन्तीके नाम हैं॥१९७॥

अथ बृहद्दन्तीएरण्डपत्राविटपा.

द्रवन्ती सा वरी चित्रा प्रत्यक्पर्ण्याखुपर्ण्यपि ।
चित्रोपचित्रा न्यग्रोधी प्रत्यक्श्रेण्याखुकर्ण्यपि ॥ १९८ ॥
दन्तिकं च सरं पाके रसे च कटु दीपनम् ।
गुदाङ्कुराश्मशूलार्शःकण्डूकुष्ठविदाहनुत् ॥ १९९ ॥
तीक्ष्णोष्णं हंति पित्तास्रकफशोथोदारकृमीन् ।

टीका—जिसका फल जमालगोटा है, जो बडी दन्ती उसके पत्ते एरंडके पत्तोंके समान होते हैं. द्रवंती, वरी, चित्रा, प्रत्यक्पर्णी, आखुपर्णी, चित्रोपचित्रा, न्याग्रोधी, प्रत्यक्श्रेणी, आखुकर्णी, यह दंतीके नाम हैं ॥ १९८ ॥ दोनों दन्ती दस्तावर, पाक और रसमें कडवी, दीपन, ववासीर, पथरी, शूल, खाज, कुष्ठ, विदाह, इनकों हरती है ॥ १९९ ॥ तीखी, और उष्ण है, तथा रक्त, पित्त, कफ, शोथ, उदररोग, कृमि, इनकों हरती है.

अथ लघुदन्तीफलम्.

क्षुद्रदन्तीफलं तु स्यान्मधुरं रसपाकयोः ॥ २०० ॥
शीतलं सृष्टविण्मूत्रगरशोथकफापहम् ।
जयपालो दन्तिबीजं विशेषात्तिंतिडीफलम् ॥ २०१ ॥
जयपालो गुरुः स्निग्धो रेची पित्तकफापहः ।

टीका—छोटे जमालगोटेका फल रस और पाकमें मधुर होता है ॥ २०० ॥ और शीतल होता है, तथा मिलेहुए मलमूत्रकों निकालनेवाला, विषके शोथकों तथा

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

कफकों हरता है जयपाल, दन्तिबीज, तिन्तिडीफल यह जमालगोटेके नाम हैं ॥२०१॥ जमालगोटा भारी, चिकना, रेचन, पित्तकफकों हरता है.

इन्द्रवारुणी बडी इन्द्रकला.

ऐन्द्रीन्द्रवारुणी चित्रा गवाक्षी च गवादिनी ॥ २०२ ॥
वारुणी च पराप्युक्ता सा विशाला महाफला ।
श्वेतपुष्पा मृगाक्षी च मृगैर्वारुमृगादनी ॥ २०३ ॥
गवादनीद्वयं तिक्तं पाके कटु सरं लघु ।
वीर्योष्णं कामलापित्तकफप्लीहोदरापहम् ॥ २०४ ॥
श्वासकासापहं कुष्ठगुल्मग्रन्थिव्रणप्रणुत् ।
प्रमेहमूढगर्भामगण्डामयविषापहम् ॥ २०५ ॥

टीका—एन्द्री इन्द्रवारुणी चित्रा गवाक्षी गवादिनी ॥ २०२ ॥ वारुणी ये इन्द्रायनके नाम हैं. दूसरी इन्द्रायनके नाम विशाला, महाफला, श्वेतपुष्पा, मृगाक्षी, मृगैर्वारु, मृगादनी, यह बडी इन्द्रायनके नाम हैं ॥ २०३ ॥ दोनों इन्द्रायन तिक्त, पाकमें कडवी, दस्तावर, हलकी, वीर्यमें उष्ण हैं. तथा कामला, पित्त, कफ, प्लीह, उदररोग, इनकों हरती है ॥२०४ ॥ और श्वास, कासके नाशक, तथा कुष्ठ, वायगोला, गांठ, व्रण, इनकोंभी हरती है, और प्रमेह, मूढगर्भस्राव, गंडरोग, गण्डमाला, विष, इनकों हरती है ॥ २०५ ॥

अथ नीलीनामगुणाः.

नीली तु नीलिनी तूली कालदोला च नीलिका ।
रञ्जनी श्रीफली तुत्था ग्रामीणा मधुपर्णिका ॥ २०६ ॥
क्लीतका कालकेशी च नीलपुष्पा च सा स्मृता ।
नीलिनी रेचनी तिक्ता केश्या मोहभ्रमापहा ॥ २०७ ॥
उष्णा हन्त्युदरप्लीहवातरक्तकफानिलान् ।
आमवातमुदावर्तं मन्दं च विषमुद्धतम् ॥ २०८ ॥

टीका—नीली, नीलिनी, तूली, कालदोला, नीलिका, रंजनी, श्रीफली, तुत्था, ग्रामीणा, मधुपर्णिका ॥ २०६ ॥ क्लीतका, कालकेशी, नीलपुष्पा, ये नी-

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

लाके नाम हैं. नीला रेचन, तिक्त, केशके हित, मोह, भ्रमकों हरता है ॥ २०७ ॥ उष्ण, तथा उदररोग, प्लीह, वातरक्त, कफवात, आमवात, उदावर्त, मन्दाग्नि, इनकों हरती हैं, विष निकालनेवाली है ॥ २०८ ॥

अथ शरपुंख(सरफोंका)नामगुणाः.

शरपुङ्खः प्लीहशत्रुर्नीली वृक्षाकृतिश्च सः ।
शरपुङ्खो यकृत्प्लीहगुल्मव्रणविषापहः ॥ २०९ ॥
तिक्तः कषायः कासास्त्रश्वासज्वरहरो लघुः ।

टीका—शरपुंख, प्लीहशत्रु, ये सरफोंकाके नाम हैं. यह नीलवृक्षके आकार होती है. सरफोंका तिल्ली, प्लीह, वायगोला, व्रण, विष, इनकों रहता है, और तिक्त, कसेला ॥ २०९ ॥ श्वास, ज्वर, इनकों हरता है, और हलका है.

अथ दुरालभा(जवासा)नामगुणाः.

यासो यवासो दुःस्पर्शो धन्वयासः कुनाशकः ॥ २१० ॥
दुरालभा दुरालम्भा समुद्रान्ता च रोदनी ।
गान्धारी कच्छुरानन्ता कषाया हरविग्रहा ॥ २११ ॥
यासः स्वादुः सरस्तिक्तस्तुवरः शीतलो लघुः ।
कफमेदोमदभ्रान्तिपित्तासृक्कुष्ठकासजित् ॥ २१२ ॥
तृष्णाविसर्पवातास्त्रवमिज्वरहरः स्मृतः ।
यवासस्य गुणैस्तुल्या बुधैरुक्ता दुरालभा ॥ २१३ ॥

टीकाः—यास, यवास, दुःस्पर्श, धन्वयास, कुनाशक ॥ २१० ॥ दुरालभा, दुरालंभा, समुद्रान्ता, रोदनी, गान्धारी, कच्छुरा, अनन्ता, कषाया, हरविग्रहा, ये जवासेके नाम हैं ॥ २११ ॥ जवासा मधुर, दस्तावर, तिक्त, कसेला, शीतल, हलका है और कफ, मेद, मद, भ्रान्ति, रक्तपित्त, कुष्ठ, कास, इनकों हरनेवाला है ॥२१२॥ और तृषा, विसर्प, वात, रक्त, वमन इनकों हरता है. पंडितोंनें जवासेके गुणके समान दुरालभाके गुण कहे हैं ॥ २१३ ॥

अथ मुण्डीनामगुणाः.

मुण्डी भिक्षुरपि प्रोक्ता श्रावणी च तपोधना ।

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

श्रवणाह्वा मुण्डतिका तथा श्रवणशीर्षका ॥ २१४ ॥
महाश्रवणकान्या तु सा स्मृता भूकदम्बिका ।
कदम्बपुष्पिका च स्यादव्यथातितपस्विनी ॥ २१५ ॥
मुण्डतिका कटुः पाके वीर्योष्णा मधुरा लघुः ।
मेध्या गण्डापची कृच्छ्रकृमियोन्यर्तिपाण्डुनुत् ॥ २१६ ॥
श्लीपदारुच्यपस्मारप्लीहमेदोगुदार्तिहृत् ।
महामुण्डी च तत्तुल्या गुणैरुक्ता महर्षिभिः ॥ २१७ ॥

टीका—मुण्डी, भिक्षुश्रावणी, तपोधना, श्रवणाह्वा, मुंडतिका, श्रवणशीर्षका, यह मुण्डीके नाम हैं ॥ २१४ ॥ बडीमुंडी, महाश्रावणिका, भूकदम्बिका, कदम्बपुष्पिका, अव्यथा, अतितपस्विनी ॥२१५॥ मुण्डी पाकमें कडवी, वीर्यमें उष्ण, मधुर हलकी, होती है, कान्तीकों देनेवाली, गण्डमाल, अपची, मूत्रकृच्छ्र, कृमि, योनिपीडा, पाण्डुरोग, इनकों हरनेवाली है ॥ २१६ ॥ और श्लीपद, अरुचि, मिरगी, प्लीह, मेद, गुदाकी पीडा, इनकों हरनेवाली है. बडी मुंडी गुणोंमें उसीके समान महर्षियोंनें कही है ॥ २१७ ॥

अथ अपामार्ग(चिरचिरा)नामगुणाः.

अपामार्गस्तु शिखरी ह्यधःशल्यो मयूरकः ।
मर्कटो दुर्ग्रहा चापि किणिही खरमञ्जरी ॥ २१८ ॥
अपामार्गः सरस्तीक्ष्णो दीपनस्तिक्तकः कटुः ।
पाचनो रोचनश्छर्दिकफमेदोऽनिलापहः ॥ २१९ ॥
निहन्ति हृद्रुजाध्मानार्शःकण्डूशूलोदरापची ।

टीका—अपामार्ग, शिखरी, अधःशल्या, मयूरक, मर्कटी, दुर्ग्रहा, किणिही, खरमंजरी, ये चिर्चेडेके नाम हैं ॥ २१८ ॥ चिर्चेडा दस्तावर, तीक्ष्ण, उष्ण, दीपन, तिक्त, कटु, पाचन, रोचन, कफ, मेद, वमन, वात, इनकों हरता है ॥ २१९ ॥ हृदयकी पीडा आध्मान, ववासीर, खुजली, शूल उदररोग, अपची, इनकों हरता है.

अथ रक्तापामार्ग(चिरचिरा)नामगुणाः.

रक्तोन्यो वशिरो वृत्तफलो धामार्गवोऽपि च ॥ २२० ॥

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

प्रत्यक्पर्णी केशपर्णी कथिता कपिपिप्पली ।
अपामार्गोऽरुणो वातविष्टम्भी कफकृत् हिमः ॥ २२१ ॥
रूक्षः पूर्वगुणैर्न्यूनः कथितो गुणवेदिभिः ।
अपामार्गफलं स्वादु रसे पाके च दुर्जरम् ॥ २२२ ॥
विष्टम्भि वातलं रूक्षं रक्तपित्तप्रसादनम् ।

टीका—दूसरा लाल वशिर, वृत्तफल, अपामार्ग ॥ २२० ॥ प्रत्यक्पर्णी, केशपर्णी, कपिपिप्पली, यह लाल चिचेरेके नाम हैं. लाल चिचेरा अरुण वातकों विष्टंभ करनेवाला, कफकों करनेवाला, शीतल ॥ २२१ ॥ रूक्ष, और पहलेके गुणोंसें हीनगुणके जाननेवालोंनें ऐसा कहा है. चिचेरेका फल रसमें मधुर, और पाकमेंभी मधुर, विदग्ध ॥ २२२ ॥ विष्टंभकों करनेवाला, वातकों करनेवाला, रूखा, रक्तपित्तकों अच्छा करनेवाला होता है.

अथ कोकिलाक्ष(तालमखाना)नामगुणाः.

कोकिलाक्षस्तु काकेक्षुरिक्षुरः क्षुरकः क्षुरः ॥ २२३ ॥
इक्षुः काण्डेक्षुरप्युक्त इक्षुगन्धेक्षुवालिका ।
क्षुरकः शीतलो वृष्यः स्वाद्वम्लः पित्तलस्तथा ॥ २२४ ॥
तिक्तो वातामशोथाश्मतृष्णादृष्ट्यनिलास्रजित् ।

टीका—कोकिलाक्ष, काकेक्षु, इक्षुर, क्षुरक, क्षुर ॥ २२३ ॥ इक्षु, काण्डेक्षु, इक्षुगन्धा, इक्षुवालिका, यह तालमखानेके नाम हैं. तालमखाना शीतल, शुक्रकों उत्पन्न करनेवाला, मधुर, अम्लपित्तकों उत्पन्न करनेवाला ॥ २२४ ॥ तिक्त, आमवात, पथरी, शोथ तृषा, दृष्टिरोग, वातरक्त, इनकों हरनेवाला है.

अथ ग्रंथि(हडसंघारी)नामगुणाः.

ग्रन्थिमानस्थिसंहारी वज्राङ्गी चास्थिशृङ्खला ।
अस्थिसंहारकः प्रोक्तो वातश्लेष्महरोऽस्थियुक् ॥ २२५ ॥
उष्णः सरः कृमिघ्नश्च दुर्नामघ्नोऽक्षिरोगजित् ।
रूक्षः स्वादुर्लघुर्वृष्यः पाचनः पित्तलः स्मृतः ॥ २२६ ॥

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

काण्डत्वग्विरहितमस्थि शृङ्खलाया माषार्द्रं द्विदलमकंचुकं तदर्धम् ।
सम्पिष्टं तदनु ततस्तिलस्य तैले सम्पक्कं वटकमतीव वातहारि २२७

टीका—ग्रन्थिमान्, अस्थिसंहार, वज्रांगी, अस्थिशृंखला, अस्थिसंहारक, यह हरसिंघारके नाम हैं, हरसिंघार वातकफकों हरता है, और हड्डियोंकों जोडनेवाला ॥ २२५ ॥ उष्ण, दस्तावर, कृमिकों, हरता है, ववासीरकों हरता है, नेत्ररोगकों हरनेवाला, रूखा, मधुर, हलका, शुक्रकों उत्पन्न करनेवाला, पाचन, पित्तकों करनेवाला कहा गया है ॥ २२६ ॥ तालमखाना त्वचासें रहित हरसिंगारकाभी गीला उडद, चुक, उससें आधा इनकों पीसकै उस्के पश्चात् उस्कों तिलके तेलमें पकाया वटक अतिवातकों हरता है ॥ २२७ ॥

अथ कुमारी(घीकुवार)नामगुणाः.

कुमारी गृहकन्या च कन्या घृतकुमारिका ।
कुमारी भेदनी शीता तिक्ता नेत्र्या रसायनी ॥ २२८ ॥
मधुरा बृंहणी बल्या वृष्या वातविषप्रणुत् ।
गुल्मप्लीहयकृद्वृद्धिकफज्वरहरी हरेत् ॥ २२९ ॥
ग्रन्थ्यग्निदग्धविस्फोटपित्तरक्तत्वगामयान् ।

टीका—कुमारी, ग्रहकन्या, कन्या, घृतकुमारी, यह घीकुवारके नाम हैं. घीकुवार भेदन, शीत, तिक्त, नेत्रका हित, रसायन ॥ २२८ ॥ मधुर, पुष्ट, बलकों बढानेवाला, शुक्रकों उत्पन्न करनेवाला, वात, विषकों हरता है, गुल्म, वायगोला, प्लीह, तिल्ली, अंडवृद्धि, कफज्वर, इनकों हरता है ॥ २२९ ॥ और ग्रन्थि, अग्निदग्ध, विस्फोट, पित्तरक्त, त्वचाके रोग, इनकों हरता है.

अथ श्वेतपुनर्नवानामगुणाः.

पुनर्नवा श्वेतमूला शोथघ्नी दीर्घपत्रिका ॥ २३० ॥
कटुः कषायानुरसा पाण्डुघ्नी दीपनी सरा ।
शोफानिलगरश्लेष्महरी व्रण्योदरप्रणुत् ॥ २३१ ॥

टीका—पुनर्नवा, श्वेतमूला, शोथघ्नी, दीर्घपत्रिका, यह सफेद गदहपूरनाके

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

नाम हैं ॥ २३० ॥ सफेद पुनर्नवा कसेला, पाण्डुरोगकों हरता है, दीपन और वात, विष, कफ, इनकों हरता है, तथा उदररोगकों हरता है ॥ २३१ ॥

अथ रक्तपुष्पपुनर्नवानामगुणाः.

पुनर्नवाऽपरा रक्ता रक्तपुष्पा शिलाटिका ।
शोथघ्नः क्षुद्रवर्षाभूर्वृषकेतुः कपिल्लकः ॥ २३२ ॥
पुनर्नवारुणा तिक्ता कटुपाका हिमा लघुः ।
वातला ग्राहिणी श्लेष्मपित्तरक्तविनाशिनी ॥ २३३ ॥

टीकाः—पुनर्नवा दूसरी रक्तपुष्पा, शिलाटिका, यह लालपुनर्नवाके नाम हैं. शोथघ्न, क्षुद्र, वर्षाभू, वृषकेतु, कपिल्लक, यह पुनर्नवाके नाम हैं ॥ २३२ ॥ पुनर्नवा लाल, तिक्त, पाकमें कटु, शीतल, हलका, वातकों उत्पन्न करनेवाला, अग्नि, कफ, पित्त, रक्त, इनकों हरता है ॥ २३३ ॥

अथ गन्धप्रसारणीनामगुणाः.

प्रसारणी राजबला भद्रपर्णी प्रतापनी ।
सरणी सारणी मद्रा बला चापि कटम्भरा ॥ २३४ ॥
प्रसारिणी गुरुर्वृष्या बलसन्धानकृत्सरा ।
वीर्योष्णा वातहृत् तिक्ता वातरक्तकफापहा ॥ २३५ ॥

टीकाः—प्रसारणी, राजबला, भद्रपर्णी, प्रतापनी, सरणी, सारणी, भद्रा, बला, कटम्भरा, यह गन्धप्रसारणीके नाम हैं ॥ २३४ ॥ गन्धप्रसारणी भारी, शुक्रकों उत्पन्न करनेवाली, बलकों देनेवाली, हड्डियोंकों जोडनेवाली, दस्तावर, वीर्यमें उष्ण, वातकों हरती है, तिक्त है, वातरक्त, कफ, इनकों हरनेवाली है ॥ २३५ ॥

अथ इंद्रजंबूक(करिआवांसा)नामगुणाः.

इन्द्रजम्बूकवत्पत्रा सुगन्धा कलघण्टिका ।
कृष्णा तु शारिवा श्यामा गोपी गोपवधूश्च सा ॥ २३६ ॥

टीका—ये बडे जामनके पत्तोंके समान पत्ते होते हैं, और सुगन्धभी होता है, कलघंटिका, सुगन्धा, इन्द्रजम्बूक पत्तोंके समान पत्तोंवाली कृष्णा, सारिवा, श्यामा, गोपी, गोपवधू, यह काले सारिवाके नाम हैं. उसकों पूर्वसांउ कहते हैं २३६

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

शारिवा(गौरीआसाऊं)नामगुणाः.

(इयमपि जम्बूवत्पत्रा दुग्धगर्भा व्रततिर्भवति)

धवला शारिवा गोपी गोपकन्या कृशोदरी।
स्फोटा श्यामागोपवल्ली लताऽस्फोता च चन्दना ॥२३७॥
(क) गोपी गोपस्य स्त्री पुंयोगादिङीप्।
गोपा गां पातीति गोपा गोपकन्या श्यामापदेन कृष्णा श्वेतापि
सारिवा कथ्यते सा। श्वेतेन सारिवापदस्य प्रयुक्तत्वात्।
सारिवा च निशि श्यामाश्यामा च हरिता सिता।
सारिवायुगलं स्वादु स्निग्धं शुक्रकरं गुरु ॥ २३८ ॥
अग्निमान्द्यारुचिश्वासकासामविषनाशनम्।
दोषत्रयामप्रदरज्वरातीसारनाशनम् ॥ २३९ ॥

टीका—इस्केभी जमनकेसे पत्ते होते हैं, भीतर दूध होता है, और लतावाली होती है. धवला, सारिवा, गोपी, गोपकन्या, कृशोदरी, स्फोटा, श्यामा, गोपवल्ली, लता, आस्फेता, चन्दना ॥२३७॥ यह श्वेतसारिवाके नाम हैं. (क) (गोपी) गोपकी स्त्री. पुंयोगसें ङीप् प्रत्यय हुवा है. (गोपा) गायकों जो रक्षण करता है वह गोप है (गोपकन्या) श्यामापदसें काली और सुपेद सारिवा कही है, वह श्वेतसारिवापदके प्रयोग होनेसें. वोह जैसे सारिवामें निशि, श्यामा, अश्यामा, हरिता, सिता, इसप्रकार कहा है. दोनों सारिवा मधुर चिकनी शुक्रकों उत्पन्न करनेवाली, भारी है ॥२३८॥ और अग्निमान्द्य, अरुचि, श्वास, कास, आम, विष इनकों हरती है, तथा त्रिदोष रक्तप्रदर, ज्वरातिसार, इनका नाश करनेवाली है ॥ २३९ ॥

अथ भृङ्गराजनामगुणाः.

भृङ्गराजो भृङ्गरजो मार्कवो भृङ्ग एव च।
अङ्गारकः केशराजो भृङ्गारः केशरञ्जनः ॥ २४० ॥
भृङ्गारः कटुकस्तीक्ष्णो रूक्षोष्णः कफवातनुत्।
केश्यस्त्वच्यः कृमिश्वासकासशोथामपाण्डुनुत् ॥ २४१ ॥
दन्त्यो रसायनो बल्यः कुष्ठनेत्रशिरोर्तिनुत्।

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

टीका—भृंगराज, भृंगरज, मार्कव, भृंग, अंगारक, केशराज, भृंगार, केशरजन, यह भंगेरके नाम हैं, ॥२४२॥ भंगेरा कडवा, तीखा, रूखा, गरम, कफवातकों हरता है, और केशकों हित, त्वचाकों अच्छा करनेवाला, और कृमि, श्वास, कास, शोथ, पाण्डुरोगकों हरता है ॥ २४१ ॥ और दांतोंकों अच्छा करनेवाला, रसायन, बलकों देनेवाला, कुष्ठ, मेदरोग, शिरकी पीडा, इनकों हरनेवाला है.

शणपुष्पी(हुली)नामगुणाः.

शणपुष्पी कटुस्तिक्ता वामनी कफपित्तजित् ॥ २४२ ॥
शणपुष्पी स्मृता घण्टा शणपुष्पसमाकृतिः ।

टीका—इसकों हुलीभी कहते है. इस्के फूल सणके फूलके समान होते हैं. शणपुष्पी, घण्टा, षणपुच्छसमाकृति यह हुलीके नाम हैं ॥ २४२ ॥ हुली कडवी, तिक्त, वमनकों करनेवाली, कफपित्तकों हरनेवाली है.

अथ त्रायमाणानामगुणाः.

बलभद्रा त्रायमाणा त्रायन्ती गिरिसानुजा ॥ २४३ ॥
त्रायन्ती तुवरा तिक्ता सरा पित्तकफापहा ।
ज्वरहृद्रोगगुल्मार्शोभ्रमशूलविषप्रणुत् ॥ २४४ ॥

टीका—बलभद्रा, त्रायमाणा, त्रायंती गिरसानुजा, यह त्रायमाणके नाम हैं ॥ २४३ ॥ त्रायमाणा कसेली, तिक्त, दस्तावर, पित्तकफकों हरती है, और ज्वर, हृद्रोग, वायगोला, ववासीर, भ्रम, शूल, विष, इनकों हरती है ॥ २४४ ॥

अथ चूर्णहारनामगुणाः.

मूर्वा मधुरसा देवी मोरटा तेजनी स्रवा ।
मधूलिका मधुश्रेणी गोकर्णी पीलुपर्ण्यपि ॥ २४५ ॥
मूर्वा सरा गुरुः स्वादुस्तिक्ता पित्तास्रमेहनुत् ।
त्रिदोषतृष्णाहृद्रोगकण्डूकुष्ठज्वरापहा ॥ २४६ ॥

टीका—मूर्वा, मधुरसा, देवी, मोरटा, तेजनी, स्रवा, मधूलिका, मधुश्रेणी, गोकर्णी, पीलुपर्णी, यह मरोडफलीके नाम हैं ॥ २४५ ॥ मरोडफली, मल, वातकों

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

नीचे करनेवाली, भारी, मधुर, तिक्त, रक्तपित्त, प्रमेह, इनकों हरती है, और त्रिदोष, तृषा, हृद्रोग, खुजली, कुष्ठ, ज्वर, इनकोंभी हरती है ॥ २४६ ॥

अथ काकमाची(कवैया)नामगुणाः.

काकमाची ध्वाङ्क्षमाची काकाह्वा चैव वायसी ।
काकमाची त्रिदोषघ्नी स्निग्धोष्णा स्वरशुक्रदा ॥ २४७ ॥
तिक्ता रसायनी शोथकुष्ठार्शोज्वरमेहजित् ।
कटुर्नेत्रहिता हिक्काच्छर्दिहृद्रोगनाशिनी ॥ २४८ ॥

टीकाः—काकमाची, ध्वांक्षमाची, काकाह्वा, वायसी, यह किमाचके नाम हैं. किमाच त्रिदोषहारक, चिकनी, उष्ण, स्वर, शुक्रकों करनेवाली, ॥ २४७ ॥ तिक्त, रसायन, शोथ, कुष्ठ, बवासीर, ज्वर, प्रमेह, इनकों हरनेवाली है, कडवी, नेत्रके हित है, हुचकी, वमन, हृदयरोग इनकों हरनेवाली है ॥ २४८ ॥

अथ काकनासा(कौआढोढी)नामगुणाः.

काकनासा तु काकाङ्गी काकतुण्डफला च सा ।
काकनासा कषायोष्णा कटुका रसपाकयोः ॥ २४९ ॥
कफघ्नी वामनी तिक्ता शोथार्शःश्वित्रकुष्ठहृत् ।

टीकाः—काकनासा, काकाङ्गी, काकतुंडफला, यह कौवाढोढीके नाम हैं. कौवाढोढी कसेली, रसपाकमें कडवी होती है ॥ २४९ ॥ और कफकों हरती है, वमन करनेवाली, तिक्त, सूजन, बवासीर, श्वित्र, कुष्ठ, इनकों हरती है.

अथ काकजंघा(मसी)नामगुणाः.

काकजंघा नदीकांता काकतिक्ता सुलोमशा ॥ २५० ॥
पारावतपदी दासी काका चापि प्रकीर्तिता ।
काकजंघा हिमा तिक्ता कषाया कफपित्तजित् ॥ २५१ ॥
निहन्ति ज्वरपित्तास्रज्वरकण्डूविषकृमीन् ।

टीका—काकजंघा इस्कों लोकमें मसी ऐसी कहते हैं. काकजंघा, नदीकांता, काकतिक्ता, सुलोमशा ॥ २५० ॥ पारावतपदी, दासी, काका, यह मसीके नाम हैं.

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

काकजंघा तिक्त, शीतल, कसेली, कफपित्तकों हरती है ॥ २५१ ॥ और ज्वर, पित्त, रक्त, कृमि, कण्डू, विष, इनकों हरती है,

अथ नागपुष्पीनामगुणाः.

नागपुष्पी श्वेतपुष्पा नागिनी रामदूतिका ॥ २५२ ॥
नागिनी रोचनी तिक्ता तीक्ष्णोष्णा कफपित्तनुत् ।
विनिहन्ति विषं शूलं योनिदोषवमिकृमीन् ॥ २५३ ॥

टीका—नागपुष्पी, श्वेतपुष्पा, नागिनी, रामदूतिका, यह नागिनीके नाम हैं, ॥ २५२ ॥ नागिनी रुचिकों करनेवाली, तिक्त, तीखी, उष्ण, कफ पित्तकों हरती है. और विष, शूल, योनिदोष, वमन, कृमि इनकों हरती है ॥ २५३ ॥

अथ मेषशृंगी(मेढासींगी)नामगुणाः.

मेषशृङ्गी विषाणी स्यान्मेषवल्ल्यजशृङ्गिका ।
मेषशृङ्गी रसे तिक्ता वातला श्वासकासहृत् ॥ २५४ ॥
रूक्षा पाके कटुस्तिक्ता व्रणश्लेष्माक्षिशूलनुत् ।
मेषशृङ्गीफलं तिक्तं कुष्ठमेहकफप्रणुत् ॥ २५५ ॥
दीपनं स्रंसनं कासकृमिव्रणविषापहम् ।

टीका—मेषशृंगी, विषाणी, मेषवल्ली, अजशृंगिका, यह मेंढासींगीके नाम हैं, मेढासींगी रसमें तिक्त, वातकों उत्पन्न करनेवाली, श्वास, कासकों हरती है ॥२५४॥ और रूखी, पाकमें कटु, तिक्त, व्रण, कफ, नेत्र, शूल, इनकों हरनेवाली है. मेढासींगीका फल तिक्त है, कुष्ठ, प्रमेह, कफ, इनकों हरता है ॥ २५५ ॥ दीपन, दस्तावर, कास, कृमि व्रण, विष, इनकों हरता है,

अथ हंसपादीनामगुणाः.

हंसपादी हंसपदी कीटमाता त्रिपादिका ॥ २५६ ॥
हंसपादी गुरुः शीता हन्ति रक्तविषव्रणान् ।
विसर्पदाहातीसारलूताभूताग्निरोहिणी ॥ २५७ ॥

टीका—हंसपादी, हसपदी, कीटमाता, त्रिपादिका, यह हंसपदीके नाम हैं ॥ २५६ ॥ हंसपदी भारी, शीत, रक्त, विष, व्रणकों हरती है, और विसर्प, दाह, अतीसार, लूता, भूत, अग्नि, रोहिणी, इनकोंभी हरती है ॥ २५७ ॥

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

अथ सोमलता तथा आकाशवल्लीनामगुणाः.

सोमवल्ली सोमलता सोमक्षीरी द्विजप्रिया ।
सौमवल्ली त्रिदोषघ्नी कटुस्तिक्ता रसायनी ॥ २५८ ॥
आकाशवल्ली तु बुधैः कथितामरवल्लरी ।
खवल्ली ग्राहिणी तिक्ता पिच्छिलाक्षामयापहा ॥ २५९ ॥
तुवराग्निकरी हृद्या पित्तश्लेष्मामनाशिनी ।

टीका—सोमवल्ली, सोमलता, सौमक्षीरी, द्विजप्रिया, यह सोमलताके नाम हैं. सोमलता, त्रिदोष हरती है, कडवी, तिक्त, रसायनी है ॥ २५८ ॥ आकाशवल्लीकों पंडित अमरवेल कहते हैं. आकाशवल्ली, काविज, तिक्त, चेपदार, राजयक्ष्मारोगकों हरती ॥२५९॥ कसेली अग्निकों करनेवाली, हृद्य, पित्त, कफ, इनकों हरती है,

अथ पातालगरुडी तथा वन्दानामगुणाः.

छिलिहिण्टो महामूलः पातालगरुडाह्वयः ॥ २६० ॥
छिलिहिण्टः परं वृष्यः कफघ्नः पवनापहः ।
वन्दा वृक्षादनी वृक्षभक्ष्या वृक्षरुहापि च ॥ २६१ ॥
वन्दाकः स्याद्धिमस्तिक्तः कषायो मधुरो रसे ।
माङ्गल्यकफवातास्त्ररक्षोव्रणविषापहः ॥ २६२ ॥

टीका—छिलिहिण्ट, महामूल, पातालगरुडीनामवाली, यह पातालगरुडीके नाम हैं ॥ २६० ॥ पातालगरुडी अत्यन्त शुक्रकों उत्पन्न करनेवाली, कफ हरती वाककों हरती है. वृक्षादनी, वन्दा, वृक्षभक्षा, वृक्षरुहा ॥ २६१ ॥ यह वन्दाकके नाम हैं. वन्दाक शीतल, तिक्त, कसेला, रसमें मधुर है, और मंगलकारक, कफ, वात, रक्त, राक्षस, व्रण, विष, इनकों हरता है ॥ २६२ ॥

अथ वटपत्रीनामगुणाः.

वटपत्री तु कथिता मोहिनी रेचनी बुधैः ।
वटपत्री कषायोष्णा योनिमूत्रगदापहा ॥ २६३ ॥
हिङ्गुपत्री तु कबरी पृथ्वीका प्रथुका पृथुः ।

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

हिङ्गुपत्री भवेद्रुच्या तीक्ष्णोष्णा पाचनी कटुः ॥ २६४ ॥
हृद्वस्तिरुग्विबन्धार्शःश्लेष्मगुल्मानिलापहा ।

टीका—वटपत्री, मोहिनी, रेचनी, यह वटपत्रीके नाम पंडितोंनें कहे हैं. वटपत्री, कसेली, गरम है, और योनिरोग, मूत्ररोग, इनकों हरती है ॥२६३॥ हिंगुपत्री, कबरी, पृथ्वीका, पृथुका, पृथु, यह हिंगुपुत्रीके नाम हैं. हिंगुपत्री रुचिकों करनेवाली, तीखी, उष्ण, पाचन कडवी है ॥२६४॥ और हृदय, पेडकी पीडा, विबन्ध, बवासीर, कफ, वायगोला, वात, इनकों हरती है.

अथ वंशपत्री, मत्स्याक्षीनामगुणाः.

वंशपत्री वेणुपत्री पिङ्गा हिङ्गु शिवाटिका ॥ २६५ ॥
हिङ्गुपत्री गुणा विज्ञैर्वंशपत्री च कीर्तिता ।
मत्स्याक्षी बाह्लिका मत्स्यगन्धा मत्स्यादनीति च ॥२६६॥
मत्स्याक्षी ग्राहिणी शीता कुष्ठपित्तकफास्रजित् ।
लघुस्तिक्ता कषाया च स्वाद्वी कटुविपाकिनी ॥ २६७ ॥

टीकाः—वंपत्री, वेणुपत्री, पिण्डा, हिंगुशिवाटिका यह वंशपत्रीके नाम हैं. ॥ २६५ ॥ शपत्री हिंगुपत्रीके समान गुणमें कही है मत्स्याक्षी इस्कों मच्छेछी और मछरिया ऐसा कहते हैं. ॥२६६॥ मत्स्याक्षी, बाह्लिका, मत्स्यगन्धा, मत्स्यादनी, यह मत्स्याक्षीके नाम हैं. मत्साक्षी काबिज, शीतल है, और पित्त, कुष्ठ, कफ, रक्त, इनकों हरनेवाली है, और हलकी, तिक्त, कसेली, मधुर, पाकमें कटु होती है॥२६७॥

अथ सर्पाक्षी(सरहटीगण्डिनी)नामगुणाः.

सर्पाक्षी स्यात्तु गण्डाली तथा नाडीकपालकाः ।
सर्पाक्षी कटुका तिक्ता सोष्णा कृमिविकृन्तनी ॥ २६८ ॥
वृश्चिकोन्दुरसर्पाणां विषघ्नी व्रणरोपणी ।

टीका—सर्पाक्षीकों सरहटी, गंडिनी ऐसाभी कहते हैं, सर्पाक्षी गंडाली, तथा नाडी कपालक, यह सर्पाक्षीके नाम हैं. सर्पाक्षी कडवी, तिक्त, कुछ, गरम होती है, और कृमिकों हरती है ॥ २६८ ॥ और विच्छू, चूहा, सांप, इनके विषकों हरती है, और घावकों भरनेवाली है.

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

अथ शङ्खपुष्पीनामगुणाः.

शङ्खपुष्पी तु शङ्खाह्वा माङ्गल्यकुसुमापि च ॥ २६९ ॥
शङ्खपुष्पी सरा मेध्या वृष्या मानसरोगहृत् ।
रसायनी कषायोष्णा स्मृतिकान्तिबलाग्निदा ॥ २७० ॥
दोषापस्मारभूतादि कुष्ठकृमिविषप्रणुत् ।

टीका—शंखपुष्पी, शंखाव्हा, मागल्यकुसुमा, यह शंखपुष्पीके नाम हैं ॥२६९॥ शंखपुष्पी मल, वातकों अनुलोम करनेवाली, कान्तिकों बढानेवाली, शुक्रकों उत्पन्न करनेवाली, मानसरोगकों हरती है. और रसायन, कसेली, गरम, स्मृति, कान्ति, बल, अग्नि इनकों देनेवाली ॥ २७० ॥ और मृगी, भूत, कुष्ठ, कृमि, विष, इनकों हरती है.

अथ अर्कपुष्पीतक्षलज्जालुनामगुणाः.

अर्कपुष्पी क्रूरकर्मा पयस्या जलकामुका ॥ २७१ ॥
अर्कपुष्पी कृमिश्लेष्ममेहपित्तविकारजित् ।
लज्जालुः स्यात् शमीपत्रा समङ्गा जलकारिका ॥ २७२ ॥
रक्तपादी नमस्कारी नाम्ना खदिरकेत्यपि ।
लज्जालुः शीतला तिक्ता कषाया कफपित्तजित् ॥ २७३ ॥

टीका—अर्कपुष्पी, क्रूरकर्मा, पयस्या, जलकामुका, यह अर्कपुष्पीके नाम हैं. ॥२७१॥ अर्कपुष्पी कृमि, कफ, प्रमेह, पित्तरोग, इनकों हरती है. लाजालू, शमीपत्री, समंगा, जलकारिका, रक्तपादी, नमस्कारी, खदिरका यह लजालूके नाम हैं ॥ २७२ ॥ लाजालू शीतल, तिक्त, कसेला होताहै और कफ, पित्तकों हरनेवाला, तथा रक्त, पित्त, अतीसार, योनिरोग, इनकों हरता है ॥ २७३ ॥

अलम्बुषा, तथा दूधी नामगुणाः.

रक्तपित्तमतीसारं योनिरोगान् विनाशयेत् ।
अलम्बुषा खरत्वक् च तथा मेदोगला स्मृता ।
अलम्बुषा लघुः स्वादुः कृमिपित्तकफापहा ॥ २७४ ॥

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

दुग्धिका स्वादुपर्णी स्यात्क्षीरा विक्षीरणी तथा ।
दुग्धिकोष्णा गुरू रूक्षा वातला गर्भकारिणी ॥ २७५ ॥
स्वादुक्षीरा कटुस्तिक्ता सृष्टमूत्रमलापहा ।
स्वादुर्विष्टम्भिनी वृष्या कफकुष्ठकृमिप्रणुत् ॥ २७६ ॥

टीका—अलम्बुषा, खरत्वक्, मेदोगला, यह हाउवेरके नाम हैं. हाउवेर हलका, मधुर, कृमि, पित्त, कफ इनकों हरता है ॥ २७४ ॥ दुग्धिका, स्वादुपर्णी, क्षीरा, विक्षीरणी, यह दुग्धीके नाम हैं. दुग्धी गरम, भारी, रूखी, वातकों करनेवाली और गर्भकों करनेवाली ॥ २७५ ॥ और दुग्धवाली, कडवी, तिक्त, मूत्रकों करनेवाली, मलहरती है मधुर, विष्टम्भकों करनेवाली, शुक्रकों उत्पन्न करनेवाली, और कफ, कुष्ठ, कृमि, इनकों हरती है ॥ २७६ ॥

अथ भुइआंवरा तथा वरंभी.

भूम्यामलकिका प्रोक्ता शिवा तामलकीति च ।
बहुपत्रा बहुफला बहुवीर्या जटापि च ॥ २७७ ॥
भूधात्री वातकृत्तिक्ता कषाया मधुरा हिमा ।
पिपासाकासपित्तास्रकफकण्डूक्षतापहा ॥ २७८ ॥
ब्राह्मी कपोतवङ्का च शिवमल्ली सरस्वती ।
मण्डूकपर्णी माण्डूकी त्वाष्ट्री दिव्या महौषधी ॥ २७९ ॥
ब्राह्मी हिमा सरा तिक्ता लघुर्मेध्या च शीतला ।
कषाया मधुरा स्वादुपाकायुष्या रसायनी ॥ २८० ॥
स्वर्या स्मृतिप्रदा कुष्टपाण्डुमेहास्रकासजित् ।
विषशोथज्वरहरी तद्वन्मण्डूकपर्णिनी ॥ २८१ ॥

टीका—भूम्यामलकि, शिवा, तामलकी, बहुपत्रा, बहुफला, बहुवीर्या, जटा, यह भुईआंवलेके नाम हैं ॥२७७॥ भुईआंवला वातकों करनेवाला, तिक्त, कसेला, मधुर, शीतल है. और प्यास, कास, रक्तपित्त, कफ, खुजली, क्षत इनकों हरता है ॥२७८॥ ब्राह्मी, कपोतवंका, सोमवल्ली, सरस्वती, मण्डूकपर्णी, मण्डूकी, त्वाष्ट्री, दिव्या, महौषधी यह ब्राह्मी और मण्डूकपर्णीके नाम हैं ॥ २७९ ॥ ब्राह्मी शीतल, सर,

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

तिक्त, हलकी, बुद्धीकों बढानेवाली है, शीतल, कसेली, मधुर पाकमें मधुर आयुकों देनेवाली, रसायनी है ॥ २८० ॥ और स्वरकों अच्छा करनेवाली, स्मृतिकों देनेवाली तथा कुष्ठ, पाण्डुरोग, प्रमेह, रक्त, कास, इनकों हरनेवाली है. और विष, शोथ, ज्वर, इनकों हरती है. मण्डूकपर्णीभी गुणेंसें ब्रह्मीके समान है ॥ २८१ ॥

अथ द्रोणपुष्पी(गूमा)नामगुणाः.

द्रोणा च द्रोणपुष्पी च फलेपुष्पा च तिक्तिका ।
द्रोणपुष्पी गुरुः स्वाद्वी रूक्षोष्णा वातपित्तकृत् ॥ २८२ ॥
सतीक्ष्णलवणा स्वादुपाका कट्वी च भेदिनी ।
कफामकामलाशोथतमकश्वासजन्तुजित् ॥ २८३ ॥

टीका—द्रोणा, द्रोणपुष्पी, फलेपुष्पा, तिक्तिका यह गोमाके नाम कहे गये हैं. गोमा भारी, मधुर, रूखी, गरम, वातपित्तकों करनेवाली है ॥ २८२ ॥ तीखी, नमकयुक्त, पाकमें मधुर, और कडु, तथा भेदन हैं. और कफ, आम, कामला, शोथ, तमक, श्वास, कृमि, इनकों हरनेवाली है ॥ २८३ ॥

अथ सुवर्चल(हुरहुराद्वितीयहुरहुर)गुणाः.

सुवर्चला सूर्यभक्ता वरदावरदापि च ।
सूर्यावर्ता रविप्रीताऽपरा ब्रह्मसुवर्चला ॥ २८४ ॥
सुवर्चला हिमा रूक्षा स्वादुपाका सरा गुरुः ।
आपित्तला कटुः क्षारा विष्टम्भकफवातजित् ॥ २८५ ॥
अन्या तिक्ता कषायोष्णा सरा रूक्षा लघुः कटुः ।
निहन्ति कफपित्तास्रश्वासकासारुचिज्वरान् ॥ २८६ ॥
विस्फोटकुष्ठमेहास्रयोनिरुक्कृमिपाण्डुताः ।

टीका—सुवर्चला, सूर्यभक्ता, वरदा, सूर्यावर्ता, रविप्रीता, और दूसरी ब्रह्म सुवर्चला यह दूसरे हुरहुरके नाम हैं ॥ २८४ ॥ हुरहुर शीतल, रूखी, पाकमें मधुर, सर, भारी, पित्तकों करनेवाली, कडवी, क्षार है. और विष्टंभ, कफवातकों हरनेवाली है ॥ २८५ ॥ और दूसरी तिक्त, कसेली, गरम, सर, रूखी, हलकी,

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

कडवी, है और कफ, रक्त, पित्त, श्वास, कास, अरुचि, ज्वर, इनकों हरती है २८६ तथा विस्फोट, कुष्ठ, प्रमेह, रक्त, योनिपीडा, कृमी, पाण्डुता, इनकोंभी हरती है.

अथ वंध्या(वाभूखके)नामगुणाः.

वन्ध्या कर्कोटकी देवी कन्या योगीश्वरीति च ॥ २८७ ॥
नागारी नक्रदमनी विषकण्टकिनी तथा ।
वन्ध्या कर्कोटकी लघ्वी कफनुद्व्रणशोधिनी ॥ २८८ ॥
सर्पदर्पहरी तीक्ष्णा विसर्पविषहारिणी ।
मार्कण्डिका भूमवल्ली मार्कण्डी मृदुरेचनी ॥ २८९ ॥
मार्कण्डिकाकुष्ठहरी ऊर्ध्वाधःकायशोधिनी ।
विषदुर्गन्धकासघ्नी गुल्मोदरविनाशिनी ॥ २९० ॥
वल्लीभूमिप्रसरणशीला ।

टीका—वन्ध्या, कर्कोटकी, देवी, कन्या, योगीश्वरी ॥२८७॥ नागारी, नक्रदमनी, विषकंटकिनी यह वांजखकसाके नाम हैं वांजखकसा हलका, कफ हरता, व्रणशोधन ॥ २८८ ॥ सर्पके दर्पकों दूर करनेवाला, तीखा, विसर्प, विष, हरता है. यह लता भूमीपर फैलनेवाली होती है. मार्कंडिका, भूमवल्ली, मार्कंडी, मृदुरेचनी, यहभी खकसाके नाम हैं ॥ २८९ ॥ खकसा कुष्ठ हरता ऊपर और नीचेसें शरीरकों शोधन करनेवाला है और विष, दुर्गंध, कास, इनकों हरता और वायगोला, उदररोग, इनकोंभी हरता है ॥ २९० ॥

अथ देवदाली(सोनैया)नामगुणाः.

(इयमपि खखसावत्फला व्रततिः)

देवदाली तु वेणी स्यात्कर्कटी च गरागरी ।
देवदाली वृत्तकोशस्तथा जीमूत इत्यपि ॥ २९१ ॥
पीतापरा खरस्पर्शा विषघ्नी गरनाशिनी ।
देवदाली रसे तिक्ता कफार्शःशोफपाण्डुताः ॥ २९२ ॥
नाशयेद्वामनी तिक्ता क्षयहिक्काकृमिज्वरान् ।

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

देवदालीफलं तिक्तं कृमिश्लेष्मविनाशनम् ॥ २९३ ॥
स्रंसनं गुल्मशूलघ्नमर्शोघ्नं वातजित्परम् ।

टीका—देवदाली जिसकों सोनियाभी कहते हैं, यह खाकसके समानफल और लतावाली है. देवदाली, वेणी, कर्कटी, गरागरी, देवताण्डी, वृत्तकोश, तथा जीमूत, यह सोनयाके नाम हैं ॥ २९१ ॥ और दूसरी पीली खरस्पर्शा, विषघ्नी, गरनाशिनी, यह पीली सोनयाके नाम हैं. सोनया रसमें तिक्त, कफ, ववासीर, पांडुरोग, इनकों हरती है ॥ २९२ ॥ और कैलानेवाली, तिक्त है, तथा क्षय, हिचकी, कृमि, ज्वर, इनकों हरती है, सोनयाका फल तिक्त, कृमि, कफकों हरता है ॥ २९३ ॥ और दस्तावर, वायगोला, शूल, इनकों हरता है, ववासीरकों हरता है, वात पित्तकों हरनेवाला है.

अथ जलपिप्पली(पनिसगा)नामगुणाः.

जलपिप्पल्यभिहिता शारदी शकुलादनी ॥ २९४ ॥
मत्स्यादनी मत्स्यगन्धा लाङ्गलीत्यपि कीर्तिता ।
जलपिप्पलिका हृद्या चक्षुष्या शुक्रला लघुः ॥ २९५ ॥
संग्राहिणी हिमा रूक्षा रक्तदाहव्रणापहा ।
कटुपाकरसा रुच्या कषाया वह्निवर्धिनी ॥ २९६ ॥

टीका—जलपिप्पली इस्कों पनिसगा ऐसा लोकमें कहते हैं. जलपिप्पली, शारदी, शकुलादनी ॥ २९४ ॥ मत्स्यादनी, मत्स्यगन्धा, लाङ्गली, यह जलपिप्पलीके नाम हैं. जलपिप्पली हृद्य, नेत्रकेहित, शुक्रकों उत्पन्न करनेवाली, हलकी, काविज, रूखी, दाह व्रणकों हरती है ॥ २९५ ॥ और पाक रसमें कटु, रुचिकों करनेवाली, कसेली अग्निकों बढानेवाली है ॥ २९६ ॥

अथ गोजिह्वा(गोभी)नामगुणाः.

गोजिह्वा गोजिका गोभी दार्विका खरपर्णिनी ।
गोजिह्वा वातला शीता ग्राहिणी कफपित्तनुत् ॥ २९७ ॥
हृद्या प्रमेहकासास्रव्रणज्वरहरी लघुः ।
कोमला तुवरा तिक्ता स्वादुपाकरसा स्मृता ॥ २९८ ॥

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

टीका—गोजिव्हा, गोजिका, गोभी, दार्विका, खरपर्णिनी, यह गावजुवाके नाम हैं. गावजुवा वातकों करनेवाला, शीतल, काविज, कफपित्तकों हरता है २९७ और हृद्य, प्रमेह, कास, रक्तव्रण, ज्वर, इनकों हरती है. और हलकी होती है, तथा कोमल, कसेली, तिक्त, पाक और रसमें मधुर कही गई है ॥ २९८ ॥

अथ नागदमनीनामगुणाः.

विज्ञेया नागदमनी बला मोटा विषापहा ।
नागपुष्पी नागपत्रा महायोगेश्वरीति च ॥ २९९ ॥
बला मोटा कटुस्तिक्ता लघुः पित्तकफापहा ।
मूत्रकृच्छ्रव्रणान्रक्षो नाशयेज्जालगर्दभम् ॥ ३०० ॥
सर्वग्रहप्रशमनी निःशेषविषनाशिनी ।
जयं सर्वत्र कुरुते धनदा सुमतिप्रदा ॥ ३०१ ॥

टीका—नागदोन, नागदमनी, बला, मोटा, विषाप्रहा, नागपुष्पी, नागपत्रा, महायोगेश्वरी ॥ २९९ ॥ नागदमन कडवी, तीखी, हलकी, पित्तकफकों हरती है, और मूत्रकृच्छ्र, घाव, राक्षस, इनकों हरती है. और जालगर्दभ नाम फुंसीकों हरती है ॥ ३०० ॥ और संपूर्ण ग्रहोंकों, इनकों हरती है तथा अशेष विषकों हरती है और सर्वत्र जयकों करती है, तथा धनकों देनेवाली है, तथा अच्छी मतिकों देनेवाली है ॥ ३०१ ॥

अथ वीरतरु(वरवेल)नामगुणाः.

वेलन्तरो जगति वीरतरुः प्रसिद्धः
श्वेतासितारुणविलोहितनीलपुष्पः ।
स्याज्जातितुल्यकुसुमः शमिसूक्ष्मपत्रः
स्यात्कण्टकीविजलदेशज एष वृक्षः ॥ ३०२ ॥
वेलन्तरो रसे पाके तिक्तस्तृष्णाकफापहः ।
मूत्राघाताश्मजिद्ग्राही योनिमूत्रानिलार्तिजित् ॥ ३०३ ॥

टीका—वेलन्तर जगमें वीरतरु नामसें प्रसिद्ध है. वह सुफेद काला अरुण लाल नील एसे फूलवाला होता है. अपनी जातकी सदृश फूल होते हैं. और शमीवृक्षके

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

समान सूक्ष्म पात्ते होते हैं, तथा काटोंके सहित निजीलदेशमें यह होता है ॥३०२॥ वरवेल रस और पाकमें तिक्त होता है, और तृषाकफकों, हरती है, मूत्राघात, पथरी, इनकों हरनेवाला, काविज, तथा योनिरोग मूत्रवातकी पीडा इनकों हरनेवाला है ॥ ३०३ ॥

अथ छिक्कनीतथा कुकुंदरनामगुणाः.

छिक्कनी क्षवकृत्तीक्ष्णा छिक्किका घ्राणदुःखदा ।
छिक्कनी कटुका रुच्या तीक्ष्णोष्णा वह्निपित्तकृत् ॥ ३०४ ॥
वातरक्तहरी कुष्ठकृमिवातकफापहा ।
कुकुन्दरस्ताम्रचूडः सूक्ष्मपत्रो मृदुच्छदः ॥ ३०५ ॥
कुकुन्दरः कटुस्तिक्तो ज्वररक्तकफापहः ।
तन्मूलमार्द्रं निःक्षिप्तं वदने मुखशोषहृत् ॥ ३०६ ॥

टीका—छिक्कनी, क्षवकृत्, तीक्ष्णा, छिक्किका, घ्राणदुःखदा, यहतक छिक्कनीके नाम हैं. छिक्कनी, कडवी, रुचिकों करनेवाली, तीखी, और गरम, अग्निकों पित्तकों करनेवाली है ॥ ३०४ ॥ और वातरक्तकों हरती तथा कोष्ठ, कृमि, वात कफकों हरती है. कुकुन्दर, ताम्रचूड, सूक्ष्मपत्र, मृदुच्छद, यह ककरोंदाके नाम हैं ॥ ३०५ ॥ ककरोंदा कडवा, तिक्त, ज्वर, रक्त, कफ, इनकों हरता है. उस्की गीली जड मुरमें डालेसें मुखशोषकों हरती है ॥ ३०६ ॥

अथ सुदर्शन तथा आखुपर्णी नामगुणाः.

सुदर्शना सोमवल्ली चक्राह्वा मधुपर्णिका ।
सुदर्शना स्वादुरुष्णा कफशोफास्रवातजित् ॥ ३०७ ॥
आखुकर्णी त्वाखुकर्णपर्णिका भूदरीभवा ।
आखुकर्णी कटुस्तिक्ता कषाया शीतला लघुः ॥ ३०८ ॥
विपाके कटुका मूत्रकफामयकृमिप्रणुत् ।

टीका—सुदर्शना, सोमवल्ली, चक्राव्हा, मधुपर्णिका, यह सुदर्शनके नाम हैं. सुदर्शन, मधुर, उष्ण, कफ, शोथ, रक्त, वातकों हरनेवाली है ॥ ३०७ ॥ आखुकर्णी अखुकर्ण, पर्णिका, भूदरीभवा, यह मूसाकर्णीके नाम हैं मूसाकर्णी कडवी,

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

तिक्त, कसेली, शीतल, हलकी, होती है ॥ ३०८ ॥ और पाकमें कडवी तथा मूत्र, कफरोग, कृमि, इनकों हरती है.

अथ मयूरशिखानामगुणाः.

मयूराह्वशिखा प्रोक्ता सहस्राहिर्मधुच्छदा ।
नीलकंठशिखा लघ्वी पित्तश्लेष्मातिसारजित् ॥ ३०९ ॥

इति हरीतक्यादिनिघंटे गूडच्यादिवर्गः समाप्तः ॥ ३ ॥

टीका—मयूराव्हशिखा, सहस्रा, अहि, मधुच्छदा, नीलकंठशिखा, यह मोरशिखाके नाम हैं. मोरशिखा हलकी पित्त अतीसारकों हरनेवाली है ॥ ३०९ ॥

इति हरीतक्यादिनिघंटे गडूच्यादिवर्गः समाप्तः ॥

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

श्रीः ।

हरीतक्यादिनिघंटे

पुष्पादिवर्गः ।

अथ गुडूच्या उत्पत्तिर्नामानि गुणाश्च.

तत्रादौ कमलस्य नामानि गुणाश्च.

वा पुंसि पद्मं नलिनमरविन्दं महोत्पलम् ।
सहस्रपत्रं कमलं शतपत्रं कुशेशयम् ॥ १ ॥
पङ्केरुहं तामरसं सारसं सरसीरुहम् ।
बिसप्रसूनराजीवपुष्कराम्भोरुहाणि च ॥ २ ॥
कमलं शीतलं वर्ण्यं मधुरं कफपित्तजित् ।
तृष्णादाहास्रविस्फोटविषवीसर्पनाशनम् ॥ ३ ॥
विशेषतः सितं पद्मं पुण्डरीकमिति स्मृतम् ।
रक्तं कोकनदं ज्ञेयं नीलमिन्दीवरं स्मृतम् ॥ ४ ॥
धवलं कमलं शीतं मधुरं कफपित्तजित् ।
तस्मादल्पगुणं किञ्चिदन्यद्रक्तोत्पलादिकम् ॥ ५ ॥

टीका—उसमें पहले कमलके नाम और गुण कहते हैं. पद्म, नलिन, अरविंद, महोत्पल, सहस्रपत्र, कमल, शतपत्र, कुशेशय ॥ १ ॥ पंकेरुह, तामरस, सारस, सरसीरुह, बिसप्रसून, राजीव, पुष्कर, अम्भोरुह यह कमलके नाम हैं ॥ २ ॥ कमल शीत, व्रणकों अच्छाकरनेवाला, मधुर, कफपितकों हरनेवाला और तृषा, दाह, रक्त, विस्फोट, विष, विसर्प इनकों हरता है ॥ ३ ॥ विशेषकरके श्वेतपद्मकों पुण्डरीक ऐसा कहा है. लालकों कोकनद जानना चाहिये. और नीलेकों इन्दीवर ऐसा कहा है ॥ ४ ॥ श्वेतकमल शीतल, मधुर, कफकों हरनेवाला है, उस्सें कुछ अल्पगुणवाले दुसरे लालकमलादिक हैं ॥ ५ ॥

१७

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

अथ पद्मिनीनामगुणाः.

मूलनालदलोत्फुल्ला फलैः समुदिता पुनः ।
पद्मिनी प्रोच्यते प्राज्ञैर्बिसिन्यादि च सा स्मृता ॥ ६ ॥
(क) आदिशब्दान्नलिनी कमलिनीत्यादि ॥
पद्मिनी शीतला गुर्वी मधुरा लवणा च सा ।
पित्तासृक्कफनुद्रूक्षा वातविष्टम्भकारिणी ॥ ७ ॥

टीका—मूल, नाल, पत्र, पुष्प, फल, इनकरके युक्तकों पद्मिनी ऐसा प्राज्ञ कहते हैं. और मूल बिसिनीआदि कही गई है ॥ ६ ॥ (क) आदिशब्दसें नलिनी कमलिनी इत्यादिक जानना. पद्मिनी शीतल, भारी, मधुर, लवण, रसोंकरके युक्त होतीहै और यह रक्तपित्त, कफ, इनकों हरनेवाली तथा वातका विष्टम्भ करनेवाली है ॥ ७ ॥

अथ नवपत्रादि नामगुणाः.

संवर्तिका नवदलं बीजकोशस्तु कर्णिका ।
किञ्जल्कः केसरः प्रोक्तो मकरन्दो रसः स्मृतः ॥ ८ ॥
पद्मनालं मृणालं स्यात्तथा बिसमिति स्मृतम् ।
संवर्तिका हिमा तिक्ता कषाया दाहतृट्प्रणुत् ॥ ९ ॥
मूत्रकृच्छ्रगुदव्याधिरक्तपित्तविनाशिनी ।
पद्मस्य कर्णिका तिक्ता कषाया मधुरा हिमा ॥ १० ॥
मुखवैशद्यकृल्लघ्वी तृष्णास्रकफपित्तनुत् ।
किञ्जल्कः शीतलो वृष्यः कषायो ग्राहकोऽपि सः ॥ ११ ॥
कफपित्ततृषादाहरक्तार्शोविषशोथजित् ।
मृणालं शीतलं वृष्यं पित्तदाहास्रजिद्गुरु ॥ १२ ॥
दुर्जरं स्वादुपाकं च स्तन्यानिलकफप्रदम् ।
संग्राहि मधुरं रूक्षं शालूकमपि तद्गुणम् ॥ १३ ॥

टीका—कमलके नये पत्तोंकों संवर्तिका कहते हैं, और बीजके कोशकों क-

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

र्णिका कहते हैं. और परागकों किंजल्क, केसर कहते हैं, तथा रसकों मकरंद ऐसा कहते हैं ॥८॥ और उस्के नालकों मृणाल, पद्मनाल, बिस ऐसा कहाहै. नवीन पत्ता शीतल कसेला दाह, तृषाकों हरता हैं ॥९॥ और मूत्रकृच्छ्र, गुदारोग, रक्तपित्त, इनकों हरता है और उस्के बीज तिक्त, कसेला, शीतल है ॥ १० ॥ और मुखकों स्वच्छ करनेवाले हलके तथा तृषा, रक्त, कफ, पित्त, इनकों हरता है. तिरियां शीतल, शुक्रकों उत्पन्न करनेवाली, कसेली, काविज होती है ॥११॥ कफ, पित्त, तृषा, दाह, रक्तकी ववासीर, विष, सूजन, इनकों हरनेवालाहै. कमलका नाल, शीतल, शुक्रकों उत्पन्न करनेवाला, और पित्त, दाह, रक्त, इनकों हरनेवाला भारी है ॥१२॥ दुर्जर, पाकमें मधुर, दुग्ध, वात, कफ, इनकों उत्पन्न करनेवाली है तथा काविज, मधुर, रूखी होती है और शालूक अर्थात् उस्की जडभी उसीके समान गुणमें होती है ॥ १३ ॥

स्थलकमल, कुमुदनी, कुमुदभेदाः.

पद्मचारिण्यतिचरा व्यथा पद्मा च शारदा ।
पद्मानुष्णा कटुस्तिक्ता कषाया कफवातजित् ॥ १४ ॥
मूत्रकृच्छ्राश्मशूलघ्नी श्वासकासविषापहा ।
श्वेतं कुवलयं प्रोक्तं कुमुदं कैरवं तथा ॥ १५ ॥
कुमुदं पिच्छिलं स्निग्धं मधुरं हृद्यशीतलम् ।
कुमुद्वती कैरविका तथा कुमुदिनीति च ॥ १६ ॥
सा तु मूलादिसर्वाङ्गे रक्ता समुदिता बुधैः ।
कुमुद्वती च सा प्रोक्ता कुमुदिन्यपि च स्मृता ॥ १७ ॥

टीका—पद्मचारिणी, अतिचरा, अव्यथा, पद्मा, शारदा, यह स्थलकमलके नाम हैं. स्थलकमल शीतल, कडवा, तिक्त, कसेला, कफ, वातकों हरनेवाला है ॥ १४ ॥ और मूत्रकृच्छ, पथरी, शूल, इनकों हरता तथा श्वास, कास, विष इनकोंभी हरता है. श्वेतकमलकों कुमुद तथा कैरव कहते है ॥ १५ ॥ श्वेतकमल चिकना, चेपदार, मधुर, हृद्य, शीतल, होता है. कुमुद्वती, कैरविका, कुमुदिनी, यह कुमुदिनीके नाम हैं ॥ १६ ॥ वह मूलआदिसब अंगोंसें खिली हुई होती ऐसा पंडितोंनें काहा है. जो पद्मनीके गुण कहे गये हैं वोही कुमुदिनीकेभी कहेहैं१७

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

अथ जलकुम्भी(सेवार)नामगुणाः.

वारिपर्णी कुम्भिका स्याच्छैवालं शैवलं च तत् ।
वारिपर्णी हिमा तिक्ता लघ्वी स्वाद्वी सरा कटुः ॥ १८ ॥
दोषत्रयहरी रूक्षा शोणितज्वरशोषकृत् ।
शैवालं तुवरं तिक्तं मधुरं शीतलं लघु ॥ १९ ॥
स्निग्धं दाहतृषापित्तरक्तज्वरहरं परम् ।

टीका—वारिपर्णी, कुम्भिका, यह जलकुंभीके नाम हैं. शैवाल शैवल यह सेवारेके नाम हैं. जलकुम्भी शीतल, तिक्त, हलकी, मधुर, सर, कटु होती है ॥१८॥ और त्रिदोषकों हरनेवाली, रूखी, रक्त, ज्वर, इनकों करनेवाली है और सिवार, कसेला, तिक्त, मधुर, हलका ॥ १९ ॥ चिकना और दाह, तृषा, पित्त, रक्त, ज्वर, इनकों दूर करनेवाला है.

अथ सेवती गुलाबइति तस्य नामगुणाः.

शतपत्री तरुण्युक्ता कर्णिका चारुकेशरा ॥ २० ॥
महाकुमारी गन्धाढ्या लाक्षा कृष्णातिमञ्जुला ।
शतपत्री हिमा हृद्या ग्राहिणी शुक्रला लघुः ॥ २१ ॥
दोषत्रयास्त्रजिद्वर्ण्या तिक्ता कट्वी च पाचनी ।

टीका—शतपत्री, तरुणी, कर्णिका, चारुकेशरा ॥ २० ॥ महाकुमारी, गन्धाढ्या, लाक्षा, कृष्णा, अतिमञ्जुला, यह सेवतीके नाम हैं. शेवती शीतल, हृदयकों प्रिय, काबिज, शुक्रकों उत्पन्न करनेवाली, हलकी ॥ २१ ॥ और त्रिदोष, रक्त, इनकों हरनेवाली और वर्णकों अच्छा करनेवाली, तिक्त, कडवी, पाचन है.

अथ वासंती (नेवारि)इति लोके.

नैपाली कथिता तज्ज्ञैः सप्तला नवमालिका ॥ २२ ॥
वासन्ती शीतला लघ्वी तिक्ता दोषत्रयास्त्रजित् ।
श्लीपदी षट्पदा नन्दा वार्षिकी मुक्तबन्धना ॥ २३ ॥
वार्षिकी शीतला लघ्वी तिक्ता दोषत्रयापहा ।
कर्णाक्षिमुखरोगे स्यात्तैलं तद्गुणकं स्मृतम् ॥ २४ ॥

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

टीका—नैपाली, सप्तला, नवमालिका, यह निवारीके नाम हैं ॥ २२ ॥ निवारी शीतल, हलकी, तिक्त, त्रिदोषकों हरनेवाली है. वार्षिकीवेल, अर्थात् वरसानीवेल श्रीपदी, षट्पदा, नंदा, वार्षिकी, क्षुक्रबन्धना, यह वरसाती वेलके नाम हैं ॥ २३ ॥ वर्साती शीतल, तिक्त, हलकी, त्रिदोषकों हरती है, और कान, आंख मुख, इनके रोगोंकों हरती है. उस्का तेल उसीके समान गुणमें कहा गया है ॥२४॥

अथ जाती(चम्बेली)नामगुणाः.

जातिर्जाती च सुमना मालिती राजपुत्रिका ।
चेतिका हृद्यगन्धा च सा पीता स्वर्णजातिका ॥ २५ ॥
जातीयुगं तिक्तमुष्णं तुवरं लघु दोषजित् ।
शिरोक्षिमुखदन्तार्तिविषकुष्ठानिलास्रजित् ॥ २६ ॥

टीका—जाति, जाती, सुमना, मालिनी, राजपुत्रिका, यह चमेलीके नाम हैं. और चेतिका हृद्यगन्धा, स्वर्णजातिका, यह पीली चमेलीके नाम हैं ॥ २५ ॥ दोनों चमेली तिक्त, उष्ण, कसेली, हलकी, दोषकी हरनेवाली है, और शिर, नेत्र, मुख, दांत, इनकी पीडा. और विष, कुष्ठ, वातरक्त, इनकों हरनेवाली है ॥ २६ ॥

अथ यूथिका तथा चंपा (जुहीसुवर्णजुही).

यूथिकागणिकाम्बष्ठा सा पीता हेमपुष्पिका ।
यूथीयुगं हिमं तिक्तं कटुपाकरसं लघु ॥ २७ ॥
मधुरं तुवरं हृद्यं पित्तघ्नं कफवातलम् ।
व्रणास्रमुखदन्ताक्षिशिरोरोगविषापहम् ॥ २८ ॥
चाम्पेयश्चम्पकः प्रोक्तो हेमपुष्पश्च स स्मृतः ।
एतस्य कलिका गन्धफलिनी कथिता बुधैः ॥ २९ ॥
चम्पकः कटुकस्तिक्तः कषायो मधुरो हिमः ।
विषक्रिमिहरः कृच्छ्रकफवातास्रपित्तजित् ॥ ३० ॥

टीका—यूथिका, गणिका, अम्बष्ठा, यह जुहीके नाम हैं. और हेमपुष्पिका, यह पीलीजुहीके नाम है. दोनों जुही शीतल, पाकमें कडवी, हलकी होती है॥२७॥ और मधुर, कसेली, हृद्य, पित्तहरती, कफवातकों करनेवाली है, और घाव, रक्त,

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

मुख, दंत, नेत्र, शिर, इनके रोग तथा विष इनकों हरती है ॥ २८ ॥ चाम्पेय, चम्पक, हेमपुष्प, यह चम्पेके नाम कहे हैं. इस्की फलीकों गन्धफली ऐसा पंडितोंनें कहा है ॥ २९ ॥ चम्पा कडवी, तिक्त, कसेला, मधुर, शीतल है और विष कृमि इनकों हरता तथा मूत्रकृच्छ्र, कफवात, रक्तपित्त, इनकों हरनेवाला है ॥३०॥

अथ बकुल(मौलसरी)नामगुणाः.

बकुलो मधुगन्धश्च सिंहकेसरकस्तथा ।
बकुलस्तुवरोऽनुष्णः कटुपाकरसो गुरुः ॥ ३१ ॥
कफपित्तविषश्वित्रकृमिदन्तगदापहः ।
शिवमल्ली पाशुपत एकाष्ठीलो बुको वसुः ॥ ३२ ॥
बुकोऽनुष्णः कटुस्तिक्तः कफपित्तविषापहः ।
योनिशूलतृषादाहकुष्ठशोथास्रनाशनः ॥ ३३ ॥

टीका—बकुल, मधुगन्ध, सिंहकेसरक, यह मौलसरीके नाम हैं. मौलसरी कसेली, शीतल, पाकरसमें कटु, हलकी, भारी है ॥ ३१ ॥ कफ, पित्त, विष, श्वित्र, कृमि, दन्तरोग, इनकों हरती है. शिवमल्ली, पाशुपत, एकाष्ठील, बुक, वसु, यह बडी मौलसरीके नाम हैं ॥ ३२ ॥ मौलसिरी शीतल, कडवी, तिक्त है और कफ, पित्त, विषकों हरती है. योनिशूल, तृषा, दाह, कुष्ठ, रक्त, शोथ, इनकों हरती है ॥ ३३ ॥

अथ कदम्ब तथा कुब्ज.

कदम्बप्रियको नीपो वृत्तपुष्पो हलिप्रियः ।
कदम्बो मधुरः शीतः कषायो लवणो गुरुः ॥ ३४ ॥
सरो विष्टम्भकृद्रूक्षः कफस्तन्यानिलप्रदः ।
कुब्जको भद्रतारिणी बृहत्पुष्पोऽतिकेसरः ॥ ३५ ॥
महासहा कण्टकाढ्या नीलालिकुलसङ्कुला ।
कुब्जकः सुरभिः स्वादुः कषायानुरसः सरः ॥ ३६ ॥
त्रिदोषशमनो वृष्यः शीतहर्ता च स स्मृतः ।

टीका—कदम्ब, प्रियक, नीप, वृत्तपुष्प, हरिप्रिय, यह कदंबके नाम हैं. कदम

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

मधुर, शीतल, कसेला, नमकीन भारी ॥ ३४ ॥ विष्टम्भ, सर करनेवाला, रूखा है, और कफ, दुग्धवात, इनकों करनेवाला है, कुब्जक, भद्रतरणी, बृहत्पुष्प, अतिकेसर ॥ ३५ ॥ महासहा, कण्टकाढ्या, नीलालिकुलसंकुला यह कूजाके नाम हैं. यह फूल सेवंतीकी किस्मसें होता है, कूजा सुगन्धयुक्त, मधुर, पीछेसें कसेला, सर ॥३६॥ त्रिदोषशमन, शुक्रकों उत्पन्न करनेवाला, शीत कहागया है.

अथ मल्लिका तथा माधवीनामगुणाः.

मल्लिका मदयन्ती च शीतभीरुश्च भूपदी ॥ ३७ ॥
मल्लिकोशा लघुर्वृष्या तिक्ता च कटुका हरेत् ।
वातपित्तास्यदृग्व्याधि कुष्ठारुचिविषव्रणान् ॥ ३८ ॥
माधवी स्यात्तु वासन्ती पुण्ड्रको मण्डकोऽपि च ।
अतिमुक्तो विमुक्तश्च कामुको भ्रमरोत्सवः ॥ ३९ ॥
माधवी मधुरा शीता लघ्वी दोषत्रयापहा ।

टीका—मल्लिका, मदयन्ती, शीतभीरु, भूपदी ॥ ३७ ॥ यह मालतीके नाम हैं. मालती गरम, हलकी, शुक्रकों उत्पन्न करनेवाली, तिक्त, कडवी होती है, और वात, पित्त, मुख, दृष्टि, कुष्ठरोग, अरुचि, विष, व्रण, इनकों हरती है ॥ ३८ ॥ माधवी, वासन्ती, पुण्ड्रक, मण्डक, अतिमुक्त, विमुक्त, कामुक, भ्रमरोत्सव ॥ ३९ ॥ यह मोतियाके नाम हैं. मोतिया शीतल, मधुर, हलका दोषत्रयकों हरता है.

अथ सुवर्णकेतकीनामगुणाः.

केतकः सूचिकापुष्पो जम्बुकः क्रकचच्छदः ॥ ४० ॥
सुवर्णकेतकी त्वन्या लघुपुष्पा सुगन्धिनी ।
केतकः कटुकः स्वादुर्लघुस्तिक्तः कफापहः ॥ ४१ ॥
उष्णा तिक्ता रसा ज्ञेया चक्षुष्या हेमकेतकी ।

टीका—केतक, सूचिकापुष्प, जम्बुक, क्रकचच्छद, यह केवडेके नाम हैं ॥४०॥ और दूसरा सुनहरीकेवडा छोटे फूलवाला, सुगन्धयुक्त होता है. केवडा मधुर, हलका, तिक्त, कफकों हरता है, और सुनहरीकेवरा ॥ ४१ ॥ उष्ण रसमें तिक्त नेत्रके हित होता है.

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

अथ किङ्किरात तथा कर्णिकारनामगुणाः.

किङ्किरातो हेमगौरः पीतकः पीतभद्रकः ॥ ४२ ॥
किङ्किरातो हिमस्तिक्तः कषायश्च हरेदसौ ।
कफपित्तपिपासास्रदाहशोथवमिक्रमीन् ॥ ४३ ॥
कर्णिकारः परिव्याधः पादपोत्पल इत्यपि ।
कर्णिकारः कटुस्तिक्तस्तुवरः शोधनो लघुः ॥ ४४ ॥
रञ्जनः सुखदः शोथश्लेष्मास्रव्रणकुष्ठजित् ।

टीका—किंकिरात, हेमगौर, पीतक, पीतभद्रक यह किंकिरातके नाम हैं ॥४२॥ किंकिरात, शीतल, तिक्त, कसेला है, और कफ, पित्त, तृषा, रक्त, दाह, शोथ, वमन, कृमि इनकों हरता है ॥ ४३ ॥ कर्णिकार, परिव्याध, पादपोत्पल, यह कर्णिकारके नाम हैं. कर्णिकार कडवा, तिक्त, कसेला, शोधन, हलका ॥ ४४ ॥ रञ्जन सुख देनेवाला शोथ कफ, रक्त, व्रण, कुष्ठ, इनकों हरनेवाला है.

अथ अशोक(असोगि)नामगुणाः.

अशोको हेमपुष्पश्च वञ्जुलस्ताम्रपल्लवः ॥ ४५ ॥
अङ्केली पिण्डपुष्पश्च गन्धपुष्पो नटस्तथा ।
अशोकः शीतलस्तिक्तो ग्राही वर्ण्यः कषायकः ॥ ४६ ॥
दोषापचीतृषादाहक्रमिशोथविषास्रजित् ।

टीका—अशोक, हेमपुष्प, वंजुल, ताम्रपल्लव, ॥ ४५ ॥ अंकेली, पिंडपुष्प, गंधपुष्प, नट यह अशोकके नाम है अशोक शीतल, तिक्त, काविज, वर्णकों अच्छा करनेवाला कसेला है ॥ ४६ ॥ दोष अपची, तृषा, दाह, कृमि, शोथ, विष, रक्त, इनकों हरनेवाला है.

अथ बाणपुष्प तथा कटसरैया.

अम्लातोऽम्लाटनः प्रोक्तस्तथाम्लातक इत्यपि ॥ ४७ ॥
कुरण्टको वर्णपुष्पः स एवोक्तो महासहः ।
अम्लाटनः कषायोष्णः स्निग्धः स्वादुश्च तिक्तकः ॥ ४८ ॥

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

सैरेयकः श्वेतपुष्पः सैरेयः कटसारिका ।
सहाचरः सहचरः स च भिन्द्यपि कथ्यते ॥ ४९ ॥
कुरण्टकोऽत्र पित्ते स्याद्रक्ते कुरबकः स्मृतः ।
नाले बाणाद्वयोरुक्तो दासे आर्त्तगलश्च सः ॥ ५० ॥
सैरेयः कुष्ठवातास्रकफकण्डूविषापहः ।
तिक्तोष्णो मधुरोऽनम्लः सुस्निग्धः केशरञ्जनः ॥ ५१ ॥

टीका—अम्लात, अम्लाटन, तथा अम्लातक, कुरंटक, वर्णपुष्प, महासह यह बाणपुष्पके नाम हैं ॥४७॥ बाणपुष्प कसेला, गरम, चिकना, मधुर, तिक्त होता है. ॥४८॥ सैरेयक, श्वेतपुष्प, सैरेय, कटसारिका, सहाचर, सहचर, भिन्दि, यह कटसरैयाके नाम हैं ॥ ४९ ॥ कटसरैया, पीलीफूलवालीकों कुरंटक कहते हैं और लालफूलवालीकों कुरबक कहा है और दुरंगे फूलवाली दास आर्त्तगल कही है ॥ ५० ॥ कटसरैया कुष्ठ, वातरक्त, कफ, खुजली, विष, इनकों हरती है और तिक्त, गरम, मधुर, खट्टी, चिनकी, केशकी रञ्जन होती है ॥ ५१ ॥

अथ कुन्दनामगुणाः.

कुन्दं तु कथितं माघ्यं सदापुष्पं च तत्स्मृतम् ।
कुन्दं शीतं लघु श्लेष्मशिरोरुग्विषपित्तहृत् ॥ ५२ ॥

अथ मुचुकुन्द तथा तिलकनामगुणाः.

मुचुकुन्दः क्षत्रवृक्षश्चित्रकः प्रतिविष्णुकः ।
मुचुकुन्दः शिरःपीडा पित्तास्रविषनाशनः ॥ ५३ ॥
तिलकः क्षुरकः श्रीमान्पुरुषश्छिन्नपुष्पकः ।
तिलकः कटुकः पाके रसे चोष्णो रसायनः ॥ ५४ ॥
कफकुष्ठकमीन्बस्तिमुखदन्तगदान्हरेत् ।

टीका—कुन्द, माघ्य, सदापुष्प, यह कुन्दके नाम हैं. कुन्द शीतल, हलका, कफ, शिरकी पीडा, विष, पित्त, इनकों हरता है ॥ ५२ ॥ मुचुकुन्द, क्षत्रवृक्ष, चित्रक, प्रतिविष्णुक, यह मुचुकुन्दके नाम हैं. मुचुकुन्द, शिरकीपीडा, रक्तपित्त, विष, इनकों हरता है ॥ ५३ ॥ तिलक इस्का फूल तिलके समान होता है और

१८

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

इसीनामसें प्रसिद्ध है. तिलक, क्षुरक, श्रीमान्, पुरुष, छिन्नपुष्पक, यह तिलकके नाम हैं. तिलक, पाकरसमें कडवा, उष्ण, रसायन है ॥ ५४ ॥ तथा कफ, कुष्ठ, कृमि, बस्ति, मुख, दंत, इन रोगोंकों हरता है.

अथ बन्धूक तथा ऊर्ध्वपुष्पनामगुणाः.

फन्धूको बंधूजीवश्च रक्तो माध्याह्निकोऽपि च ॥ ५५ ॥
बन्धूकः कफकृत् ग्राही वातपित्तहरो लघुः ।
ऊर्ध्वपुष्पं जपा चाथ त्रिसन्ध्या सारुणा सिता ॥ ५६ ॥
जपा संग्राहिणी केश्या त्रिसन्ध्या कफवातजित् ।

टीका—बन्धूक, बन्धुजीव, रक्त, माध्यान्हिक, यह दुपहरियाके नाम हैं. दुपहरिया कफकों करनेवाला, काविज, वातपित्तकों हरता है, हलका होता है ॥ ५५ ॥ ऊर्ध्वपुष्प, जवापुष्प, त्रिसन्ध्या, अरुणा, सिता, यह जपापुष्पके नाम हैं. जवापुष्प काविजकों अच्छा करनेवाला, कफकों हरनेवाला है ॥ ५६ ॥

अथ सेन्दूरी तथा अगस्तिनामगुणाः.

सिन्दूरी रक्तबीजा च रक्तपुष्पा सुकोमला ॥ ५७ ॥
सिन्दूरी विषपित्तास्रतृष्णावान्तिहरी हिमा ।
अथागस्त्यो वङ्गसेनो मुनिपुष्पो मुनिद्रुमः ॥ ५८ ॥
अगस्तिः पित्तकफजिच्चातुर्थकहरो हिमः ।
रूक्षो वातकरस्तिक्तः प्रतिश्यायनिवारणः ॥ ५९ ॥

टीका—सिंदूरी, रक्तबीजा, रक्तपुष्पा, सुकोमला, यह सिंदूरियाके नाम हैं ॥ ५७ ॥ सिन्दूरी, विष, रक्त, पित्त, तृषा, वमन, इनकों हरती है, शीतल है. अगस्त्य, वंगसेन, मुनिपुष्प, मुनिद्रुम, यह अगस्त्यके नाम हैं ॥ ५८ ॥ अगस्त्य पित्त, कफकों हरनेवाला, और चातुर्थक ज्वरकों हरनेवाला शीतल है, और रूखा, वातकों करनेवाला, तिक्त, प्रतिश्यायकों हरनेवाला है ॥ ५९ ॥

अथ तुलसीशुक्ला कृष्णा च.

तुलसी सुरसा ग्राम्या सुलभा बहुमञ्जरी ।
अपेतराक्षसी गौरी शूलघ्नी देवदुन्दुभिः ॥ ६० ॥

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

तुलसी कटुका तिक्ता हृद्योष्णा दाहपित्तकृत् ।
दीपनी कुष्ठकृच्छ्रास्रपार्श्वरुक्कफवातजित् ॥ ६१ ॥
शुक्ला कृष्णा च तुलसी गुणैस्तुल्या प्रकीर्तिता ।

टीका—काली और श्वेत तुलसी, सुरसा, ग्राम्या, सुलभा, बहुमञ्जरी, अपेतराक्षसी, गौरी, शूलघ्नी, देवदुन्दुभी यह तुलसीके नाम हैं ॥ ६० ॥ तुलसी कडवी तिक्त हृद्य उष्ण दाह पित्तकों करनेवाली, और दीपन है, तथा कुष्ठ, मूत्रकृच्छ्र, रक्त, पसलीकी पीडा, कफ, वात, इनकों हरनेवाली है ॥ ६१ ॥ काली और श्वेत तुलसी गुणमें समान कही गई है.

अथ मारुता(मरुआ)नामगुणाः.

मारुतोऽसौ मरुबको मरुन्मरुरपि स्मृतः ॥ ६२ ॥
फणी फणिज्जकश्चापि प्रस्थपुष्पः समीरणः ।
मरुदग्निप्रदो हृद्यस्तीक्ष्णोष्णः पित्तलो लघुः ॥ ६३ ॥
वृश्चिकादिविषश्लेष्मवातकुष्ठकृमिप्रणुत् ।
कटुपाकरसो रुच्यस्तिक्तो रूक्षः सुगन्धिकः ॥ ६४ ॥

टीका—मारुत, मरुबक, मरुत, मरु ॥ ६२ ॥ फणी, फणिज्जक, प्रस्थपुष्प, समीरण, यह मरुआके नाम हैं. मरुआ अग्निकों करनेवाला, हृद्य, तीक्ष्ण, उष्ण, पित्तकों करनेवाला, हलका है ॥ ६३ ॥ और विच्छूआदियोंके विष, कफ, वात, कुष्ठ, कृमि, इनकों हरता है. और पाक रसमें कडवा, रुचिकों करनेवाला, तिक्त, रूखा, सुगन्धिक होता है ॥ ६४ ॥

अथ दमनक(दवना)नामगुणाः.

उक्तो दमनको दान्तो मुनिपुत्रस्तपोधनः ।
गन्धोत्कटो ब्रह्मजटो विनीतिः कलपत्रकः ॥ ६५ ॥
दमनस्तुवरस्तिक्तो हृद्यो वृष्यः सुगन्धिकः ।
ग्रहणाद्विषकुष्ठास्रक्लेदकण्डूत्रिदोषजित् ॥ ६६ ॥

टीका—दमनक, दान्त, मुनिपुत्र, तपोधन, गन्धोत्कट, ब्रह्मजट, विनीति, कलपत्रक, यह दवनाके नाम हैं ॥ ६५ ॥ दवना कसेला, तिक्त, हृद्य, शुक्रकों उत्पन्न

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

करनेवाला, सुगन्धिक है, और पीनस, विष, कुष्ठ, रक्त, क्लेद, खुजली, त्रिदोष, इनकों हरनेवाला है ॥ ६६ ॥

अथ वर्वरीनामगुणाः.

वर्वरी तुवरी तुङ्गी खरपुष्पाजगंधिका ।
पर्णाशस्तत्र कृष्णस्तु कठिल्लककुठेरकौ ॥ ६७ ॥
तत्र शुक्लेऽर्जकः प्रोक्तो वटपत्रस्ततोऽपरः ।
वर्वरीत्रितयं रूक्षं शीतं कटु विदाहि च ॥ ६८ ॥
तीक्ष्णं रुचिकरं हृद्यं दीपनं लघुपाकि च ॥
पित्तलं कफवातास्रकण्डूकृमिविषापहम् ॥ ६९ ॥

इति हरीतिक्यादिनिघंटे पुष्पादिवर्ग समाप्तः ।

टीका—वर्वरी, तुवरी, तुंगी, खरपुष्पा, अजगन्धिका, पर्णाश यह वर्वरीके नाम हैं. उसमें कालेका नाम कठिल्लक और कुठेरक है ॥ ६७ ॥ उन्में सुफेद अर्जक, वटपत्र कहागया है, तीनों वर्वरी रूखी, शीतल, कडवी, विदाहकों करनेवाली है ॥६८॥ तथा तीखी, रुचिकों करनेवाली, हृद्य, दीपन, और पाकमें हलकी होती है, और पित्तकों करनेवाली, कफ, वातरक्त, खुजली, कृमि, विष, इनकों हरती है ॥६९॥

इति हरीतक्यादिनिघंटे बालबोधनीटीकायां पुष्पादिवर्गः समाप्तः ।

For Private and Personal Use Only

श्रीः ।

हरीतक्यादिनिघंटे

वटादिवर्गः ।

तत्रादौ वटस्य नामानि गुणाश्च.

वटो रक्तफलः शृङ्गी न्यग्रोधः स्कन्धजो ध्रुवः ।
क्षीरी वैश्रवणो वासो बहुपादो वनस्पतिः ॥ १ ॥
वटः शीतो गुरुर्ग्राही कफपित्तव्रणापहः ।
वर्ण्यो विसर्पदाहघ्नः कषायो योनिदोषहृत् ॥ २ ॥

टीका—वट, रक्तफल, शृङ्गी, न्यग्रोध, स्कंधज, ध्रुव, क्षीरी, वैश्रवण, वास, बहुपाद, वनस्पति यह वडके नाम हैं ॥ १ ॥ वड शीतल, भारी, काविज, कफ, पित्त, व्रणकों हरता है और व्रणकों अच्छा करनेवा तथा विसर्प दाहकों हरता कसेला और योनिदोषकों हरता है ॥ २ ॥

अथ पिप्पलनामगुणाः ।

बोधिद्रुः पिप्पलोऽश्वत्थश्चलपत्रो गजाशनः ।
पिप्पलो दुर्जरः शीतः पित्तश्लेष्मव्रणास्रजित् ॥ ३ ॥
गुरुस्तुवरको रूक्षो वर्ण्यो योनिविशोधनः ।
पारीषोऽन्यः पलाशश्च कपिरुतः कमण्डलः ॥ ४ ॥
गर्दभाण्डः कन्दरालः कपीतनसुपार्श्वकः ।
पारीषो दुर्जरः स्निग्धः कृमिशुक्रकफप्रदः ॥ ५ ॥
फलेऽम्लो मधुरो मूले कषायः स्वादुमज्जकः ।

टीका—बोधिद्रु, पीपल, अश्वत्थ, चलपत्र, गजाशन, यह पीपलके नाम हैं, पीपल दुर्जर, शीतल, पित्त, कफ, व्रण, रक्तकों हरनेवाला है ॥ ३ ॥ और भारी, कसेला, रूखा, वर्णकों अच्छा करनेवाला, योनिका शोधक है, गजदण्ड सोहरा

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

इसप्रकार लोकमें कहतेहैं अन्य पारीष पलाश, कपिरुत, कमण्डल ॥ ४ ॥ गर्दभाण्ड, कंदराल, कपीतन, सुपार्श्वक, यह परसपीपलके नामहैं यह दुर्जर, चिकना, कृमि, शुक्रकों कफकों करनेवालाहै. ॥ ५ ॥ फलमें खट्टा, मूलमें मधुर, गिरी कसेली और मधुर होती है.

अथ नंदिवृक्षनामगुणाः ।

नन्दिवृक्षोऽश्वत्थभेदः प्ररोही गजपादपः ॥ ६ ॥
स्थालीवृक्षः क्षयतरुः क्षीरी च स्याद्वनस्पतिः ।
नन्दिवृक्षो लघुः स्वादुः तिक्तस्तुवर उष्णकः ॥ ७ ॥
कटुपाकरसो ग्राही विषपित्तकफास्रजित् ।

टीका—नन्दिवृक्ष अश्वत्थवेल, प्ररोही, गजपादप, ॥ ६ ॥ स्थालीवृक्ष, क्षयतरु, क्षीरी, वनस्पति यह वेरियापीपरके नाम हैं. वेरियापीपर, हलका मधुर, तिक्त, कसेला, गरम है ॥ ७ ॥ और पाकरसमें कटु, काविज, विष, पित्त, कफ, रक्तकों हरता है.

अथ उदुम्बर तथा कटुंभरीनामगुणाः ।

उदुम्बरो जन्तुफलो यज्ञाङ्गो हेमदुग्धकः ॥ ८ ॥
उदुम्बरो हिमो रूक्षो गुरुः पित्तकफास्रजित् ।
मधुरस्तुवरो वर्ण्यो व्रणशोधनरोपणः ॥ ९ ॥
काकोदुम्बरिका फल्गुर्मलयूर्जघनेफला ।
मलपूस्तम्भकृत्तिक्ता शीतला तुवरा जयेत् ॥ १० ॥
कफपित्तव्रणश्वित्रकुष्ठपाण्ड्वर्शकामलाः ।

टीका—उदुम्बर, जंतुफल, यज्ञाङ्ग, हेमदुग्धक, यह गूलरके नाम हैं ॥ ८ ॥ गूलर शीतल, रूखा, भारी, पित्त, कफ, रक्तकों हरनेवाला है. और मधुर, कसेला, वर्णकों अच्छा करनेवाला, व्रणकों शोधन रोपण है ॥९॥ काकोदुम्बरिका, फल्गु, मलयू, जघनेफल, यह कठिया गूलरके नाम हैं. कठियागूलर स्तंभन करनेवाला, तिक्त, शीतल, कसेला है ॥ १० ॥ और कफ, पित्त, व्रण, श्वित्र, कुष्ठ, पांडुरोग, ववासीर, कामला इनकों हरताहै ॥

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

अथ प्लक्ष(पाकरि) नामगुणाः.

प्लक्षो जटी पर्कटी च स्त्रियामपि च स स्मृतः ॥ ११ ॥
प्लक्षः कषायः शिशिरो व्रणयोनिगदापहः ।
दाहपित्तकफास्रघ्नः शोथहा रक्तपित्तहृत् ॥ १२ ॥
शिरीषो भण्डिलो भण्डी भण्डीरश्च कपीतनः ।
शुकपुष्पः शुकतरुर्मृदुपुष्पः शुकप्रियः ॥ १३ ॥
शिरीषो मधुरोऽनुष्णस्तिक्तश्च तुवरो लघुः ।
दोषशोथविसर्पघ्नः कासव्रणविषापहः ॥ १४ ॥

टीका—प्लक्ष, जटी, पर्कटी, यह पाकरके नाम हैं ॥ ११ ॥ पाकर कसेला शीतल व्रण, योनिरोग, इनकों हरताहै और दाह, पित्त, कफ, रक्त, इनकों हरता शोथनाशक रक्त पित्त हरनेवाला है ॥ १२ ॥ शिरीष, भण्डिल, भण्डी, भण्डीर, कपीतन, शुकपुष्प, शुकतरु मृदुपुष्प, शुकप्रिय यह शिरीषके नाम हैं ॥१३॥ शिरस मधुर शीतल, तिक्त, कसेला, हलका होताहै, और दोष, शोथ, विसर्प, इनकों हरता तथा कास व्रण इनकों हरताहै, विषकों हरता है ॥ १४ ॥

अथ क्षीरवृक्षादि पञ्चवल्कलयोर्लक्षणं गुणाश्च.

न्यग्रोधोदुम्बराश्वत्थपारीषप्लक्षपादपाः ।
पञ्चैते क्षीरिणो वृक्षास्त्वेषां त्वक्पञ्चवल्कलम् ॥ १५ ॥
(केचित्तु पारीषस्थाने शिरीषं वेतसं परे वदन्तीति शेषः)
क्षीरवृक्षा हिमा वर्ण्या योनिरोगव्रणापहा ।
रूक्षा कषया मेदोघ्ना विसर्पामयनाशनी ॥ १६ ॥
शोथपित्तकफास्रघ्ना स्तन्या भग्नास्थियोजका ।
त्वक्पंचकं हिमं तिक्तं व्रणशोथविसर्पजित् ॥ १७ ॥
तेषां पत्रं हिमं ग्राहि कफवातास्रनुल्लघु ।
विष्टम्भाध्मानजित्तिक्तं कषायं लघु लेपनम् ॥ १८ ॥

टीका—पंचवल्कलोंका लक्षण और गुण कहतेहैं वड गूलर पीपल पारिष

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

प्लक्ष पांच यह क्षीरवृक्ष हैं. उनकी छाल पंचवल्कल हैं ॥ १५ ॥ कोई पार्श्वपीपलकों शिरीष और कोई वेतसकों कहते हैं. यह शेषहै. क्षीर शीतल, वर्णकों अच्छा करनेवाले योनिरोग व्रण इनकों हरता है सूखे, कसेले, मेदकों हरनेवाले, विसर्परोगकों हरतेहैं ॥ १६ ॥ तथा शोथ, पित्त, कफ, रक्त, इनकों हरताहै और दूधकों करनेवाला है टूटेहाडकों जोडनेवालीहै और पांचोंकी छाल शीतल, काविज, व्रण, शोथ, विसर्प, इनकों हरनेवालाहैं ॥ १६ ॥ इनके पत्ते शीतल, काविज, कफ, वात, रक्तकों हरतेहैं, हलके हैं और विष्टम्भ, आध्मान, इनकों हरनेवाले तिक्त कसेले लेपन हैं ॥ १८ ॥

अथ शालस्तद्भेदश्च तद्गुणाः.

शालस्तु सर्जकार्श्याश्वकर्णिकाशस्यसंवरः ।
अश्वकर्णः कषायः स्याद्व्रणस्वेदकफक्रमीन् ।
व्रध्मविद्रधिबाधिर्ययोनिकर्णगदान्हरेत् ॥ १९ ॥
सर्जकोऽजककर्णः स्याच्छालो मरिचपत्रिकः ।
अजकर्णः कटुस्तिक्तः कषायोष्णो व्यपोहति ।
कफपामाश्रुतिगदान्मेहकुष्ठविषव्रणान् ॥ २० ॥

टीका—शाल, सर्जकार्श्य, अश्वकर्णिका, शस्यसंवर यह सालके नाम हैं. साल कसेला होताहै और व्रण, स्वेद, कफ, कृमि, बद, विद्रधी, बहरापन, योनिरोग, कर्णरोग, इनकों हरता है ॥ १९ ॥ सर्जक, अजकर्ण, शाल, मरिचपत्रक यह शालभेदके नाम हैं दूसरा शाल कडुवा, तिक्त, कसेला, उष्ण होता है और कफ, खुजली, कर्णरोग, प्रमेह, कुष्ठ, विष, व्रण, इनकों हरता है ॥ २० ॥

अथ शल्लकी (शालई) नामगुणाः.

शल्लकी गजभक्ष्या च सुवहा सुरभी रसा ।
महेरुणा कुन्दुरुकी वल्लकी च बहुस्रवा ॥ २१ ॥
शल्लकी तुबरा शीता पित्तश्लेष्मातिसारजित् ।
रक्तपित्तव्रणहरी पुष्टिकृत्समुदीरिता ॥ २२ ॥

टीका—शल्लकी, गजभक्ष्या, सुवहा सुरभीरसा, महेरुणा, कुन्दुरुकी, वल्लकी, बहुस्रवा यह सलईके नाम हैं. ॥ २१ ॥ सलई कसेली, शीतल, पित्त, कफ,

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

अतिसारकों हरनेवाली, रक्त, पित्त, व्रण, इनकों हरनेवाली पुष्टिकों करनेवाली कहीगईहै ॥ २२ ॥

अथ शिंशिपा(शीसम)नामगुणाः.

शिंशिपा पिच्छिला श्यामा कृष्णसारा च सा गुरुः ।
कपिला सैव मुनिभिर्भस्मगर्भेति कीर्तिता ॥ २३ ॥
शिंशिपा कटुका तिक्ता कषाया शोषहारिणी ।
उष्णवीर्या हरेन्मेदःकुष्ठश्वित्रवमिक्रिमीन् ॥ २४ ॥
बस्तिरुग्व्रणदाहास्रबलासान् गर्भपातिनी ।

टीका—और कपिलवर्ण शीशमके नामगुण कहतेहैं. शिंशिपा, पिच्छिला, श्यामा, कृष्णसारा, यह शीशमके नाम हैं. और वोह भारी होताहै. कपिला, भस्मगर्भा, ऐसा मुनियोंनें कहाहै ॥ २३ ॥ शीशम कडवा, तिक्त, कसेला, शोषकों हरता है, उष्णवीर्य होता है, और मेद, कुष्ठ, श्वित्र, वमन, कृमि, इनकों रहताहै ॥ २४ ॥ और पेडकी पीडा, व्रण, दाह, रक्त, कफ, इनकोंभी हरता है, और गर्भकों गिरानेवाला है.

अथ ककुभ(कौह)नामगुणाः.

ककुभोऽर्जुननामाख्यो नदीसर्जश्च कीर्तितः ॥ २५ ॥
इन्द्रद्रुर्वीरवृक्षश्च वीरश्च धवलः स्मृतः ।
ककुभः शीतलो हृद्यः क्षतक्षयविषास्रजित् ॥ २६ ॥
मेदोमेहव्रणान्हन्ति तुवरः कफपित्तहृत् ।

टीका—ककुभ, अर्जुननामाख्य, नदीसर्ज ॥ २५ ॥ इन्द्रद्रु, वीरवृक्ष, वीर, धवल, यह अर्जुनवृक्षके नाम हैं. अर्जुन शीतल, हृद्य, क्षत, क्षय, विष, रक्त, इनकों हरनेवाला है ॥ २६ ॥ और मेद, प्रमेह, व्रण, इनकों हरता है और कसेला है तथा कफ पित्तकों हरता है.

अथ बीजक(विजयसार)नामगुणाः.

बीजकः पीतसारश्च पीतशालक इत्यपि ॥ २७ ॥
बन्धूकपुष्पः प्रियकः सर्जकश्चासनः स्मृतः ।

१९

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

बीजकः कुष्ठवीसर्पश्वित्रमेहगुदकृमीन् ॥ २८ ॥
हन्ति श्लेष्मास्रपित्तं च त्वच्यः केश्यो रसायनः ।

टीका—अब आसन और विजयसारके नाम गुण कहतेहैं. बीजक, पीतसार, पीतशालक ॥ २७ ॥ बन्धूकपुष्प, प्रियक, सर्जक, आसन, यह विजयसारके नाम हैं. विजयसार कुष्ठ, विसर्प, श्वित्र, प्रमेह, गुद, कृमि, इनकों हरताहै ॥ २८ ॥ और कफ, रक्त, पित्तकोंभी हरताहै तथा त्वचाका हित, केशका हित, तथा रसायन है.

अथ खदिरनामगुणाः.

खदिरो रक्तसारश्च गायत्री दन्तधावनः ॥ २९ ॥
कण्टकी वालपत्रश्च बहुशल्यश्च यज्ञियः ।
खदिरः शीतलो दन्त्यः कण्डूकासारुचिप्रणुत् ॥ ३० ॥
तिक्तः कषायो मेदोघ्नः कृमिमेहज्वरव्रणान् ।
श्वित्रशोथामपित्तास्रपाण्डूकुष्ठकफान्हरेत् ॥ ३१ ॥

टीका—खदिर, रक्तसार, गायत्री, दन्तधावन, ॥ २९ ॥ कण्टकी, वालपत्र, बहुशल्य, यज्ञिय, यह खैरके नाम हैं. खैर शीतल, दन्तकों अच्छा करनेवाला, कण्डू, कास, अरुचि, इनकों हरताहै ॥ ३० ॥ तिक्त, कसेला, मेदकों हारक, कृमि, प्रमेह, ज्वर, व्रण, शोथ, आम, रक्तपित्त, पांडुरोग, कुष्ठ, कफ, इनकों हरता है३१

अथ श्वेतखदिर तथा इरिमेदनामगुणाः.

खदिरः श्वेतसारोऽन्यः कदरः सोमवल्कलः ।
कदरो विशदो वर्ण्यो मुखरोगकफास्रजित् ॥ ३२ ॥
इरिमेदो विट्खदिरः कालस्कन्धोऽरिमेदकः ।
इरिमेदः कषायोष्णो मुखदन्तगदास्रजित् ॥ ३३ ॥
हन्ति कण्डूविषश्लेष्मकृमिकुष्ठविषव्रणान् ।

टीका—सुफेद कत्था जिस्कों पपडीखैर कहतेहैं उसके नाम गुण कहतेहैं. खदिर, श्वेतसार, कंदर, सोमवल्कल यह पपडीखैरके नाम हैं. पपडीखैर विशद, वर्णकों अच्छा करनेवाला, मुखरोग, कफ, रक्त, इनकों जीतनेवाला है ॥३२॥ इरिमेद विट्खदिर, कालस्कन्ध, अरिमेदक, यह दुर्गन्ध खैरके नामहैं. दुर्गन्ध खदिर, कसेला,

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

गरम, मुखदन्तके रोग, रक्त, इनकों हरनेवालाहै ॥ ३३ ॥ और खुजली, विष, कफ, कृमि, कुष्ठ, विष, व्रण, इनकों हरता है.

अथ रोहितक तथा बब्बूलनामगुणाः.

रोहीतको रोहितको रोही दाडिमपुष्पकः ॥ ३४ ॥
रोहीतकः प्लीहघाती रुच्यो रक्तप्रसाधनः ।
बब्बूलः किङ्किरातः स्यात्किङ्किणश्च सपीतकः ॥ ३५ ॥
स एव कथितस्तज्ज्ञैराभाषपदमोदिनी ।
बब्बूलः कफनुद् ग्राही कुष्ठक्रिमिविषापहः ॥ ३६ ॥
अरिष्टकस्तु माङ्गल्यः कृष्णवर्णोऽर्थसाधनः ।
रक्तबीजः पीतफेनः फेनिलो गर्भपातनः ॥ ३७ ॥

टीका—रोहितक इसमें अनारकेसे फूल होते हैं. रोहितक, रोहीतक, रोही, दाडिमपुष्पक, यह रोहीके नाम हैं ॥ ३४ ॥ रोही प्लीहकों हरनेवाली रुचिकों करनेवाली रक्तकों स्वच्छ करनेवाली है. बब्बूल, किंकिरात, किंकिण, सपीतक, यह बब्बूलके नाम हैं ॥ ३५ ॥ उसीकों उस्के जाननेवालोंनें आभाषपदमोदनी ऐसा कहाहै. कीकर कफहरता, काविज, कुष्ठ, कृमि, इनकों हरताहै ॥ ३६ ॥ अरिष्टक, मांगल्य, कृष्णवर्ण, अर्थसाधन, रक्तबीज, पीतफेन, फेनिल, गर्भपातन, यह रीठेके नाम हैं ॥ ३७ ॥

अथ पुत्रीजीव तथा इंगुदीनामगुणाः.

पुत्रीजीवो गर्भकरो यष्टीपुष्पोऽर्थसाधकः ।
पुत्रीजीवो गुरुर्वृष्यो गर्भदः श्लेष्मवातहृत् ॥ ३८ ॥
सृष्टमूत्रमलो रुक्षो हिमः स्वादुः पटुः कटुः ।
इङ्गुदोऽङ्गारवृक्षश्च तिक्तकस्तापसद्रुमः ॥ ३९ ॥
इङ्गुदः कुष्ठभूतादिग्रहव्रणविषक्रमीन् ।
हंत्युष्णाश्वित्रशूलघ्नस्तिक्तकः कटुपाकवान् ॥ ४० ॥

टीका—पुत्रीजीव, गर्भकर, यष्टीपुष्प, अर्थसाधक, यह पुत्रजीवके नाम हैं. पुत्रजीव भारी शुक्रकों उत्पन्न करनेवाला ॥ ३८ ॥ रुखा, शीतल, मधुर, नमकीन,

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

कडवी होती है गर्भकों करनेवाली, कफकों हरतीहै ॥ ३९ ॥ इंगुद अंगारवृक्ष, तिक्तक, तापसद्रुम, यह हिंगोठेके नाम हैं. हिंगोठ कुष्ठ, भूतादिग्रह, व्रण, विष, कृमि, इनकों हरताहै और उष्णहै तथा श्वित्र शूलकों हरता, तिक्त, कटुपाकवाला है॥४०॥

अथ जिङ्गिनीनामगुणाः.

जिङ्गिनी झिङ्गिनी झिङ्गी सुनिर्यासा प्रमोदिनी ।
जिङ्गिनी मधुरा सोष्णा कषाया व्रणशोधिनी ॥ ४१ ॥
कटुका व्रणहृद्रोगवातातीसारहृत्पटुः ।
तमालः शालवद्वेद्यो दाहविस्फोटहृत्पुनः ॥ ४२ ॥

टीका—जिंगिनी, झिंगिनी, झिंगी, सुनिर्यासा, प्रमोदनी, यह जिंगनीके नाम हैं. जिंगनी मधुर, कुछ गरम, कसेली, व्रणशोधक है ॥४१॥ और कडवी है, तथा व्रण, हृदयरोग, वातातिसार, इनकों हरती, नमकीन, होतीहै. तमाल और सालके सदृश इसकों जानना चहिये. और दाह, विस्फोटकों हरती है ॥ ४२ ॥

अथ तूणी तथा भूर्जपत्रनामगुणाः.

तूणी तुन्नक आपीनस्तुणिकः कच्छकस्तथा ।
कुठेरकः कान्तलको नन्दिवृक्षश्च नन्दकः ॥ ४३ ॥
तूणी रक्तः कटुः पाके कषायो मधुरो लघुः ।
तिक्तो ग्राही हिमो वृष्यो व्रणकुष्ठास्रपित्तजित् ॥ ४४ ॥
भूर्जपत्रः स्मृतो भूर्जचर्मी बहुलवल्कलः ।
भूर्जो भूतग्रहश्लेष्मकर्णरुक्पित्तरक्तजित् ॥ ४५ ॥
कषायो राक्षसघ्नश्च मेदोविषहरः परः ।

टीका—तूणी, तुन्नक, आपीन, तुणिक, कच्छक, कुठेरक, कान्तलक, नन्दिवृक्ष, नन्दक, यह तुनके नाम हैं ॥४३॥ तूनी पाकमें कडवा, कसेला, मधुर, हलका होताहै और तिक्त, काविज, शीतल, शुक्रकों उत्पन्न करनेवाला, व्रण, कुष्ठ, रक्त, इनकों हरनेवाला है ॥ ४४ ॥ भूर्जपत्र, भूर्जचर्मी, बहुवल्कल, यह भोजपत्रके नाम हैं. भोजपत्र भूत, ग्रह, कफ, कर्णपीडा, पित्तरक्त, इनकों हरनेवाला है ॥ ४५ ॥ और कसेला राक्षसकों, तथा मेद, विषकों हरताहै.

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

अथ पलाशनामगुणाः.

पलाशः किंशुकः पर्णो यज्ञियो रक्तपुष्पकः ॥ ४६ ॥
क्षारश्रेष्ठो वातहरो ब्रह्मवृक्षः समिद्वरः ।
पलाशो दीपनो वृष्यः सरोष्णो व्रणगुल्मजित् ॥ ४७ ॥
कषायः कटुकस्तिक्तः स्निग्धो गुदजरोगजित् ।

टीका—पलाश, किंशुक, पर्ण, यज्ञिय, रक्तपुष्प, ॥ ४६ ॥ क्षारश्रेष्ठ, वातहर, ब्रह्मवृक्ष, समिद्वर, यह पलाशके नाम हैं. पलाश दीपन, शुक्रकों उत्पन्न करनेवाला, सर, उष्ण, और व्रण, वायगोला, इनकों हरनेवाला है ॥ ४७ ॥ तथा कसेला, कडवा, तिक्त, चिकना, गुदाके रोगोंकों हरनेवाला.

भग्नसन्धानकृद्दोषग्रहण्यर्शःकृमीन्हरेत् ॥ ४८ ॥
तत्पुष्पं स्वदु पाके तु कटु तिक्तं कषायकम् ।
वातलं कफपित्तास्रकृच्छ्रजिद्ग्राहि शीतलम् ॥ ४९ ॥
तृड्दाहशमकं वात्तरक्तकुष्ठहरं परम् ।
फलं लघूष्णं मेहार्शःकृमिवातकफापहम् ॥ ५० ॥
विपाके कटुकं रूक्षं कुष्ठगुल्मोदरप्रणुत् ।

अथ शाल्मलीनामगुणाः.

शाल्मलिस्तु भवेन्मोचा पिच्छिला पूरणीति च ॥ ५१ ॥
रक्तपुष्पा स्थिरायुश्च कण्टकाढ्या च तूलिनी ।
शाल्मली शीतला स्वाद्वी रसे पाके रसायनी ॥ ५२ ॥
श्लेष्मला पित्तवातास्रहारिणी रक्तपित्तजित् ।

टीका—टूटेहुवे हाडकों जोडनेवाला, और संग्रहणी, ववासीर, कृमि, इनकों हरता है ॥ ४८ ॥ उस्का पुष्प पाकमें मधुर, कडवा, तिक्त, कसेला होता है तथा वातकों करनेवाला, कफ, रक्तपित्त, मूत्रकृच्छ्र, इनकों हरनेवाला, काबिज, शीतल होताहै, ॥ ४९ ॥ और तृषा, दाहका शमन करनेवाला, अत्यन्त वातरक्त, और कुष्ठ इनकों हरता है. उस्का फल हलका, उष्ण होता है, और प्रमेह, ववासीर, कृमि,

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

वातकफ, इनकों हरता है. विपाकमें कटु, रूखा होताहै. तथा कुष्ठ, वायगोला, उदररोग, इनकों हरता है. शाल्मली, मोचा, पिच्छिला, पूरणी ॥५१॥ रक्तपुष्पा, स्थिरायु, कण्टकाढ्या, तूलिनी, यह सेमलके नाम हैं. सेमल शीतल, रसमें और पाकमें मधुर, रसायनी ॥ ५२ ॥ कफकों करनेवाली, पित्त, वातरक्तकों हरती रक्तपित्तकों हरनेवाली है.

अथ मोचरस तथा कूटशाल्मलीनामगुणाः.

निर्यासः शाल्मलेः पिच्छा शाल्मली वेष्टकोऽपि च ॥५३॥
मोचास्रावो मोचरसो मोचनिर्यास इत्यपि ।
मोचारसो हिमो ग्राही स्निग्धो वृष्यः कषायकः ॥ ५४ ॥
प्रवाहिकातिसारामकफपित्तास्रदाहनुत् ।
कुत्सितः शाल्मलिः प्रोक्तो रोचनः कूटशाल्मलिः॥ ५५ ॥
कूटशाल्मलिकस्तिक्तः कटुकः कफवातनुत् ।
भेद्युष्णः प्लीहजठरयकृद्गुल्मविषापहः ॥ ५६ ॥
भूतानाहविबन्धास्रमेदःशूलकफापहः ।

टीका—मोचरस यह सेमलका गोंद है. पिच्छा, शाल्मलीवेष्टक ॥५३॥ मोचास्राव, मोचरस, मोचनिर्यास, यह मोचरसके नाम हैं. मोचरस शीतल, काविज, चिकना, शुक्रकों उत्पन्न करनेवाला, कसेला, होता है ॥ ५४ ॥ और प्रवाहिका, अतिसार, आम, कफ, रक्तपित्त, इनकों हरनेवाला है. कुत्सितशाल्मली, रोचन, कूटशाल्मली, यह कूटशाल्मलीके नाम हैं ॥ ५५ ॥ कूटसेमल तिक्त, कटु, कफवातकों हरताहै भेदनकरनेवाला उष्ण होतीहै और प्लीह, उदररोग, यकृत्, वायगोला, विष, इनकों हरता है. और भूत, अफारा, विबन्ध, रक्त ॥ ५६ ॥ मेद, शूल, कफ, इनकों हरता है.

अथ धव, धामार्गव, करीरनामगुणाः.

धवो धटो नन्दितरुः स्थिरो गौरो धुरन्धरः ॥ ५७ ॥
धवः शीतप्रमेहार्शःपाण्डुतिक्तकफापहः ।
मधुरस्तुवरस्तस्य फलं च मधुरं मनाक् ॥ ५८ ॥

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

धन्वङ्गस्तु धनुर्वृक्षो गोत्रवृक्षः सुतेजनः।
धन्वङ्गः फकपित्तास्रकासहृत्तुवरो लघुः॥ ५९॥
बृंहणो बलकृद्रूक्षः सन्धिकृद्व्रणरोपणः।
करीरः क्रकरः पत्रो ग्रन्थिलो मरुभूरुहः॥ ६०॥
करीरः कटुकस्तिक्तः स्वेद्युष्णो भेदनः स्मृतः।
दुर्नामकफवातामगरशोथव्रणप्रणुत्॥ ६१॥

टीका—धव, घट, नन्दितरु, स्थिर, गौर, धुरंधर यह धवके नाम हैं॥ ५७॥ धव शीतल, प्रमेह, ववासीर, पाण्डु, पित्त, कफ, इनकों हरता है. मधुर, कसेला, होताहै॥५८॥ धन्वंग, धनुर्वृक्ष, गोत्रवृक्ष, सुतेजन, यह धामिनके नाम हैं. धामिन कफ, रक्त, पित्त, कास, इनकों हरनेवाला हलका होताहै॥ ५९॥ और पुष्ट बलकों करनेवाला, रूखा संधीकों करनेवाला, घावकों भरनेवाला है. करीर, क्रकरपत्र, ग्रन्थिल, मरुभूरुह, यह करीरके नाम हैं॥ ६०॥ करीर, कडुवा, तिक्त, पसीना लानेवाला, उष्ण, भेदन, कहागयाहै. और ववासीर, कफ, वात, आम, विष, शोथ, व्रण, इनकों हरता है॥ ६१॥

अथ सहोरा तथा वरुणनागुणाः.

शाखोटः पीतकलको भूतावासः स्वरच्छदः।
शाखोटो रक्तपित्तार्शोवातश्लेष्मातिसारजित्॥ ६२॥
वरुणो वरणः सेतुस्तिक्तशाकोऽग्निदीपनः।
कषायो मधुरस्तिक्तः कटुको रूक्षको लघुः॥ ६३॥

टीका—शाखोट, पीतकलक, भूतावास, स्वरच्छद, यह सहोराके नाम हैं. सहोरा रक्त, पित्त, ववासीर, वातकफ, अतीसार इनकों हरनेवाला है॥ ६२॥ वरुण, वरण, सेतु, तिक्तशाक, यह वरुणके नाम हैं. वरुण अग्निदीपन कसेला मधुर तिक्त कडवा रूखा हलका होता है॥ ६३॥

अथ कटभीनामगुणाः.

कटभी स्वादुपुष्पी च मधुरेणुः कटुम्भरा।
कटभी तु प्रमेहार्शोनाडीव्रणविषक्रमीन्॥ ६४॥

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

हन्त्युष्णा कफकुष्ठघ्नी कटू रूक्षा च कीर्तिता ।
तत्फलं तुवरं ज्ञेयं विशेषात्कफशुक्रहृत् ॥ ६५ ॥

टीका—कटभी, स्वादुपुष्पी, मधुरेणु, कटुम्भर, यह कटभीके नाम हैं. यह मालकंगनीकी किस्मसें है. कटभी प्रमेह, ववासीर, नाडीत्रण, विष, कृमि, इनकों हरती है ॥ ६४ ॥ और उष्ण होती है. तथा कफ, कुष्ठकों हरती कडवी, रूखी, कहीगई है. इस्का फल कसेला जानना चाहिये, विशेषकरके कफशुक्रकों हरता है६५

अथ मोक्षवृक्षनामगुणाः.

मोक्षस्तु मोक्षकोऽपि स्याद्गोलीढो गोलिहस्तथा ।
क्षारश्रेष्ठः क्षारवृक्षो द्विविधः श्वेतकृष्णकः ॥ ६६ ॥
मोक्षकः कटुकस्तिक्तो ग्राह्युष्णः कफवातहृत् ।
विषमेदोगुल्मकण्डूबस्तिरुक्कृमिशुक्रनुत् ॥ ६७ ॥

टीका—यह लोधकी किस्मसें होताहै. इस्के पत्ते पलासकेसे होते हैं. मोक्ष, मोक्षक, गोलीढ, गोलिह, क्षारश्रेष्ठ, क्षारवृक्ष, यह घंटापाटलाके नाम हैं. यह दोप्रकारका होता है काला और सफेद ॥६६॥ घंटापाटल, कडवा, तिक्त, काविज, उष्ण, कफवातकों हरता है. और विष, मेद, वायगोला, खुजली, बस्तिकी पीडा और कृमि शुक्रकों हरता है ॥ ६७ ॥

अथ शिरीषिका तथा शमीनामगुणाः.

शिरीषिका टिण्टिणिका दुर्बलाम्बुशिरीषिका ।
त्रिदोषविषकुष्ठार्शोहरी वारिशिरीषिका ॥ ६८ ॥
शमी सक्तुफला तुङ्गा केशहन्त्री फलाशिवा ।
मङ्गल्या च तथा लक्ष्मीः शमीरः साल्पिका स्मृता ॥६९॥
शमी तिक्ता कटुः शीता कषाया रेचनी लघुः ।
कफकासभ्रमश्वासकुष्ठार्शःकृमिजित्स्मृता ॥ ७० ॥

टीका—इस्कों टिंटणीभी कहते हैं. शिरीषिका, टिंटिणिका, दुर्बला अंबुशिरीषिका यह जलशिरीषके नाम हैं. जलशिरीष त्रिदोष, विष, कुष्ठ, ववासीर, इनकों हरनेवाली है ॥ ६८ ॥ शमी, सक्तुफला, तुङ्गा, केशहन्त्री, फला, शिवा, मंगल्या,

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

लक्ष्मीसमीर, साल्पिका, यह शमीके नाम हैं ॥ ६९ ॥ शमी कडवी, तिक्त, शीतल, कसेली, दस्तावर, हलकी होती है और कफ, कास, भ्रम, श्वास, कुष्ठ, ववासीर, कृमि, इनकों हरनेवाली कहीगई है ॥ ७० ॥

अथ सप्तपर्णी तथा तिनिशनामगुणाः.

सप्तपर्णो विशालत्वक् शारदो विषमच्छदः ।
सप्तपर्णी व्रणश्लेष्मवातकुष्ठास्रजन्तुजित् ॥ ७१ ॥
दीपनः श्वासगुल्मघ्नः स्निग्धोष्णस्तुवरः सरः ।
तिनिशः स्यन्दनो नेमी रथद्रुर्वञ्जुलस्तथा ॥ ७२ ॥
तिनिशः श्लेष्मपित्तास्रमेदःकुष्ठप्रमेहजित् ।
तुवरः श्वित्रदाहघ्नो व्रणपाण्डुकृमिप्रणुत् ॥ ७३ ॥

टीका—सप्तपर्ण, विशालत्वक्, शारद, विषमच्छद, यह छितवनके नाम हैं. छितवन, व्रण, कफ, वात, कुष्ठ, रक्त, जन्तु, इनकों हरता है ॥७१॥ और दीपन वायगोला इनकों हरता चिकना उष्ण कसेला सर है इस्कों तिरिछभी कहा है. तिनिश, स्यंदन, नेमी, रथद्रु, वञ्जुल, यह तिनिशके नाम हैं ॥ ७२ ॥ तिनिश कफ, रक्त, पित्त, मेद, कुष्ठ, प्रमेह इनकों हरनेवाला है. और कसेला, श्वित्र, दाहकों हरता है व्रण, पांडु कृमि, इनकोंभी हरता है ॥ ७३ ॥

अथ भूमीसह(भुइसह)नामगुणाः.

भूमीसहो द्वारदारुनरिदारुः स्वरच्छदः ।
भूमीसहस्तु शिशिरो रक्तपित्तप्रसादनः ॥ ७४ ॥

इति श्रीहरीतक्यादिनिघंटेवटादिवर्गः ॥

टीका—भूमीसह, द्वारदारु, नरिदारु, स्वरच्छद, यह भुइसाहके नाम हैं. भुइसहा शीतल, रक्तपित्तकों अच्छा करनेवाला है ॥ ७४ ॥

इति श्रीहरीतक्यादिनिघंटे वटादिवर्गः समाप्तः ॥

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

श्रीः ।

हरीतक्यादिनिघंटे

आम्रादिफलवर्गः ।

तत्रादावाम्रस्य नामानि गुणाश्च.

आम्रः प्रोक्तो रसालश्च सहकारोऽतिसौरभः ।
कामाङ्गो मधुदूतश्च माकन्दः पिकवल्लभः ॥ १ ॥
आम्रपुष्पमतीसारकफपित्तप्रमेहनुत् ।
असृग्दुष्टिहरं शीतं रुचिकृद्ग्राहि वातलम् ॥ २ ॥

टीका—उसमें पहले आमके नाम और गुणकों कहतेहै. आम्र, रसाल, सहकार, अतिसौरभ, कामांग, मधुदूत, माकंद, पिकवल्लभ, यह आम्रके नाम हैं ॥ १ ॥ आम्रका पुष्प अतिसार, कफ, पित्त, प्रमेह, इनकों हरताहै. और दुष्टरक्तकों हरता, शीतल, रुचि करनेवालाहै, काविज, वातकों करनेवालाहै ॥ २ ॥

आम्रं वालं कषायाम्लं रुच्यं मारुतपित्तकृत् ।
तरुणं तु नदत्यक्तं रूक्षं दोषत्रयास्रकृत् ॥ ३ ॥
आम्रमामं त्वचाहीनमातपेतिविशोषितम् ।
अम्लं स्वादु कषायं स्याद्भेदनं कफवातजित् ॥ ४ ॥
पक्कं तु मधुरं वृष्यं स्निग्धं बलसुखप्रदम् ।
गुरु वातहरं हृद्यं वर्ण्यं शीतमपित्तलम् ॥ ५ ॥
कषायानुरसं वन्हिश्लेष्मशुक्रविवर्धनम् ।
तदेव वृक्षसम्पक्कं गुरु वातहरं परम् ॥ ६ ॥
मधुराम्लं रसं किञ्चिद्भवेत्पित्तप्रकोपनम् ।
आम्रं कृत्रिमपक्कं च तद्भवेत्पित्तनाशनम् ॥ ७ ॥
सरस्याम्लस्य हीनस्तु माधुर्याच्च विशेषतः ।

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

टीक—कैरी कसेली, खट्टी, रुचिकों करनेवाली, वातपित्तकों करनेवालीहै. और कच्चा आम अत्यन्त खट्टा, रूखा, होताहै तथा तीनों दोष और रक्तकों करनेवालाहै ॥ ३ ॥ वेछाल किया कच्चा आम धूपमें सुखद खट्टा मधुर कसेला होताहै, और भेदन कफवातकों हरनेवाला है ॥ ४ ॥ और पकाहुवा मधुर शुक्रकों उत्पन्न करनेवाला चिकना बल सुखकों देनेवाला है, और भारी, वातहरता, हृद्य, वर्णकों अच्छा करनेवाला, शीतल, पित्तकों करनेवाला ॥ ५॥ पीछेसें कसेला अग्नि, कफ, शुक्र, इनकों बढानेवालाहै. और वोही वृक्षपर पकाहुवा भारी परमवात हरताहैं ॥ ६ ॥ और मधुर कुछ खट्टा पित्तकों करनेवाला है अम्लरससें हीन और अधिक मधुरतासें वोह पालका पकाहुवा पित्तकों हरता है ॥ ७ ॥

उषितं तत्परं रुच्यं बल्यं वीर्यकरं लघु ॥ ८ ॥
शीतलं शीघ्रपाकि स्याद्वातपित्तहरं सरम् ।
तद्रसो गालितो बल्यो गुरुर्वातहरः सरः ॥ ९ ॥
अहृद्यस्तर्पणोऽतीव बृंहणः कफवर्धनः ।
तस्य खण्डं गुरु परं रोचनं चिरपाकि च ॥ १० ॥
मधुरं बृंहणं बल्यं शीतलं वातनाशनम् ।
वातपित्तहरं रुच्यं बृंहणं बलवर्धनम् ।
वृष्यं वर्णकरं स्वादु दुग्धाम्रं गुरु शीतलम् ॥ ११ ॥
मन्दानलत्वं विषमज्वरं च रक्तामयं बद्धगुदोरं च ।
आम्रातियोगो नयनाभयं वा करोति तस्मादति तानिनाद्यात् १२
एतदम्लाम्रविषयं मधुराम्लपरं नतु ।
मधुरस्यपरं नेत्रं हित्वाद्यात्र गुणा यतः ॥ १३ ॥
शुंठ्याम्भसोऽनुपानं स्यादाम्राणामतिभक्षणे ।
जीरकं वा प्रयोक्तव्यं सहसौवर्चलेन च ॥ १४ ॥
पक्कं च सहकारस्य पटे विस्तारितो रसः ।
घर्मशुष्को मुहुर्दत्त आम्रावर्त इति स्मृतः ॥ १५ ॥

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

आम्रावर्त्तस्तृषाच्छर्दिवातपित्तहरः सरः ।
रुच्यः सूर्यांशुभिः पाकाल्लघुश्च स हि कीर्तितः ॥ १६ ॥

टीका—और रक्खाहुवा वोह परम रुचिकों करनेवाला, बलकों देनेवाला, शुक्रकों उत्पन्न करनेवाला, हलका होताहै ॥ ८ ॥ बहुत और शीतल, शीघ्रपाक वाला, वातपित्तकों हरता सर होताहै. उस्का निचोडा हुवा रस बलकों देनेवाला भारी वात हरता सर होताहै ॥ ९ ॥ और हृद्य तर्पण और पुष्टिकों करनेवाला कफकों बढानेवाला है. और उस्का टुकडा भारी अत्यन्त रुचिकों करनेवाला बहुत कालमें पाक होनेवाला है ॥ १० ॥ और मधुर, पुष्ट, बलकों करनेवाला, शीतल, वातकों हरताहै. दूध आमवात पित्तकों करनेवाला रुचिकों करनेवाला, पुष्ट, बलकों बढानेवाला ॥ ११ ॥ शुक्रकों उत्पन्न करनेवाला, वर्णकों करनेवाला, मधुर, भारी, शीतल होता है. बहुत आमका सेवन मंदाग्नि, विषमज्वर, रक्तके रोग, बद्धगुदोदर और नेत्ररोग, इनकों करताहै इसवास्ते बहुत न सेवन करै. ॥ १२ ॥ यह खट्टे आमके विषयमें कहाहै नकी मधुर आमके विषयमें मधुर परमनेत्रके हित होता है. क्योंकी पहले कहे हुवे गुणोंसें ॥ १३ ॥ आम्रके अतिभक्षणमें पीछेसें सोंठ और पानी पीवे अथवा जीरा और सोंचलनमक मिलाके पीवे ॥ १४ ॥ पकेहुवे आमके रसकी कपडेपर फैलाकर धूपमें सुखायाहुवा और फिरसें पुट दिये हुवेकों आम्रावर्त ऐसा कहते है ॥ १५ ॥ और अमवट ऐसा लोकमें कहते है. अम्रवट तृषा वमन वात पित्त इनकों हरता सर रुचिकों करनेवाला है और सूर्यकी किरणोंके द्वारा पाक होनेसें वोह हलका कहागयाहै ॥ १६ ॥

अम्रबीज तथा नवपल्लवनामगुणाः.

आम्रबीज कषायं स्याच्छर्द्यतीसारनाशनम् ।
ईषदम्लं च मधुरं तथा हृदयदाहनुत् ॥ १७ ॥
आम्रस्य पल्लवं रुच्यं कफपित्तविनाशनम् ।

टीका—आमकी गुठली कसेली और वमन अतीसारकों हरता कुछ खट्टी मधुर तथा हृद्य दाहकों हरता ॥ १७ ॥ आमके पत्ते रुचिकों करनेवाले कफपित्तकों हरनेवाले हैं.

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

अम्रातकनामगुणाः.

आम्रातकः पीतनश्च मर्कटाम्रकपीतनः ॥ १८ ॥
आम्रातमम्लवातघ्नं गुरूष्णं रुचिकृत्सरम् ।
पक्कं तु तुवरं स्वादु रसे पाके हिमं स्मृतम् ॥ १९ ॥
तर्पणं श्लेष्मलं स्निग्धं वृष्यं विष्टम्भि बृंहणम् ।
गुरु बल्यं मरुत्पित्तक्षतदाहक्षयास्रजित् ॥ २० ॥

टीका—आम्रातक, पीतन, मर्कटाम्र, कपीतन, यह अम्बाडेके नाम हैं. अम्बाडा खट्टा, वातहरता, भारी, गरम, रुचिकों करनेवाला, सरहै ॥ १८ ॥ पक्का कसेला, पाकरसमें मधुर, और शीतल कहाहै. तर्पण कफकों करनेवाला, चिकना, शुक्र उत्पन्नकरनेवाला, विष्टंभी, पुष्टहै ॥ १९ ॥ तथा भारी, बलकों हितहै. और वात, पित्त, क्षत, दाह, क्षय, रक्त, इनकों जीतनेवालाहै ॥ २० ॥

अथ राजाम्र तथा कोशाम्रनामगुणाः.

राजाम्रष्टङ्क आम्रातः कामाह्वो राजपुत्रकः ।
राजाम्रं तुवरं स्वादु विशदं शीतलं गुरु ॥ २१ ॥
ग्राहि रूक्षं विबन्धाध्मवातकृत्कफपित्तनुत् ।
कोशाम्र उक्तः क्षुद्राम्रः कृमिवृष्यः सुकोशकः ॥ २२ ॥
कोशाम्रः कुष्ठशोथास्रपित्तव्रणकफापहः ।
तत्फलं ग्राहि वातघ्नमम्लोऽम्लं गुरु पित्तलम् ।
पक्कं तु दीपनं रुच्यं लघूष्णं कफवातनुत् ॥ २३ ॥

टीका—राजाम्र, टङ्क, आम्रात, कामाह्व, राजपुत्रक, यह कसेला, मधुर, विशद, शीतल, भारी ॥ २१ ॥ काविज, रूखाहै. और विबन्ध, आध्मान, वात इनकों करनेवाला और कफपित्तकों हरता है. अथ कोशाम्र इस्कों कोशम्भभी कहते हैं. कोशाम्र, क्षुद्राम्र, कृमिवृक्ष, सुकौशिक, यह कोशाम्रके नाम हैं. कोशम्भ, रक्तपित्त, कुष्ठ, सूजन, व्रण, कफ इनकों हरनेवाला है ॥ २२ ॥ उस्का फल काविज, वातहरता, खट्टा और पाकमेंभी खट्टा होताहै. भारी पित्तकों करनेवाला है तथा पकाहुवा दीपन रुचिकों करनेवाला हलका उष्ण कफवातकों हरताहै ॥ २३ ॥

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

अथ फनसनामगुणाः.

फनसः कण्टकिफलः पणशोऽतिबृहत्फलः ।
पणशं शीतलं पक्कं स्निग्धं पित्तानिलापहम् ॥ २४ ॥
तर्पणं बृंहणं स्वादु मांसलं श्लेष्मलं भृशम् ।
बल्यं शुक्रप्रदं हन्ति रक्तपित्तक्षतव्रणान् ॥ २५ ॥
आमं तदेव विष्टम्भि वातलं तुवरं गुरु ।
दाहकृन्मधुरं बल्यं कफमेदोविवर्धनम् ॥ २६ ॥
फनसोद्भूतबीजानि वृष्याणि मधुराणि च ।
गुरूणि बद्धविट्कानि सृष्टमूत्राणि संवदेत् ॥ २७ ॥
मज्जा फनसजो वृष्यो वातपित्तकफापहः ।
विशेषात्पनसो वर्ज्यो गुल्मिभिर्मन्दवह्निभिः ॥ २८ ॥

टीका—फनस, कंटकिफल, पणस, अतिबृहत्फल, येह कटहलके नाम हैं. कटहल शीतल और पकाहुवा चिकना पित्तवातकों हरता है ॥ २४ ॥ तृप्तिकों करनेवाला, पुष्ट, मधुर, मांसकों करनेवाला और अत्यन्त कफकों करनेवालाहै. तथा बलकों करनेवाला और शुक्रकों करनेवालाहै. रक्तपित्त, क्षत, व्रण, इनकों हरताहै ॥ २५ ॥ वोही कच्चा विष्टम्भ करनेवाला, वातल, कसेला, भारीहै और दाहकों करनेवाला मधुर बलके हित कफमेदकों बढानेवाला है ॥ २६ ॥ कटहलके बीज शुक्रकों उत्पन्न करनेवाले मधुरहै और भारी मलकों रोकनेवाला तथा मूत्रकों करनेवाला है ॥ २७ ॥ कटहलकी गिरी शुक्रकों करनेवाली वातपित्तकफकों हरतीहै, विशेषकरके वायगोलावाले और मन्दाग्निवाले कटहलकों न सेवन करै ॥ २८ ॥

अथ क्षुद्रफनसनामगुणाः.

लकुचः क्षुद्रपनसो लिकुचो डहुरित्यपि ।
आमं लकुचमुष्णं च गुरु विष्टम्भकृत्तथा ॥ २९ ॥
मधुरं च ताथाम्लं च दोषत्रितयरक्तकृत् ।
शुक्राग्निनाशनं वापि नेत्रयोरहितं स्मृतम् ॥ ३० ॥
सुपक्कं तत्तु मधुरमम्लं चानिलपित्तहृत् ।

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

कफवह्निकरं रुच्यं वृष्यं विष्टम्भकं च तत् ॥ ३१ ॥

टीका—लकुच क्षुद्रपणस लिकुच डहु इतने नाम वडहलके हैं. कच्चा वडहल गरम भारी विष्टम्भकों करनेवाला है ॥ २९ ॥ और मधुर तथा खट्टा तीनोंदोषोंकों और रक्तकों करनेवाला है और शुक्र तथा अग्निकों हरता और नेत्रोंके अहित कहाहै ॥ ३० ॥ और अच्छेप्रकार पका हुवा खट्टा और मीठा होता है तथा वातपित्तकों हरनेवाला है और कफ अग्निकों करनेवाला रुचिके हित शुक्रकों करनेवाला और विष्टम्भक है ॥ ३१ ॥

अथ कदलीनामगुणाः.

कादली वारणा मोचांबुसारांशुमतीफला ।
मोचाफलं स्वादु शीतं विष्टम्भि कफनुद्गुरु ॥ ३२ ॥
स्निग्धं पित्तास्रतृट्दाहक्षतक्षयसमीरजित् ।
पक्कं स्वादु हिमं पाके स्वादु वृष्यं च बृंहणम् ।
क्षुत्तृष्णानेत्रगदहृन्मेदोघ्नं रुचिमांसकृत् ॥ ३३ ॥
माणिक्यमर्त्यामृतचम्पकाद्या भेदाः कदल्या बहवोऽपि सन्ति ।
उक्ता गुणास्तेष्वधिका भवन्ति निर्दोषता स्याल्लघुता च तेषाम् ॥३४

टीका— कदली, वारणा, मोचा, अम्बुसारा, अंशुमतीफला, यह केलेके नाम हैं. केला मधुर, शीतल, विष्टंभ करनेवाला, कफहरता, भारी है ॥ ३२ ॥ और चिकना पित्त, रक्त, तृषा दाहकों हरता और क्षत, क्षय, वात, इनकों हरनेवालाहै. पका हुवा शीतल, मधुर, और पाकमें मधुर शुक्रकों करनेवाला और पुष्ट है. क्षुधा, तृषा, नेत्ररोग इनकों हरता प्रमेहकों हरता तथा रुचि और मांसकों करनेवाला है॥३३॥ माणिक्य मर्त्य अमृत चंपक आदि केलेके बहुत भेद हैं उन्में यह कहेहुए गुणोंमें आधिकहै और उन्में निर्दोषता तथा लघुता है ॥ ३४ ॥

अथ चिर्भटनामगुणाः.

चिर्भटं धेनुदुग्धं च तथा गोरक्षकर्कटी ।
चिर्भटं मधुरं रूक्षं गुरु पित्तकफापहम् ॥ ३५ ॥
अनुष्णं ग्राहि विष्टम्भि पक्कं तृष्णं च पित्तलम् ।

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

टीका— चिर्भट, धेनुदुग्ध, गोरक्ष, कर्कटी, यह शुकुरके नाम हैं. शुकुर मधुर, रूक्ष, पित्त, कफकों हरता भारी है ॥ ३५ ॥ और उष्ण, काविज, विष्टम्भि, और पकाहुवा उष्ण तथा पित्तकों करनेवाला है.

अथ नारिकेलनामगुणाः.

नारिकेरो दृढफलो लाङ्गली कूर्चशीर्षकः ॥ ३६ ॥
तुङ्गस्कन्धफलश्चैव तृणराजः सदाफलः ।
नारिकेरफलं शीतं दुर्जरं बस्तिशोधनम् ॥ ३७ ॥
विष्टम्भि बृंहणं बल्यं वातपित्तास्रदाहनुत् ।
विशेषतः कोमलनारीकेरं निहन्ति पित्तज्वरपित्तदोषान् ॥३८॥
तदेव जीर्णं गुरु पित्तकारि विदाहि विष्टम्भि मतं भिषग्भिः ।
तस्याम्भः शीतलं हृद्यं दीपनं शुक्रलं लघु ॥ ३९ ॥
पिपासापित्तजित्स्वादु बस्तिशुद्धिकरं परम् ।
नारिकेरस्य तालस्य खर्जूरस्य शीरांसि तु ॥ ४० ॥
कषायस्निग्धमधुरबृंहणानि गुरूणि च ।

टीका—जो रोग असाध्य होजाताहै और जिसकी दवा नहीं है उसरोगकों और मनुष्य घोडा हाथी इनके रोगोंकों पारा हरताहै ॥ ९२ ॥ मल विष वन्हि गुरुत्व चपलता ये पारेमें नैसर्गिक दोष कहेहैं दो उपाधि सीसा और रांगा इनके योगसें उत्पन्नहुवे दोष पारेमें मुनीश्वरोंनें कहाहै ॥ ९३ ॥ मलसें मूर्च्छा विषसें मरण अग्निसें शरीरमें अत्यन्त कठिन दाह गिरिसें देहमें सदा जडता होतीहै और चंचलतासें मनुष्योंके वीर्यकों हरताहै ॥ ९४ ॥ रांगेसें कोड सीसेसें नपुंसकता होती है इसवास्ते यह पारा शोधनेयोग्य है पारेमें तीन दोष मुख्य हैं वन्हि विष और मल ॥ ९५ ॥ यह दोष मनुष्योंकों क्रमसें सन्ताप मृत्यु मूर्च्छा करतेहैं यदि औरभी दोष वैद्योंने पारेमें कहे हैं ॥ ९६ ॥ तथापि यह तीन दोष विशेषकरके दूरकरने चाहिये संस्कारहीन पारेकों जो सेवन करताहै उस्कों बाधा करताहै और मनुष्योंके देहकों हरताहै तथा अत्यन्त कष्टसाध्य रोगोंकोंभी करताहै ॥ ९७ ॥

अथोपरसानां लक्षणम्.

गन्धो हिङ्गुलमभ्रतालकशिलाः स्रोतोञ्जनं टङ्कणं
राजावर्तकचुम्बकः स्फटिकया शङ्खं खटी गैरिकम् ।
कासीसं रसकं कपर्दसिकता बोलाश्च कङ्कुष्ठकं
सौराष्ट्री च मता अमी उपरसाः सूतस्य किञ्चिद्गुणैः ९८

टीका—गन्धक सिंगरफ अभ्रक हरताल मनसिल सुरमा सुहागा लोहचुम्बक पत्थर बिल्लौर शंख खडिया माटी गेरू हिराकसीस रसकपूर कौडी रेत बोल इसकों फूलसलभी कहतेहैं पहाडीमट्टी सौरठीमाटी यह उपरस कहेगयेहैं पारेका कुछ एकगुण इनमें होताहै ॥ ९८ ॥

हिङ्गुलस्य नामानि लक्षणं गुणाश्च.

हिङ्गुलं दरदं म्लेच्छमिङ्गुलं पूर्णपारदम् ।
दरदस्त्रिविधः प्रोक्तश्चर्मारः शुकतुण्डकः ॥ ९९ ॥
हंसपादस्तृतीयः स्याद्गुणवानुत्तरोत्तरम् ।
चर्मारः शुक्लवर्णः स्यात्सपीतः शुकतुण्डकः ॥ १०० ॥
जवाकुसुमसङ्काशो हंसपादो महोत्तमः ।

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

तिक्तं कषायं कटु हिङ्गुलं स्यान्नेत्रामयघ्नं कफपित्तहारि १०१

हृल्लासकुष्ठज्वरकामलांश्च प्लीहामवातौ च गरं निहन्ति ।

ऊर्ध्वपातनयुक्त्या तु डमरुयन्त्रपाचितम् ॥ १०२ ॥

हिङ्गुलं तस्य सूतं तु शुद्धमेवं न शोधयेत् ।

टीका—सिंगरफके नाम और गुण हिंगुल दरद म्लेच्छ इंगुल पूर्णपारद यह शिंगरफके नाम हैं शिंगरफ तीनप्रकारका होताहै चर्मार शुकतुण्डक ॥ ९९ ॥ और तीसरा हंसपाद यह उत्तरोत्तर गुणमें अधिक चर्मार सफेद होताहै और पिलहीके सहित शुकतुण्डक होताहै ॥ १०० ॥ हंसपाद जवाफूलके समान होताहै वोह बहुत उत्तम है तिक्त कसेला कडवा हिंगुल होताहै और नेत्ररोगकों हरता तथा कफपित्तकों हरताहै ॥ १०१ ॥ और हृल्लास कुष्ठ ज्वर कामला इनकों तथा पिलही आमवात और विष इनकोंभी हरताहै ऊर्ध्वपातनकी युक्तिसें अथवा डमरुयंत्रसें पकायाहुवा ॥ १०२ ॥ हिंगुल उस्का पारा इसप्रकार सिद्ध होताहै इस्कों शोधन न करै.

अथ गन्धकस्योत्पत्तिर्नामलक्षणगुणाश्च.

श्वेतद्वीपे पुरा देव्याः क्रीडन्त्या रजसाप्लुतम् ।

दुकूलं तेन वस्त्रेण स्नातायाः क्षीरनीरधौ ॥ १०३ ॥

प्रसृतं यद्रजस्तस्माद्गन्धकः समभूत्ततः ।

गन्धको गन्धिकश्चापि गन्धपाषाण इत्यपि ॥ १०४ ॥

सौगन्धिकश्च कथितो बलिर्बलरसादि च ।

चतुर्धा गन्धकः प्रोक्तो रक्तः पीतः सितोऽसितः ॥ १०५ ॥

रक्तो हेमक्रियासूक्तः पीतश्वेतौ रसायने ।

व्रणादिलेपने श्वेतः कृष्णः श्रेष्ठः सुदुर्लभः ॥ १०६ ॥

गन्धकः कटुकस्तिक्तो वीर्योष्णस्तुवरः सरः ।

पित्तलः कटुकः पाके कण्डूवीसर्पजन्तुजित् ॥ १०७ ॥

हन्ति कुष्ठक्षयप्लीहकफवातान् रसायनः ।

अशोधितो गन्धक एष कुष्ठं करोति तापं विषमं शरीरे ॥ १०८ ॥

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

शोषं च रूपं च नलं तथोजः शुक्रं निहन्त्येव करोति चास्त्रम् ।

टीका—गन्धककी उत्पत्ति और नाम लक्षण गुणोंकों कहतेहै श्वेतद्वीपमें पहिले क्रीडा करती हुई पार्वतीजीका कपडा रजसें मल गयाथा उस कपडेसें ॥ १०३ ॥ क्षिरसागरमें स्नान करती हुईके उससांठीसें जो रज फेला उस्सें गन्धक हुवा गन्धक गन्धिक गन्धपाषण ॥ १०४ ॥ सौगन्धिक बलि बलरस यह गन्धकके नामहैं गन्धक चारप्रकारका होताहै लाल पीला सुफेद काला ॥ १०५ ॥ लाल सुवर्ण क्रियामें काम आताहै और पीला सुफेद रसायनमें कहाहै और घाव आदिके लेपमें सुफेद तथा काला श्रेष्ठ होताहै वोह दुर्लभहै ॥ १०६ ॥ श्रेष्ठ सुवर्ण क्रियामें सबजगहमें प्रशस्ततर है गन्धक कटु तिक्त वीर्यमें उष्ण कसेला सर होताहै पित्तकों करनेवाला पाकमें कटु और खुजली वीसर्प कृमि इनकों हरनेवालाहै ॥ १०७ ॥ और कुष्ठ क्षय पिलही कफ वात इनकों हरताहै तथा रसायनहै विनासोधाहुवा यह गन्धक कुष्ठकों और विषम सन्तापकों शरीरमें करताहै ॥ १०८ ॥ शोष रूप बल तथा औज शुक्र इनकों हरताहै और रक्तकों करताहै.

अथाभ्रकस्योत्पत्तिनामलक्षणगुणाश्च.

पुरा वधाय वृत्रस्य वज्रिणो वज्रघातत: ।
विस्फुलिङ्गास्ततस्तस्य गगने परिसर्पिता: ॥ १०९ ॥
ते निपेतुर्घनध्वानाच्छिखरेषु महीभृताम् ।
तेभ्य एव समुत्पन्नं तत्तद्गिरिषु चाभ्रकम् ॥ ११० ॥
तद्वज्रं वज्रपातत्वादभ्रमभ्ररवोद्भवात् ।
गगनात्स्खलितं यस्माद्गगनं च ततो मतम् ॥ १११ ॥
विप्रक्षत्रियविट्शूद्रभेदात्तस्याच्चतुर्विधम् ।

टीका—अभ्रककी उत्पत्ति नाम लक्षण और गुणकों कहतेहैं पहले इन्द्रनें वृत्रासुरकों मारनेकेवास्ते वज्र उठाया उस्सें चंगारे आकाशमें फैलगये ॥ १०९ ॥ वह वादलके गरजसें पहाडोंकी चोटीपर गिरे उसीसें उनउन पहाडोंमें अभ्रक उत्पन्न हुवा ॥११०॥ वोह वज्रसें उत्पन्न होनेसें और अभ्र वादलोंके गरजसें उत्पन्न होनेसें तथा आकाशसें गिरनेसें गगन माना है ॥ १११ ॥ ब्राह्मण क्षत्रिय वैश्य और शूद्र इनमे दोसें वोह चारप्रकारका होताहै.

क्रमेणैवासितं रक्तं पीतं कृष्णं च वर्णत: ॥ ११२ ॥

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

प्रशस्यते सितं तारं रक्तं तत्तु रसायने ।
पीतं हेमानि कृष्णं तु गदेषु द्रुतयेऽपि च ॥ ११३ ॥
पिनाकं दुर्दुरं नागं वज्रं चेति चतुर्विधम् ।
मुञ्चत्यग्नौ विनिक्षिप्तं पिनाकं दलसञ्चयम् ॥ ११४ ॥
अज्ञानाद्भक्षणं तस्य महाकुष्ठप्रदायकम् ।
दर्दुरं त्वग्निनिःक्षिप्तं करुते दर्दुरध्वनिम् ॥ ११५ ॥
गोलकान्बहुशः कृत्वा स स्यान्मृत्युप्रदायकः ।

टीका—क्रमसें सफेद लाल पीला काला इन चार वर्णोंसें चार जातिका है ॥११२॥ श्वेत चांदीमें प्रशस्तहै और रक्त रसायनमें प्रशस्तहै तथा पीला सोनेमें और काला रोगमें तथा गलानेमेंभी प्रशस्तहै ॥ ११३ ॥ पिनाक दर्दुर नाग वज्र ऐसे चार प्रकारका अभ्रक होताहै पिनाक आइमें डालनेसें पत्रपत्र अलग होजाताहै ॥११४॥ विनाजाने उस्के खानेसें महाकुष्ठ उत्पन्न होताहै दर्दुर आगमें डालनेसें दर्दुरशब्दकों करताहै बहुतसे गोलकोंकरके वोह मृत्युदायक होताहै नाग अभ्रक सर्पके समान अग्निमें फूत्कारशब्दोंकों करता ॥ ११५ ॥ उस्कों खानेसें अवश्य भगंदर होताहै

नागं तु नागवद्वन्हौ फूत्कारं परिमुञ्चति ।
तद्भक्षितमवश्यं तु विदधाति भगन्दरम् ॥ ११६ ॥
वज्रं तु वज्रवत्तिष्ठेत्तन्नाग्नौ विकृतिं व्रजेत् ।
सदाभ्रके सेविते तु व्याधिवार्धक्यमृत्युहृत् ॥ ११७ ॥
अभ्रमुत्तरशैलोत्थं बहुसत्वं गुणाधिकम् ।
दक्षिणाद्रिभवं स्वल्पसत्वमल्पगुणप्रदम् ॥ ११८ ॥
अभ्रं कषायं मधुरं सुशीतमायुष्करं धातुविवर्धनं च ।
हन्यात्रिदोषं व्रणमेहकुष्ठप्लीहोदरं ग्रन्थिविषकृमींश्च ॥११९॥
रोगान्हन्ति द्रढयति वपुर्वीर्यवृद्धिं विधत्ते
तारुण्याढ्यं रमयति शतं योषितां नित्यमेव ॥
दीर्घायुष्कान्जनयति सुतान्विक्रमैः सिंहतुल्या-
न्मृत्योर्भीतिं हरति सततं सेव्यमानं मृताभ्रम् ॥ १२० ॥

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

पीडां विधत्ते विविधां नराणां कुष्ठं क्षयं पाण्डुगदं च शोथम् ।
हृत्पार्श्वपीडां च करोत्यशुद्धमभ्रं त्वसिद्धं गुरुताप्रदं स्यात् १२१

टीका—वाग्नी अग्निमें वज्रके समान ठहरताहै वोह अग्निमें विकारकों नहीं प्राप्त होता सब अभ्रमें वज्र श्रेष्ठ है वोह रोग बुढापा और मृत्यु इनकों हरताहै ॥ ११६ ॥ उत्तरदिशाके पहाडोंमें उत्पन्न हुवा अभ्रक अधिक सत्वसें युक्त गुणमें अधिक होताहै दक्षिणके पहाडोंमे उत्पन्न हुवा थोडे सत्ववाला और अल्पगुणकों देनेवाला है ॥ ११७ ॥ अभ्रक कसेला मधुर शीतल आयुकों करनेवाला धातुकों बढानेवाला होताहै और त्रिदोष व्रण प्रमेह कुष्ठ प्लीहोदर ग्रन्थि विष कृमि इनकों हरताहै ॥ ११८ ॥ सेवन कियाहुवा अभ्रकका भस्म रोगोंकों हरताहै शरीरकों दृढ करता है और शुक्रकी वृद्धिकों करता है ॥ ११९ ॥ तारुण्यसें भरीहुई स्त्रियोंका भोग करताहै इस्के सेवन करनेवाला मनुष्य वृद्धभी तारुण्यकों प्राप्त होताहै सिंहके समान पराक्रमवाले और दीर्घआयुवाले पुत्रोंकों उत्पन्न करता है और मृत्युके भयकों दूर करता है ॥ १२० ॥ विनासुधाहुवा और असिद्ध अभ्रक मनुष्योंकों नानाप्रकारकी पीडाकों करताहै और कुष्ठ वात पांडुरोग सूजन हृदय पसलीकी पीडा इनकों करताहै तथा भारीपन और सन्ताप इनकोंभी करनेवालाहै १२१

अथ हरितालस्य नामानि लक्षणगुणाश्च.

हरितालं तु तालं स्यादालं तालकमित्यपि ।
हरितालं द्विधा प्रोक्तं पत्राख्यं पिण्डसंज्ञकम् ॥ १२२ ॥
तयोराद्यं गुणैः श्रेष्ठं ततो हीनगुणं परम् ।
स्वर्णवर्णं गुरु स्निग्धं सपत्रं चाभ्रपत्रवत् ॥ १२३ ॥
पत्राख्यं तालकं विद्याद्गुणाढ्यं तद्रसायनम् ।
निष्पत्रं पिण्डसदृशं स्वल्पसत्वं तथा गुरु ॥ १२४ ॥
स्त्रीपुष्पहारकं स्वल्पगुणं तत्पिण्डतालकम् ।
हरितालं कटु स्निग्धं कषायोष्णं हरेद्विषम् ॥ १२५ ॥
कण्डूकुष्ठास्यरोगास्रकफपित्तकचव्रणान् ।
हरति च हरितालं चारुतां देहजातां
सृजति च बहुतापामङ्गसङ्कोचपीडाम् ।

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

वितरति कफवातौ कुष्ठरोगं विदध्या-
दिदम शितमशुद्धं मारितं चाप्यसम्यक् ॥ १२६ ॥

टीका—हरितालके नाम और लक्षणोंकों करतेहै हरिताल ताल आलतालक यह हरितालके नामहैं हरिताल दो प्रकारका होताहै एक वरकी दूसरा गोवरिया १२२ उनमें पहिला गुणमें श्रेष्ठहै और दूसर हीनगुणहै रंगमे सोनेकेसमान भारी चिकना और वरककेसहित अभ्रकके वरककेसमान जो होताहै ॥ १२३ ॥ उस्कों वरकी हरिताल जानना चाहिये वोह गुणमें अधिक और रसायन है वे वरक पिंडकेसमान थोडे सत्ववाला तथा भारी ॥ १२४ ॥ स्त्रीके रजकों हरता वोह पिण्ड हरिताल गुणमें न्यून होताहै हरिताल कडवी चिकनी कसैली गरम होतीहै और विष ॥ १२५ ॥ खुजली कुष्ठ मुखरोग रक्तपित्त कफ कच व्रण इनकों हरताहै अशुद्ध और अच्छीतरह फुका हुआ हरताल खाईहुई देहकी सुन्दरताकों हरताहै और अधिक सन्ताप शरीरका संकोच पीडा इनकों करताहै कफ वात बढके कुष्ठरोगकों करतेहै ॥ १२६ ॥

अथ मनःशिलानामानि गुणाश्च.

मनःशिला मनोगुप्ता मनोह्वा नागजिह्विका ।
नैपाली कुनटी गोला शिला दिव्यौषधिः स्मृता ॥ १२७ ॥
मनःशिला गुरुर्वर्ण्या सरोष्णा लेखनी कटुः ।
तिक्ता स्निग्धा विषश्वासकासभूतकफास्रनुत् ॥ १२८ ॥
मनःशिला मन्दबलं करोति जन्तुं ध्रुवं शोधनमन्तरेण ।
मलानुबन्धं किल मूत्ररोधं सशर्करं कृच्छ्रगदं च कुर्यात् ॥ १२९ ॥

टीका—मनशिलके नाम और गुण कहतेहैं मनःशिला मनोगुप्ता मनोव्हा नागजिह्विका नैपाली कुनटी गोला शिला दिव्यौषधि यह मैनसिलके नाम हैं ॥ १२७ ॥ मनसिल भारी वर्णकों अच्छा करनेवाली सर उष्ण लेखनी तिक्त चिकनी होतीहै और विष श्वास कास भूत कफ रक्त इनकों हरनेवालीहै ॥ १२८ ॥ शोधनकेविना मनसिल बलको कम करतीहै और निश्चय कृमिकों करतीहै तथा कवजियत मूत्रका न होना शर्कराकेसहित मूत्रकृच्छ्रकों करतीहै ॥ १२९ ॥

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

अथ सुरमा सौवीरनामगुणाः.

अञ्जनं यामुनं चापि कापोताञ्जनमित्यपि ।
तत्तु स्रोतोञ्जनं कृष्णं सौवीरं श्वेतमीरितम् ॥ १३० ॥
वल्मीकशिखराकारं भिन्नमञ्जनसन्निभम् ।
घृष्टं तु गैरिकाकारमेतत्स्रोतोञ्जनं स्मृतम् ॥ १३१ ॥
स्रोतोञ्जनसमं ज्ञेयं सौवीरं तत्तु पाण्डुरम् ।
स्रोतोञ्जनं स्मृतं स्वादु चक्षुष्यं कफपित्तनुत् ॥ १३२ ॥
कषायं लेखनं स्निग्धं ग्राहि छर्दिविषापहम् ।
सिध्मक्षयास्रहृच्छीतं सेवनीयं सदा बुधैः १३३ ॥
स्रोतोञ्जनगुणाः सर्वे सौवीरेपि मता बुधैः ।
किन्तु द्वयोरञ्जनयोः श्रेष्ठं स्रोतोञ्जनं स्मृतम् ॥ १३४ ॥

टीका—अंजन यामुन कापोतांजन यहभी सुरमेके नाम हैं उस्में काले सुरमेकों स्रोतोंजन और सफेदकों सौवीर कहाहै ॥ १३० ॥ वमईसें शिखराकारभिन्न काजलकेसमान होताहै और घिसनेसें गेरुके आकार होताहै इस्कों स्रोतोंजन कहाहै ॥ १३१ ॥ स्रोतोंजनकेसमान सौवीरकों जानना चाहिये यह सफेद होताहै काला सुरमा मधुर नेत्रके हित कफपित्तकों हरता ॥ १३२ ॥ कसेला लेखन चिकना काविज वमन विषकों हरताहै और सिध्म क्षय रक्तकों दूर करनेवाला शीतल होताहै और विद्वानोंकेद्वारा सदा सेवन करनेके योग्य है ॥ १३३ ॥ काले सुरमेके सब गुण सफेद सुरमेमेंभी पंडितोंनें मानेहैं परन्तु दोनों अंजनोंमें काला अंजन श्रेष्ठ कहाहै ॥ १३४ ॥

अथ सुहागानामगुणाः.

टङ्कणोऽग्निकरो रूक्षः कफघ्नो वातपित्तकृत् ॥ १३५ ॥
स्फटी च स्फटिका प्रोक्ता श्वेता शुभ्रा च रङ्गदा ।
दृढरङ्गा रङ्गदा च दृढा रङ्गापि कथ्यते ॥ १३६ ॥
स्फटिका तु कषायोष्णा वातपित्तकफव्रणान् ।
निहन्ति श्वित्रवीसर्पान्योनिसङ्कोचकारिणी ॥ १३७ ॥

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

टीका—सुहागा अग्निकों करनेवाला रूखा कफकों हरता वातपित्तकों करनेवाला है इस्कों उपरस होनेसें फिर कहा ॥ १३५ ॥ स्फटी स्फटिका श्वेता शुभ्रा रंगदा दृढरङ्गा रङ्गदाभा और दृढा तथा रंगाभा यह फिटकरीके नामहैं ॥ १३६ ॥ फिटी कसेली गरम होती है और वात पित्त कफ व्रण इनकों हरती है तथा श्वित्र विसर्पकोंभी हरती है और योनिका सङ्कोच करनेवाली है ॥ १३७ ॥

अथ राजावर्तचुम्बकसुवर्णगेरूनामगुणाः.

राजावर्त्तः कटुस्तिक्तः शिशिरः पित्तनाशनः ।
राजावर्त्तः प्रमेहघ्नश्छर्दिहिक्कानिवारणः ॥ १३८ ॥
चुम्बकः कान्तपाषाणो यः कान्तो लोहकर्षकः ।
चुम्बको लेखनः शीतो मेदोविषगरापहः ॥ १३९ ॥
गैरिकं रक्तधातुश्च गैरेयं गिरिजं तथा ।
सुवर्णगैरिकं त्वन्यत्ततो रक्ततरं हि तत् ॥ १४० ॥
गैरिकद्वितयं स्निग्धं मधुरं तुवरं हिमम् ।
चक्षुष्यं दाहपित्तास्रकफहिक्काविषापहम् ॥ १४१ ॥

टीका— राजावर्त कडवी तिक्त शीतल पित्त हरता है राजावर्त प्रमेह हरता और वमन हिचकी इनकों हरनेवाला है ॥ १३८ ॥ चुम्बक कान्तपाषाण कान्त लोहकर्षक यह लोहचुम्बकके नाम हैं चुम्बक लेखन शीतल मेद विष गर इनकों हरताहै ॥ १३९ ॥ गैरिक रक्तधातु गैरेय गिरिज यह गेरूके नाम हैं सोनागेरू उस्सें दूसरा होताहै और वोह बहुत लाल होताहै ॥ १४० ॥ दोनों गेरू चिकने मधुर कसेले शीतल नेत्रके हित और दाह पित्त रक्त कफ हिचकी विष इनकों हरता है ॥ १४१ ॥

अथ खटीगोरखटी तथा वालूनामगुणाः.

खटिका कटिनी चापि लेखनी च निगद्यते ।
खटिका दाहजिच्छीता मधुरा विषशोथजित् ॥ १४२ ॥
लेपादेतद्गुणा प्रोक्ता भक्षिता मृत्तिकासमा ।
खटी गौरखटी द्वे च गुणैस्तुल्ये प्रकीर्त्तिते ॥ १४३ ॥

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

वालुका सिकता प्रोक्ता शर्करा रेतजापि च ।
वालुका लेखनी शीता व्रणोरःक्षतनाशिनी ॥ १४४ ॥

टीका—खटिका खटिनी लेखनी यह खडियाके नाम हैं खडिया दाहकों हरनेवाली शीतल मधुर और विष शोथकों हरनेवाली है ॥ १४२ ॥ लेपसें यह कहेहुवे गुण होते हैं और खानेसें मट्टीके समान होती है खडिया और सफेद खडिया दोनों गुणमें समान कहेहैं ॥ १४३ ॥ वालुका सिकता शर्करा रेतजा यह वालूके नाम हैं वालू लेखन शीतल है और व्रण उरःक्षत इनकों हरनेवाली है ॥ १४४ ॥

अथ खर्परीकासीस तथा सौराष्ट्रीगुणाः.

खर्परी तुत्थकं तुत्थादन्यत्तद्रसकं स्मृतम् ।
ये गुणास्तुत्थके प्रोक्तास्ते गुणा रसके स्मृताः ॥ १४५ ॥
कासीसं धातुकासीसं पांसुकासीसमित्यपि ।
तदेव किंचित्पीतं तु पुष्पकासीसमुच्यते ॥ १४६ ॥
कासीसमम्लमुष्णं च तिक्तं च तुवरं तथा ।
वातश्लेष्महरं केश्यं नेत्रकण्डूविषप्रणुत् ॥ १४७ ॥
मूत्रकृच्छ्राश्मरीश्वित्रनाशनं परिकीर्त्तितम् ।
सौराष्ट्री तुवरी काक्षी मृत्तालकसुराष्ट्रजे ॥ १४८ ॥
आढकी चापि सारव्याता मृत्स्ना च सुरमृत्तिका ।
स्फटिकाया गुणाः सर्वे सौराष्ट्र्यमपि कीर्त्तिताः ॥ १४९ ॥

टीका—खपरिया यह लीलाथोथेका भेद है खर्परी तुत्थक है इस्सें दूसरीकों रसक कहाहै जो गुण लीलेथोथेमें कहेहैं वोही गुण खपरियामें कहेहैं ॥ १४५ ॥ कासीस धातुकासीस पांशुकासीस यह कासीसके नामहैं वोही कुछ एक पीलीकों पुष्पकासीस कहतेहैं ॥ १४६ ॥ कासीस खट्टी गरम तिक्त तथा कसेली और वात पित्त कफकों हरता केशके हित तथा नेत्रकी खुजली विष इनकों हरती है ॥१४७॥ और मूत्र पथरी श्वित्र कुष्ठ इनकी नाशक कहीगई है सौराष्ट्री तुवरी काक्षी मृत्तालक सुराष्ट्रज ॥ १४८ ॥ आढकीभी वोह कहीगईहै और मृत्स्ना तथा सुरमृत्तिका यहभी उस्के नाम हैं स्फटिकाके सब गुण सोरठीमें कहे हैं ॥ १४९ ॥

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

अथ कर्दम तथा बोलगुणाः.

कर्दमो दाहपित्तार्त्तिशोथघ्नः शीतलः सरः ।
बोलगन्धरसप्राणः पिण्डगोपरसाः समाः ॥ १५० ॥
बोलं रक्तहरं शीतं मेध्यं दीपनपाचनम् ।
मधुरं कटु तिक्तं च दाहस्वेदत्रिदोषजित् ॥ १५१ ॥
ज्वरापस्मारकुष्ठघ्नं गर्भाशयविशुद्धिकृत् ।

टीका—कीचड दाह पित्त पीडा सूजन इनकों हरती शीतल सर है बोल गन्धरस प्राण पिण्डगोपरस यह बोलके नाम हैं ॥ १५० ॥ बोल रक्तहरता शीतल मेधाकों करनेवाला दीपन पाचन मधुर कटु तिक्त और दाह पसीना तथा त्रिदोष इनकों हरनेवाला है ॥१५१॥ ओज ज्वर मिरगी कुष्ठ इनकों हरता और गर्भाशयकों शुद्ध करनेवाला होताहै.

अथ कङ्कुष्ठोत्पत्तिलक्षणनामगुणाः.

हिमवत्पादशिखरे कङ्कुष्ठमुपजायते ॥ १५२ ॥
तत्रैकं रक्तकालं स्यात्तदन्यदण्डकं स्मृतम् ।
पीतप्रभं गुरु स्निग्धं श्रेष्ठं कङ्कुष्ठमादिशेत् ॥ १५३ ॥
श्यामं पीतं लघु त्यक्तसत्वं नेष्टं तथाण्डकम् ।
कङ्कुष्ठं काककुष्ठं च वराङ्गं कोलकाकुलम् ॥ १५४ ॥
कङ्कुष्ठं रेचनं तिक्तं कटूष्णं वर्णकारकम् ।
कृमिशोथोदराध्मानगुल्मानाहकफापहम् ॥ १५५ ॥

टीका—कंकुष्ठ यह एक किस्मकी पहाडी मट्टीहै उस्की उत्पत्ति लक्षण नाम गुण कहतेहैं हिमाचलपर कंकुष्ठ होताहै ॥१५२॥ उस्में एक रक्त काला होताहै और उस्में दूसरा अंडक कहागया है पीला भारी चिकना ऐसेकों श्रेष्ठ कंकुष्ठ कहते हैं ॥ १५३ ॥ और काला पीला हलका और बेसत्त्व यह अच्छा नहीं इस्को अंडक कहतेहैं कंकुष्ठ काककुष्ठ वराङ्ग कोलकाकुल यह कंकुष्ठके नाम हैं ॥१५४॥ कंकुष्ठ रेचन तिक्त कटु उष्ण वर्णकों करनेवाला और कृमि सूजन उदर आध्मान वायगोला अफारा कफ इनकों हरताहै ॥ १५५ ॥

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

अथ रत्ननिरुक्तिस्तथा निरूपणं.

धनार्थिनो जनाः सर्वे रमन्तेऽस्मिन्नतीव यत् ।
ततो रत्नमिति प्रोक्तं शब्दशास्त्रविशारदैः ॥ १५६ ॥
रत्नं क्लीबे मणिः पुंसि स्त्रियामपि निगद्यते ।
तत्तु पाषाणभेदोऽस्ति मुक्तादि च तदुच्यते ॥ १५७ ॥
रत्नं गारुत्मतं पुंस्यं रागो माणिक्यमेवच ।
इन्द्रनीलश्च गोमेदस्तथा वैडूर्यमित्यपि ॥ १५८ ॥
मौक्तिकं विद्रुमश्चेति रत्नान्युक्तानि वै नव ।
विष्णुधर्मोत्तरेऽपि नवरत्ननिरूपणम् ।
मुक्ताफलं हीरकं च वैडूर्यं पद्मरागकम् ।
पुष्परागं च गोमेदं नीलं गारुत्मतं तथा ।
प्रवालयुक्तान्येतानि महारत्नानि वै नव ॥ १५९ ॥

टीका—धनार्थी सबलोग जिसमें अधिककरके रमते हैं इसवास्ते व्याकरणके पंडितोंनें रत्न ऐसा कहाहै ॥ १५६ ॥ अब रत्नके नाम और लक्षण निरूपण रत्न नपुंसकमें और मणि पुल्लिंगमें तथा स्त्रीलिंगमेंभी होताहै वोह पाषाणका भेदहै अब मुक्तादिककों कहताहूं ॥ १५७ ॥ रत्नादिकोंका निरूपण रत्न गारुत्मत पुष्पराग और माणिक्यभी नील गोमेद तथा वैडूर्य यह ॥ १५८ ॥ और मोती मूंगा इसप्रकार यह नवरत्न कहेहैं रत्न हीरा गारुत्मत पन्ना सानीक नीलम विष्णुधर्मोत्तरमेंभी नवरत्न कहेहैं मोती हीरा वैडूर्य माणिक पुष्पराज गोमेद नील पन्ना और मूंगा यह नव महारत्न हैं ॥ १५९ ॥

अथ हीरकनामलक्षणगुणाश्च.

हीरकः पुंसि वज्रोऽस्त्री चन्द्रो मणिवरश्च सः ।
स तु श्वेतः स्मृतो विप्रो लोहितः क्षत्रियः स्मृतः ॥ १६० ॥
पीतो वैश्योऽसितः शूद्रश्चतुर्वर्णात्मकश्च सः ।
रसायने मतो विप्रः सर्वसिद्धिप्रदायकः ॥ १६१ ॥

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

क्षत्रियो व्याधिविध्वंसी जरामृत्युहरः स्मृतः ।
वैश्यो धनप्रदः प्रोक्तस्तथा देहस्य दार्ढ्यकृत् ॥ १६२ ॥
शूद्रो नाशयति व्याधीन्वयस्तम्भं करोति च ।
पुंस्त्रीनपुंसकानीह लक्षणीयानि लक्षणैः ॥ १६३ ॥
सुवृत्ताः फलसम्पूर्णास्तेजोयुक्ता बृहत्तराः ।
पुरुषास्ते समाख्याता रेखाबिन्दुविवर्जिताः ॥ १६४ ॥
रेखाबिन्दुसमायुक्ताः षडस्रास्ते स्त्रियः स्मृताः ।
त्रिकोणाश्च सुदीर्घास्ते विज्ञेयाश्च नपुंसकाः ।
तेषु स्युः पुरुषाः श्रेष्ठा रसबन्धनकारिणः ॥ १६५ ॥
स्त्रियः कुर्वन्ति कायस्य कान्तिं स्त्रीणां सुखप्रदाः ।
नपुंसकास्त्ववीर्याः स्युरकामाः सत्ववर्जिताः ॥ १६६ ॥
स्त्रियः स्त्रीभ्यः प्रदातव्याः क्लीबं क्लीबे प्रयोजयेत् ।
सर्वेभ्यः सर्वदा देयाः पुरुषा वीर्यवर्धनाः ॥ १६७ ॥
अशुद्धं कुरुते वज्रं कुष्टं पार्श्वव्यथां तथा ।
पाण्डुतां पङ्गुलत्वं च तस्मात्संशोध्य मारयेत् ॥ १६८ ॥

टीका—उसमें हीरक हीरा इसप्रकार लोकमें प्रसिद्धहै उसके नाम लक्षण और गुण कहतेहैं हीरक पुल्लिंगमें और वज्र नपुंसकमें होता है चंद्रमणिवर यह हीरेके नाम हैं वोह श्वेत ब्राह्मण कहागया है और लाल क्षत्रिय कहाहै ॥ १६० ॥ पीला वैश्य और काला शूद्र ऐसे हीरा चार वर्णका होताहै रसायनमें ब्राह्मण और सब-सिद्धियोंको देनेवाला है ॥ १६१ ॥ क्षत्रिय रोग हरता और बुढापा तथा मृत्युको हरता वैश्य धनदेनेवाला कहा है तथा शरीरकी दृढता करनेवाला है ॥ १६२ ॥ शूद्र रोगोंको हरता है और वयको स्थापन करताहै इसमें स्त्री पुरुष और नपुंसक इनके लक्षण होतेहैं ॥ १६३ ॥ अच्छे गोल सब फलवाले तेजोयुक्त बहुत बडे और रेखा बिंदुसे रहित ऐसे हीरे पुरुष कहेगयेहैं ॥ १६४ ॥ और रेखा बिंदुसे युक्त छकोन-वाले वे स्त्री कहेगयेहैं त्रिकोण और अच्छे लम्बे वे नपुंसक जानने चाहिये उनमें पु-रुष श्रेष्ठहैं और वे पारेको बांधनेवाले हैं ॥ १६५ ॥ स्त्रीजातिके हीरे शरीरकी का-

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

न्तिकों करतेहैं और स्त्रियोंकों सुख देनेवाले हैं नपुंसक अवीर्य होतेहैं और अकाम सत्वसें रहित होते हैं ॥ १६६ ॥ स्त्रीजातिके हीरे स्त्रियोंकों देनेचाहिये और नपुंसककों नपुंसक देवै और सबकों सर्वदा वीर्यकों बढानेवाला पुरुषजातिकों देनेचाहिये ॥ १६७ ॥ विना शोधाहुवा कोढ तथा पसलीकी पीडा पांडुता और लुलापन इनकों करता है इसवास्ते शोधकर फूंके ॥ १६८ ॥

मारितवज्रहरिन्मणिमाणिक्यपुष्परागइंद्रनीलगोमेद.

आयुः पुष्टिं बलं वीर्यं वर्णं सौख्यं करोति च ।
सेवितं सर्वरोगघ्नं मृतं वज्रं न संशयः ॥ १६९ ॥
गारुत्मतं मरकतमश्मगर्भो हरिन्मणिः ।
माणिक्यं पद्मरागः स्याच्छोणरत्नं च लोहितम् ॥ १७० ॥
पष्परागो मञ्जुमणिः स्याद्वाचस्पतिवल्लभः ।
नीलं तथेन्द्रनीलं च गोमेदः पीतरत्नकम् ॥ १७१ ॥

टीका—हीरेके भस्मका गुण आयु पुष्टि बल वीर्य वर्ण सौख्य इनकों करता है और हीरेका भस्म सेवन करनेसें सबरोगोंकों हरताहै इसमें कोई संशय नहीं है॥१६९॥ गारुत्मत मरकत अश्मगर्भ हरिन्मणि यह पन्नेके नाम हैं माणिक्य पद्मराग शोणरत्न लोहित यह माणिकके नामहैं पुष्पराग मंजुमणि वाचस्पतिवल्लभ यह पुष्पराजके नामहैं ॥ १७० ॥ नील तथा इन्द्रनील यह नीलमके नाम हैं और गोमेद तथा पीतरत्नक यह गोमेदके नामहैं ॥ १७१ ॥

वैदूर्यमौक्तिकप्रवालादिरत्नानां गुणाः.

वैदूर्यं दूरजं रत्नं स्यात्केतुग्रहवल्लभम् ।
मौक्तिकं शौक्तिकं मुक्ता तथा मुक्ताफलं च तत् ।
शुक्तिः शङ्खो गजक्रोडः फणी मत्स्यश्च दर्दुरः ॥ १७२ ॥
वेणुरेते समाख्यातास्तज्ज्ञैर्मौक्तिकयोनयः ।
मौक्तिकं शीतलं वृष्यं चक्षुष्यं बलपुष्टिदम् ॥ १७३ ॥
पुंसि क्लीबे प्रवालः स्यात्पुमानेव तु विद्रुमः ।
रत्नानि भक्षितानि स्युर्मधुराणि सराणि च ॥

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

चक्षुष्याणि च शीतानि विषघ्नानि धृतानि च ॥ १७४ ॥
मङ्गल्यानि मनोज्ञानि ग्रहदोषहराणि च ।

टीका—वैदूर्य दूरज रत्नकेतु ग्रहवल्लभ यह वैदूर्यके नाम हैं मौक्तिक शौक्तिक मुक्ता तथा मुक्ताफल यह मोतीके नामहैं शीप शंख हाती शूकर सर्प मछली मेंडक ॥ १७२ ॥ और वांस यह उसके जाननेवालोंनें मोतीके उत्पत्तिस्थान कहेहैं मोती शीतल शुक्रकों उत्पन्न करनेवाला नेत्रके हित और बल पुष्टिकों देनेवाला है ॥ १७३ ॥ पुल्लिंग और नपुंसकमें प्रवाल होताहै और विद्रुम पुल्लिंगमें ही होताहै रत्नभक्षण कियेहुवे मधुर और सर होते हैं तथा नेत्रके हित शीत विष हरताहै और धारण किये हुवे ॥१७४॥ मङ्गलके करनेवाले मनोज्ञ तथा ग्रहदोषकों हरतेहैं.

अथ ग्रहप्रियरत्नउपरत्नगुणाः.

माणिक्यं तरणेः सुजातममलं मुक्ताफलं शीतगो-
र्माहेयस्य तु विद्रुमो निगदितः सौम्यस्य गारुत्मतम् ।
देवेज्यस्य च पुष्परागमसुराचार्यस्य वज्रं शने-
र्नीलं निर्मलमन्ययोर्निगदिते गोमेदवैडूर्यके ॥ १७५ ॥
उपरत्नानि काचश्च कर्पूराश्मा तथैवच ।
मुक्ता शुक्तिस्तथा शङ्ख इत्यादीनि बहून्यपि ॥ १७६ ॥
गुणा यथैव रत्नानामुपरत्नेषु ते तथा ।
किन्तु किञ्चित्ततो हीना विशेषोऽयमुदाहृतः ॥ १७७ ॥

कौनसा रत्न किसग्रहके प्रीतिकर होनेसें दोषनाशक होता है इस प्रश्नमें उस्का उत्तर कहतेहैं रत्नमालामें सूर्यका माणिक चंद्रका मोती मङ्गलका मूंगा बुधका पन्ना कहाहै बृहस्पतिका पुष्पराज शुक्रका हीरा शनीका निर्मल नीलमणि और राहुका गोमेद केतुका वैडूर्य यह कहाहै ॥ १७५ ॥ काच कापूरीपत्थर और मोतीकी सीप इत्यादि शंख बहुतसे उपरत्न हैं ॥ १७६ ॥ उपरत्न अर्थात् गौणरत्न कर्पूरीपत्थर मोतीकी सीप हत्नोंके जैसे गुणहैं वैसेही उपरत्नोंमेंभी गुण कहे परन्तु कुछ उनसें कमहैं विशेष यह कहाहै ॥ १७७ ॥

वत्सनाभहारिद्रसक्तुकप्रदीपनस्वरूप.

विषं तु गरलः क्ष्वेडस्तस्य भेदानुदाहरे ।

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

वत्सनाभः सहारिद्रः सक्तुकश्च प्रदीपनः ॥ १७८ ॥
सौराष्ट्रिकः शृङ्गिकश्च कालकूटस्तथैवच ।
हालाहलो ब्रह्मपुत्रो विषभेदा अमी नव ॥ १७९ ॥
सिन्दुवारसदृक्पत्रो वत्सनाभ्याकृतिस्तथा ।
यत्पार्श्वेन तरोर्वृद्धिर्वत्सनाभः स भाषितः ॥ १८० ॥
हरिद्रातुल्यमूलो यो हारिद्रः स उदाहृतः ।
यद्ग्रन्थिः सक्तुकेनैव पूर्णमध्यः स सक्तुकः ॥ १८१ ॥
वर्णतो लोहितो यः स्याद्दीप्तिमान् दहनप्रभः ।
महादाहकरः पूर्वैः कथितः स प्रदीपनः ॥ १८२ ॥

टीका—विष गरल क्ष्वेड यह विषके नामहैं उनके भेदोंकों कहतेहैं वत्सनाभ हारिद्र सक्तुक प्रदीपन ॥१७८॥ सौराष्ट्रिक श्रृंगिक तथा कालकूट हालाहल ब्रह्मपुत्र यह ९विषके नामहैं ॥१७९॥ उसमें बचनागका निरूपण लाल कचनारके समान पत्ते तथा छडेके नाभिके आकर और जो एक तरफसें वृक्षकी वृद्धि होतीहै उस्कों बचनाग कहतेहैं ॥ १८० ॥ जो हरदीकी जडके समान होताहै उसें हारिद्र कहाहै जो गांठ बीचमें सक्तुसें भरीहुईके समान होतीहै वोह सक्तुक है ॥ १८१ ॥ जो रंगतमें लाल होताहै और अङ्गारेके समान दीप्तिमान होताहै तथा बहुत दाहकों करनेवाला ऐसेकों प्राचीन लोगोंनें प्रदीपन कहाहै ॥ १८२ ॥

अथ सोराष्ट्रिकश्रृंगीकालकूटहालाहलस्वरूपाणि.

स्वराष्ट्रविषये यः स्यात्स सौराष्ट्रिक उच्यते ।
यस्मिन् गोशृङ्गके बद्धे दुग्धं भवति लोहितम् ।
स शृङ्गिक इति प्रोक्तो द्रव्यतत्त्वविशारदैः ॥ १८३ ॥
देवासुररणे देवैर्हतस्य पृथुमालिनः ।
दैत्यस्य रुधिराज्जातस्तरुरश्वत्थसन्निभः ॥ १८४ ॥
निर्यासः कालकूटोऽस्य मुनिभिः परिकीर्त्तितः ।
सोपि क्षत्रे शृङ्गवेरे कोङ्कणे मलये भवेत् ॥ १८५ ॥

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

गोस्तनाभफलो गुच्छस्तालपत्रच्छदस्तथा ।
तेजसा यस्य दह्यन्ते समीपस्था द्रुमादयः ॥ १८६ ॥
असौ हालाहलो ज्ञेयः किष्किंधायां हिमालये ।
दक्षिणाब्धितटे देशे कोङ्कणेऽपि च जायते ॥ १८७ ॥

टीका—सुराष्ट्रदेशमें जो होताहै वो सौराष्ट्रिक कहाहै सिंगियाका स्वरूप जिसकों गायके सींगमें बांधनेसें दुग्ध लाल होताहै उस्कों द्रव्यके तत्वोंके जाननेवालोंने श्रृङ्गिक कहाहै ॥ १८३ ॥ देवता और दानवके युद्धमे देवताओंसें मारेगये पृथुमालीनामदैत्यके रुधिरसें पीपलके समान वृक्ष उत्पन्न हुवा ॥ १८४ ॥ इस्के गोंदकों कालकूट ऐसा मुनिओंनें कहाहै वोह श्रृङ्गवेर क्षेत्रमें और कोङ्कणदेश तथा मलयाचलमें होताहै ॥१८५॥ गायके स्तनकेसे फलोंके गुच्छे तथा तालपत्रके समान पत्र होतेहैं और जिसके तेजसें पासके वृक्षादिक जलजातेहैं ॥ १८६ ॥ इस्कों हालाहल जानना चाहिये और यह किष्किन्धामें हिमालयमें दक्षिणसमुद्रके किनारेपरके देशोंमें और कोङ्कणदेशमेंभी उत्पन्न होताहै ॥ १८७ ॥

अथ ब्रह्मपुत्रस्य स्वरूपम् ।

वर्णतः कपिलो यः स्यात्तथा भवति सारतः ।
ब्रह्मपुत्रः स विज्ञेयो जायते मलयाचले ॥ १८८ ॥
ब्राह्मणः पाण्डुरस्तेषु क्षत्रियो लोहितप्रभः ।
वैश्यः पीतः सितः शूद्रो विष उक्तश्चतुर्विधः ॥ १८९ ॥
रसायने विषं विप्रं क्षत्रियं देहपुष्टये ।
वैश्यं कुष्ठविनाशाय शूद्रं दद्याद्वधाय हि ॥ १९० ॥
विषं प्राणहरं प्रोक्तं व्यवायि च विकाशि च ।
आग्नेयं वातकफहृद्योगवाहि मदावहम् ॥ १९१ ॥

टीका—जो रंगसें कपिल तथा सारसें कपिल होताहै उस्कों ब्रह्मपुत्र जानना चाहिये वोह मलयाचलमें होताहै १८८ उस्में ब्राह्मणजातिका श्वेत लाल क्षत्रिय पीला वैश्य और काला शूद्र ऐसे विष चारप्रकारका कहाहै ॥ १८९ ॥ रसायनमें सफेद शरीरकी पुष्टिके अर्थ लाल पीला कुष्ठनाशके अर्थ और काला मरणके अर्थ देवै

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

॥ १९० ॥ विष प्राणहर कहा है और व्यवायि तथा विकाशि और अग्निगुणवाला वातकफकों हरता योगवाही तथा मद करनेवाला है ॥ १९१ ॥

व्यवायि सकलकायगुणव्यापनपूर्वकं पाकगमनशीलं ।
विकाशि ओजःशोषणपूर्वकं सन्धिबन्धशिथिलीकरणशीलम्
आग्नेयम् अधिकाग्न्यं योगवाहि सङ्गिगुणग्राहकं मदावहम् ।
तमोगुणाधिक्येन बुद्धिविध्वंसकम् ।

तदेव युक्तियुक्तं तु प्राणदायि रसायनम् ।
योगवाहि त्रिदोषघ्नं बृंहणं वीर्यवर्धनम् ॥ १९२ ॥
ये दुर्गुणा विषेऽशुद्धे ते स्युर्हीना विशोधनात् ।
तस्माद्विषं प्रयोगेषु शोधयित्वा प्रयोजयेत् ॥ १९३ ॥
अर्कक्षीरं स्नुहीक्षीरं लाङ्गली करवीरकः ।
गुञ्जाहिफेनो धत्तूरः सप्तोपविषजातयः ॥ १९४ ॥

इति श्रीहरतक्यादिनिघंटे धातूपधातुरसोपरसरत्नोपरत्नविषोपविषवर्गः ।

टीका—संपूर्ण शरीरगुण व्यापनपूर्वक होनेवाला व्यवायि है ओजका शोषणपूर्वक जोडोंके बन्धनकों शिथिल करनेवाला आग्नेय अर्थात् बहुत गरम योगवाही अर्थात् संगवालेके गुणकों ग्रहण करनेवाला तमोगुणकी अधिकतासें बुद्धिकों हरता वोही युक्तिपूर्वक योजना कियाहुवा प्राणदेनेवाला रसायन योगवाही त्रिदोष हरता बृंहण वीर्यकों बढानेवालाहै ॥ १९२ ॥ जो दुर्गुण अशुद्ध विषमें है वोह शोधनसें हीन हो जाता है ॥१९३॥ आकका दूध थूहरका दूध करिहारी कनेर चिरमिठी अफीम धतूरा यह सात जात उपविषकी हैं उपविष अर्थात् गौणविष इनका गुण वहां वहांपर देखलेना ॥ १९४ ॥

इति हरीतक्यादिनिघंटे धातु उपधातु रस उपरस रत्न उपरत्न विष उपविषवर्गः समाप्तः

For Private and Personal Use Only

श्रीः ।

हरीतक्यादिनिघंटे

अथ धान्यवर्गः ।

तत्र धान्यानां भेदाः.

शालिधान्यं व्रीहिधान्यं शूकधान्यं तृतीयकम् ।
शिम्बीधान्यं क्षुद्रधान्यमित्युक्तं धान्यपञ्चकम् ॥ १ ॥
शालयो रक्तशाल्याद्या व्रीहयः षष्टिकादयः ।
यवादिकं शूकधान्यं मुद्गाद्यं शिम्बिधान्यकम् ॥ २ ॥
कङ्ग्वादिकं क्षुद्रधान्यं तृणधान्यं च तत्स्मृतम् ।
रक्तशालिः सकलमः पाण्डुकः शकुनाहृतः ।
सुगन्धकः कर्दमको महाशालिश्च दूषकः ॥ ३ ॥
पुष्पाण्डकः पुण्डरीकस्तथा महिषमस्तकः ।
दीर्घशूकः काञ्चनको हायनो लोध्रपुष्पकः ॥ ४ ॥
इत्याद्याः शालयः सन्ति बहवो बहुदेशजाः ।
ग्रन्थविस्तरभीतेस्ते समस्ता नात्र भाषिताः ॥ ५ ॥

टीका— उसमें धान्योंके भेद शालिधान्य व्रीहिधान्य तीसरा शूकधान्य शिम्बीधान्य क्षुद्रधान्य इसप्रकार सात धान्य कहेहैं ॥१॥ लाल धान्य शालिधान्य और साठी आदि व्रीहिधान्य जव आदिक शूकधान्य मूंग आदि शिम्बीधान्य ॥ २ ॥ और कंगुनीआदि क्षुद्रधान्य तथा उस्से तृणधान्यभी कहतेहैं उसमें शालिधान्यका लक्षण और गुण विनाकूटे सुफेद और हेमन्तमें होनेवाले शालिधान्य कहेगये हैं लालधान्य कलमीधान्य पांडुक शकुनाहृत सुगन्धक कर्दमक महाशाली दूषक ॥ ३ ॥ पुष्पांडक पुण्डरीक तथा महिषमस्तक दीर्घशूक कांचनक हायन लोध्रपुष्पक ॥ ४ ॥ इतने प्रकारके धान्य हैं और बहुतप्रकारके बहुतसे देशोंमें होतेहैं ग्रन्थ बढजानेके भयसें सब यहांपर नहीं कहे ॥ ५ ॥

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

अथ तेषां गुणाः.

शालयो मधुराः स्निग्धा बल्या बद्धाल्पवर्चसः ।
कषाया लघवो रुच्याः स्वर्या वृष्याश्च बृंहणाः ॥ ६ ॥
अल्पानिलकफाः शीताः पित्तला मूत्रलास्तथा ।
शालयो दग्धमृज्जाताः कषाया लघुपाकिनः ॥ ७ ॥
सृष्टमूत्रपुरीषाश्च रूक्षाः श्लेष्मापकर्षणाः ।
केदारा वातपित्तघ्ना गुरवः कफशुक्रलाः ॥ ८ ॥
कषाया अल्पवर्चस्का मेध्याश्चैव बलावहाः ।

टीका—धान मधुर चिकने बल करनेवाले मलकों बांधनेवाले और थोडा तेज करनेवाले कसेले हलके रुचिकों करनेवाले स्वरकों अच्छा करनेवाले शुक्रकों अच्छा करनेवाले पुष्ट ॥ ६ ॥ अल्पवात कफकों करनेवाले शीतल पित्त हरता तथा मूत्रकों करनेवाले होतेहैं दग्धभूमिमें उत्पन्न हुवे धान कसेले लघुपाकवाले होतेहैं ॥ ७ ॥ मलमूत्रकों करनेवाले रूखे कफकों घटानेवालेहैं केदार वातपित्तके नाशक भारी कफ शुक्रकों करनेवालेहैं ॥ ८ ॥ कसेले अल्पमलकों करनेवाले मेध्य बलकों करनेवालेहैं.

केदाराः कृष्टक्षेत्रजा उक्ताः, स्थलजा अकृष्टभूमिजाताः ।
स्थलजाः स्वादवः पित्तकफघ्ना वातपित्तदाः ।
किञ्चित्तिक्ताः कषायाश्च विपाके कटुका अपि ॥ ९ ॥
वापिता मधुरा वृष्या बल्याः पित्तप्रणाशनाः ।
श्लेष्मलाश्चाल्पवर्चस्काः कषाया गुरवो हिमाः ॥ १० ॥
वापितेभ्यो गुणैः किंचिद्धीनाः प्रोक्ता अवापिताः ।
रोपितास्तु नवा वृष्याः पुराणा लघवः स्मृताः ।
तेभ्यस्तु रोपिता भूयः शीघ्रपाका गुणाधिकाः ॥ ११ ॥
च्छिन्नरूढा हिमा रूक्षा बल्याः पित्तकफापहाः ।
बद्धविट्काः कषायाश्च लघवश्चाल्पतिक्तकाः ॥ १२ ॥

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

रक्तशालिवरस्तेषु बल्यो वर्ण्यस्त्रिदोषजित् ।
चक्षुष्यो मूत्रलः स्वर्यः शुक्रलस्तृड्ज्वरापहः ॥ १३ ॥
विषव्रणश्वासकासदाहनुद्वन्हिपुष्टिदः ।
तस्मादल्पान्तरगुणाः शालयो महदादयः ॥ १४ ॥

टीका—कैदार अर्थात् जोतेहुवे खेतमें वोयेहुवे स्थलमें उत्पन्न हुवे मधुर पित्तकफकों हरते वातपित्तकों करनेवाले कुछ एक तिक्त और कसेले विपाकमेंभी कटु होतेहैं ॥ ९ ॥ स्थलज अर्थात् विनाजोतेहुवे जमीनमें हुवे स्वयं उत्पन्न हुवे वोये हुवे मधुर शुक्रकों करनेवाले बलकों देनेवाले पित्तहरतेहैं कफकों करनेवाले थोडे मलकों करनेवाले कसेले शीतल भारी होतेहैं ॥ १० ॥ वोयेहुवे जोते खेतमें और बेजोते खेतमें वोयेहुवोंसें कुछ गुणमेंही नयेवोयेहुवे कहेहैं जोतेहुवे खेतमें अथवा बेजोतेहुवे खेतमें वोयेहुवे नये शुक्रकों करनेवालेहैं और पुराने हलके कहेहैं उनसें बेवोयेहुवे शीघ्रपाकवाले और गुणमें अधिक कहेहैं ॥ ११ ॥ कोमल कटेहुवे शीतल रूखे बलकों करनेवाले पित्त कफकों हरते मलकों बांधनेवाले कसेले हलके थोडे तिक्त होतेहैं ॥ १२ ॥ उनमें लालधान श्रेष्ठहै बलकों और वर्णकों करनेवाले शुक्रकों करनेवाले तृषा ज्वरकों हरतेहैं ॥ १३ ॥ और विष व्रण श्वास कास दाह इनकों हरते अग्नि और पुष्टिकों देनेवाले हैं उस्सें अल्पान्तरगुण महाशालि आदिमें है लालधान इस्कों लोकमें दाउदखानी इसप्रकार कहतेहैं यह मगधदेशमें प्रसिद्धहै ॥ १४ ॥

अथ व्रीहिधान्यस्य लक्षणं गुणाश्च.

वार्षिकाः कण्डिताः शुक्ला व्रीहयश्चिरपाकिनः ।
कृष्णव्रीहिः पाटलश्च कुक्कुटाण्डक इत्यपि ।
शालामुखो जतुमुख इत्याद्या व्रीहयः स्मृताः ॥ १५ ॥
कृष्णव्रीहिः स विज्ञेयो यत्कृष्णतुषतण्डुलः ।
पाटलः पाटलापुष्पवर्णको व्रीहिरुच्यते ॥ १६ ॥
कुक्कुटाण्डाकृतिर्व्रीहिः कुक्कुटाण्डक उच्यते ।
शलामुखः कृष्णशूकः कृष्णतण्डुल उच्यते ॥ १७ ॥
लाक्षावर्णं मुखं यस्य ज्ञेयो जतुमुखस्तु सः ।

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

व्रीहयः कथिताः पाके मधुरा वीर्यतो हिताः ॥ १८ ॥
अल्पाभिष्यन्दिनो बद्धवर्चस्काः षष्टिकैः समाः ।
कृष्णव्रीहिर्वरस्तेषां तस्मादल्पगुणाः परे ॥ १९ ॥

टीका—वरसाती कुटेहुवे शुक्त आरदेरमें पकनेवाले व्रीहि धान कहेगयेहैं १५ काला धान उसें जानना चाहिये जो काले छिलकेके चावलहैं पाटलाके फूल समानवर्णवालीकों पाटलव्रीहि कहतेहैं ॥ १६ ॥ मुरगेके अण्डेके आकारवाली व्रीहीकों कुक्कुटाण्डक कहतेहैं शालामुख कृष्णशूक कृष्णतण्डुल येभी उस्के नाम हैं॥१७॥ लावके समान वर्ण जिसके मुखका हो उसें जतुमुख कहतेहैं धान पाकमें मधुर वीर्यसें हित कहेगयेहैं ॥ १८ ॥ और अभिष्यन्दन करनेवाले मलकों बांधनेवाले सांठीके समान होतेहैं उनमें काला धान श्रेष्ठहै और बाकी सब उसें गुणमें थोडेहैं १९

अथ षष्टिकानां लक्षणं गुणाश्च.

गर्भस्था एव ये पाकं यान्ति ते षष्टिका मताः ।
षष्टिकः शतपुष्पश्च प्रमोदकमुकुन्दकौ ॥ २० ॥
महाषष्टिक इत्याद्याः षष्टिकाः समुदाहृताः ।
एतेऽपि व्रीहयः प्रोक्ता व्रीहिलक्षणदर्शनात् ॥ २१ ॥
षष्टिका मधुराः शीता लघवो बद्धवर्चसः ।
वातपित्तप्रशमनाः शालिभिः सदृशा गुणैः ॥ २२ ॥
षष्टिका प्रवरा तेषां लघ्वी स्निग्धा त्रिदोषजित् ।
स्वाद्वी मृद्वी ग्राहिणी च बलदा ज्वरहारिणी ॥ २३ ॥
रक्तशालिगुणैस्तुल्या ततः स्वल्पगुणाः परे ।
यवस्तु शितशूकः स्यान्निःशूकोऽतियवः स्मृतः ॥ २४ ॥
तोक्यस्तद्वत्सहरितस्ततश्चाल्पश्च कीर्त्तितः ।
यवः कषायो मधुरः शीतलो लेखनो मृदुः ॥ २५ ॥
व्रणेषु तिलवत्पथ्यो रूक्षो मेधाग्निवर्धनः ।
कटुपाकोऽनभिष्यन्दी स्वर्यो बलकरो गुरुः ॥ २६ ॥

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

बहुवातमलो वर्णस्थैर्यकारी च पिच्छिलः ।
कण्ठत्वगामयश्लेष्मपित्तमेदप्रणाशनः ॥ २७ ॥
पीनसश्वासकासोरुस्तम्भलोहिततृट्प्रणुत् ।
अस्मादतियवो न्यूनस्तोक्यो न्यूनतरस्ततः ॥ २८ ॥

टीका—सांठीके लक्षण और गुणकों कहतेहैं जो गर्भमें रहतेहुवेही पाककों प्राप्त होतेहैं वोह सांठीहैं षष्टिक शतपुष्प प्रमोदक मुकुन्दक ॥ २० ॥ महाषष्टिक इ-त्यादिक षष्टिक कहेगयेहैं धानके लक्षण देखनेसें यह धान कहेहैं ॥ २१ ॥ साठी मधुर शीतल हलके मलकों बांधनेवाले वातपित्तकों शमन करनेवाले और धानोंके समान गुणमें होतेहैं ॥ २२ ॥ उन्में साठी बहुत श्रेष्ठ हलकी चिकनी त्रिदोषकों जी-तनेवाली मधुर मृदु काविज बलकों देनेवाली ज्वर हरतीहै ॥ २३ ॥ लाल धानके समान गुणमें होतीहै उस्सें और गुणमें स्वल्प होतीहै उसकों लोकमें साठी ऐसा कहतेहैं शूकधान्य उन्में जब प्रसिद्धहै अतियव अतिशूक कृष्ण और अरुणवर्ण यव तोक्य हरित निःशूक स्वल्पयव यह सब इसनामसें प्रसिद्धहैं उनके नाम और गुण कहतेहैं जव नोंकवाले होतेहैं और बेनोंकवाले अतियव कहेगयेहैं ॥ २४ ॥ तथा तोक्य उसीके समान और हरित उस्सें अल्पगुण कहागयाहै जव कसेला मधुर शीतल लेखन मुलायम ॥ २५ ॥ और व्रणमें तिलकेसमान पथ्य रूक्ष मेधा और अग्निकों बढानेवाला हैं पाकमें कटु अभिष्यन्दन करनेवाला स्वरकों अच्छा करने-वाला बलकारक भारी ॥ २६ ॥ बहुत वात मलकों करनेवाला और वर्णस्थिरताकों करनेवाला पिच्छिलहै और कंठरोग त्वचाके रोग कफ पित्त मेद इनकों हरताहै २७ तथा पीनस श्वास कास ऊरुस्तम्भ रक्त तृषा इनकों हरताहै इस्सें अतियव गुणमें न्यूनहै और तोक्य उस्सेंभी गुणमें न्यूनहैं ॥ २८ ॥

अथ गोधूमस्य नामानि लक्षणं गुणाश्च.

गोधूमः सुमनोऽपि स्यात्रिविधः स च कीर्तितः ।
महागोधूम इत्याख्यः पश्चाद्देशात्समागतः ॥ २९ ॥
माधूली तु ततः किञ्चिदल्पा सा मध्यदेशजा ।
निःशूको दीर्घगोधूमः क्वचिन्नन्दीमुखाभिधः ॥ ३० ॥
गोधूमो मधुरः शीतो वातपित्तहरो गुरुः ।

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

कफशुक्रप्रदो बल्यः स्निग्धः सन्धानकृत्सरः ॥ ३१ ॥
जीवनो बृंहणो वर्ण्यो व्रण्यो रुच्यः स्थिरत्वकृत् ।
पुराणयवगोधूमक्षौद्रजाङ्गलभागिति ॥ ३२ ॥

टीका—अब गेहूंके नाम लक्षण और गुण कहतेहैं गोधूम सुमनभी गहूंके नामहैं वह तीनप्रकारका कहाहै बडा गेहूं इसनामसें पश्चिमदेशमें होताहै ॥ २९ ॥ महागोधूम बडेगोधूम इसनामसें लोकमें प्रसिद्धहैं मधूलीभी उससें कुछ अल्पगुणमें होतीहै वह मध्यदेशमें होनेवालीहै वेनोंक लंबा गेहूं कहींपर नंदिमुख नामसेंहै ॥३०॥ गेहूं मधुर शीतल वातपित्तकों हरता भारी कफशुक्रकों करनेवाला बलकों करनेवाला चिकना सन्धान करनेवाला सर जीवन पुष्ट वर्णकों अच्छा करनेवाला व्रणकेहित रुचिकों करनेवाला और स्थिरताकों करनेवालाहै ॥ ३१ ॥ कफकों करनेवाला नवीननकी पुराना जव गेहूं मधु हरिण आदियोंके मांसका कवाल इनका सेवन करनेवाला होताहै ॥ ३२ ॥

वाग्भटेन वसन्ते गृहीतत्वात् ।
मधूली शीतला स्निग्धा पित्तघ्नी मधुरा लघुः ।
शुक्रला बृंहणी पथ्या तद्वन्नन्दीमुखः स्मृतः ॥ ३३ ॥
शमीजाः शिम्बिजाः शिम्बीभवाः सर्याश्च वैदलाः ।
वैदला मधुरा रूक्षाः कषायाः कटुपाकिनः ॥ ३४ ॥
वातलाः कफपित्तघ्ना बद्धमूत्रमला हिमाः ।
ऋते मुद्गमसूराभ्यामन्ये त्वाध्मानकारिणः ॥ ३५ ॥

टीका—वाग्भटनें वसन्तमें लियाहै इसवास्ते मधूली अर्थात् न बहुत बडा ऐसे गेहूं शीतल पित्तहरता मधुर होतेहैं ॥ ३३ ॥ शुक्रकों करनेवाले पुष्ट पथ्य अर्थात् हित होतेहैं और उसीके समान नन्दीमुख कहेगयेहैं शिम्बीधान्य अर्थात् जो सैममें होताहै उस्के पर्यायोंकों कहतेहै शमीज शिम्बीज शिम्बीभव सर्य वैदल यह शिम्बीधानके नामहैं ॥ ३४ ॥ उनके गुण शिम्बीधान्य मधुर रूखे कसेले पाकमें कटु वातकों करनेवाले कफपित्तकों हरते मलमूत्रकों रोकनेवाले शीतल होतेहैं मूंग मसूरकों छोडके बाकी सब पेटकों फुलातेहैं ॥ ३५ ॥

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

मुद्गस्य गुणाः.

मुद्गमसूरयोराध्मानकारित्वमन्यवैदलापेक्षया नतु
सर्वथा एतयोरपि किञ्चिदाध्मानकारित्वात् ।
मुद्गो रूक्षो लघुर्ग्राही कफपित्तहरो हिमः ।
स्वादुरल्पानिलो नेत्र्यो ज्वरघ्नो वनजस्तथा ॥ ३६ ॥
मुद्गो बहुविधः श्यामो हरितः पीतकस्तथा ।
श्वेतो रक्तश्च तेषां तु पूर्वः पूर्वो लघुः स्मृतः ॥ ३७ ॥
सुश्रुतेन पुनः प्रोक्तो हरितः प्रवरो गुणैः ।
चरकादिभिरप्युक्त एष एव गुणाधिकः ॥ ३८ ॥

टीका—मूंग मसूरकों आध्मानकारित्व और दालोंकी अपेक्षासें है सर्वथा इनमेंभी कुछ आध्मानकारित्व होनेसें उस्में मूंगके गुण कहतेहै मुद्ग रूखा हलका काविज कफपित्तकों हरता शीतल मधुर अल्पवातकों करनेवाला नेत्रके हित ज्वर हरताहै वैसेही वनमूग होता है ॥ ३६ ॥ मूंग हरप्रकारके होते हैं काले हरे पीले सुफेद लाल उन्में पहिले हलके कहे हैं ॥ ३७ ॥ जो सुश्रुतने कहेहैं की हरा मूंग गुणमें अधिक होताहै और चरकादिमुनियोंनेंभी कहाहै येही गुणमें अधिक होताहै ॥३८॥

अथ माषराजमाषनामगुणाः.

माषो गुरुः स्वादुपाकः स्निग्धो रुच्योऽनिलापहः ।
स्रंसनस्तर्पणो बल्यः शुक्रलो बृंहणः परः ॥ ३९ ॥
भिन्नमूत्रमलस्तन्यो मेदःपित्तकफप्रदः ।
गुदकीलार्दितः श्वासपंक्तिशूलानि नाशयेत् ॥ ४० ॥
कफपित्तकरा माषाः कफपित्तकरं दधि ।
कफपित्तकरा मत्स्या वृन्ताकं कफपित्तकृत् ॥ ४१ ॥
राजमाषो महामाषश्चपलश्चवलः स्मृतः ।
राजमाषो गुरुः स्वादुस्तुवरस्तर्पणः सरः ॥ ४२ ॥
रूक्षो वातकरो रुच्यः स्तन्यभूरिबलप्रदः ।

२८

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

श्वेतो रक्तस्तथा कृष्णस्त्रिविधः स प्रकीर्तितः ॥ ४३ ॥
यो महांस्तेषु भवति स एवोक्तो गुणाधिकः ।

टीका—माष अर्थात् उडद भारी पाकमें मधुर चिकना रुचिकों करनेवाला वातहरता स्रंसन तर्पण बलकेहित शुक्रकों करनेवाला पुष्ट होताहै ॥ ३९ ॥ और मलमूत्रकों करनेवाला दुग्धकों करनेवाला भेद और पित्तकों करनेवालाहै और गुद अर्दित श्वास पंक्तिशूल इनकों हरताहै ॥ ४० ॥ उडद कफपित्तकों करनेवाला है और दही कफपित्तकों करनेवाली है और मछलियां कफपित्तकों करनेवालीहैं तथा वैंगन कफपित्तकों करनेवालाहै ॥ ४१ ॥ वोडा यह नाम बनारसमें प्रसिद्धहै और वेरातरा लोविया इननामोंसें भी कईक शहरोंमें प्रसिद्धहैं राजमाष महामाष चपल चवल येह लोवियाके नाम कहेहैं लोविया भारी मधुर कसेला तृप्तिकों करनेवाला सर ॥ ४२ ॥ रूखा वातकारी रुचिकों करनेवाला दुग्ध और बहुत बलकों देनेवालाहै सफेद लाल तथा काला ऐसे वोह तीनप्रकारका कहाहै ॥ ४३ ॥ उन्में जो बडा है वोह गुणमें अधिक होता है.

अथ निष्पावमकुष्ठमसूरतुवरीनामगुणाः.

निष्पावो राजशिम्बिः स्याद्वल्लकः श्वेतशिम्बिकः ।
निष्पावो मधुरो रूक्षो विपाकेऽम्लो गुरुः सरः ॥ ४४ ॥
कषायस्तन्यपित्तास्रमूत्रवातविबन्धकृत् ।
विदाह्युष्णो विषश्लेष्मशोथहृच्छुक्रनाशनः ॥ ४५ ॥
मकुष्ठो वनमुद्गः स्यान्मकुष्ठकमुकुष्ठकौ ।
मुकुष्ठो वातलो ग्राही कफपित्तहरो लघुः ॥ ४६ ॥
वन्हिजिन्मधुरः पाके कृमिकृज्ज्वरनाशनः ।
मंगल्यको मसूरः स्यान्मंडल्या च मसूरिका ॥ ४७ ॥
मसूरो मधुरः पाके संग्राही शीतलो लघुः ।
कफपित्तास्रजिद्रूक्षो वातलो ज्वरनाशनः ॥ ४८ ॥
आढकी तुवरी चापि सा प्रोक्ता शणपुष्पिका ।
आढकी तुवरा रूक्षा मधुरा शीतला लघुः ॥ ४९ ॥

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

ग्राहिणी वातजननी वर्ण्या पित्तकफास्त्रजित् ।

टीका—निष्पाव इसको दक्खनमें पावटा कहतेहैं और पूर्वमें भटवांसभी कहतेहैं यह बडीसैम काविजहै निष्पाव राजशिम्बी वल्लक श्वेतशिम्बिक यह सैमके बीजके नामहैं सैम काविज मधुर रूखा विपाकमें खट्टा भारी सर ॥ ४४ ॥ कसैला और दुग्ध रक्तपित्त मूत्र वात विबन्ध इनकों करनेवाला है तथा विदाही गरम विष कफ सूजन इनकों हरता और शुक्रकों हरताहै ॥ ४५ ॥ मकुष्ठ वनमुद्ग मकुष्ठक मुकुष्ठक यह मोठके नामहैं मोठ वातकों करनेवाला काविज कफपित्तकों हरता हलका होताहै ॥ ४६ ॥ अग्निकों हरनेवाला पाकमें मधुर कृमिकों करनेवाला ज्वर हरताहै ॥ ४७ ॥ मंगल्यक मसूर और मङ्गल्या मसूरिका येह मसूरके नामहैं मसूर पाकमें मधुर और काविज हलका शीतल होतीहै ॥ ४८ ॥ तथा कफ रक्तपित्त इनकों हरनेवाली वातकों करनेवाली ज्वरहरती है आढकी तुवरी शणपुष्पिका यह हररीके नामहैं रहरी कसेली रूखी मधुर शीतल हलकी ॥ ४९ ॥ काविज वातकों करनेवाली वर्णकों अच्छा करनेवाली पित्त कफ रक्तकों हरनेवालीहै.

अथ चणककलायत्रिपुटनामगुणाः.

चणको हरिमन्थः स्यात्सकलप्रिय इत्यपि ॥ ५० ॥
चणकः शीतलो रूक्षः पित्तरक्तकफापहः ।
लघुः कषायो विष्टम्भी वातलो ज्वरनाशनः ॥ ५१ ॥
स चाङ्गारेण सम्भृष्टस्तैलभृष्टश्च तद्गुणः ।
आर्द्रभृष्टो बलकरो रोचनश्च प्रकीर्त्तितः ॥ ५२ ॥
शुष्कभृष्टोऽतिरूक्षश्च वातकुष्ठप्रकोपनः ।
स्विन्नः पित्तकफं हन्याद्गुडः क्षोभकरो मतः ॥ ५३ ॥
आर्द्रोऽतिकोमलो रुच्यः पित्तशुक्रहरो हिमः ।
कषायो वातलो ग्राही कफपित्तहरो लघुः ॥ ५४ ॥
कलायो वर्त्तुलः प्रोक्तः सतीनश्च हरेणुकः ।
कलायो मधुरः स्वादुः पाके रूक्षश्च शीतलः ॥ ५५ ॥
त्रिपुटः खण्डकोऽपि स्यात्कथ्यन्ते तद्गुणा अथ ।

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

त्रिपुटो मधुरस्तिक्तस्तुवरो रूक्षणो भृशम् ॥ ५६ ॥
कफपित्तहरो रुच्यो ग्राहकः शीतलस्तथा ।
किन्तु खञ्जत्वपङ्गुत्वकारी वातातिकोपनः ॥ ५७ ॥

टीका—चणक हरिमन्थ और सकलप्रिय यह चनेके नामहै ॥ ५० ॥ चना शीतल रूखा पित्त कफ रक्त इनकों हरताहै और हलका कसेला विष्टम्भी वातकों करनेवाला ज्वरहरताहै वोह अंगारेसें भुनाहुवा तथा तेलसें भुनाहुवा वोही गुणवालाहै ॥ ५१ ॥ गीला भूना हुवा बल करनेवाला और रुचिकों करनेवाला कहाहै सूखा भूनाहुवा बहुत रूखा वात कुष्ठका प्रकोप करनेवालाहै पकीहुई इस्की दाल पित्त कफकों हरतीहै ॥ ५२ ॥ और क्षोभकों करनेवाली कहीहै अतिगीली अतिकोमल रुचिकों देनेवाली पित्तशुक्रकों हरतीहुई कहीहै ॥ ५३ ॥ और कसेली वातकों करनेवाली काविज कफपित्तकों हरती हलकी है ॥ ५४ ॥ कलाय वर्त्तुल सतीन हरेणुक यह मटरके नामहैं मटर मधुर और पाकमें मधुर रूखा शीतलहै ५५ त्रिपुट खंडिक येह खेसारीके नामहैं अब उस्के गुण कहतेहैं खेसारी मधुर तिक्त कसेली अत्यन्त रूखी ॥ ५६ ॥ कफ पित्तकों हरती रुचिकों करनेवाली काविज तथा शीतल होतीहै किन्तु खञ्जा पङ्गुला करनेवाली और अधिक वातकों करनेवालीहै ५७

अथ कुलत्थि तथा तिलनामगुणाः.

कुलत्थिका कुलत्थश्च कथ्यन्ते तद्गुणा अथ ।
कुलत्थः कटुकः पाके कषायः पित्तरक्तकृत् ॥ ५८ ॥
लघुर्विदही वीर्योष्णः श्वासकासकफानिलान् ।
हन्ति हिक्काश्मरीशुक्रदाहानाहान्विनाशयेत् ॥ ५९ ॥
स्वेदसंग्राहको मेदोज्वरकृमिहरः परः ।
तिलः कृष्णः सितो रक्तः सवर्णोऽल्पतिलः स्मृतः ॥६०॥
तिलो रसे कटुस्तिक्तो मधुरस्तुवरो गुरुः ।
विपाके कटुकः स्वादुः स्निग्धोष्णः कफपित्तनुत् ॥ ६१ ॥
बल्यः केश्यो हिमस्पर्शस्त्वच्यः स्तन्योः व्रणे हितः ।
दन्त्योऽल्पमूत्रकृद्ग्राही वातघ्नोऽग्निमतिप्रदः ॥ ६२ ॥

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

कृष्णः श्रेष्ठतमस्तेषु शुक्रलो मध्यमः सितः ।
अन्ये हीनतराः प्रोक्तास्तज्ज्ञै रक्तादयस्तिलाः ॥ ६३ ॥

टीका—कुलत्थिका कुलत्थ यह कुलथीके नामहैं और अब इस्के गुण कहतेहैं कुलथी पाकमें कडवी कसेली पित्तरक्तकों करनेवाली है ॥ ५८ ॥ और हलकी विदाही वीर्यमें उष्ण श्वास कास कफ वात इनकों हरतीहै और हिचकी पथरी शुक्र दाह अफारा पथरी इनकों हरतीहै ॥ ५९ ॥ पसीनोंकों रोकनेवाली मेद ज्वर कृमि इनकों हरतीहै तिल काला सफेद लाल वर्ण्य और अल्पतिल ऐसा कहाहै ॥ ६० ॥ तिल रसमें कटु तिक्त मधुर कसेला भारी विपाकमें कटु मधुर चिकना गरम कफपित्तकों हरता है ॥ ६१ ॥ और बलके हित केशकों अच्छा करनेवाला शीतल स्पर्शवाला त्वचाके हित दुग्धकों करनेवाला व्रणमें हित दांतोंकों हित अल्पमूत्रकों करनेवाला काविज वातहरता अग्नि और मतिकों देनेवाला है ॥ ६२ ॥ उनमें काला बहुत श्रेष्ठहै और शुक्रकों करनेवाला मध्यश्वेत और लाल आदिक तिल उनके जाननेवालोंनें अत्यन्तही गुण कहे हैं ॥ ६३ ॥

अथातसीतुवरीसर्षपनामगुणाः.

अतसी नीलपुष्पी च पर्वती स्यादुमा क्षुमा ।
अतसी मधुरा तिक्ता स्निग्धा पाके कटुर्गुरुः ।
उष्णा दृक्शुक्रवातघ्नी कफपित्तविनाशिनी ॥ ६४ ॥
तुवरी ग्राहिणी प्रोक्ता लघ्वी कफविषास्रजित् ।
तीक्ष्णोष्णा वह्निदा कण्डूकुष्ठकोष्ठकृमिप्रणुत् ॥ ६५ ॥
सर्षपः कटुकः स्नेहस्तुन्तुभश्च कदम्बकः ।
गौरस्तु सर्षपः प्राज्ञैः सिद्धार्थ इति कथ्यते ॥ ६६ ॥
सर्षपस्तु रसे पाके कटुः स्निग्धः सतिक्तकः ।
तीक्ष्णोष्णः कफवातघ्नो रक्तपित्ताग्निवर्धनः ॥ ६७ ॥
रक्षोहरो जयेत्कण्डूं कुष्ठकोष्ठकृमिग्रहान् ।
यथा रक्तस्तथा गौरः किन्तु गौरो वरो मतः ॥ ६८ ॥
राजी तु राजिका तीक्ष्णगन्धा कुञ्जनिकासुरी ।

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

क्षवः क्षुताभिजनकः कृमिकृत्कृष्णसर्षपः ॥ ६९ ॥
राजिका कफपित्तघ्नी तीक्ष्णोष्णा रक्तपित्तकृत् ।
किञ्चिद्रूक्षाग्निदा कण्डूकुष्ठकोष्ठकृमीन् हरेत् ॥ ७० ॥
अतितीक्ष्णा विशेषेण तद्वत्कृष्णापि राजिका ।

टीका—अतसी नीलपुष्पी पार्वती उमा क्षुमा यह अतसीके नामहैं अतसी मधुर चिकनी तिक्त पाकमें कटु भारी गरम होती है और दृष्टी शुक्र वात इनकों हरती और कफ पित्त इनकों हरतीहै ॥ ६४ ॥ तोरी इसकों तोडिस इसप्रकार कहतेहैं तोरीका बीज हलका कफ विष रक्त इनकों हरनेवालाहै ॥ ६५ ॥ तीखा उष्ण अग्निकों करनेवालाहै और खुजली कुष्ठ कोष्ठ कृमि इनकों हरताहै सर्षप कटुक स्नेह तुंतुभ कदंबक यह लाल सरसोंके नामहैं पीली सरसोंकों बुद्धिवानोंनें सिद्धार्थ ऐसा कहाहै ॥ ६६ ॥ सरसों रस और पाकमें कटु चिकना कुछ तिक्त तीखा उष्ण कफ वातकों हरता और रक्तपित्त अग्नि इनकों बढानेवालाहै ॥ ६७ ॥ राक्षसोंकों हरताहै कण्डू कोष्ठ कृमि ग्रह इनकों हरताहै जैसा लाल वैसा पीला किन्तु पीला श्रेष्ठ कहाहै ॥ ६८ ॥ राजी राजिका तीक्ष्णगन्धा कुञ्जनिका सुरी यह राईके नाम हैं छींक और घावकों करनेवाली कृमिकों करनेवाली काली सरसों होतीहै ॥ ६९ ॥ राई कफपित्तकों हरती तीखी गरम रक्तपित्तकों करनेवाली कुछेक रूखी अग्निदीपन खुजली कुष्ठ कोष्ठ कृमि इनकों हरतीहै ॥ ७० ॥ बहुत तीखी इसविशेषणसें उसीके सदृश काली राई होतीहै.

अथ क्षुद्रधान्यकङ्कुचीनाकश्यामाकगुणाः.

क्षुद्रधान्यं कुधान्यं च तृणधान्यमिति स्मृतम् ।
क्षुद्रधान्यमनुष्णं स्यात्कषायं लघु लेखनम् ॥ ७१ ॥
मधुरं कटुकं पाके रूक्षं च क्लेदशोषकम् ।
वातकृद्बद्धविट्कं च पित्तरक्तकफापहम् ॥ ७२ ॥
स्त्रियां कङ्कुप्रियङ्गू द्वे कृष्णा रक्ता सिता तथा ।
पीता चतुर्विधा कङ्कुस्तासां पीता वरा स्मृता ॥ ७३ ॥
कङ्कुस्तु भग्नसन्धानवातकृद्बृंहणो गुरुः ।
रूक्षा श्लेष्महरातीव वाजिनां गुणकृद्भृशम् ॥ ७४ ॥

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

चीनाकः कङ्गुभेदोऽस्ति स ज्ञेयः कङ्गुवद्गुणैः ।
श्यामाकः शोषणो रूक्षो वातलः कफपित्तहृत् ॥ ७५ ॥

टीका—क्षुद्रधान्य कुधान्य तृणधान्य यह छोटे धानके नामहैं क्षुद्रधान शीतल कसेला हलका लेखन ॥ ७१ ॥ मधुर पाकमें कटु रूखा कफकों सुखानेवाला वातकों करनेवाला और मलकों बांधनेवाला पित्त रक्त और कफकों हरताहै ॥ ७२ ॥ उनमें स्त्रीलिंगमें कङ्गु प्रियङ्गु ये दोनों होते हैं काली लाल सुफेद तथा पीली ऐसी चार प्रकारकी कङ्गुनी होतीहै उनमें पीली श्रेष्ठ कहीहै ॥ ७३ ॥ कंगुनी टूटेहाडकों जोडनेवाली वातकृत्पुष्ट भारी रूखी कफकी अत्यन्त नाशकहै और घोडोंकों अत्यन्तही गुण करनेवालीहै ॥ ७४ ॥ चीना कांगुनीका भेदहै उस्कों गुणमे कंगुनीके समान जानना चाहिये सांवा शोषण रूखा वातकों करनेवाला कफपित्तकों हरताहै ॥ ७५ ॥

अथ कोद्रवरुचकवंशभवकुसुंभबीजगुणाः.

कोद्रवः कोरदूषः स्यादुद्दालो वनकोद्रवः ।
कोद्रवो वातलो ग्राही हिमपित्तकफापहः ॥ ७६ ॥
उद्दालस्तु भवेदुष्णो ग्राही वातकरो भृशम् ।
चारुकः सरबीजः स्यात्कथ्यन्ते तद्गुणा अथ ॥ ७७ ॥
चारुको मधुरो रूक्षो रक्तपित्तकफापहः ।
शीतलो लघु वृष्यश्च कषायो वातकोपनः ॥ ७८ ॥
यवा वंशभवा रूक्षाः कषायाः कटुपाकिनः ।
बद्धमूत्राः कफघ्नाश्च वातपित्तकराः सराः ॥ ७९ ॥
कुसुम्भबीजं वरटा सैव प्रोक्ता वराटिका ।
वरटा मधुरा स्निग्धा रक्तपित्तकफापहा ॥ ८० ॥
कषाया शीतला गुर्वी सा स्याद्वृष्यानिलापहा ।

टीका—कोद्रव कोरदूष यह कोदोंके नामहैं और वनकोद्रव उद्दाल यह वनकोदोंके नामहैं कोदों वातकों करनेवाला काविज शीतल कफकों हरताहै ॥ ७६ ॥ वनकोदों उष्ण काविज और अत्यन्त वातकों करनेवालाहै चारुक सरबीजका नामहै

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

अब उस्का गुण कहतेहैं सरबीज मधुर रूखा रक्त पित्त कफ इनकों हरताहै ॥७७॥ और शीतल हलका शुक्रकों उत्पन्न करनेवाला कसेला वातकों करनेवालाहै ॥७८॥ वांसके बीज रूखे कसेले और कटुपाकवाले हैं मूत्रकों रोकनेवाले कफ हरता वातपित्तकों करनेवाले सर होताहैं ॥ ७९ ॥ कुसुंभबीज वरटा और वही वरट्टिकाभी कहाहै वरटा मधुर चिकना और रक्तपित्त कफकों हरताहै ॥ ८० ॥ और कसेला शीतल भारी शुक्रकों करनेवाला वात हरताहै.

अथ गवेधुकाप्रसाधिकापवननामगुणाः.

गवेधुका तु विद्वद्भिर्गवेधुः कथिता स्त्रियाम् ।
गवेधुः कटुका स्वद्वी कार्श्यकृत्कफनाशिनी ॥ ८१ ॥
प्रसाधिका तु नीवारस्तृणान्नमिति च स्मृतम् ।
नीवारः शीतलो ग्राही पित्तघ्नः कफवातकृत् ॥ ८२ ॥
पवनो लोहितः स्वादुर्लोहितः श्लेष्मपित्तजित् ।
अवृष्यस्तुवरो रूक्षः क्लेदकृत्कथितो लघुः ॥ ८३ ॥
धान्यं सर्वं नवं स्वादु गुरु श्लेष्मकरं स्मृतम् ।
तत्तु वर्षोषितं पथ्यं यतो लघुतरं हितम् ॥ ८४ ॥
वर्षोषितं सर्वधान्यं गौरवं परिमुञ्चति ।
नतु त्यजति वीर्यं स्वं क्रमान्मुञ्चत्यतः परम् ॥ ८५ ॥
एतेषु यवगोधूमतिलमाषा नवा हिताः ।
पुराणा विरसा रूक्षा न तथा गुणकारिणः ॥ ८६ ॥
पुराणा वर्षद्वयादुपरिस्थिता यवादयो नवाः स्वास्थ्यान्प्रति हिताः पथ्याशिनां तु पुराणा हिताः ॥
पुराणा यवगोधूमक्षौद्रजाङ्गलशूल्यभुगिति वासन्ते वाग्भटेनोक्तत्वात् ।

इति श्रीहरीतक्यादिनिघंटे धान्यवर्गः ॥

टीका—गवेधुकाकों विद्वानोंने गवेधु ऐसा स्त्रीलिंगमें कहाहै इसकों देवधान कहतेहै देवधान कडुवा मधुर कृशताकों करनेवाला कफपित्तकों हरताहै ॥ ८१ ॥

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

प्रसाधिका नीवार और तृणान्न यह नामहैं ये तीनी शीतल काविज पित्त हरती कफवातकों करनेवालीहै ॥ ८२ ॥ पवना लोहित यह पुनेराके नामहैं पुनेरा लाल मधुर कफपित्तकों हरनेवाला है और शुक्रकों हरता कसेला ग्लानिकों करनेवाला हलका कहाहै ॥ ८३ ॥ सब नयाधान मधुर भारी और कफकों रोकनेवाला कहाहै वोह ऊपरसें बरसात निकलाहुवा हित होताहै क्योंकी वोह बहुत हलका होताहै॥८४॥ ऊपरसें वरसात गुजरजानेपर सबधान भारीपनकों छोडदेतेहैं परन्तु अपने वीर्यकों नहीं छोडते इस्के उपरान्त क्रमसें छोडदेतेहैं॥८५॥ इनमें जव गेहूं तिल उडद ये नये हितहैं पुराने बेरस रूखे और वैसे गुणकारीभी नहीं है ॥ ८६ ॥ पुराने अर्थात् दोवरससें ऊपरके जव आदिक नये निरोगियोंकों हितहैं और पथ्यभोजन करनेवालोंकों तो पुराने हितहैं पुराने जव गेहूं मधुहरिण आदियोंके मांसका कबाव इनकों भोजन करनेवाला इसप्रकार वसन्तऋतुमें वाग्भटनें कहाहै ॥ ८७ ॥

इति श्रीहरीतक्यादिनिघंटे धान्यवर्गः समाप्तः

For Private and Personal Use Only

Shri Mahavir Jain Aradhana Kendra www.kobatirth.org Acharya Shri Kailassagarsuri Gyanmandir

श्रीः ।

हरीतक्यादिनिघंटे

अथ शाकवर्गः ।

तत्र शाकनिरूपणं गुणाश्च.

पत्रं पुष्पं फलं नालं कन्दं संस्वेदजं तथा ।
शाकं षड्विधमुद्दिष्टं गुरु विद्याद्यथोत्तरम् ॥ १ ॥
प्रायः शाकानि सर्वाणि विष्टम्भीनि गुरूणि च ।
रूक्षाणि बहुवर्चांसि सृष्टविष्मारुतानि च ॥ २ ॥
शाकं भिनत्ति वपुरस्थिनिहन्ति नेत्रं
वर्णं विनाशयति रक्तमथापि शुक्रम् ।
प्रज्ञाक्षयं च करुते पलितं च नूनं
हन्ति स्मृतिं गतिमिति प्रवदान्ति तज्ज्ञाः ॥ ३ ॥
शाकेषु सर्वेषु वसन्ति रोगास्ते हेतवो देहविनाशनाय ।
तस्माद्बुधः शाकविवर्जनं तु कुर्यात्तथाम्लेषु स एव दोषः ॥ ४ ॥

एतानि शाकनिन्दकानि वचनानि सामान्यानि ।
अथ शाकेषु विशिष्टानि वचनानि तत्र पत्रशाकानि ।
तत्रापि वास्तूकद्वयस्य नामानि गुणाश्च ।

वास्तुकं वास्तुकं च स्यात्क्षारपत्रं च शाकराट् ।
तदेव तु बृहत्पत्रं रक्तं स्याद्गौडवास्तुकम् ॥ ५ ॥
प्रायशो यवमध्ये स्याद्यवशाकमतः स्मृतम् ।
वास्तूकद्वितयं स्वादु क्षारं पाके कटूदितम् ॥ ६ ॥
दीपनं पाचनं रुच्यं लघुशुक्रबलप्रदम् ।

For Private and Personal Use Only

सरं प्लीहास्रपित्तार्शःकृमिदोषत्रयापहम् ॥ ७ ॥

